

पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
रायपुर, मंगलवार, 22 जुलाई 2025 | वर्ष – 67 | अंक –97 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 4.00 रु. प्रेस पंजीयन- 06072/59



लगातार कटुता के हालात बर्दाश्त नहीं कर सकता लोकतंत्र : धनखड़ पृष्ठ 2
■ संघ का शिक्षा एजेंडा : न पढ़ेंगे न पढ़ने देंगे
■ मोदी की बंगाल रैली प्रदेश भाजपा में जोश भरने में नाकाम पृष्ठ 6
■ निर्दोषों की हत्या करने वालों को छूट नहीं, सजा मिलेगी : अमेरिका
■ सीरिया में संघर्ष विराम पर मंडराया खतरा, बढ़ी सांप्रदायिक हिंसा पृष्ठ 7
अरोनियन ने जीता फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम खिताब, सातवें स्थान पर प्रज्ञानानंद पृष्ठ 8

# मानसून सत्र की हंगामेदार शुरुआत

## विपक्ष ने की 'ऑपरेशन सिंदूर' और 'पहलगाम आतंकी हमले' पर चर्चा कराने की मांग

- पहले दिन नहीं चल पाई लोक सभा
- राजनाथ सिंह ने भी किया आग्रह

**नई दिल्ली**, 21 जुलाई (एजेंसियां)। मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को लोक सभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्ष ने बार–बार हंगामा किया जिसके कारण सदन में कोई कामकाज नहीं हो पाया। सदन की कार्यवाही तीन बार के स्थगन के बाद दिन भर के लिए स्थगित करनी पड़ी।

पूर्वाह्न 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद से ही कांग्रेस और समाजवादी पार्टी सहित विपक्षी दल के सदस्यों ने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग करनी शुरू कर दी। अध्यक्ष ओम बिरला ने बार–बार आग्रह किया कि जिस भी विषय पर सदस्य चर्चा चाहते हैं, नियमों के तहत उस पर चर्चा कराई जा सकती है, लेकिन सदस्यों पर इसका कोई असर नहीं हुआ और वे हंगामा करते रहे। इस पर श्री बिरला ने सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

दोपहर बारह 12 सदन की कार्यवाही शुरू होने पर पीठासीन अधिकारी जगदम्बिका पाल ने विपक्षी दलों से कार्यवाही ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤



### विपक्ष के हंगामे के बाद सरकार चर्चा को तैयार

**राज्यसभा में 9 और लोकसभा में 16 घंटे होगी बहस**

संसद के मानसून सत्र का सोमवार से आगाज हो गया है। पहले ही दिन संसद के दोनों सदनों में हंगामा हुआ, जिस वजह से सदन की कार्यवाही को बार–बार स्थगित करना पड़ा। इस बीच, संसद में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा के लिए सरकार तैयार हो गई है। लोकसभा में 16 घंटे और राज्यसभा में 9 घंटे इस मुद्दे पर बहस होगी। जानकारी के अनुसार, बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक में संसद के मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में विभिन्न विधेयकों और महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए समय निर्धारित किया गया है। 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर लोकसभा में 16 घंटे और राज्यसभा में 9 घंटे की चर्चा के लिए सहमति बनी है।

### ऑपरेशन सिंदूर कामयाब रहा, आतंकी ठिकानों को 22 मिनट में किया जमींदोज : मोदी

संसद के मानसून सत्र की कार्यवाही से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पत्रकारों को संबोधित किया। डिफेंस, इकोनॉमी, नक्सलवाद समेत कई विषयों पर विचार साझा कर कहा कि ये सत्र विजयोत्सव का है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत की सेना ने जो लक्ष्य निर्धारित किया था, वह 100 फीसदी पूरा किया गया। आतंकी आकाओं के घर जाकर 22 मिनट में ऑपरेशन सिंदूर के तहत उनके ठिकानों को जमींदोज किया गया। हमने यह सिद्ध करके दिखा दिया। इस अभियान के दौरान मेड इन इंडिया सैन्यशक्ति का नया स्वरूप दिखा है। विश्व भर में मेड इन इंडिया के प्रति आकर्षण बढ़ रहा है।

## जस्टिस यशवंत वर्मा की बढ़ी मुश्किलें

**145 सांसदों ने महाभियोग के लिए सौंपा पत्र**

कैश कांड में घिरे जस्टिस यशवंत वर्मा की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। संसद के मानसून सत्र का आगाज होते ही 145 लोकसभा सांसदों ने जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव के लिए लोकसभा अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा है। सांसदों ने संविधान के अनुच्छेद 124, 217 और 218 के तहत यह कदम उठाया है। जानकारी के अनुसार, संविधान के अनुच्छेद 124, 217 और 218 के तहत लोकसभा स्पीकर को सौंपे गए ज्ञापन को कांग्रेस, टीडीपी, जेडीयू, जेडीएस, जनसेना पार्टी, एजीपी, शिवसेना (शिंदे), एलजेएसपी, एसकेपी, सीपीएम सहित विभिन्न दलों का समर्थन प्राप्त है। जिन ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# कांग्रेस आज प्रदेश भर में करेगी आर्थिक नाकेबंदी

**रायपुर**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। ईडी और केंद्र सरकार के खिलाफ मंगलवार को कांग्रेस प्रदेश भर में प्रदर्शन के साथ ही आर्थिक नाकेबंदी करेगी इस दौरान दोपहर 12 से 2 बजे तक नेशनल हाईवे और जिले की प्रमुख सड़कें जगह जगह चक्का जाम किया जाएगा। बंद और चक्का जाम से एम्बुलेंस व स्कूली बसों को मुक्त रखा गया है इसे सफल बनाने के लिए पार्टी ने सभी जिलों में प्रभारी नियुक्त किए हैं।



- दोपहर 12 से 2 बजे तक चक्का जाम और प्रदर्शन

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस पार्टी 22 जुलाई को 11 बजे से 2:00 बजे तक पांच संभागों के सभी प्रमुख मार्गों राष्ट्रीय राजमार्गों एवं राजकीय राजमार्गों पर चक्का जाम कर आर्थिक नाकेबंदी किया जायेगा। यह आर्थिक नाकेबंदी प्रदेश की जनता के द्वारा छत्तीसगढ़ के संसाधनों की लूट का प्रतिकार होगा। इस नाकेबंदी से एम्बुलेंस तथा स्कूल वाहनों को अलग रखा गया है। हमारा उद्देश्य छत्तीसगढ़ की संपदा को बचाना है। रायपुर में मुंबई, कोलकाता नेशनल हाईवे पर, तथा बिलासपुर, रायपुर हाईवे पर सांकरा, आरंग, अभनपुर, तिल्दा, खरोरा में नाकेबंदी की जायेगी। इसी प्रकार प्रदेश के सभी शहरों में चक्का जाम नाकेबंदी होगी। अडानी छत्तीसगढ़ की संपदा को लूट रहा तथा उसका विरोध करने वालों के यहां ईडी की छापेमारी करवा रहा। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र की गिरफ्तारी अडानी और भाजपा की साजिश है। बैज ने कहा उन्होंने कहा कि आर्थिक नाकाबंदी कर भाजपा सरकार के संरक्षण में अडानी के द्वारा जो यहां की खनिज संपदा को लूटा जा रहा है उसका विरोध होगा। आम जनता से अपील है वह भी जंगल कटाई के विरोध में आयोजित इस आर्थिक नाकेबंदी में बढ़–चढ़कर हिस्सा ले। तानाशाही भाजपा सरकार को मुंहतोड़ जवाब दें।

## सार संक्षेप

### केरल के पूर्व मुख्यमंत्री अच्युतानंदन का निधन

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ मार्क्सवादी नेता वी. एस. अच्युतानंदन का 101 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। माकपा के राज्य सचिव एम. वी. गोविंदन ने यह जानकारी दी। गोविंदन ने पत्रकारों को बताया कि अच्युतानंदन का निधन यहां एक निजी अस्पताल में हुआ, जहां वह करीब एक महीने पहले दिल का दौरा पड़ने के बाद से उपचार करा रहे थे।

### अब स्कूलों में हर कोने में लगेंगे कैमरे : सीबीएसई

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने स्कूलों में छात्रों की सुरक्षा को और पुख्ता बनाने के लिए सख्त कदम उठाए हैं। अब सभी सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों को अपने पूरे कैंपस में हाई-रिज़ोल्यूशन सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। सीबीएसई ने सोमवार को अपने नियमों में संशोधन करते हुए कहा है कि हर स्कूल को ऐसी निगरानी व्यवस्था करनी होगी, जिससे बच्चों का हर कदम रिकॉर्ड हो सके। कैमरे सिर्फ वीडियो नहीं बल्कि ऑडियो के साथ भी रिकॉर्डिंग करेंगे। यह फैसला स्कूलों में बढ़ती घटनाओं और छात्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

### लोकसभा ने इसरो तथा सुभांशु शुक्ला को दी बधाई

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की सफल यात्रा करने पर अंतरिक्ष यात्री सुभांशु शुक्ला तथा भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को बधाई दी है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पूर्वाह्न 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने पर सभी सदस्यों की तरफ से इसरो तथा श्री शुक्ला को बधाई दी और कहा कि सदस्यों की भावना के अनुरूप इस मुद्दे पर सदन में चर्चा भी करायी जाएगी।

# जगदीप धनखड़ ने उपराष्ट्रपति पद से दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली**, 21 जुलाई (एजेंसियां)। जगदीप धनखड़ ने उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने

**स्वास्थ्य कारणों का दिया हवाला**

स्वास्थ्य कारणों का हवाला दिया है। राष्ट्रपति को भेजे लेटर में उन्होंने लिखा, स्वास्थ्य सेवा को प्राथमिकता देने और चिकित्सीय सलाह का पालन करने के लिए मैं संविधान के अनुच्छेद 67(ए) के अनुसार, तत्काल प्रभाव से भारत के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देता हूं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेजे लेटर में उन्होंने आगे लिखा, मैं देश की राष्ट्रपति के प्रति उनके अटूट समर्थन और मेरे कार्यकाल के दौरान हमारे बीच बने सुखद और अद्भुत कार्य संबंधों के लिए हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। मैं प्रधानमंत्री और मंत्रिपरिषद के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। प्रधानमंत्री का समर्थन अमूल्य रहा है। मैंने अपने कार्यकाल के दौरान बहुत कुछ सीखा है।

## विपक्ष को बोलने की इजाजत नहीं : राहुल

**नई दिल्ली**, 21 जुलाई (एजेंसियां)। संसद का मानसून सत्र सोमवार से शुरू हो गया है। पहले ही दिन हंगामे की वजह से सदन की कार्यवाही को बार–बार स्थगित करना पड़ा। विपक्षी सांसदों ने ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम हमले पर चर्चा सदन में चर्चा कराने की मांग करते हुए जमकर नारेबाजी की। इसी बीच लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मीडिया से बात करते हुए बड़ा बयान दिया है। राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि मैं विपक्ष का नेता हूं, लेकिन मुझे सदन में बोलने नहीं दिया जा रहा है। लोकसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित होने के बाद कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मीडिया से बात करते हुए कहा, सवाल ये है कि जो सदन में रक्षा मंत्री को बोलने देते हैं, उनके (सरकार) लोगों को बोलने देते हैं, लेकिन अगर विपक्ष का कोई नेता कुछ कहना चाहता है तो अनुमति नहीं है। मैं विपक्ष का नेता हूं, मेरा हक है, तो मुझे कभी बोलने ही नहीं देते हैं। ये एक नया एप्रोच है। उन्होंने आगे कहा कि परंपरा कहती है कि यदि सरकार की तरफ से लोग बोल सकते हैं, तो हमें भी बोलने की जगह मिलनी चाहिए। हम दो शब्द कहना चाहते थे, मगर विपक्ष को इसकी इजाजत नहीं है।



### पहलगाम, ट्रम्प के बयान पर जवाब दें मोदी : खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि उन्होंने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद देश की एकता के लिए हर मोर्चे पर सरकार का समर्थन किया है और ये सारे मुद्दे देश को झकझोरने वाले हैं इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इन सवालों का संसद में जवाब देना चाहिए। श्री खरगे ने कहा, मैंने पहलगाम आतंकवादी हमले और 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद की स्थिति पर नियमों के मुताबिक सदन में नोटिस दिया है।

# बेटी और मां की आग से जलकर मौत

**भिलाई नगर**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। जिले के नंदिनी टाउनशिप में सोमवार सुबह सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जिसमें एक महिला और उसकी सात वर्षीय बेटी की आग में झुलसकर मौत हो गई। यह हादसा नंदिनी टाउनशिप की स्ट्रीट नंबर 36 में स्थित बीएसपी चार्टर में हुआ। मृतक महिला की पहचान 35 वर्षीय जागेश्वरी साहू और उनकी बेटी दिव्यांशी साहू (7) के रूप में हुई है। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर विवेचना कर रही है।



पुलिस के मुताबिक घटना सुबह करीब 6.30 बजे की है, जब घर के अंदर अचानक आग लग गई। उस वक्त जागेश्वरी और उनकी बेटी ही घर में मौजूद थीं। जागेश्वरी के पिता, जो बीएसपी के सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं, रोज की तरह सुबह टहलने निकले थे। करीब 6 बजे जब वे लौटे तो उन्होंने घर से धुआं निकलता देखा।

पिता ने घर में धुआं देखकर तुरंत शोर मचाया, जिसके बाद पड़ोसियों की मदद से घर का दरवाजा तोड़ा गया, जो अंदर से बंद था। अंदर का दृश्य बेहद भयावह था, मां–बेटी दोनों पूरी तरह झुलसी हालत में मृत पाई गईं। सूचना मिलते ही नंदिनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। शवों को पोस्टमार्टम के लिए कचंदूर स्थित मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। दुर्ग एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि जागेश्वरी पिछले पांच सालों से अपने पति से अलग रह रही थीं और तलाक का केस कोर्ट में विचाराधीन था। वे अपनी बेटी के साथ पिता के घर में रह रही थीं। पुलिस को आशंका है कि महिला मानसिक तनाव और डिप्रेशन में थी। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं और पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।

देशबन्धु प्रतिभा प्रोत्साहन कोष
आमंत्रण
देश के प्रतिष्ठित पत्रकार-साहित्यकार-चिंतक, देशबन्धु पत्र समूह के प्रधान संपादक और देशबन्धु प्रतिभा प्रोत्साहन कोष के संस्थापक

ललित सुरजन
की जयंती के अवसर पर आयोजित
दिनांक 22 जुलाई 2025 को
शाम 4 बजे
व्याख्यान एवं सम्मान समारोह
में
आप सादर आमंत्रित हैं
मुख्य अतिथि
श्री पुरंदर मिश्रा
(विधायक रायपुर उत्तर)
अध्यक्षता
श्री-राजेश्री महंत डॉ. रामसुंदर दास
प्रमुख वक्ता
श्री- डॉ. सुशील त्रिवेदी
आईएएस (सेवानिवृत्त)
पूर्व राज्य निर्वाचन आयुक्त
विषय
समकालीन पत्रकारिता और चुनौतियां
स्थान
मायाराम सुरजन स्मृति
'लोकायन'
रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.)
मो. नं. 9827161468, 9926903421
विनीत– शिव टावरी, अध्यक्ष एवं समस्त ट्रस्टी

**वकीलों को समन भेजने पर सुप्रीम कोर्ट नाराज**

## सारी हदें पार कर रही ईडी

**नई दिल्ली**, 21 जुलाई (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को कड़ी फटकार लगाई। सर्वोच्च अदालत ने कहा, ईडी सारी हदें पार कर रहा है।' सुप्रीम कोर्ट ने यह बात दो वकीलों को आपराधिक मामलों के आरोपियों को कानूनी सलाह देने के मामले में ईडी के समन पर कही। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एक वकील और मुवक्किल के बीच की बातचीत विशेष होती है। भले ही वह गलत हो। उनके खिलाफ नोटिस कैसे जारी किए जा सकते हैं। कुछ तो गाइडलाइन होनी चाहिए। सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने इस मामले में स्वतः नोटिस लिया था। यह मामला सीनियर एडवोकेट अरविंद दातार और प्रताप वेणुगोपाल से जुड़ा है। ईडी ने दोनों को आपराधिक मामलों के आरोपियों को परामर्श देने के बाद तलब किया था। अगली सुनवाई 29 जुलाई को होगी।

सरकार और ईडी की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट की टिप्पणी पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को हाईलेवल पर रखा गया है। जांच एजेंसी को वकीलों को कानूनी सलाह देने के लिए नोटिस नहीं देने के लिए कहा गया है। मेहता ने कहा कि झूठी कहानियां गढ़कर संस्थानों को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने भी कहा कि उन्होंने ईडी के अधिकारियों से बात की है।

## बांग्लादेश वायुसेना विमान हादसे में 19 की मौत



**ढाका**, 21 जुलाई (एजेंसियां)। बांग्लादेशी वायुसेना का एक एफ–7 प्रशिक्षण विमान सोमवार को कॉलेज परिसर में हादसे का शिकार हो गया। विमान कॉलेज की बिल्डिंग से जा टकराया। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हादसे में 19 लोगों की मौत हो गई, जबकि 100 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। मौके पर अग्निशमन और बचाव दलों ने पहुंचकर बचाव कार्य शुरू कर दिया है। नेशनल बर्न इंस्टीट्यूट के अधिकारी प्रोफेसर मोहम्मद ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

- कॉलेज परिसर में गिरा प्रशिक्षण विमान, 100 से अधिक लोग घायल

# प्रदेश में तैयार हो रहा सड़कों का मजबूत नेटवर्क

**रायपुर**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में सड़क नेटवर्क का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए राज्य में दो इकोनॉमिक कॉरिडोर सहित राज्य के दूरस्थ एवं पिछड़े क्षेत्रों में सड़कों का मजबूत नेटवर्क बनाने का काम शुरू हो गया है। छत्तीसगढ़ में औद्योगिक गतिविधियों में तेजी लाने के लिए इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बनाने का भी निर्णय लिया गया है।

छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास के लिए वर्तमान में कुल 18,215 करोड़ रुपये लागत की 37 परियोजनाओं पर काम चल रहा है। राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास हेतु 11 विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जा रही हैं, इन सड़कों की लंबाई 1131 किलोमीटर होगी, जिनकी कुल लागत 24,693 करोड़ रुपये है। राष्ट्रीय राजमार्गों के उन्नयन के लिए भारत सरकार द्वारा कुल 5353 करोड़ रुपये की लागत वाली 18 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिसके सम्पूर्ण होने से राज्य के विकास को एक नयी गति मिलेगी। राज्य में वर्ष 2014 से 2025 तक 840 किलोमीटर लंबाई के सिंगल–मध्यवर्ती लेन राष्ट्रीय राजमार्ग को 2 या अधिक लेन में उन्नत किया गया है। राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास के लिए 2014 से 2025 तक 21,380 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों के अलावा, भारत सरकार ने 2014 से 2025 तक केंद्रीय सड़क और सी.आर.आई.एफ. और इकनोमिक इंपोर्टेंस एवं इंटर स्टेट कनेक्टिविटी के तहत राज्य की सड़कों के विकास के लिए कुल 3826 करोड़ रुपये की लागत के 70 कार्यों को मंजूरी दी है। रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, बस्तर और सरगुजा जैसे क्षेत्रों में राजमार्गों के नेटवर्क को और मजबूत किया जा रहा है। रायपुर एवं दुर्ग शहर के नागरिकों को सघन एवं भारी यातयात से राहत पहुंचाने ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

- 18,215 करोड़ लागत की 37 सड़क परियोजनाओं पर चल रहा काम
- राष्ट्रीय राजमार्गों के उन्नयन के लिए 5353 करोड़ मंजूर
- रायपुर-विशाखापट्टनम और रायपुर-धनबाद आर्थिक गलियारे हो रहें तैयार

# देश

**उवाच**

यदि संख्या बल के अहंकार के साथ हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में थोपा जाता है, तो इससे केवल अशांति ही फैलेगी। तेलंगाना के सभी प्रमुख राजनीतिक दल इस तरह के कदमों के विरोध में एकजुट हैं। भारत एक लोकतांत्रिक देश है।

–केटी रामा राव, बीआरएस नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 29.0 | 27.0 |
| मुंबई | 26.0 | 25.0 |
| कोलकाता | 32.0 | 28.0 |
| चेन्नई | 30.0 | 28.0 |

# लगातार कटुता के हालात बर्दाश्त नहीं कर सकता लोकतंत्र : धनखड़

## राजनीतिक पार्टियों से की विकास की राजनीति करने की अपील

**नई दिल्ली,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। राज्यसभा सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि एक फलता–फूलता लोकतंत्र निरंतर कटुता के हालात बर्दाश्त नहीं कर सकता। उपराष्ट्रपति ने राजनीतिक पार्टियों से एक दूसरे पर सार्वजनिक तौर पर निजी हमले न करने की अपील की। उन्होंने जोर देकर कहा कि बातचीत और चर्चा ही संघर्ष के बिना आगे बढ़ने का रास्ता हैं। उन्होंने राजनीतिक पार्टियों से तनाव घटाने और विकास की राजनीति करने की अपील की। जगदीप धनखड़ ने सोमवार को संसद के मानसून सत्र की शुरुआत में राज्यसभा में अपने संबोधन के दौरान यह बातें कही। उपराष्ट्रपति का यह बयान इस मायने में भी अहम है क्योंकि विपक्ष ऑपरेशन सिंदूर, पहलगाम आतंकी हमले और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान आदि जैसे मुद्दों पर सरकार से जवाब मांग रहा है और सदन में इन मुद्दों पर चर्चा की मांग कर रहा है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि एक फलता–फूलता लोकतंत्र लगातार कटुता



बातचीत और चर्चा ही संघर्ष के बिना आगे बढ़ने का रास्ता : जगदीप धनखड़

### राजनीतिक तनाव घटाने पर दिया जोर

बर्दाश्त नहीं कर सकता। राजनीतिक तनाव घटना चाहिए। टकराव राजनीति का सार नहीं है। राजनीतिक दल अलग–अलग तरीकों से समान लक्ष्य पाने के प्रयास कर सकती हैं, लेकिन कोई भी राष्ट्र के हितों का विरोध नहीं करता।

**आपसी सौहार्द बढ़ाने की अपील**

राज्यसभा सभापति ने सभी राजनीतिक दलों से सौहार्द और आपसी सम्मान को बढ़ावा देने और एक दूसरे के खिलाफ अभद्र भाषा या व्यक्तिगत हमलों से बचने का आग्रह किया। धनखड़ ने कहा कि आंतरिक लड़ाई हमारे दुश्मनों को मज़बूत बनाती है और हमें बांटती है। भारत की ऐतिहासिक ताकत संवाद और विचार–विमर्श में निहित है, हमारी संसद को मार्गदर्शन करना चाहिए। धनखड़ ने कहा कि इस सदन को बहुत ऊंचे मानक स्थापित करने होंगे। उन्होंने कहा कि यदि हम जनता की सर्वोच्च अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरते हैं, तो हम चीजों को दबा रहे होंगे और उनकी गहन जांच नहीं कर रहे होंगे। राज्यसभा सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि वह सदन में विभिन्न दलों के नेताओं के साथ इस बात पर चर्चा करेंगे कि इस प्रकार के उल्लंघनों के संबंध में इस सदन को क्या कदम उठाने चाहिए।

### सदन में नोटों की गड्डी मिलने के मामले में विभिन्न दलों के नेताओं के साथ बात करेंगे धनखड़

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन में 500 रुपए के नोटों की गड्डी मिलने के मामले को गंभीर बताते हुए कहा है कि वह इस संबंध में सदन में विभिन्न दलों के नेताओं के साथ विचार–विमर्श करेंगे। धनखड़ ने सोमवार को सदस्यों को बताया कि सदन में एक बार सीट संख्या 222 पर 500 रुपये के नोटों की एक गड्डी मिली थी। उन्होंने कहा कि नोटों का बंडल मिलने से ज़्यादा आश्चर्यजनक और चिंताजनक बात यह है कि उस पर किसी का स्वामित्व नहीं है और किसी ने उस पर दावा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि यह काफ़ी गंभीर बात है। सभापति ने कहा कि उन्होंने अधिकारियों से इस मामले को गंभीरता से लेने को कहा था लेकिन अब लगता है कि इस मामले का निपटारा करना ही होगा और वह इसे आगे के विचार और मार्गदर्शन के लिए सदन में विभिन्न दलों के नेताओं के सामने रखेंगे।

# उत्तर प्रदेश के पांच जिले बाढ़ से प्रभावित



**लखनऊ,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश में बारिश के चलते नदियों के जलस्तर में वृद्धि देखने को मिल रही है। वर्तमान में प्रदेश के पांच जिले बाढ़ से प्रभावित हैं जबकि पिछले 24 घण्टे में प्रतापगढ़ और गोंडा में एक–एक जनहानि हुई है। बाढ़ आपदा राहत विभाग की तरफ से प्रभावित जिलों में एनडीआरएफ की टीम की तैनाती के साथ ही सभी जरूरी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। नदियों के जलस्तर से वृद्धि के चलते प्रदेश में बालियां, बांदा, मिर्जापुर, प्रयागराज और वाराणसी जैसे जिले प्रभावित हैं। बलिया में गंगा खतरे के निशान से 1.505 मीटर ऊपर बह रही हैं जबकि धौलपुर में चंबल नदी खतरे के निशान से 90 सेमी ऊपर बह रही है। वहीं गाजीपुर और बदायूं में गंगा का बहाव खतरे से ऊपर है। आने वाले 24 घंटे में गंगा, चंबल, सोन और घाघरा के जलस्तर में वृद्धि न होने का अनुमान है। राहत आयुक्त भानू चंद्र गोस्वामी के मुताबिक प्रदेश में 26 जिले ऐसे हैं, जहां पर 120 फीसद से अधिक बारिश हुई है। वहीं 19 जनपद ऐसे हैं जहां पर 120 से 80 प्रतिशत तक बारिश दर्ज की गई है। 12 जनपद ऐसे हैं जहां पर 80 से 60 प्रतिशत तक बारिश हुई है। इसी तरह 9 जिले ऐसे हैं, जहां पर अत्यधिक कम बारिश दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि बाढ़ के चलते बलिया जिले की दो तहसील के साथ गांव प्रभावित है। यहां पर एनडीआरएफ की एक टीम तैनात की गई है।

**पिछले 24 घंटे में दो की मौत**

## संसद से

### पहलगाम हमला, विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों को लोस ने दी श्रद्धांजलि

लोकसभा में मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को पहलगाम आतंकवादी हमले, अहमदाबाद विमान दुर्घटना, विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं में जान गंवाने वाले तथा हाल में दिवंगत हुए सदन के पूर्व सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पीड़ित परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सदन के हाल में दिवंगत हुए पूर्व सदस्यों के साथ ही पहलगाम आतंकवादी हमले तथा अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना और बाढ़, भूस्खलन तथा भारी बारिश के कारण मारे गए लोगों के बारे में भी जानकारी दी और दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### अंतरराष्ट्रीय परिचालन के लिए पटना हवाई अड्डे का रनवे छोटा : नायडू

केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने सोमवार को राज्य सभा में कहा कि बिहार में पटना हवाई अड्डे की हवाई पट्टी छोटी होने के कारण वहां से छोटे विमानों के साथ अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का परिचालन वाणिज्यिक रूप से व्यावहारिक नहीं है। उन्होंने प्रश्नकाल के दौरान भारतीय जनता पार्टी के डॉ. भीम सिंह के एक अनुपूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि पटना के वर्तमान हवाई अड्डे की हवाई पट्टी के विस्तार के लिए जमीन के अधिग्रहण में कठिनायी को देखते हुए वैकल्पिक उपाय किए जा रहे हैं जिसमें पटना में एक नया हवाई अड्डा स्थापित करने का प्रस्ताव भी शामिल है। डॉ. सिंह ने सवाल किया था कि पटना से जब अंतरराष्ट्रीय मार्गों के लिए उड़ानों की सुविधा है ही नहीं तो उसे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा कहने का अर्थ क्या है।

### पांच सांसदों ने राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली

पूर्व केंद्रीय मंत्री वीरेन्द्र प्रसाद वैश्य सहित पांच सांसदों ने सोमवार को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली। वैश्य के अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री कणाद पुरकायस्थ, डा. मीनाक्षी जैन, सी. सदानदन मास्टर और हर्ष श्रंगला ने उच्च सदन की सदस्यता की शपथ ली। इनमें से तीन सदस्य हाल ही में उच्च सदन के लिए मनोनीत किए गए थे। सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन की कार्यवाही शुरू करते ही इन सदस्यों को शपथ दिलाई। सबसे पहले असम गण परिषद के नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री वीरेन्द्र प्रसाद वैश्य ने असमी में राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली। वह राज्यसभा में असम का प्रतिनिधित्व करेंगे। भारतीय जनता पार्टी के नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री कणाद पुरकायस्थ उच्च सदन में असम का प्रतिनिधित्व करेंगे। इतिहासकार और दिल्ली विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर रही डा. मीनाक्षी जैन ने मनोनीत सदस्य के रूप में राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली।

### इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने से संबंधित प्रस्ताव पर अभी फैसला नहीं

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश को उनके पद से हटाने से संबंधित प्रस्ताव पर एक सदस्य के दो जगह पर हस्ताक्षर हैं और इनकी जांच की जा रही है। सभापति ने सोमवार को सदस्यों को इस मामले की प्रक्रिया से अवगत कराते हुए उच्च सदन में कहा कि यदि किसी प्रस्ताव पर एक ही सदस्य के दो हस्ताक्षर हों और वह सदस्य यह कहे कि दूसरी जगह पर उन्होंने हस्ताक्षर नहीं किए हैं तो मामला गंभीर और दोषपूर्ण हो जाता है। उन्हें गत दिसंबर में अनुच्छेद 124 के अंतर्गत इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश को हटाने के संबंध में एक प्रस्ताव मिला था।

# बिहार में एसआईआर पर चर्चा को अड़ा विपक्ष

- विधानसभा में काला कपड़ा पहनकर सदन पहुंचेंगे
- काला कपड़ा पहनकर आज सदन पहुंचेंगे महागठबंधन के सभी विधायक

**पटना,**21 जुलाई (देशबन्धु)। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में कराए जा रहे विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को लेकर मानसून सत्र के पहले दिन विपक्ष ने सदन के बाहर और भीतर जोरदार हंगामा मचाया। सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद महागठबंधन विधायक दल की अहम बैठक हुई जिसमें अगले चार दिनों के भीतर सदन में सरकार को घेरने की रणनीति तय हुई। बढ़ते अपराध और एसआईआर के खिलाफ विपक्ष के विधायक मंगलवार को काला कपड़ा पहनकर विधानसभा आएंगे। विधायक दल की बैठक के बाद नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बताया कि सोमवार से विधानसभा का मानसून सत्र का आगाज हुआ है। सोमवार को अभी महागठबंधन के विधायक दल की बैठक हुई है। हम लोगों ने स्पीकर से मांग की है कि मतदाता सूची पुनरीक्षण के मामले पर विधानसभा में चर्चा कराई जाए।



लोकतंत्र जिंदा और उसका अस्तित्व न मिटाया जाए इसके लिए हम लोग यह लड़ाई लड़ेंगे : तेजस्वी यादव

तेजस्वी ने कहा कि लोकतंत्र जिंदा और उसका अस्तित्व न मिटाया जाए, इसके लिए हम लोग यह लड़ाई लड़ेंगे। अगर सरकार और विधानसभा स्पीकर चर्चा के लिए तैयार नहीं होंगे तो आने वाले समय में इन्हें जवाब देते नहीं बनेगा। इसको लेकर हमने सभी नेताओं को चिट्ठी लिखी है। तेजस्वी ने कहा कि संसद में भी विपक्षी दल इस मुद्दे को मजबूती के साथ उठा रहे हैं। इसके साथ ही साथ बिहार में भी मंगलवार को बहुत मजबूत तरीके से हम लोग इस मुद्दे को उठाने जा रहे हैं। सरकार को किसी भी कीमत पर इस मुद्दे पर सदन में चर्चा कराना ही पड़ेगा। उन्होंने बताया कि मंगलवार को महागठबंधन के सभी विधायक काला कपड़ा पहनकर सदन पहुंचेंगे और अपना विरोध दर्ज कराएंगे। वहीं इस दौरान विधान परिषद् की नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी ने वोटर लिस्ट पुनरीक्षण को लेकर भी नीतीश सरकार पर जमकर हमला बोला। राबड़ी देवी ने कहा कि, वोटर लिस्ट से मतदाताओं का नाम काटा जा रहा है।

### नीतीश से नहीं संभल रहा बिहार : राबड़ी देवी



बिहार विधानमंडल के मानसून सत्र का आगाज सोमवार से हो गया है। सत्र के पहले दिन अनुपूरक बजट पेश हुआ। वहीं पहले दिन के कार्यवाही खत्म होने के बाद विधान परिषद् की नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी ने बड़ा बयान दिया। राबड़ी देवी ने सीएम नीतीश को नसीहत दे दी कि वो अपने बेटे को मुख्यमंत्री बना दें। उनका बेटा युवा है। राबड़ी देवी ने कहा कि नीतीश कुमार से बिहार नहीं संभल रहा है। राबड़ी देवी ने कहा कि, बिहार में अपराध बढ़ा रहा है। पूरे बिहार में अपराधिक घटनाएं घट रही है। बिहार का लॉ एंड ऑर्डर ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि सीएम नीतीश बिहार के मुख्यमंत्री हैं, गृह मंत्री भी हैं उनसे अब बिहार नहीं संभल रहा है। राबड़ी देवी ने सीएम नीतीश को नसीहत देते हुए कहा कि सीएम नीतीश अपने बेटे को मुख्यमंत्री बना दें...उनका बेटा युवा है...युवा को मुख्यमंत्री बना दें।

## सार संक्षेप

### पुंछ के स्कूल में पत्थर गिरने से छात्र की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सोमवार को एक स्कूल की इमारत पर बड़ा पत्थर गिरने से एक छात्र की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कलसा भैंच इलाके में सरकारी प्राथमिक विद्यालय के परिसर में पत्थर गिरा, जिससे छह वर्षीय एक छात्र की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। घटना के बाद जिला प्रशासन और स्थानीय निवासियों के साथ पुलिस टीम ने तुरंत बचाव अभियान शुरू किया।

### मांडू में कांग्रेस विधायकों का नवसंकल्प शिविर शुरू

**मांडू/धार।** मध्य प्रदेश कांग्रेस के विधायकों का सोमवार को धार जिले के मांडू में नव संकल्प शिविर का उद्घाटन हुआ, जिसमें पार्टी के विधायकों समेत वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। नव संकल्प शिविर के उद्घाटन समारोह में सेवादल की टीम के साथ प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान से इस शिविर की शुरुआत हुई। शिविर कल तक चलेगा। संकल्प शिविर में वरिष्ठ नेताओं और विशेषज्ञों के साथ मिशन 2028 (मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव का वर्ष) की रणनीति बनेगी।

### समस्तीपुर में छात्र की पीट-पीट कर हत्या

**समस्तीपुर।** बिहार में समस्तीपुर जिले के मुसरीघरारी थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक छात्र की पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र धुरलख गांव निवासी मोहम्मद सैफ की गंगापुर गांव के समीप पीट-पीटकर कर हत्या कर दी गई। मोहम्मद सैफ कल शाम अपने घर से निकला था। इसके बाद से वह लापता था। देर रात तक सैफ के घर नहीं आने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की, लेकिन उसका पता नहीं चला। सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

### ममता ने शहीद दिवस पर की श्रद्धांजलि अर्पित

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी ने आज पार्टी के प्रमुख वार्षिक राजनीतिक कार्यक्रम शहीद दिवस के अवसर पर 13 शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। बनर्जी ने कहा कि मैं अपने उन 13 साथी सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं जिन्होंने 21 जुलाई, 1993 को माकपा पुलिस की बर्बरता के सामने अपने प्राणों की आहुति दे दी, जिन्होंने उन पर अंधाधुंध गोलीबारी की थी।

# कांग्रेस के सभी विधायक सांसद सभी मुद्दों पर हैं एक मत : केशव महतो

**रांची,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि हमारे सभी विधायक सांसद सभी मुद्दों पर एक मत हैं और उनके बीच कोई मतभेद–मनभेद नहीं है। कमलेश ने सोमवार को यहां पार्टी कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को उनके 83 में जन्मदिवस पर प्रदेश कांग्रेस की ओर से हार्दिक बधाई देते हुए उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु होने की कामना की।

उन्होंने उम्मीद किया कि खरगे के निर्देशन में संगठन दिनों दिन मजबूती से कार्य करेगा और उनका स्नेह और सहयोग कार्यकर्ताओं को मिलता रहेगा। कमलेश ने कहा कि 25 जुलाई को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में राष्ट्रीय



स्तर पर कांग्रेस ओबीसी विभाग की ओर से भागीदारी न्याय सम्मेलन का आयोजन किया गया है जिसके उद्घाटन समारोह में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लोस में विपक्ष के नेता राहुल गांधी उपस्थित रहेंगे। पिछले कुछ दिनों से मीडिया एवं सोशल मीडिया के माध्यम से संगठन एवं मंत्रियों के बारे में भ्रामक समाचार प्रचारित प्रसारित करने की कोशिश की जा रही है।

### भागीदारी न्याय सम्मेलन में शामिल होंगे कार्यकर्ता

केशव ने कहा कि सम्मेलन में झारखंड से सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं आम लोग अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। संगठन सृजन के तहत जिला प्रखंड एवं मंडल स्तर तक नियुक्ति हो गई है अभी सभी जिलों में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। माह के अंत तक सभी जिलों में संगठन सृजन के तहत समितियों के गठन का कार्य पूरा कर लिया जाएगा तथा 15 अगस्त तक बीएलए स्तर तक गठन करके संगठन सृजन का कार्य पूर्ण हो जाएगा।

## आंध्र में महिलाओं के लिए मुफ्त बस सेवा का निर्देश

**विजयवाड़ा,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने अधिकारियों को 15 अगस्त से महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा लागू करने के लिए कदम उठाने का निर्देश दिया है। नायडू ने अधिकारियों को 15 अगस्त से लागू होने वाली आरटीसी मुफ्त बस यात्रा योजना के तहत महिला यात्रियों को शून्य किराया टिकट जारी करने का निर्देश दिया है। सोमवार को मुख्यमंत्री ने सचिवालय में अधिकारियों के साथ महिलाओं के लिए आरटीसी मुफ्त बस यात्रा योजना की समीक्षा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि टिकट में यात्रा मार्ग, मुफ्त सेवा से बचत की गई राशि और सरकार द्वारा दी जाने वाली पूरी 100 प्रतिशत सब्सिडी जैसी जानकारी शामिल होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'शून्य किराया टिकट' जारी करने से महिला यात्रियों को उन्हें मिलने वाले लाभों को स्पष्ट रूप से समझने में मदद मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों को इस उद्देश्य के लिए आवश्यक सॉफ्टवेयर विकसित करने के निर्देश दिए।

# संसद में राहुल गांधी उठाएं मुसलमानों की आवाज : महबूबा

**श्रीनगर,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पत्र लिखकर उनसे संसद में मुसलमानों के कथित 'रोज़ाना उत्पीड़न, बेदखली और अधिकारों के हनन' पर चिंता व्यक्त करते हुए इस मुद्दे को उठाने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि 'घृणा और भय' से बढ़ते माहौल में, कई लोग उम्मीद खो चुके हैं और पूरी तरह से असहाय महसूस कर रहे हैं और इस महत्वपूर्ण क्षण में, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी उन लोगों के लिए आशा की एक दुर्लभ किरण बनकर खड़े हैं जो खुद को भुलाए हुए और बेआवाज़ महसूस करते हैं। महबूबा ने कांग्रेस नेता राहुल को लिखे अपने पत्र में लिखा, बांग्लादेशियों और 'रोहिंग्याओं' को निशाना बनाने के बहाने मुसलमानों को लगातार निराशाजनक परिस्थितियों में धकेला जा रहा है। जैसा कि आपने असम की अपनी यात्रा के दौरान सही कहा था कि हजारों मुसलमानों के घरों को बड़े पैमाने



- पीडीपी प्रमुख ने कांग्रेस नेता को लिखा पत्र

पर तोड़ा जाना बेहद परेशान करने वाला है। उन्होंने कहा कि बिहार में चुनाव आयोग की एसआईआर प्रक्रिया संबंधी घटनाक्रम मुसलमानों को बेदखल करने, उनकी शक्ति को कम करने और अंततः उनके अधिकारों से वंचित करने का एक और व्यवस्थित प्रयास प्रतीत होता है। यह प्रतीकात्मक और शाब्दिक रूप से उनकी मौजूदगी को प्रभावी ढंग से मिटा रहा है। पीडीपी प्रमुख ने कहा, विभाजन के दौरान जिन मुसलमानों ने भारत में रहने का फैसला किया।

**निर्णय** — गुजरात में स्वामित्व योजना के तहत भूपेंद्र सरकार का अहम निर्णय

# संपत्तिधारकों को सनद पाने के वित्तीय बोझ से मिलेगी मुक्ति

**गांधीनगर, 21 जुलाई (एजेंसियां)। गुजरात में स्वामित्व योजना के तहत राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के संपत्ति धारकों को उनकी रिहायशी संपत्ति यानी मकानों के मालिकाना हक को दर्शाने वाली 'सनद' (स्वामित्व प्रमाण पत्र) निःशुल्क दी जाएगी। सरकारी सूत्रों ने सोमवार को बताया कि राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के संपत्ति धारकों पर सनद प्राप्त करने के लिए जो वित्तीय बोझ पड़ता था, उसे दूर करने के लिए।**

संवेदनशील दृष्टिकोण के साथ यह निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय ने ग्रामीण क्षेत्रों के संपत्ति धारकों को प्रॉपर्टी कार्ड प्रदान करने के उद्देश्य से स्वामित्व योजना शुरू की है।

ग्रामीण क्षेत्रों में उन्नत प्रौद्योगिकी के साथ गांवों की आबादी का सर्वेक्षण और मानचित्रण' (स्वामित्व) योजना के तहत ड्रोन टेक्नोलॉजी के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों के आबादी वाले क्षेत्रों की संपत्तियों का ड्रोन सर्वेक्षण कर ग्रामीण लोगों को संपत्ति कार्ड प्रदान किए जाते हैं। ऐसे संपत्ति कार्ड की



- अनुमानित 25 लाख लोगों को मिलेगा लाभ

पहली प्रति संपत्ति धारकों को निःशुल्क प्रदान की जाती है। पटेल ने भूमि राजस्व अधिनियम 1879 के प्रावधान के अनुसार संपत्ति धारकों से 200 रुपए का सर्वेक्षण शुल्क लेकर दी जाने वाली सनद यानी स्वामित्व प्रमाण पत्र अब ग्रामीण संपत्ति धारकों को निःशुल्क प्रदान करने का निर्णय किया है। उनके इस निर्णय के परिणामस्वरूप अब राज्य में 'स्वामित्व' योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों के संपत्ति धारकों को प्रॉपर्टी कार्ड की प्रति के अलावा उनके रिहायशी मकान के मालिकाना अधिकार को दर्शाने वाली 'सनद' भी निःशुल्क मिलेगी। गुजरात सरकार राज्य में इस प्रकार की अनुमानित 25 लाख ग्रामीण संपत्तियों की सनद वितरण के लिए 50 करोड़ रुपए का वित्तीय बोझ वहन करेगी। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों के अदने, गरीब और मध्यमवर्गीय संपत्ति धारकों को सनद प्राप्त करने के लिए 200 रुपए के शुल्क से मुक्ति देने के इस संवेदनशील दृष्टिकोण के साथ न केवल ग्रामीण नागरिकों के लिए उनकी संपत्ति के अधिकार को दर्शाने वाली सनद प्राप्त करना आसान बना दिया है, बल्कि 'ईज ऑफ लिविंग' को भी साकार किया है।

प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू की गई स्वामित्व योजना का उद्देश्य ड्रोन टेक्नोलॉजी के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के आबादी वाले क्षेत्रों की संपत्तियों का ड्रोन सर्वेक्षण कर ग्रामीण जनता को संपत्ति कार्ड यानी प्रॉपर्टी कार्ड प्रदान करना है। इस प्रॉपर्टी कार्ड के माध्यम से ग्रामीण नागरिकों को उनकी संपत्तियों पर कानूनी अधिकार प्राप्त होता है, साथ ही यह उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त भी बनाता है।

प्रॉपर्टी कार्ड के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में और अधिक तेजी देखने को मिलेगी, ग्रामीण विकास के आयोजन के लिए निश्चित भूमि रिकॉर्ड तैयार होंगे, एक निश्चित कर की वसूली होगी और संपत्ति से जुड़े विवाद और कानूनी मामलों में कमी आएगी।

## महिलाओं को किसी लेबल में नहीं बांधती 'रंगीन' : राजश्री देशपांडे

**मुंबई।** कॉमेडी-ड्रामा सीरीज 'रंगीन' का ट्रेलर सोमवार को रिलीज हो चुका है। मुख्य अभिनेत्री राजश्री देशपांडे ने इस प्रोजेक्ट की खासियत बताते हुए कहा कि यह सीरीज महिलाओं को किसी लेबल में नहीं बांधती, बल्कि उनकी मुश्किलों को उजागर कर उन्हें खास अंदाज में पेश करती है। 'रंगीन' सीरीज 25 जुलाई से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। सीरीज में राजश्री के किरदार का नाम नैना है। उन्होंने कहा कि रंगीन सिर्फ एक रिश्तों का ड्रामा नहीं है, बल्कि यह हमारे दिल और दिमाग की उलझनों का आइना है। नैना की चाहत, उसकी तलाश और सामाजिक बंधनों से परे जाने की इच्छा ने मुझे आकर्षित किया। यह सीरीज महिलाओं को साधारण लेबल में नहीं बांधती, बल्कि उन्हें उनकी खामियों, खोज और इंसानी भावनाओं के साथ पेश करती है।

स्वास्थ्य शोधकर्ताओं का अध्ययन

# एंटीबायोटिक प्रतिरोध का बढ़ा खतरा

- 2050 तक करीब ढाई गुना अधिक हो सकती है इलाज की लागत
- उच्च गुणवत्ता वाले इलाज तक पहुंच बढ़ाना जरूरी

**नई दिल्ली,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। एक नई स्टडी के मुताबिक, एंटीबायोटिक दवाओं का असर कम होने (एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस) के कारण न केवल मौतों की संख्या बढ़ सकती है, बल्कि इलाज की लागत भी मौजूदा 66 अरब डॉलर (लगभग 5.5 लाख करोड़ रुपए)



प्रति वर्ष से बढ़कर 2050 तक 159 अरब डॉलर (लगभग 13.3 लाख करोड़ रुपए) प्रति वर्ष हो सकती है।

सेंटर फॉर ग्लोबल डेवलपमेंट के एक नए अध्ययन में यह चेतावनी दी गई है। जब हम एंटीबायोटिक दवाओं का गलत या बहुत ज्यादा इस्तेमाल करते हैं, तो बैक्टीरिया उन दवाओं के खिलाफ प्रतिरोधी हो जाते हैं। इन प्रतिरोधी बैक्टीरिया को सुपरबग्स कहते हैं जो सामान्य दवाओं पर असर नहीं होने देते। इससे अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या और इलाज की अवधि बढ़ जाती है और उनका इलाज भी ज्यादा मुश्किल और महंगा हो जाता है।

अध्ययन के अनुसार, यह समस्या खासकर निम्न और मध्यम आय वाले देशों में ज्यादा गंभीर होगी, जहां संसाधन सीमित हैं।

अध्ययन में इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ मेट्रिक्स एंड इवैल्यूएशन (आईएचएमई) के डेटा का इस्तेमाल किया गया, जिसमें अनुमान है कि साल 2050 तक एंटीबायोटिक प्रतिरोध से होने वाली मौतें 60 फीसदी बढ़ सकती हैं। साल 2025 से 2050 के बीच 3.85 करोड़ लोग इसकी चपेट में आ सकते हैं।

शोधकर्ताओं का कहना है कि अगर प्रतिरोध की दर 1990 के बाद के रुझानों जैसी रही, तो स्वास्थ्य खर्च का 1.2 फीसदी हिस्सा एंटीबायोटिक प्रतिरोध के इलाज पर खर्च होगा।

सेंटर फॉर ग्लोबल डेवलपमेंट के पॉलिसी फेलो एंथनी मैकडॉनेल के नेतृत्व में शोधकर्ताओं ने बताया कि एंटीबायोटिक प्रतिरोध का सबसे ज्यादा असर निम्न और मध्यम आय वाले देशों पर पड़ता है। यह स्वास्थ्य देखभाल की लागत को बढ़ाता है और वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित करता है।

शोध में सुझाव दिया गया है कि नई और प्रभावी दवाओं के शोध को बढ़ावा देना, एंटीबायोटिक्स का सही इस्तेमाल सुनिश्चित करना और उच्च गुणवत्ता वाले इलाज तक पहुंच बढ़ाना जरूरी है। अगर एंटीबायोटिक प्रतिरोध से होने वाली मौतें रोकी जाएं, तो साल 2050 तक दुनिया की आबादी 2.22 करोड़ ज्यादा होगी। यह अध्ययन सरकारों और स्वास्थ्य संगठनों के लिए तुरंत कदम उठाने की जरूरत को बताता है।

# 'सलाकार' में मेरा अब तक का सबसे अलग किरदार : मौनी रॉय

**मुंबई,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। अभिनेत्री मौनी रॉय की आगामी जासूसी थ्रिलर फिल्म 'सलाकार' रिलीज होने के लिए तैयार है। अभिनेत्री ने फिल्म में अपने अनुभव को साझा किया है। अभिनेत्री ने कहा कि इसमें काम करके मुझे बहुत खुशी हुई। यह मेरे लिए अभी तक का सबसे अलग हटकर या खास तरह का किरदार है। इसकी कहानी ने मुझे एक कलाकार के रूप में आगे बढ़ने का मौका दिया।



अभिनेत्री ने टीम की तारीफ करते हुए बताया कि सेट पर पूरी टीम का माहौल काफी अच्छा रहता था। हम सब मिलकर काम करते थे। अब मैं दर्शकों के लिए काफी उत्साहित हूं, फिल्म में उन्हें मेरा ऐसा किरदार देखने के लिए मिलेगा जो उन्होंने पहले कभी देखा ही नहीं होगा।

बता दें, फिल्म के निर्माताओं ने सोमवार को इसका टीजर रिलीज कर दिया, फिल्म एक भारतीय जासूस की कहानी पर आधारित है।

यह फिल्म ऐतिहासिक बैकग्राउंड पर आधारित है और इसमें रहस्य-रोमांच के कई मोड़ देखने को मिलेंगे। इसमें मौनी रॉय के साथ मुकेश ऋषि, कस्तूरिया और सूर्या शर्मा भी हैं।

सच्ची घटनाओं पर आधारित यह कहानी एक ऐसे जासूस की कहानी है, जो अपनी खुफिया जानकारी से देश की सुरक्षा के लिए खतरा बने दुश्मनों को सफलतापूर्वक मार देता है और पाकिस्तान में गुप्त तरीके से परमाणु ठिकानों के अस्तित्व का पता लगाता है।

# 13 साल से पहले बच्चों को स्मार्टफोन देना बेहद खतरनाक

- एक लाख से अधिक युवाओं का डेटा शामिल
- साइबरबुलिंग, नींद में खलल और परिवार से रिश्तों में दूरी जैसे जोखिम

**नई दिल्ली,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। 13 साल से कम उम्र में स्मार्टफोन इस्तेमाल करने वाले बच्चों में युवावस्था में मेंटल हेल्थ संबंधी दिक्कतें पैदा हो सकती हैं। सोमवार को प्रकाशित एक वैश्विक अध्ययन में यह बात सामने आई है, जिसमें एक लाख से अधिक युवाओं का डेटा शामिल है।

> जर्नल ऑफ ह्यूमन डेवलपमेंट एंड कैपेबिलिटीज में प्रकाशित इस अध्ययन के अनुसार, 18 से 24 साल के उन युवाओं में आत्मघाती विचार, आक्रामकता, भावनात्मक अस्थिरता और कम आत्मसम्मान की शिकायतें ज्यादा देखी गईं, जिन्हें 12 साल या उससे कम उम्र में पहला स्मार्टफोन मिला था।



जर्नल ऑफ ह्यूमन डेवलपमेंट एंड कैपेबिलिटीज में प्रकाशित इस अध्ययन के अनुसार, 18 से 24 साल के उन युवाओं में आत्मघाती विचार, आक्रामकता, भावनात्मक अस्थिरता और कम आत्मसम्मान की शिकायतें ज्यादा देखी गईं, जिन्हें 12 साल या उससे कम उम्र में पहला स्मार्टफोन मिला था।

अध्ययन में पाया गया कि स्मार्टफोन के कारण बच्चे कम उम्र से ही सोशल मीडिया चलाने लगते हैं, जिससे साइबरबुलिंग, नींद में खलल और परिवार से रिश्तों में दूरी जैसे जोखिम बढ़ते हैं।

अमेरिका की सैपियन लैब्स की संस्थापक और वैज्ञानिक डॉ. तारा थियागराजन ने बताया कि हमारे डेटा से पता चलता है कि कम उम्र में स्मार्टफोन और सोशल मीडिया का इस्तेमाल युवावस्था में मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा असर डालता है।

उन्होंने भविष्य की पीढ़ियों के मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की है। उनका कहना है कि इन बच्चों में डिप्रेशन और चिंता के लक्षण नहीं दिखते, इसलिए सामान्य जांच में ये समस्याएं पकड़ में नहीं आतीं।

शोधकर्ताओं ने सुझाव दिया कि शराब और तंबाकू की तरह स्मार्टफोन के इस्तेमाल पर भी 13 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए पाबंदी लगाई जाए। साथ ही, डिजिटल साक्षरता अनिवार्य करने और कॉरपोरेट जवाबदेही सुनिश्चित करने की बात कही।

अध्ययन में 100,000 युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य का आकलन माइंड हेल्थ कोशेंट (एमएचक्यू) नामक टूल से किया गया, जो सामाजिक, भावनात्मक, कॉग्निटिव और शारीरिक स्वास्थ्य को मापता है। नतीजों से पता चला कि कम उम्र में स्मार्टफोन मिलने से लड़कियों में अविश्वास की भावना ज्यादा बढ़ती है और भावनात्मक रूप से काफी कमजोर हो जाती हैं, जबकि लड़के अस्थिर, अशांत और उदासीन या क्रोधित होते हैं।

फ्रांस, नीदरलैंड, इटली और न्यूजीलैंड जैसे देशों ने स्कूलों में स्मार्टफोन पर प्रतिबंध या सीमित उपयोग के नियम लागू किए हैं। अमेरिका के कई राज्य भी स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग को सीमित करने वाले कानून बना चुके हैं।

# सिर्फ व्यायाम की कमी ही नहीं मोटापा खाने की आदतें हैं असली वजह

- ऊर्जा खर्च थोड़ा कम होने से मोटापा बढ़ने का कारण
- शोधकर्ताओं ने दुनिया के 34 अलग-अलग जगहों से 4,200 से ज्यादा लोगों पर किया अध्ययन

**नई दिल्ली,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। एक अध्ययन में पाया गया है कि व्यायाम की कमी की तुलना में ज्यादा कैलोरी का सेवन दुनिया भर में मोटापे के मुख्य कारणों में से एक बन सकता है।



कई एक्सपर्ट मानते हैं कि हमारी सोसायटी के इंडस्ट्रियल होने से फिजिकल एक्टिविटी कम हुई है, जिससे मोटापा बढ़ा है। लेकिन अमेरिका के ड्यूक विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययन में पाया गया है कि अमीर देशों के लोग रोजाना उतनी ही या उससे भी ज्यादा ऊर्जा खर्च करते हैं जितना पहले करते थे। इसका मतलब है कि लोगों की कम एक्टिविटी मोटापे की वजह नहीं है।

अमेरिका के ड्यूक विश्वविद्यालय के प्रोफेसर हरमन पोंटजर ने कहा है कि मोटापा बढ़ने का सबसे बड़ा कारण हमारे खाने में बदलाव है, न कि हमारी शारीरिक गतिविधि में कमी।

एक हाल ही में प्रकाशित लेख में, शोधकर्ताओं ने दुनिया के 34 अलग-अलग जगहों से 4,200 से ज्यादा लोगों, जिनकी उम्र 18 से 60 साल के बीच थी, की रोजाना खर्च होने वाली ऊर्जा, शरीर में मौजूद फैट की मात्रा और उनके बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) का अध्ययन किया।

शोधकर्ताओं ने पाया कि जैसे-जैसे देश अमीर होते गए, लोगों की कुल ऊर्जा खर्च थोड़ी कम हुई, लेकिन मोटापा बढ़ने में इसका योगदान काफी कम है।

शोधकर्ता अमांडा मैकग्रॉस्की ने बताया कि मोटापा बढ़ने का असली कारण केवल कम फिजिकल एक्टिविटी नहीं है, बल्कि खाने-पीने की आदतों में बदलाव है। जैसे-जैसे देश अमीर होते हैं, लोग अपने खाने में बदलाव करते हैं, जिससे शरीर में ज्यादा फैट बढ़ता है।

इस शोध का मतलब यह नहीं है कि हमें व्यायाम या शारीरिक गतिविधि को कम महत्व देना चाहिए। व्यायाम करना बेहद जरूरी है और हमारे स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है।

# ट्रेंड को चुनौती नहीं देता, डायरेक्टर के विजन को ध्यान में रख संगीत बनाता हूं : मिथुन

**नई दिल्ली,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। संगीतकार मिथुन ने हालिया रिलीज फिल्म 'सैयारा' के गाने 'धुन' में संगीत दिया है, जिसे काफी पसंद किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वह मौजूदा ट्रेंड को चुनौती देने के लिए संगीत नहीं बनाते, बल्कि वह डायरेक्टर के विजन के लिए संगीत बनाते हैं। मिथुन ने बताया कि एक गाना चाहे तेज हो, धीमा हो या किसी भी तरह का हो, मैं उसे किसी खास श्रेणी में नहीं बांधता। मैं कभी भी यह सोचकर कुछ अलग नहीं बनाता कि यह मौजूदा ट्रेंड से हटकर हो। मुझे डायरेक्टर के विजन से प्रेरणा मिलती है।



फिल्म 'सैयारा' के गाने 'धुन' को लेकर मिथुन ने बताया कि यह रचना कहानी, स्क्रिप्ट, परिस्थिति और किरदारों से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि मोहित सूरी और मेरे बीच खास और पुराना रिश्ता है, इसलिए हमें किसी निजी भावना से प्रेरणा लेने की जरूरत नहीं पड़ती। मुझे खुशी है कि यह गाना श्रोताओं को पसंद आ रहा है। मिथुन ने पहले भी 'आशिकी 2' के गाने 'तुम ही हो' और 'सनम रे' जैसे सुपरहिट गाने दिए हैं। 'सनम रे' को साल 2016 में ग्लोबल इंडियन म्यूजिक एकेडमी अवॉर्ड्स में 'मोस्ट स्ट्रीम्ड सॉन्ग' का खिताब मिला था। ब्लॉकबस्टर म्यूजिक का रिकॉर्ड रखने वाले निर्देशक मोहित सूरी ने बताया कि उन्हें सुर-ताल की समझ नहीं है, उनके लिए संगीत सिर्फ एक एहसास है। निर्देशक ने बताया था कि उन्हें संगीत बनाने की तकनीकी प्रक्रिया के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

उन्होंने संगीतकार मिथुन की तारीफ करते हुए कहा कि उनसे सर्वश्रेष्ठ संगीत निकालने के लिए सही दिशा में प्रेरित करना पड़ता है।

# समोसे के दीवाने बॉलीवुड सितारे

## सोनम-ऋतिक समेत लोग समोसे को समझ रहे देसी, वो निकला फारसी

**नई दिल्ली,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। बचपन की यादों और बड़ों के किस्सों में एक चीज जरूर शामिल होगी, वह है 'समोसा'। सुबह की चाय हो, स्कूल की छुट्टी हो या फिर बर्थडे पार्टी का इंतजार समोसे का नाम सुनते ही मुंह में पानी आ जाता है। लोगों के लिए यह सिर्फ एक स्नैक नहीं, बल्कि दिल से जुड़ी स्वाद की भावना होती है। आम लोगों को तो समोसा पसंद है ही, लेकिन इसके पीछे बॉलीवुड सितारे भी दीवाने हैं।

फैशन आइकन और बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनम कपूर ने कपिल शर्मा शो में खुलासा किया था कि उन्हें समोसे काफी पसंद हैं। उन्होंने बचपन के दिनों को याद करते हुए बताया था कि वह एक दिन एक बार में 40 समोसे खा गई थीं। वहीं फिटनेस के बादशाह ऋतिक रोशन ने भी इसी शो में इंटरव्यू के दौरान बताया था उन्हें समोसा खाना इतना पसंद है कि वह एक बार में लगभग 12 समोसे तक खा सकते हैं।



लेकिन क्या आपने कभी सोचा कि ये समोसा भारत में आया कहां से? इतिहास में झांकें तो पता चलता है कि समोसे ने भारत आने से पहले एक लंबा सफर तय किया है। इसकी शुरुआत ईरान (फारस) में हुई थी, जहां इसे संबूसाग कहा जाता था।

11वीं सदी के ईरानी इतिहासकार अबुल फजल बैहाकी ने अपनी किताब तारीख-ए-बैहाकी में इसका जिक्र किया, जहां यह कीमा और मेवों से भरी एक शाही नमकीन डिश के रूप में परोसी जाती थी। तब इसे न तो तला जाता था और न ही आग में सेंका जाता था।

13वीं-14वीं शताब्दी में जब मध्य एशिया से व्यापारी और मुस्लिम आक्रमणकारी भारत आए, तो समोसा भी उनके साथ आया। अमीर खुसरो और इब्न बतूता जैसे लेखकों ने अपने लेखों में इसके स्वाद और लोकप्रियता का जिक्र किया। दिल्ली सल्तनत के अबुल फजल ने 'आइन-ए-अकबरी' लिखते हुए इसका नाम शाही पकवानों में शामिल किया। फिर इब्न बतूता ने भी दुनियाभर में समोसे का प्रचार किया।

17वीं वीं शताब्दी में पुर्तगाली भारत में आलू लाए और इस तरह आलू वाले समोसे बनाए। यहीं से समोसे का असली 'देसीकरण' शुरू हुआ। अब इसमें आलू के साथ-साथ मटर और मसाले जैसी चीजें भरकर गरम तेल में डीप फ्राई करके परोसा जाता है। आज समोसा न सिर्फ एक स्ट्रीट फूड है, बल्कि हर भारतीय की आत्मा से जुड़ा हुआ लाजवाब स्वाद है।

# 'तन्वी द ग्रेट' सिर्फ फिल्म नहीं, एक अनुभव है : अनिल कपूर

**मुंबई,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। अभिनेता अनुपम खेर की फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' को दर्शकों से जबरदस्त प्यार मिल रहा है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए अभिनेता अनिल कपूर ने इसे 'कहानी कहने की ताकत' का एक बेहतरीन उदाहरण बताया है।



अनिल कपूर ने कहा कि 'तन्वी द ग्रेट' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि ऐसा अनुभव है, जो दिल को छू जाता है। इसमें दिल, उम्मीद और इंसानियत का ऐसा संगम है, जो पर्दे पर खूबसूरती से दिखाया गया है।

उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा, जो प्यार इस फिल्म को मिल रहा है, वो दिखाता है कि एक अच्छी कहानी लोगों को न सिर्फ भावुक करती है, बल्कि उनके भीतर सबकुछ बदल भी देती है। अनुपम, तुमने इस फिल्म में पूरी जान लगा दी है और ये हर सीन में नजर आता है। अनिल कपूर ने इस फिल्म में डेब्यू कर रही अभिनेत्री शुभांगी दत्त की भी खुलकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि शुभांगी, आपने तन्वी के किरदार को बहुत ईमानदारी, ताकत और खूबसूरती से निभाया है। आपका डेब्यू वाकई कमाल का है। अनुपम खेर के निर्देशन की सराहना करते हुए अनिल ने आगे लिखा कि तन्वी की कहानी सिनेमाघरों में एक-एक दर्शक के दिल को छू रही है। अगर आपने अब तक ये फिल्म नहीं देखी है, तो टिकट बुक करें और इसे जरूर देखें। ये एक खास अनुभव है। हाल ही में अनुपम खेर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें शुभांगी दत्त और सह-लेखक अंकुर सुमन एक स्पेशल स्क्रीनिंग के बाद दर्शकों से बातचीत करते दिखे थे।

# दिल को स्वस्थ व पेट को मस्त रखता है 'रागी'

- शुगर पेशेंट के लिए वरदान से कम नहीं
- फाइबर और प्रोटीन की भरपूर

**नई दिल्ली,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। छोटे-छोटे दानों वाला अनाज रागी पोषण से भरपूर होता है। इसे अपने खाने की थाली में शामिल कर न केवल दिल बल्कि पाचन तंत्र समेत पूरे शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है।



रागी में पर्याप्त मात्रा में फाइबर पाया जाता है, जो कब्ज की समस्या को दूर करने में सहायक है और पाचन तंत्र को दुरुस्त रखता है। रागी को सुपरफूड भी कहा जाता है। इसके प्रतिदिन सेवन से पाचनतंत्र मजबूत होता है, ब्लड प्रेशर नियंत्रित होता है, और दिल की बीमारियों का खतरा भी कम होता है। इसमें भरपूर मात्रा में मैग्नीशियम और पोटैशियम पाया जाता है। भारत सरकार का आयुष मंत्रालय रागी के फायदों को गिनाते हुए इसके सेवन की सलाह देता है। मंत्रालय के अनुसार, 'विटामिन बी, कैल्शियम, पोटैशियम और फाइबर से भरपूर रागी ग्लूटेन-मुक्त होता है, जो हृदय के लिए अनुकूल होता है और इसके नियमित सेवन से खूब एनर्जी मिलती है। यह नर्वस सिस्टम, मांसपेशियों और किडनी, लीवर के स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाता है।

यह डायबिटीज के रोगियों के लिए भी फायदेमंद है। इसमें ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, जिससे ब्लड शुगर धीरे-धीरे बढ़ता है। ऐसे में यह डायबिटीज से जूझ रहे लोगों के लिए बेहद फायदेमंद है। हेल्थ एक्सपर्ट इसे अपनी खाने की थाली में शामिल करने की सलाह देते हैं। इससे वजन भी नियंत्रित रहता है। कई शोध हुए हैं, जिनमें बताया गया कि रागी में फाइबर और प्रोटीन की भरपूर मात्रा पाई जाती है, जिससे लंबे समय तक भूख नहीं लगती है। यह वजन कंट्रोल करने में भी मददगार है। इसके अलावा, यह शरीर की हड्डियों को मजबूत करने में भी कारगर साबित होता है। रागी खाने से दांत भी मजबूत होते हैं। मिलेट खाने से पहले इन बातों पर भी गौर करना चाहिए, जैसे कि मिलेट का अधिक सेवन करने से बचना चाहिए। कुछ मिलेट (जैसे बाजरा) में गोइट्रोजेनिक तत्व हो सकते हैं, जो ज्यादा मात्रा में खाने से समस्या पैदा कर सकते हैं। कुछ लोगों को पाचन में भारीपन महसूस हो सकता है। कुछ लोगों को मिलेट से एलर्जी हो सकती है। ऐसे में हेल्थ एक्सपर्ट सावधानी के साथ इसके सेवन की सलाह देते हैं। इसे पतली रोटी, खिचड़ी या दलिया के रूप में ले सकते हैं।

# सिनेमा के रखवाले अपने ही एक फिल्म फेस्टिवल को जीवित रखने में नाकाम : हंसल मेहता

**नई दिल्ली।** भारत-इंग्लैंड के बीच मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर टेस्ट सीरीज का चौथा मैच खेला जाना है। यहां टीम इंडिया ने 89 वर्षों के टेस्ट इतिहास में कभी जीत दर्ज नहीं की है। इस बार मेहमान टीम यहां इतिहास रचने के इरादे से उतरेगी। भारत ने साल 1936 से लेकर अब तक ओल्ड ट्रैफर्ड में कुल नौ टेस्ट खेले हैं, जिसमें उसे चार मुकाबले गंवाने पड़े। वहीं, पांच मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए। भारत ने ओल्ड ट्रैफर्ड में जुलाई 1936 में पहली बार टेस्ट मैच खेला था, जो ड्रॉ रहा। इसके बाद जुलाई 1946 में एक बार फिर दोनों टीमों के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। यहां जुलाई 1952 में इंग्लैंड की टीम ने भारत के खिलाफ पारी और 207 रन से बड़ी जीत दर्ज की। इसके बाद टीम इंडिया को जुलाई 1959 में खेले गए टेस्ट में 171 रन से शिकस्त झेलनी पड़ी। भारत ने इस मैदान पर अगस्त 1971 में पांचवां टेस्ट खेला, जो ड्रॉ रहा। इसके बाद यहां जून 1974 में टीम इंडिया को 113 रन से शिकस्त झेलनी पड़ी।जून 1982 और अगस्त 1990 में इस मैदान पर भारत-इंग्लैंड के बीच खेले गए टेस्ट मैच ड्रॉ रहे, जबकि अगस्त 2014 में भारत को पारी और 54 रन से हार झेलनी पड़ी।

# भारत 'ए' हॉकी टीम ने दौरे का समापन नीदरलैंड से 2-8 हार के साथ किया



■ भारत ए टीम अपने पिछले मैच में नीदरलैंड से 0-3 से हार गई थी

**नई दिल्ली,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। भारत ए पुरुष हॉकी टीम ने अपने यूरोपीय दौरे का समापन मेजबान नीदरलैंड के हाथों आइंडहोवन 2-8 हार के साथ किया। भारत के लिए मिडफील्डर मनिंदर सिंह और स्ट्राइकर सेल्वम कार्ति ने एक एक गोल किया। भारत ए टीम अपने पिछले मैच में नीदरलैंड से 0-3 से हार गई थी। भारत ए टीम अपने यूरोपीय दौरे पर पांच यूरोपीय टीमों के खिलाफ कुल आठ मैच खेले। भारत ए टीम ने तीन शहरों में दुनिया की नंबर एक नीदरलैंड और दुनिया की तीसरे नंबर की टीम बेल्जियम जैसी शीर्ष टीमों के खिलाफ मैच खेलग॥ भारत ए अपने इस यूरोप दौरे पर आयरलैड, फ्रांस, इंग्लैंड ,बेल्जियम व नीदरलैंड के खिलाफ खेली और मात्र तीन मैच ही जीत पाई।भारत ए टीम के कोच शिवेंद्र सिंह ने यूरोपीय दौरे पर अपने कुल अनुभव की बाबत कहा,' भले ही हमने अपने इस यूरोपीय दौरे पर जितने मैच जीते उससे ज्यादा हारे। हमारे लिए यह यूरोपीय दौरा नतीजों की बजाय अनुभव हासिल करने के लिहाज से अहम था। हमारी भारत ए टीम सीनियर और जूनियर खिलाड़ियों की मिली जुली टीम है। बीते दो हफ्तो में हमारे खिलाड़ियों ने बेशकीमती अनुभव हासिल किया। अब जब हम भारत वापस लौट रहे हैं हमारे खिलाड़ी अनुभव का इस्तेमाल अपना खेल बेहतर करने के लिए करेंगे।

## नुवान कुलशेखरा: नुवान ने विश्व क्रिकेट में जमाई धाक

**नई दिल्ली,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। श्रीलंका के एक छोटे से शहर, निट्टंबुवा में 22 जुलाई 1982 को जन्मे नुवान कुलशेखरा ने 21 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय मैच में डेब्यू किया। दुबले-पतले नुवान कुलेशखरा ने इंग्लैंड के खिलाफ अपने डेब्यू मैच में 9 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें महज 19 रन देकर 2 शिकार किए। नुवान कुलशेखरा अपने डेब्यू वनडे मैच में ही छाप छोड़ चुके थे, लेकिन टेस्ट फॉर्मेट के लिए उन्हें थोड़ा इंतजार करना पड़ गया। नुवान ने अप्रैल 2005 में पहली बार टेस्ट क्रिकेट खेला। साल 2006 में इंग्लैंड के खिलाफ 10वें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने 133 गेंदों में 63 रन की पारी खेली। यह मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ। अप्रैल 2008 से 12 महीनों के भीतर 29 मैचों में 20.97 की औसत से 47 विकेट लिए, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 28 और इकॉनमी रेट 4.45 रहा। लंबे रन-अप के साथ गेंदबाजी करने वाले कुलशेखरा गेंद को स्विंग कराने में उस्ताद थे। साल 2009 में वह गेंदबाजों की रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंच गए। चामिंडा वास के संन्यास के बाद कुलशेखरा को वनडे फॉर्मेट में भरपूर मौका मिला। इस बीच लसिथ मलिंगा का प्रदर्शन भी खराब था। ऐसे में कुलशेखरा टीम के अहम गेंदबाज बन गए। कुलशेखरा साल 2009 की प्रतिष्ठित आईसीसी विश्व वनडे टीम में शामिल हुए।

# अरोनियन ने जीता फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम खिताब, सातवें स्थान पर प्रज्ञानानंद



■ दुनिया के नंबर 1हिकारू को हराकर कार्लसन ने तीसरा स्थान हासिल किया

**लास वेगास,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। लेवोन अरोनियन ने फ्रीस्टाइल चेस ग्रैंड स्लैम के फाइनल में हांस नीमन को 1.5-0.5 से हराकर खिताब अपने नाम किया। 42 वर्षीय अरोनियन ने पिछले सप्ताह मैग्नस कार्लसन और हिकारू नाकामुरा को शिकस्त दी थी। लास वेगास के विंन होटल में फाइनल की पहली बाजी ड्रॉ रही, लेकिन दूसरी बाजी में शानदार जीत दर्ज करते हुए उन्होंने खिताब और दो लाख अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि अपने नाम की। दुनिया के नंबर 1 मैग्नस कार्लसन ने हिकारू नाकामुरा को 1.5-0.5 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। उन्हें 1,60,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि मिली। भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने फाबियानो कारुआना को 2-0 से हराकर पांचवां स्थान प्राप्त किया, जबकि प्रज्ञानानंद रमेशबाबू ने वेसली सो को 1.5-0.5 से हराकर सातवां स्थान हासिल किया। लेवोन अरोनियन ने खिताब जीतने के बाद कहा कि यह मेरे जीवन की सबसे बड़ी जीत में से एक है। मैं इस अवसर के लिए बेहद खुश और आभारी हूं। हांस नीमन अपने करियर की सबसे बड़ी जीत के करीब पहुंच गए थे, लेकिन उन्हें उपविजेता रहते हुए 1,40,000 अमेरिकी डॉलर के साथ संतोष करना पड़ा। वर्ल्ड नंबर 1 कार्लसन ने हिकारू नाकामुरा को 1.5-5 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। पहले गेम में बराबरी के बाद, कार्लसन ने दूसरे गेम में दबाव बनाया और बढ़त को भुनाते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। फ्रीस्टाइल शतरंज की रिपोर्ट के अनुसार, लास वेगास में खिताबी मुकाबले से चूकने के बावजूद, इस नतीजे के साथ कार्लसन ग्रैंड स्लैम टूर की ओवरऑल स्टैंडिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं।

## अमेरिका ने जीता फीबा अंडर-19 महिला विश्वकप का खिताब

**प्राग,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। अमेरिका ने फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 88-76 से हराकर फीबा अंडर-19 महिला विश्वकप का खिताब अपने नाम किया।

चेक गणराज्य के ब्रनो में रविवार को खेले गये फाइनल मुकाबले में अमेरिका ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पहले हाफ में 50-40 की बढ़त हासिल की। ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे क्वार्टर में वापसी करते हुए 17-14 से हराकर अंतर कम कर दिया। हालाँकि, चौथे क्वार्टर में अमेरिका ने 24-19 की बढ़त बनाकर अपना दबदबा और मजबूत करते हुए चैंपियनशिप पर अपनी पकड़ मजबूत बना ली। अमेरिका की सानिया हॉल ने 25 अंक, नौ रिबाउंड और सात असिस्ट के साथ तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। जैस्मीन डेविडसन ने 21 अंक जोड़े। ऑस्ट्रेलिया की ओर से बोनी डेस ने 13 अंक, चार रिबाउंड और तीन असिस्ट किये। तीसरे स्थान के लिए हुए मुकाबले में स्पेन ने कनाडा को 70-68 से हराकर कांस्य पदक जीता। कनाडा ने पहले क्वार्टर में 15-10 की बढ़त के साथ मजबूत शुरुआत की, लेकिन स्पेन ने दूसरे क्वार्टर में 23-17 की बढ़त बनाकर मैच का रुख पलट दिया और इसके बाद मैच के आखिर तक अपनी बढ़त बनाए रखकर मुकाबला जीत लिया।

# निर्णायक मुकाबला जीतकर सीरीज अपने नाम करने उतरेंगी दोनों टीमें

भारत बनाम इंग्लैंड



■ भारत को मंधाना, हरमनप्रीत, प्रतिका, हरलीन, रोड्रिग्स से खासा उम्मीदें

**नई दिल्ली,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। भारत और इंग्लैंड की महिला टीमों के बीच चेस्टर-ले-स्ट्रीट पर मंगलवार को वनडे सीरीज का तीसरा मैच खेला जाएगा। दोनों ही टीमें टूर्नामेंट के इस अंतिम मुकाबले को जीतकर सीरीज अपने नाम करने के इरादे से उतरेंगी। भारत ने सीरीज के पहले मैच को चार विकेट से अपने नाम किया था। लॉड्र्स में खेला गया दूसरा मुकाबला बारिश से प्रभावित रहा, जिसमें 'डकवर्थ-लुईस नियम' के आधार पर इंग्लैंड ने आठ विकेट से जीत दर्ज की। सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबरी पर है। ऐसे में अंतिम मुकाबला जीतने वाली टीम सीरीज अपने नाम कर लेगी। यह सीरीज विश्व कप के मद्देनजर तैयारियों को परखने के लिहाज से अहम है। महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025 भारत और श्रीलंका की सह-मेजबानी में खेला जाना है। इस मुकाबले में भारत को स्मृति मंधाना, हरमनप्रीत कौर, प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रोड्रिग्स से खासा उम्मीदें हैं। वहीं, स्नेह राणा, श्री चरणी और क्रांति गौड़ को अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा। इंग्लैंड की टीम में सोफिया डंकले, एलिस डेविडसन रिचर्ड्स, कप्तान नैट साइवर-ब्रंट, एम्मा लैम्ब और चार्ली डीन मुकाबले को पलटने का माद्दा रखती हैं। चेस्टर-ले-स्ट्रीट में मंगलवार को बारिश की आशंका जताई जा रही है। यहां अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। ऐसे में मुकाबला बारिश से प्रभावित हो सकता है। भारत-इंग्लैंड की महिला टीमों के बीच वनडे इतिहास में अब तक कुल 78 मैच खेले जा चुके हैं, जिसमें भारत ने 35 मुकाबलों में जीत दर्ज की, जबकि 41 मैचों में उसे हार का सामना करना पड़ा। दो मुकाबले बेनतीजा रहे हैं। भारत-इंग्लैंड के बीच तीसरा वनडे मैच भारतीय समय के अनुसार शाम साढ़े पांच बजे से शुरू होगा। इस मुकाबले का लाइव टेलीकास्ट सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर होगा, जबकि लाइव स्ट्रीमिंग सोनीलिव एप और वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

## सार संक्षेप

### टी-20 में बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया

**ढाका।** तीन टी20 मैचों की सीरीज के पहले मैच में बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हरा दिया। पाकिस्तान के दिए 111 रन के लक्ष्य को बांग्लादेश ने 15.3 ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया। ढाका के शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम में खेले गए इस मैच में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। कप्तान लिटन दास के फैसले को बांग्लादेश के गेंदबाजों ने सही साबित किया और पाकिस्तान टीम को 19.3 ओवर में महज 110 रन पर समेट दिया। पाकिस्तान के लिए सबसे ज्यादा 44 रन फखर ज़मान ने बनाए। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 34 गेंद की पारी में 6 चौके और 1 छक्का लगाए। इसके अलावा टॉप ऑर्डर के सभी बल्लेबाज फ्लॉप रहे।
खुशदिल शाह ने 17 और अब्बास अफरीदी ने 22 रन बनाए। शेष 8 बल्लेबाज दो अंकों में नहीं पहुंच पाए। बांग्लादेश के लिए तस्किन अहमद ने शानदार गेंदबाजी की और 3.3 ओवर में 22 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। मुस्तफिजुर रहमान ने भी घातक गेंदबाजी की और 4 ओवर में सिर्फ 6 रन देकर 2 विकेट लेने में सफलता पाई।

### शुरू हुई ओरिएंटल कप के तीसरे संस्करण की शुरुआत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के एमर्जिंग युवा फुटबॉल टूर्नामेंट, ओरिएंटल कप, का तीसरा संस्करण सोमवार से डॉ. अंबेडकर स्टेडियम में शुरु होगा। टूर्नामेंट में 36 टीमें हिस्सा लेंगी। लड़कों के वर्ग में 24 और लड़कियों के वर्ग में 12 टीमें शामिल हैं। शुरुआती मुकाबलों में, लड़कों के वर्ग में गवर्नमेंट को-एड सीनियर सेकेंडरी स्कूल, द्वारका और मदर्स इंटरनेशनल स्कूल के बीच मुकाबला होगा। उसके बाद दोनों स्कूलों की लड़कियों की टीमें आमने-सामने होंगी। फिर, लड़कों के मैच में संस्कृति इंटरनेशनल स्कूल और एमिटी इंटरनेशनल, साकेत की भिड़ंत होगी। उसके बाद लड़कियों के वर्ग में गत विजेता, संस्कृति इंटरनेशनल स्कूल, एमिटी इंटरनेशनल, साकेत की लड़कियों की टीम से भिड़ेगी। इसके बाद पहले संस्करण की विजेता, द एयर फोर्स स्कूल, सुब्रतो पार्क की लड़कों की टीम, केंद्रीय विद्यालय स्कूल (जेएनयू) से भिड़ेगी, जबकि उनकी लड़कियों की टीम एमिटी इंटरनेशनल, नोएडा से खेलेगी। दिन के अंतिम मुकाबले में, लड़कों के ड्रॉ में एमिटी इंटरनेशनल, नोएडा, केंद्रीय विद्यालय, आरके पुरम से भिड़ेगा।

## टी-20 सीरीज: ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को हराया

**नई दिल्ली,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को जमैका में खेले गए पहले टी20 मैच में तीन विकेट से शिकस्त दी। इसी के साथ मेहमान टीम ने पांच मुकाबलों की सीरीज में 1-0 से लीड बना ली है। सोमवार को टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी वेस्टइंडीज की टीम ने आठ विकेट खोकर 189 रन बनाए। टीम 32 के स्कोर पर ब्रैंडन किंग का विकेट गंवा चुकी थी। यहां से कप्तान शाई होप ने रोस्टन चेज के साथ दूसरे विकेट के लिए 91 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभाला। रोस्टन चेज 32 गेंदों में दो छक्कों और नौ चौकों के साथ 60 रन बनाकर आउट हुए, जबकि शाई होप ने 39 गेंदों में तीन छक्कों और चार चौकों के साथ 55 रन टीम के खाते में जोड़े। इनके अलावा शिमरोन हेटमायर ने 38 रन जुटाए। विपक्षी टीम की ओर से बेन ड्वारशुइस ने सर्वाधिक चार विकेट अपने नाम किए। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 18.5 ओवरों में जीत दर्ज कर ली।

# भारतीय बैडमिंटन मिश्रित टीम ने जीता ऐतिहासिक कांस्य पदक



■ भारत ने क्वार्टरफाइनल में मलेशिया को कड़े मुकाबले में 3-2 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया

**राइन-रुहर ( जर्मनी ),** 21 जुलाई (एजेंसियां)। भारत की मिश्रित टीम ने जर्मनी के राइन-रुहर में चल रहे एफआईएसयू वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में बैडमिंटन में ऐतिहासिक कांस्य पदक अपने नाम किया। यह इस स्पर्धा में भारत का बैडमिंटन में पहला पदक है। एफआईएसयू वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में बैडमिंटन को 2007 से शामिल किया गया था, लेकिन यह पहली बार है जब भारत ने इस खेल में पोडियम पर जगह बनाई है। भारत ने क्वार्टरफाइनल में मलेशिया को कड़े मुकाबले में 3-2 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जिससे कांस्य पदक पक्का हो गया। प्रतियोगिता में दोनों सेमीफाइनल हारने वाली टीमों को कांस्य पदक दिया जाता है। यह इस बार के एफआईएसयू वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में भारत का पहला पदक भी है। सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला चीनी ताइपे से हुआ। पुरुष एकल में भारत के सतीश कुमार करुणाकरण ने पहला मैच खेला, लेकिन वे सु ली यांग से 1-2 से हार गए। इसके बाद महिला एकल में देविका सिहाग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हुआंग चिंग पिंग को 2-0 से हराकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। हालांकि, इसके बाद चीनी ताइपे ने बढ़त बना ली। पुरुष युगल में सनीथ दयानंद और सतीश कुमार करुणाकरण की जोड़ी को चेन झी-रे और लिन यू चिएह के खिलाफ 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। महिला युगल में तस्नीम मिर और वर्षिणी विश्वनाथ श्री की जोड़ी भी हू यिन हुई और यांग चू युन से 2-0 से हार गई। इस हार के साथ भारत की सेमीफाइनल में हार तय हो गई, और फिर मिश्रित युगल मुकाबला नहीं खेला गया। ग्रुप स्टेज में भारत ने मकाऊ चाइना को 5-0 से हराया, जबकि हांगकांग के खिलाफ उसे 2-3 से करीबी हार मिली। राउंड ऑफ 16 में भारत ने अमेरिका को 3-1 से हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई थी।

## नुनेज ने हैट्रिक लगाकर लिवरपूल को स्टोक सिटी पर 5-0 से जीत दिलाई

**लिवरपूल,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। डार्विन नुनेज ने रविवार दोपहर स्टोक सिटी के खिलाफ खेले गए एक मैत्रीपूर्ण मैच में हैट्रिक लगाते हुए लिवरपूल को 5-0 से जीत दिलाई। उरुग्वे के इस खिलाड़ी ने मुकाबले के शुरुआती 20 मिनट के अंदर ही तीन गोल दागे। रियो न्गुमोहा और फेडेरिको चिएसा ने भी एक-एक गोल कर लिवरपूल की जीत में अहम भूमिका निभाई। लिवरपूल की यह लगातार दूसरी जीत थी। इस जीत के साथ टीम एशिया दौरे के लिए रवाना हुई। नुनेज ने छठे मिनट में फॉलो-अप स्ट्राइक के साथ गोल की शुरुआत की। छह मिनट बाद ही उन्होंने फिर से सोबोस्जलाई के दाईं ओर से किए गए निचले क्रॉस को एक बेहतरीन मूव के साथ गोल पोस्ट में भेज दिया। मैच के बीसवें मिनट में उन्होंने तीसरा गोल दागा। 26 साल के डार्विन नुनेज उरुग्वे के खिलाड़ी हैं और अपने देश के लिए 35 मैचों में 13 गोल कर चुके हैं।

# सिनर, जोकोविच, ड्रेपर टोरंटो में कैनेडियन मास्टर्स से हटे

एटीपी टूर



**नई दिल्ली,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। विंबलडन के विजेता और विश्व के नंबर 1 टेनिस खिलाड़ी इटली के यानिक सिनर ने कोहनी की चोट के चलते अगले सप्ताह से टोरंटो में शुरू हो रहे 'नेशनल बैंक ओपन- 2025' से नाम वापस ले लिया है।

चार बार के चैंपियन 38 साल के नोवाक जोकोविच ने भी कमर की चोट के कारण टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया है। सिनर ने पिछली बार 2023 में टोरंटो में आयोजित कैनेडियन मास्टर्स 1000 में ट्रॉफी उठाई थी। ब्रिटेन के जैक ड्रेपर भी टूर्नामेंट से हट गए हैं। टूर्नामेंट के आयोजकों ने कहा कि यानिक सिनर और नोवाक जोकोविच विंबलडन के ठीक बाद हो रहे नेशनल बैंक ओपन 2025 से हटने के लिए मजबूर हैं। जैक ड्रेपर भी चोट के कारण हट गए हैं। सिनर ने एक विज्ञप्ति में कहा कि मैं टोरंटो में नेशनल बैंक ओपन में शामिल न हो पाने से बहुत निराश हूं, खासकर, कनाडा में खेलने की मेरी यादें बहुत प्यारी हैं। दो साल पहले टोरंटो में वह खिताब जीतना मेरे लिए एक बेहद खास पल की शुरुआत थी, लेकिन अपनी टीम से बात करने के बाद, मुझे अब थोड़ा संभलना होगा। इस साल की खिलाड़ियों की सूची में कार्लोस अल्काराज शीर्ष (नंबर 2) पर हैं। यह स्पेनिश खिलाड़ी, जो अभी भी अपनी पहली नेशनल बैंक ओपन ट्रॉफी जीतने की कोशिश में है, वर्तमान में पांच ग्रैंड स्लैम चैंपियनशिप और सात मास्टर्स 1000 खिताब जीत चुका है। 2021 के बाद पहली बार, तीन कनाडाई खिलाड़ी एटीपी के शीर्ष 40 में शामिल हैं और उन्हें नेशनल बैंक ओपन के मुख्य ड्रॉ में सीधे प्रवेश मिलेगा। मॉन्ट्रियल के फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे, जो विश्व रैंकिंग में 28वें स्थान पर हैं।

## टोरंटो और सिनसिनाटी टूर्नामेंट से नाम लिया वापस

**लंदन।** ब्रिटेन के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी जैक ड्रेपर ने बाँह की चोट के कारण टोरंटो और सिनसिनाटी में होने वाले आगामी टूर्नामेंटों से नाम वापस ले लिया है। ड्रेपर ने सोशल मीडिया मंच पर कहा कि विंबलडन के बाद मेरे बाएँ हाथ में चोट लग गई, कोई गंभीर बात नहीं है। मुझे यह सुनिश्चित करना है कि बाकी सीजन के लिए यह पूरी तरह से ठीक हो जाऊं। दुर्भाग्य से, मैं टोरंटो और सिनसिनाटी में प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाऊँगा। न्यूयॉर्क शहर में मिलते है। कैनेडियन ओपन 26 जुलाई से तथा सिनसिनाटी ओपन चार अगस्त से शुरू होगा।

कैनेडियन ओपन से हटने वाले वह अकेले खिलाड़ी नहीं है, विंबलडन चैंपियन जैनिक सिनर और 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता नोवाक जोकोविच ने भी पुष्टि की है कि वे नहीं खेलेंगे।

## जेसन वनडे में इंग्लैंड का सफलतम बल्लेबाज बनने से चूके

**नई दिल्ली,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। इंग्लैंड क्रिकेट टीम में पिछले दस साल में बड़ा बदलाव हुआ है। इस दौरान इंग्लैंड ने वनडे और टी20 का विश्व कप भी जीता। इस बदलाव की वजह रही बल्लेबाजी। पूर्व में एक टेस्ट टीम के रूप में चर्चित इंग्लैंड में पिछले 10 सालों में विस्फोटक बल्लेबाजों की एक फौज आई, जिसने उनके क्रिकेट पूरी तरह बदल दिया। इन बल्लेबाजों में एक नाम जेसन रॉय का भी है। जेसन रॉय एक विस्फोटक सलामी बल्लेबाज हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी क्षमता साबित कर चुके हैं। लेकिन, इयोन मोर्गन की कप्तानी में डेब्यू करने वाले इस खिलाड़ी को उसकी क्षमता के मुताबिक मौका नहीं मिला। जेसन कभी इंजरी की वजह से बाहर हुए तो कभी उन्हें किसी दूसरे खिलाड़ी की वजह से ड्रॉप कर दिया गया। रॉय ने अपने करियर में कुछ मौकों पर तूफानी बल्लेबाजी को फिर से परिभाषित किया। एक समय लगता था कि वह लंबी रेस के घोड़े हैं। हालांकि फॉर्म में निरंतरता की कमी और लगातार मौके न मिलना उनके करियर के लिए झटका था। रॉय ऐसे समय इंग्लिश टीम से अंदर-बाहर होते रहे जब अंग्रेज बल्लेबाज सफेद गेंद क्रिकेट को हमेशा के लिए बदलने वाला गेम खेल रहे थे।

## सुडोकू 6981 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 8 | 6 | 7 | 4 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 2 | 3 | 1 | 8 | 5 |
| 5 | 8 | 7 | 1 | 4 | 6 | 3 | 2 | 9 |
| 3 | 5 | 9 | 2 | 6 | 1 | 8 | 4 | 7 |
| 8 | 4 | 1 | 3 | 7 | 9 | 5 | 6 | 2 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 8 | 5 | 9 | 1 | 3 |
| 7 | 3 | 8 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 1 |
| 4 | 1 | 5 | 8 | 3 | 2 | 7 | 9 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 3 | 8 |

# [ अर्थ जगत ]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| इटर्नल | 5.38 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 2.76 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 2.19 प्रतिशत |
| एमएंडएम | 1.75 प्रतिशत |
| भारत इलेक्ट्रोनिक्स | 1.37 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| रिलायंस | 3.29 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.21 प्रतिशत |
| टीसीएस | 0.99 प्रतिशत |
| हिंद यूनिलीवर | 0.97 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.59 प्रतिशत |

**सर्राफा**

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 98,896 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,13,465 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौंड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूं एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5800 |
| दाल चना | 7844.8 |
| मसूर काली | 8052.84 |
| उड़द दाल | 10531.58 |
| मूंग दाल | 10151.42 |
| अरहर दाल | 11034.19 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# आरआरबी की संख्या 28 की गई : सीतारमण

■ **आरआरबी ने अपना पूंजी आधार बढ़ाया**

**नई दिल्ली,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) के विलय से एक राज्य-स्तरीय आरआरबी का गठन हुआ है, जिसका संचालन क्षेत्र एक जैसा है और इससे प्रबंधन और सेवा वितरण आसान हुआ।

वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि 'वन स्टेट-वन आरआरबी' के सिद्धांत के तहत, सरकार ने चरण 4 सम्मेलन में आरआरबी के कंसोलिडेशन की प्रक्रिया जारी रखी है ताकि पैमाने की दक्षता और कॉस्ट रेशनलाइजेशन के लाभ प्राप्त किए जा सकें। इसके तहत 26 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में आरआरबी की संख्या 43 से घटाकर 28 (1 मई, 2025 से प्रभावी) कर दी गई है। वित्त मंत्री ने बताया कि आरआरबी ने अपना पूंजी आधार बढ़ाया है, जिससे विलय से बनी इकाई की वित्तीय स्थिरता और मजबूती बढ़ी है।

परिचालन को कंसोलिडेट कर और अलग-अलग प्रशासनिक ढांचों के कारण होने वाली अतिरेकता को समाप्त कर विलय से लागत बचत होने की उम्मीद है। इसके अलावा, विलय से बने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक एडवांस टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म में निवेश और लाभ उठा सकते हैं, जिससे परिचालन दक्षता और ग्राहक सेवा में सुधार होगा।

सरकार ने विलय कार्यक्रम के कार्यान्वयन की देखरेख और निगरानी के लिए राज्य-स्तरीय निगरानी समिति (एसएलएमसी) और राष्ट्रीय-स्तरीय परियोजना निगरानी इकाई (एनएलपीएमयू) का गठन किया है। वित्त मंत्री ने कहा कि नाबार्ड ने राष्ट्रीय स्तर की मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है। इस एसओपी में विस्तृत दिशानिर्देश शामिल हैं, जिसमें समन्वित नीतियों और परिचालन दिशानिर्देशों को अंतिम रूप देने और दिन-प्रतिदिन की इंटीग्रेशन प्लान को संभालने के लिए प्रत्येक प्रमुख/हस्तांतरित आरआरबी में विलय परियोजना प्रबंधन इकाई (एपीएमयू), संचालन समिति और कार्यात्मक समितियों की स्थापना की सलाह दी गई है। नाबार्ड द्वारा 2021 में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के विलय से उनके वित्तीय प्रदर्शन पर पड़ने वाले प्रभाव पर एक स्टडी की गई।



नाबार्ड ने राष्ट्रीय स्तर की मानक संचालन प्रक्रिया जारी की है : निर्मला सीतारमण

## छह वर्षों में बेरोजगारी दर 6 प्रतिशत से घटकर 3.2 प्रतिशत हुई : वित्त मंत्री

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को संसद को बताया कि सरकार ने देश में बेरोजगारी दर को छह वर्षों में 6 प्रतिशत से घटाकर 3.2 प्रतिशत करने और महंगाई को छह वर्षों के निचले स्तर पर लाने के लिए कई उपाय किए हैं। वित्त मंत्री ने बताया कि मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं, साथ ही सस्टेनेबल रोजगार को बढ़ावा दिया जा रहा है और विशेष रूप से गरीबों और युवाओं के बीच घरेलू आय में सुधार किया जा रहा है। इनमें, अन्य बातों के अलावा, आवश्यक खाद्य वस्तुओं के लिए बफर स्टॉक में वृद्धि, खुले बाजार में खरीदे गए अनाज की रणनीतिक बिक्री, कम आपूर्ति के दौरान आयात और निर्यात प्रतिबंधों की सुविधा, चुनिंदा वस्तुओं की बाजार में अधिक आपूर्ति बढ़ाने के लिए स्टॉक सीमा का कार्यान्वयन, भारत ब्रांड के तहत चुनिंदा खाद्य वस्तुओं की रियायती दरों पर खुदरा बिक्री, और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लगभग 81 करोड़ लाभार्थियों को मुफ्त खाद्यान्न वितरण शामिल हैं।

## पीएम इंटर्नशिप स्कीम के तहत युवाओं को 1.53 लाख से ज्यादा प्रस्ताव दिए

**नई दिल्ली।** वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को बताया कि अक्टूबर 2024 में शुरू की गई पीएम इंटर्नशिप स्कीम (पीएमआईएस) के पहले दो चरणों के दौरान देश की शीर्ष कंपनियों ने युवाओं को 1.53 लाख से ज्यादा प्रस्ताव दिए। वित्त मंत्री ने बताया कि पीएम इंटर्नशिप योजना पायलट प्रोजेक्ट के पहले चरण में, साझेदार कंपनियों ने देश भर के पीएमआईएस पोर्टल पर 1.27 लाख से ज्यादा इंटर्नशिप के अवसर पोस्ट किए। इसके सापेक्ष, लगभग 1.81 लाख उम्मीदवारों से 6.21 लाख से ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए। साझेदार कंपनियों ने 60,000 से ज्यादा उम्मीदवारों को 82,000 से ज्यादा इंटर्नशिप के प्रस्ताव दिए, जिनमें से 28,000 से ज्यादा उम्मीदवारों ने इंटर्नशिप में शामिल होने के प्रस्ताव स्वीकार किए और 8,700 से ज्यादा उम्मीदवार उनकी इंटर्नशिप में शामिल हुए। उन्होंने आगे बताया कि 9 जनवरी, 2025 को शुरू हुई पीएम इंटर्नशिप योजना पायलट परियोजना के दूसरे दौर में, लगभग 327 साझेदार कंपनियों ने देश के 735 जिलों में 1.18 लाख से अधिक इंटर्नशिप अवसर पोस्ट किए हैं।

## सेल ने की जोजिला सुरंग परियोजना में 31 हजार टन से अधिक इस्पात की आपूर्ति

**नई दिल्ली,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। सरकारी क्षेत्र की महारत्न कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने सोमवार को कहा कि वह महत्वाकांक्षी जोजिला सुरंग परियोजना के लिए सबसे बड़ी इस्पात आपूर्तिकर्ता बनकर उभरी है। यह महत्वाकांक्षी परियोजना वर्तमान में निर्माणाधीन है और पूरी होने के बाद यह भारत की सबसे लंबी सड़क सुरंग और एशिया की सबसे लंबी द्वि-दिशात्मक सुरंग होगी।




कंपनी ने बयान में कहा कि सेल इस रणनीतिक इन्फ्रास्ट्रक्चर इनिशिएटिव में एक महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में भूमिका निभा रहा है। कंपनी ने टीएमटी री-बार, स्ट्रक्चरल और प्लेटों सहित 31,000 टन से अधिक इस्पात की आपूर्ति की है और इस परियोजना के लिए अपनी इस्पात आपूर्ति को निरंतर बनाए रख रही है, क्योंकि इसके महत्वपूर्ण परियोजना के पूरा होने की समयसीमा 2027 है।

जोजिला सुरंग 11,578 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। इस सुरंग का निर्माण चुनौतीपूर्ण हिमालयी भूभाग में किया जा रहा है। 30 किलोमीटर से ज्यादा लंबी यह सुरंग, द्रास और कारगिल होते हुए श्रीनगर और लेह के बीच सभी मौसम में संपर्क प्रदान करेगी। यह सुरंग श्रीनगर-कारगिल-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और इस क्षेत्र में नागरिक और सैन्य गतिशीलता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगी।

# सोने की कीमत में बीते 6 वर्षों में 200 प्रतिशत का उछाल दर्ज

**नई दिल्ली,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। पीली धातु की कीमत में बीते 6 वर्षों में 200 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड की गोल्ड पर सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि मई 2019 से जून 2025 तक सोने की कीमतें 30,000 रुपए से बढ़कर करीब 1,00,000 रुपए प्रति 10 ग्राम से अधिक हो गई हैं।

इस बीच, सोना-चांदी की कीमतों में कारोबारी हफ्ते के पहले दिन तेजी दर्ज की गई। 24 कैरेट के सोने की कीमतों में 650 रुपए से ज्यादा का इजाफा हुआ है। वहीं, चांदी की कीमत एक बार फिर 1,13,000 रुपए के पार हो गई है।



इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन द्वारा शाम को जारी की गई कीमतों के मुताबिक, 24 कैरेट के सोने की कीमत 653 रुपए बढ़कर 98,896 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि बीते शुक्रवार को 98,243 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई थी। 22 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत बढ़कर 90,589 रुपए हो गई है, जो कि पहले 89,991 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, 18 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम बढ़कर 74,172 रुपए हो गया है, जो कि पहले 73,682 रुपए प्रति 10 ग्राम था।

# भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात पहली तिमाही में 47 प्रतिशत बढ़ा

■ **आरएमजी एक्सपोर्ट में भी 9 प्रतिशत का उछाल दर्ज**
■ **भारत के आरएमजी का भी प्रमुख खरीदार है अमेरिका**

**नई दिल्ली,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही (वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही) के दौरान भारत के इलेक्ट्रॉनिक निर्यात में 47 प्रतिशत की जोरदार वृद्धि हुई है और यह बढ़कर 12.41 अरब डॉलर हो गया है। इस दौरान रेडी-मेड गारमेंट्स (आरएमजी) के निर्यात में भी करीब 9 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया है। यह जानकारी वाणिज्य मंत्रालय की ओर से दी गई।

वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही के दौरान भारतीय इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं के निर्यात के लिए अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और चीन शीर्ष तीन प्रमुख गंतव्य बनकर उभरे हैं। कुल इलेक्ट्रॉनिक निर्यात में 60.17 प्रतिशत की बड़ी हिस्सेदारी के साथ अमेरिका इस सूची में शीर्ष स्थान पर था।




यूएई 8.09 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि चीन 3.88 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ तीसरे स्थान पर था। अन्य प्रमुख निर्यात गंतव्यों में नीदरलैंड और जर्मनी शामिल हैं, जिनकी हिस्सेदारी क्रमश: 2.68 प्रतिशत और 2.09 प्रतिशत है। वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि देश के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात का बढ़ना वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स आपूर्ति श्रृंखला में भारत की बढ़ती भूमिका को दर्शाता है।

यह एशिया में एक विश्वसनीय और प्रतिस्पर्धी मैन्युफैक्चरिंग केंद्र के रूप में देश के उभरने को भी दर्शाता है। इसके अतिरिक्त, अप्रैल-जून तिमाही में भारत का रेडी-मेड गारमेंट्स (आरएमजी) का निर्यात 8.81 प्रतिशत बढ़कर 4.19 अरब डॉलर हो गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 3.85 अरब डॉलर था।

अमेरिका भारत के आरएमजी का भी एक प्रमुख खरीदार भी है। अप्रैल-जून तिमाही के दौरान, अमेरिका की कुल आरएमजी निर्यात में हिस्सेदारी 34.11 प्रतिशत रही, इसके बाद यूके की 8.81 प्रतिशत, यूएई की 7.85 प्रतिशत, जर्मनी की 5.51 प्रतिशत हिस्सेदारी रही।

**सार संक्षेप**

## वैश्विक कंपनियों की पसंद बन रहा भारत

**नई दिल्ली।** ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) के लिए भारत दुनियाभर की कंपनियों की पसंद बनकर उभर रहा है। विश्व के करीब 53 प्रतिशत या 1,700 के आसपास जीसीसी देश में मौजूद हैं। यह जानकारी सोमवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। वेस्टियन रिसर्च ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत में कुल जीसीसी में से 94 प्रतिशत बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, दिल्ली-एनसीआर, मुंबई और पुणे में हैं। शेष 6 प्रतिशत जीसीसी कोलकाता, कोच्चि, अहमदाबाद, चंडीगढ़, कोयंबटूर, वडोदरा, नासिक, त्रिवेंद्रम, जोधपुर, वारंगल, बड़ोदा, विशाखापत्तनम, भोगपुरम, जयपुर, सूरत, मोहाली, भुवनेश्वर, इंदौर, मैसूर, मदुरै और भोपाल में फैले हुए हैं। वेस्टियन रिसर्च के अनुसार, भारत में जीसीसी की कुल संख्या 8 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ रही है और यह वित्त वर्ष 28 तक 2,100 से अधिक होने का अनुमान है। औसतन, प्रतिवर्ष लगभग 150 नए जीसीसी स्थापित होने की उम्मीद है।

## संजय कौल ने गिफ्ट सिटी के एमडी का कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संजय कौल ने सोमवार को गुजरात स्थित भारत के पहले ऑपरेशनल स्मार्ट सिटी और इंटरनेशनल फाइनेंशियल सर्विसेज सेंटर (आईएफएससी) गिफ्ट सिटी के प्रबंध निदेशक और समूह मुख्य कार्यकारी अधिकारी का पदभार ग्रहण किया। वे सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी तपन रे का स्थान लेंगे, जिन्होंने 2019 से गिफ्ट सिटी का नेतृत्व किया और इसके विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पदभार ग्रहण करने के बाद, कौल ने कहा कि इतने महत्वपूर्ण मोड़ पर गिफ्ट सिटी का नेतृत्व करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। कौल ने कहा कि वैश्विक स्तर पर सफल फाइनेंशियल और टेक्नोलॉजी हब बनने की दिशा में गिफ्ट सिटी की यात्रा के इस महत्वपूर्ण समय में इसका नेतृत्व संभालना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

## रुपए 14 पैसे टूटकर 86.31 रुपए प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** बैंकों की डॉलर खरीद से रुपए में सोमवार को लगातार चौथे दिन गिरावट रही और यह 14.50 पैसे टूटकर 86.31 रुपए प्रति डॉलर के स्तर पर आ गया। रुपए पर आज शुरू से ही दबाव रहा। यह 10.50 पैसे टूटकर 86.27 रुपए प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान एक समय यह 86.1950 रुपए प्रति डॉलर तक मजबूत हुआ तो दूसरी तरफ 86.36 रुपए प्रति डॉलर तक कमजोर भी हुआ। कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 86.31 रुपए प्रति डॉलर के भाव बिका। रिलायंस सिक्योरिटीज के वरिष्ठ अनुसंधान विश्लेषक श्रीराम अय्यर ने बताया कि विदेशी तथा निजी बैंकों की ओर से डॉलर की खरीद की गई। इससे रुपया दबाव में आ गया। हालांकि दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर में रही गिरावट ने इसे और ज्यादा नहीं गिरने दिया।

# लिवाली की बदौलत बाजारों में लौटी रौनक

■ **सेंसेक्स 0.54 प्रतिशत चढ़ कर 82,200.34 अंक पर बंद**
■ **निफ्टी 0.49 फीसदी की मजबूती के साथ 25,090.70 अंक पर**

**मुंबई,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। बैंकिंग और धातु सेक्टरों में लिवाली से सोमवार को सप्ताह के पहले दिन घरेलू शेयर बाजारों में तेजी लौट आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 442.61 अंक यानी 0.54 प्रतिशत चढ़ कर 82,200.34 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 भी 0.49 फीसदी यानी 122.30 अंक की मजबूती के साथ 25,090.70 अंक पुन- 25000 के स्तर से ऊपर पहुँच गया।

अच्छे तिमाही परिणामों के दम पर बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों में तेजी है। सेंसेक्स की कंपनियों में आईसीआईसीआई बैंक का शेयर 2.76 प्रतिशत और एचडीएफसी बैंक 2.19 प्रतिशत लाभ में बंद हुआ। तिमाही परिणाम से पहले इटरनल के शेयरों में पांच फीसदी से अधिक का उछाल आया। आज के कारोबार में रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे ज्यादा 3.29 प्रतिशत टूटा।



एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टीसीएस और हिंदुस्तान यूनीलिवर में भी गिरावट दर्ज की गई। विदेशों से मिले मिश्रित रुख के बीच शेयर बाजार में शुरू से ही तेजी रही। सेंसेक्स करीब 161 अंक की बढ़त के साथ 81,918.53 अंक पर खुला। हालांकि खुलने के तुरंत बाद कुछ समय के लिए बाजार में बिकवाली हावी रही और एक समय सेंसेक्स गिर कर 81,518.66 अंक तक कमजोर हो गया था। बाद में बैंकिंग और वित्तीय कंपनियों में लिवाली का दौर चलने से यह 82,274.03 अंक के दिन के उच्चतम स्तर तक पहुंच गया था। सेंसेक्स की 30 में से 19 कंपनियों के शेयर लाभ में रहे।

निफ्टी-50 भी 31 अंक से अधिक की तेजी में 24,999 अंक पर खुला और नीचे 24,882.30 अंक तथा ऊपर 25,111.40 अंक के दायरे में रहा। एनएसई के अपेक्षाकृत अधिक शेयरों पर आधारित सूचकांक भी हरे निशान में रहे। निफ्टी-100 में 0.48 प्रतिशत, निफ्टी मिडकैप-50 में 0.64 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप-100 में 0.62 प्रतिशत की तेजी रही।

वित्तीय सेवा सेक्टर में कुल मिला कर उछाल देखा गया। हालांकि सार्वजनिक बैंकों के सेक्टर में गिरावट रही लेकिन निजी बैंकों के सेक्टर का सूचकांक एक प्रतिशत के अधिक की तेजी में रहा। धातु, रियलिटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और ऑटो जैसे सेक्टरों के सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए जबकि तेल एवं गैस, फार्मा और स्वास्थ्य क्षेत्र के शेयरों में गिरावट देखी गई।

विदेशों में एशियाई बाजारों में मिलाजुला रुख रहा। जापान का निक्केई 0.21 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। इसके विपरीत हांगकांग के हैंगसेंग में 0.68 फीसदी और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.72 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। यूरोपीय बाजारों की प्रारंभिक रिपोर्ट में ब्रिटेन के एफटीएसई और जर्मनी के डैक्स में गिरावट का रुझान था।

# आठ प्रमुख उद्योगों ने की जून में 1.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज

**नई दिल्ली,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सोमवार के आंकड़ों के अनुसार, आठ प्रमुख उद्योगों (आईसीआई) का संयुक्त सूचकांक जून महीने में पिछले वर्ष इसी महीने की तुलना में 1.7 प्रतिशत बढ़ा। स्टील, सीमेंट और रिफाइनरी प्रोडक्ट के उत्पादन में पिछले महीने सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई।

मंत्रालय ने कहा कि मई 2025 के लिए आठ प्रमुख उद्योगों के सूचकांक की अंतिम वृद्धि दर 1.2 प्रतिशत रही। अप्रैल से जून, 2025-26 के दौरान आईसीआई की संचयी वृद्धि दर पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 1.3 प्रतिशत (अनंतिम) है।

पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पादन जून में सालाना आधार पर 3.4 प्रतिशत बढ़ा। इसका संचयी सूचकांक अप्रैल से जून, 2025-26 के दौरान पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में स्थिर रहा।

जून में इस्पात उत्पादन में 9.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई और अप्रैल से जून, 2025-26 के दौरान इसका संचयी सूचकांक पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 7.0 प्रतिशत बढ़ा।



■ **सीमेंट, रिफाइनरी उत्पादन में तेजी**

इस बीच, सीमेंट उत्पादन में पिछले महीने 9.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई और अप्रैल से जून, 2025-26 के दौरान इसका संचयी सूचकांक पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 8.4 प्रतिशत बढ़ा। आईसीआई आठ प्रमुख उद्योगों के उत्पादन के संयुक्त और व्यक्तिगत प्रदर्शन को मापता है, जिसमें कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, स्टील, सीमेंट और बिजली उद्योग शामिल है। आठ प्रमुख उद्योग औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में शामिल वस्तुओं के भार का 40.27 प्रतिशत हिस्सा बनाते हैं। इस बीच, जून, 2025 में बिजली उत्पादन जून, 2024 की तुलना में 2.8 प्रतिशत कम हुआ।

# चावल, दालें महंगी, खाद्य तेलों में मिश्रित रुख

**नई दिल्ली,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। घरेलू जिंस बाजारों में सोमवार को चावल, दालों और चीनी के दाम बढ़ गए। गेहूं और गुड़ में मंदी रही जबकि खाद्य तेलों के भाव में उतार-चढ़ाव रहा।

घरेलू थोक बाजारों में ग्राहकी आने से चावल की औसत कीमत 84 रुपए बढ़कर 3,802.93 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं चार रुपए से ज्यादा टूटकर 2,813.27 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा भी करीब 15 रुपए सस्ता हुआ और 3,270.77 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा।



खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। मूंगफली तेल 192 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सरसों तेल 22 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। सोया तेल भी 80 रुपए सस्ता हुआ। वनस्पति के दाम भी 165 रुपए प्रति क्विंटल चढ़े। सूरजमुखी तेल में 102 रुपए की तेजी रही। पाम ऑयल लगभग 12 रुपए प्रति टूट गया। दाल-दलहनों में तेजी का रुख रहा। दलहन बाजार में चना दाल करीब 132 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल का औसत भाव 208 रुपए बढ़ गया। उड़द दाल 27 रुपए प्रति क्विंटल और मसूर दाल में 120 रुपए प्रति क्विंटल से अधिक की नरमी रही। दाल मूंग में भी करीब 121 रुपए प्रति क्विंटल से अधिक की तेजी दर्ज की गई।

**गुड़-चीनी :** बाजार में गुड़ के औसत भाव 75 रुपए से ज्यादा गिर गए। चीनी करीब 44 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई है। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन** : दाल चना 7844.8, मसूर काली 8052.84, मूंग दाल 10151.42, उड़द दाल 10531.58, अरहर दाल 11034.19 रुपए प्रति क्विंटल। **अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2813.27 रुपए और चावल 3802.93 रुपए प्रति क्विंटल।

# भारत की जीडीपी चालू वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी : क्रिसिल

**नई दिल्ली,** 21 जुलाई (एजेंसियां)। क्रिसिल की ओर से सोमवार को जारी की गई रिपोर्ट में कहा गया कि भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) चालू वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 26) में 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ सकता है। इसकी वजह घरेलू खपत में सुधार होना और अन्य संकेतों का सकारात्मक होना है। क्रिसिल इंटेलिजेंस के मुताबिक, भारतीय अर्थव्यवस्था की ग्रोथ के लिए सबसे बड़ा जोखिम अमेरिकी टैरिफ के कारण पैदा हुई वैश्विक अस्थिरता है।

रिपोर्ट में कहा गया कि हालांकि, सामान्य से बेहतर मानसून, आयकर में राहत और आरबीआई एमपीसी की ब्याज दरों में कटौती से घरेलू खपत में सुधार से विकास को समर्थन मिलने की उम्मीद है।

पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सालाना आधार पर 7.4 प्रतिशत रही, जो इससे पिछली तिमाही में 6.4 प्रतिशत थी। इससे पिछले वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 2025) में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रही। रिपोर्ट में कहा गया कि खाद्य मुद्रास्फीति के नकारात्मक होने के कारण उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति जून में घटकर 2.1 प्रतिशत रह गई, जो 77 महीनों में सबसे कम है। रिपोर्ट में बताया गया कि महंगाई के रुझान, सामान्य से बेहतर मानसून की भविष्यवाणी और वैश्विक स्तर पर तेल व कमोडिटी की कीमतों में नरमी की उम्मीद के आधार पर, हमारा अनुमान है कि इस वित्त वर्ष में सीपीआई मुद्रास्फीति औसतन 4 प्रतिशत रह जाएगी, जो पिछले वित्त वर्ष में 4.6 प्रतिशत थी। रिपोर्ट में कहा गया कि इस वित्त वर्ष में आरबीआई की रेपो दर में एक और कटौती और उसके बाद एक ठहराव की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया कि इस वित्त वर्ष में सकल बाजार उधारी 14.8 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान है, जो पिछले साल की तुलना में 5.8 प्रतिशत अधिक है। सरकार की योजना वित्त वर्ष की पहली छमाही में बजटीय उधारी का 54 प्रतिशत पूरा करने की है।




■ **बेहतर मानसून, आयकर में राहत व आरबीआई एमपीसी की ब्याज दरों में कटौती से विकास को समर्थन मिलने की उम्मीद**

# लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का दो दिवसीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम

रायपुर, 21 जुलाई (देशबन्धु)। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), रायपुर शाखा कार्यालय द्वारा 21 एवं 22 जुलाई को नवीन विश्राम गृह, रायपुर में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, छत्तीसगढ़ के अधिकारियों के लिए दो दिवसीयक्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रमका आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विभागीय अभियंताओं को भारतीय मानकों की नवीनतम जानकारी, सर्वोत्तम प्रथाओं एवं तकनीकी विशिष्टता से अवगत कराना था, जिससे राज्य में सार्वजनिक जल आपूर्ति एवं स्वच्छता सेवाओं की गुणवत्ता को और सुदृढ़ किया जा सके।



कार्यक्रम की अध्यक्षतामाननीय उप मुख्यमंत्री श्री अरुण सावने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप मेंश्री मोहम्मद कैसर अब्दुल हक,आइएएस, सचिव, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, श्री जितेन्द्र कुमार शुक्ला, आईएएस, मिशन संचालक, जल जीवन मिशन, एवंश्री टी. डी. सांडिल्य, प्रमुख अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभागउपस्थित रहे।

बीआईएस रायपुर के निदेशक एवं प्रमुखश्री एस. के. गुप्ताने कार्यक्रम में शामिल सभी अधिकारियों का स्वागत करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

अपने उद्घाटन संबोधन में माननीय उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कहा, सार्वजनिक स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे में राष्ट्रीय मानकों का पालन सुनिश्चित करने हेतु इंजीनियरों का ज्ञान एवं कौशल अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम छत्तीसगढ़ के नागरिकों को सुरक्षित एवं विश्वसनीय सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

सचिव श्री मोहम्मद कैसर अब्दुल हक ने कहा, यह क्षमता निर्माण प्रशिक्षण हमारे अभियंताओं को नवीनतम तकनीकी ज्ञान और मानकों से सशक्त बनाएगा, जिससे राज्य के नागरिकों को स्वच्छ और सुरक्षित जल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान बीआईएस एवं अन्य संस्थानों के विशेषज्ञों द्वारा निम्नलिखित विषयों पर सत्र आयोजित किए गए।

इंजीनियर राजेश कुमार दास, मुख्य प्रबंधक, ओएनजीसी ने भवन उपयोगिता में वृद्धि- जल आपूर्ति, जल निकासी एवं स्वच्छता के लिए श्रेष्ठ प्रथाएँपर प्रस्तुति दी।

# छग महिला- पुरुष पावर लिफ्टिंग 27 को रायपुर में

रायपुर, 21 जुलाई (देशबन्धु)। 27 जुलाई को छग पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन मएवं टी गोल्ड जिम अश्वनी नगर के तत्वाधान में 5वां छग पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन सिंधी धर्मशाला लाखेनगर चौक में किया गया है छग पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष मानिक ताम्रकार और महासचिव प्रदीप क्षत्रिय ने बताया कि इस प्रतियोगिता में सब जूनियर जूनियर सीनियर और मास्टर वर्ग की महिला पुरुष की प्रतियोगिता होगी प्रतियोगिता में आकर्षक मोमेंटो और मैडल के साथ स्ट्रांग मेन वूमेन की उपाधि के साथ 21000 कैश अवार्ड जैसे भी दिया जाएगा प्रतियोगिता यूथ 17 साल से नीचे सब जूनियर 17 साल से 19 साल तक जूनियर 19 से 23 साल सीनियर 23 साल से 40 साल 40 साल से ऊपर मास्टर वर्ग से प्रतियोगिता होगी प्रतियोगिता में चयनित पावर लिफ्टर 1 से 3 अगस्त को मेहसाणा जिले के गुजरात में नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेंगे सभी खिलाड़ी को आधार कार्ड लाना अनिवार्य है।

# लायन तिलोकचंद बरड़िया को 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित

रायपुर, 21 जुलाई (देशबन्धु)। समाज सेवा के क्षेत्र में दशकों से समर्पित योगदान के लिए लायन तिलोकचंद बरड़िया को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें लायंस क्लब इंटरनेशनल की सेवा भावना को निष्ठा, समर्पण और प्रभावशाली नेतृत्व के साथ आगे बढ़ाने हेतु प्रदान किया गया।



हम सेवा करते हैं लायंस क्लब इंटरनेशनल का यह मूल मंत्र लायन बरड़िया के समर्पित जीवन का प्रतिबिंब बन चुका है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, राहत कार्यों और समाज कल्याण के अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय और प्रेरणादायक कार्य किए हैं।

इस सम्मान समारोह का आयोजन लायंस क्लब ड्रीम टीम रायपुर द्वारा किया गया, जिसमें क्लब के वरिष्ठ पदाधिकारी, समाजसेवी और नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने लायन बरड़िया के कार्यों की मुक्तकंठ से सराहना की।

इस अवसर पर लायन सुनील श्रीवास्तव ने कहा लायन तिलोकचंद बरड़िया ने समाज सेवा का जो आदर्श प्रस्तुत किया है, वह हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। यह पुरस्कार उनकी जीवनभर की नि:स्वार्थ सेवा को समर्पित एक श्रद्धांजलि है।

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल-18 तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. )
**आम सूचना**

जारी दिनांक 18.07.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम- मुजगहन प.ह.नं.-82 रा.नि.मं-रायपुर-18 तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. में आवेदक अविनास डेव्लपर्स प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर मुकेश सिंघानिया पिता नरेश सिंघानिया निवासी अविनाश हॉउस मारूती बिजनेस पार्क जी.ई. रोड रायपुर छ.ग. द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 146/2, 146/4, 149/1, 149/2, 149/4, 149/5, 149/7, 150/2, 150/3, 150/4, 151/2, 151/3, 151/4, 151/5, 151/6, 151/7, 151/8, 152/1, 152/3, 152/4, 152/2, 152/6, 153/1, 153/2, 153/4, 153/5, 230/1, 230/2, 230/3, 230/4 कुल खसरा नंबर 30 कुल रकबा 8.0610 हे. भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र./ वाचक / अति. तहसीलदार/2025 रायपुर दिनांक 17.06.2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक 28.07.2025 को किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी। /

सो सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-18**

### न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी अभनपुर, जिला रायपुर ( छ.ग. )
**ईश्तहार**

ग्राम सारखी प.ह.नं. 22

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोतीलाल पिता स्व. मोहनलाल निवासी ग्राम सारखी तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. ने अपने पुत्री अमृता पिता मोतीलाल को जन्म प्रमाण पत्र बनाने/जारी करने हेतु आवेदन पत्र इस नायायल को पेश किया। आवेदक के पुत्री का जन्म दिनांक 22.10.2010 को हुआ है। तत्सबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधिन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था/ समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 25.07.2025 तक दावा आपत्ति पेश कर सकते है। उक्त नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 15.07.2025 को जारी किया गया।

**मुहर कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**अभनपुर**

### शपथ पत्र

मैं संतराम धीवर, उम्र 45 वर्ष, पिता शम्भू धीवर, निवासी 31 वार्ड नं. 12, महामाया पारा, केसला, जिला रायपुर छ.ग. निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं-

1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
2. यह कि, मेरे पुत्र का जन्म दिनांक 08.01.2018 को डॉ. कंवर नर्सिंग होम शंकर नगर रायपुर छ.ग. में हुआ है जिसका नगर पालिक निगम रायपुर छ.ग. से जन्म प्रमाण पत्र पंजीकरण क्र. 2018-01-007807 पंजी, दिनांक 06.04.2018 है उक्त जन्म प्रमाण पत्र में मेरे पुत्र का नाम दर्ज नहीं है।
3. यह कि मेरे पुत्र का नाम समीर धीवर (SAMIR DHIWAR) है जो कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड क्र. 7559 7295 3773 में दर्ज है।
4. यह कि, मैं अपने पुत्र के उपरोक्त जन्म प्रमाण पत्र में मेरे पुत्र का नाम समीर धीवर (SAMIR DHIWAR) दर्ज करवाना चाहता हूं जिसके संबंध में विभाग की जो भी नियम व शर्ते होंगी मुझे मान्य है।
5. यह कि, यह शपथ पत्र मैं अपने उपरोक्त कथनो के समर्थन में सक्षम अधिकारी के सुमन प्रस्तुत करने हेतु निष्पादित कर रहा हूं।

**शपथकर्ता**

### शपथ पत्र

मैं, आदित्य नारायण पाण्डेय, उम्र 34 वर्ष, पिता नरेन्द्र कुमार पाण्डेय, निवासी-वार्ड नं.-01, वीर सावरकर नगर, ज्ञान भारती स्कूल के पास, टाटीबंध रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं कि:-

1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
2. यह कि मेरे पुत्र आयुष पाण्डेय के आधार कार्ड क्र.-8496 5906 2938 में मेरे पुत्र का नाम अक्षित पाण्डेय दर्ज है जो कि त्रुटिपूर्ण है।
3. यह कि, मेरे पुत्र का वास्तविक व सही नाम आयुष पाण्डेय AYUSH PANDEY है जो कि उसके शैक्षणिक दस्तावेज एवं जन्म प्रमागण में दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है।
4. यह कि, मेरे पुत्र के उक्त आधार कार्ड में सुधार करवाते हुये उसका सही नाम आयुष पाण्डेय AYUSH PANDEY दर्ज करवाना चाहता हूं। जिसके जो भी नियम एवं शर्ते होगी वह मुझे मान्य है। यह कि, यह शपथ पत्र उक्त कथनों के सत्यता के समथर्न में प्रस्तुत कर रहा हूं।

**शपथकर्ता**

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )
**ईश्तहार**

रा.मा.क्र./20250611150048/अ-6/2024-25
ग्राम-डूमरतालाब प.ह.नं. 53
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 07.07.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक विकास कुमार पिता स्व. चंद्र शेखर सिंह निवासी तिवारी कालोनी डूमरतालाब रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि, आवेदक के पिता स्व. चंद्रशेखर सिंह पिता स्व. दरोगा सिंह के द्वारा ग्राम डूमरतालाब, प.ह.नं. 53 तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि खाता क्रमांक 1376, खसरा नंबर 454/3 का भाग, रकबा 1575 वर्गफुट भूमि को विक्रेता महेश कुमार शर्मा पिता श्याम नाथ शर्मा निवासी म.नं. 457, सुन्दर नगर रायपुर से पंजीकृत बैनामा दिनांक 20.07.2018 के माध्यम से क्रय किया गया है। आवेदक के पिता/ मृतक क्रेता स्व. चंद्रशेखर सिंह पिता स्व. दरोगा सिंह की मृत्यु दिनांक 20.07.2018 को हो गयी है। आवेदक के पिता/ मृतक क्रेता स्व. चंद्रशेखर सिंह पिता स्व. दरोगा सिंह के विधिक वारिसानों में 01. श्रीमती कामिनी देवी पति स्व. चंद्र शेखर सिंह, 02. विकास कुमार पिता स्व. चंद्र शेखर सिंह है, अन्य कोई नहीं। उक्त भूमि में से मृतक क्रेता स्व. चंद्रशेखर सिंह पिता स्व. दरोगा सिंह के विधिक वारिसानगण के नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने निवेदन किया है।

अत: आवेदक का द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 30.07.2025 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**मुहर अतिरिक्त तहसीलदार**
**रायपुर**

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल-18, तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. )
**आम सूचना**

जारी दिनांक 18.07.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम- सेजबहार प.ह.नं.-82 रा.नि.मं-रायपुर-18 तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. में कृष्णा इन्फावेचर्स भागीदार आदित्य सिंघानिया पिता अरूण सिंघानिया निवासी गोकुल नगर रायपुर छ.ग. द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 128/3 रकबा 0.980 हे., 128/4 रकबा 0.405 हे., 129/2 रकबा 0.202 हे., 130 रकबा 0.190 हे., 131/2 रकबा 0.340 हे., कुल रकबा 05 कुल रकबा 2.117 हे. भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र./ वाचक/अति. तहसीलदार / 2025 रायपुर दिनांक 02.07.2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक-28.07.2025 को किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा / आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-18**

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व
**ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00071 बोरियाखुर्द ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440726600179

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00071 के अंतर्गत ग्राम बोरियाखुर्द के वर्तमान भूमिस्वामी परिवर्तित भूमि पिता/पति पता के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 24/28 0.0058 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्री गुरूनारायण प्रधान पिता/पति श्री हेमलाल यादव पता मोती नगर बोरिया रोड रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 04.08.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर पर की जावेगी।

3. यह कि मैं विवाह के पुर्व कुमारी पुनम सोनी पिता रविन्द्र सोनी के नाम से जानी व पहचानी जाती थी विवाह के पश्चात् मुझे श्रीमती पुनम नवरंग चन्द्रबसु नवरंगे के नाम से जाना व पहचाना जाता है।
4. यह कि मै शपथकर्ती पुनम नवरंगे पति चन्द्रबसु नवरंगे विवाह के पश्चात् मुझे पुनम नवरंगे के नाम से जाने एवं पहचाने जाने के समर्थन में यह शपथपत्र प्रस्तुत कर रही हूँ।

**शपथकर्ती**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद अभनपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

### प्रथम मैनुअल पद्धति निविदा सूचना

क्रमांक/677/न.पा.प./लो.नि.वि./2025 — अभनपुर, दिनांक 31.07.2025

नगर पालिका परिषद् अभनपुर क्षेत्रान्तर्गत निम्नांकित कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से **PWD SOR 2015** भवन/सड़क से प्रभावशील दर अनुसूची पर (समस्त संसाधनों के साथ) व आईटम दरों पर कम/अधिक या समान दरों पर प्रपत्र ए में तीन लिफाफा पद्धति से शासकीय पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। समयावधि पश्चात प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा।

01. निविदा जारी करने की तिथि - दिनांक 21.07.2025
02. आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - दिनांक 28.07.2025
03. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि - दिनांक 05.08.2025 समय 3.00 बजे तक
04. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि - दिनांक 12.08.2025 समय 3.00 बजे तक
05. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - दिनांक 12.08.2025 समय 4.00 बजे

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि | अमानत राशि | निविदा शुल्क | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सांसद निधि अंतर्गत अतिरिक्त कक्ष निर्माण (सरस्वती शिशु मंदिर), लाल बहादुर शास्त्री वार्ड, नगर पंचायत अभनपुर, जिला रायपुर (छ.ग.) | 5.00 | 7500.00 | 750.00 | 05 माह |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति , निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही उपरोक्त कार्यों की विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाईट **www. uad. cg.gov.in** पर भी देखी जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद अभनपुर**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**

## आम सूचना

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि रूखमणी पति मनोज कुमार गोंड़ निवासी ग्राम अंवराडबरी, प.ह.नं. 14 रा.नि.मं. खल्लारी की ग्राम अंवराडबरी प.ह.नं. 14 रा.नि.मं. खल्लारी, तहसील बागबाहरा जिला महासमुंद छ.ग. में स्थित एकल स्वामित्व की कृषि भूमि खसरा नंबर 638 रकबा 1.93 हे. लगान 1.15 रूपये भूमिस्वामी से क्रय करने हेतु मेरे पक्षकार ने क्रय करने का पक्का सौदा किया है, जिसका विक्रय पत्र निष्पादन एवं पंजीयन प्रणाली कार्यवाही होना शेष है।

अत: उपरोक्त संपत्ति के सौदा के संबंध में किसी भी व्यक्ति, वारिसान, संस्था, बैंक, निगम, शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग, कार्यालय अथवा अन्य किसी को किसी प्रकार की आपत्ति या दावा हो तो वह इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित रूप में मय दस्तावेज साक्ष्य सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। बाद में प्राप्त आपत्ति विधि विरूद्ध होगी एवं मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

सो सूचना ज्ञात हो।

महासमुंद छ.ग.
दिनांक 21.07.2025

**भूपेन्द्र चन्द्राकर**
**अधिवक्ता**
**कार्यालय-जनपद पंचायत के सामने**
**महासमुंद, जिला महासमुंद ( छ.ग. )**
**मो.नं. 91748-41519**

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम आदित्य बंसल सुलभ बंसल पिता सुलभ बंसल निवासी 34/83, शहीद गुण्डाधुर वार्ड 45, अतिथि होटल के पीछे, जगदलपुर, जिला बस्तर छ.ग. यह शपथ करती / करता हूँ कि मैंने अपना पुराना नाम आदित्य बंसल सुलभ बंसल को त्याग कर नया नाम आदित्य बंसल (Aaditya Bansal) पिता सुलभ बंसल रख लिया हूँ। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम आदित्य बंसल (Aaditya Bansal) से ही जाना पहचाना जावे।

**आदित्य बंसल**
निवासी 34/83, शहीद गुण्डाधुर वार्ड 45. अतिथि होटल के पीछे, जगदलपुर, जिला बस्तर छ.ग.

## कार्यालय सम्पदा अधिकारी छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन, प्रक्षेत्र दुर्ग ( छ.ग. )

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती लक्ष्मी राणे पति स्व.जी. जेड़ राणे. निवासी-एम.आई.जी.-222, पद्मनाभपुर जिला दुर्ग (छ.ग.) की छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा भवन क्रमांक एम.आई.जी.-222, पद्मनाभपुर, जिला-दुर्ग (छ.ग.) में आबंटित है। आबंटी की मृत्यु उपरान्त उनके वारिस/वारिसानी 1) श्री किरण कुमार राणे आ. स्वं. जी.जैड़ राणे, 2) श्री संजय राणे आ.स्व. जी.जेड़ राणे, 3) श्री प्रमोद कुमार राणे आ. स्व. जी. जेड राणे एवं 4) अविनाश राणे आ.स्व. जी. जैड़ राणे ने आबंटित भवन की संयुक्त नाम पर नामान्तरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है। उक्त भवन क्रमांक एम.आई.जी.-222, पद्मनाभपुर, जिला दुर्ग (छ.ग.) को 1) श्री किरण कुमार राणे, 2) श्री संजय राणे, 3) श्री प्रमोद कुमार राणे एवं 4) अविनाश राणे के अपने नाम इस शर्त पर नामान्तरण करना न्याय संगत होगा, यदि भविष्य में स्व. श्रीमती लक्ष्मी राणे के वारिसानों द्वारा किसी प्रकार का कोई दावा किया जाता है, तो उसके लिये मंडल कोई जवाचदार नहीं होगा। अत: 1) श्री किरण कुमार राणे, 2) श्री संजय राणे, 3) श्री प्रमोद कुमार राणे एवं 4) अविनाश राणे के नाम हस्तान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, वित्तिय निकायों आदि को कोई आपत्ति उजर हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। म्याद /अवधि समाप्त हो जाने के बाद प्राप्त आपत्ति/दाबा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की कार्यवाही करने में मण्डल स्वतंत्र रहेंगा। मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 26.5.25 को जारी किया गया।

**मुहर** — **सम्पदा अधिकारी छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र दुर्ग ( छ.ग. )**


## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, VIJAY SANCHETI S/O KEVAL CHAND SANCHETI resident of H.NO. 89,POST OFFICE ROAD, SARAIPALI, MAHASAMUND (C.G.) have changed my old name VIJAY SANCHETI S/O KEVAL CHAND SANCHETI so in future I should be recognized by my new name that is VIJAY KUMAR SANCHETI S/O KEVAL CHAND SANCHETI in all Government and other documents.

**VIJAY KUMAR SANCHETI**
H.NO. 89,POST OFFICE ROAD,
SARAIPALI, MAHASAMUND
(C.G.)


## न्यायालय तहसीलदार तिल्दा-नेवरा, जिला-रायपुर ( छ.ग. )

### ईश्तहार

रा.मा.क्र.202507110300121/
अ 74 वर्ष 2024-2025
ग्राम-कोहका, प.ह.नं. 18
रा.नि.मं.-तिल्दा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जगदीश यादव, अध्यक्ष पूर्व सैनिक संगठन तिल्दा नेवरा का ग्राम कोहका, प.ह.नं. 18 रा.नि.मं.-तिल्दा, तहसील-तिल्दा नेवरा, जिला-रायपुर (छ.ग.) स्थित शासकीय घास भूमि खसरा नंबर 208/1 का भाग रकबा 9.308 हे. में से रकबा 0.101 हे. को पूर्व सैनिकों के लिए भूमि आबंटन हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति यदि कोई हो तो वह पेशी तिथि 18.08.2025 तक स्वयं अथवा अभिभाषक अथवा विधिमान्य व्यक्ति के द्वारा अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। मियांद बाद प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर सहित जारी किया गया।

**मुहर** — **तहसीलदार तिल्दा-नेवरा**

# केवल रिपोर्ट पर निर्भर न रहें, निचले स्तर पर जाकर योजनाओं का क्रियान्वयन देखें: रमेन डेका

## राज्यपाल ने जाना प्रधानमंत्री जनमन योजना की जमीनी हकीकत



**रायपुर,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। राज्यपाल रमेन डेका ने आज राजभवन में प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (प्रधानमंत्री जनमन योजना) के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे केवल फील्ड रिपोर्ट पर निर्भर न रहें बल्कि निचले स्तर पर जाकर योजनाओं का क्रियान्वयन देंखें।

राज्यपाल डेका ने प्रदेश के पीएम जनमन क्षेत्रों में विभिन्न विभागों के कार्यो की समीक्षा की और संचालित कार्यो की जमीनी हकीकत देखने के लिए इन ग्रामों का दौरा करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि योजना का मूल उद्देश्य विशेष पिछड़ी जनजातियों को केन्द्र द्वारा तय सुविधाओं का लाभ पहुंचाना है। इन वर्गो तक मूलभूत सुविधाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क आदि देना पहली प्राथमिकता है। जो योजनाएं संचालित है वे तय समय पर पूर्ण हो जाएं। पिछड़ी जनजातीय क्षेत्रों में सुविधाएं पहुंचे इसके लिए सही एप्रोच जरूरी है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के सहयोग और समन्वय से योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। बैठक में राज्यपाल के सचिव डॉ. सी.आर. प्रसन्ना सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख सचिव एवं सचिव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

श्री डेका ने निर्देश दिया कि सतत् विकास की प्रक्रिया मे पर्यावरण को अनदेखा न किया जाए। जो विकास के कार्य हो रहे है, उसमें पेड़ों को बचाकर रखा जाए। उन्होंने कहा कि पानी को लेकर गंभीर होना है। जमीनी जल स्तर और वर्षा का मापन करे और उसके अनुसार योजनाएं बनाएं। रेन वाटर हार्वेस्टिंग को प्राथमिकता दे। सौर विद्युतीकरण की प्रगति पर उन्होंने असंतोष जताया और कहा कि इस क्षेत्र में जो चुनौतियां है उसका सभी मिलकर निराकरण करेंगे।

बैठक मे राज्यपाल डेका ने पीएम जनमन क्षेत्रों में आंगनबाड़ी निर्माण की प्रगति की जानकारी ली और कहा कि आंगनबाड़ीयों में लाइवलीहुड के लिए कार्य होना चाहिए। उन्होंने राज्य में स्व सहायता समूहों के गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि पिछड़ी जनजातीय क्षेत्रों में भी नवाचार को प्रोत्साहित करे। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में नवाचार करने वाले स्व सहायता समूहों को राजभवन द्वारा भी पुरूस्कृत किया जाएगा। डेका ने जनजातीय क्षेत्रों में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान देने एवं स्वयंसेवी संस्थाओं की सहभागिता से नवाचार करने पर बल दिया।

# तेजी से बदलती दुनिया में नए मानकों और नवाचारों की जानकारी जरूरी: अरुण साव

- पीएचई के अभियंताओं के क्षमता निर्माण कार्यक्रम में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री
- देशभर से आए विशेषज्ञ जल प्रदाय योजनाओं में प्रयुक्त सामग्री और कार्यों के नए मानकों की दे रहे जानकारी





**रायपुर,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव आज भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अभियंताओं के लिए आयोजित क्षमता निर्माण कार्यक्रम में शामिल हुए। भारतीय मानक ब्यूरो के रायपुर कार्यालय द्वारा रायपुर के नवीन विश्राम भवन में 21 जुलाई और 22 जुलाई को दो दिवसीय इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। देशभर से आए विषय विशेषज्ञ कार्यक्रम में पीएचई के अभियंताओं को जल प्रदाय योजनाओं में प्रयुक्त सामग्री और कार्यों के नए मानकों की जानकारी दे रहे हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रदेशभर के 120 से अधिक अभियंता इसमें हिस्सा ले रहे हैं जिनमें मुख्य अभियंता से लेकर अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता और सहायक अभियंता शामिल हैं।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने क्षमता निर्माण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अभियंताओं से कहा कि तेजी से बदलती दुनिया में नए मानकों और नवाचारों से अपडेट रहना जरूरी है। एक इंजीनियर के रूप में सम-सामयिक तकनीकी पहलुओं और उनके नवीन मापदंडों की जानकारी आवश्यक है। कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के लिए इनकी अच्छी जानकारी काफी मददगार होती है। उन्होंने भारतीय मानक ब्यूरो को क्षमता निर्माण कार्यक्रम के आयोजन के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि इससे हमारे अभियंताओं की दक्षता और क्षमता बढ़ेगी।

उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का कार्य सीधे जन कल्याण से जुड़ा हुआ है। चाहे वह स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था हो, जल शोधन की प्रक्रिया हो या ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जल आपूर्ति तंत्र को सुदृढ़ बनाना हो। इन कार्यों की प्रभावशीलता इस बात पर निर्भर करती है कि हम मानकों का कितना पालन करते हैं और तकनीकी ज्ञान को कितनी सफलता से धरातल पर उतारते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अभियंताओं के लिए यह कार्यक्रम उनके कार्यस्थल पर प्रभावी कार्य संपादन में सहायक होगी।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुलहक ने कहा कि देश-दुनिया में प्रचलित मानकों और मापदंडों से विभाग के अभियंताओं को अवगत कराने भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने विभागीय अभियंताओं से अपील की कि वे यहां सीखी गई बातों को फील्ड में कार्यों के मापन और मूल्यांकन में जरूर अपनाएं। जल जीवन मिशन के संचालक जितेन्द्र शुक्ला, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता टी.डी. सांडिल्य और भारतीय मानक ब्यूरों के क्षेत्रीय निदेशक एस.के. गुप्ता ने भी प्रतिभागी अभियंताओं को संबोधित किया।

# लवन के लेजसू का बनारस हिन्दू विवि में चयन

**लवन,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। ग्राम पेंड्रावन निवासी घनश्याम साहू (शिक्षक), तुलसी साहू के मेधावी सुपुत्र तेजश साहू नें जेईई एडवांस में 6605 रैंक प्राप्त किया। कॉउंसलिंग में तेजश साहू को बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी आईआईटी में इलेक्ट्रिकल ब्रांच में प्रवेश मिला है। बचपन से ही मेधावी छात्र तेजेश साहू की प्राथमिक शिक्षा शासकीय प्राथमिक शाला सरधाभांठा में हुआ। कक्षा 6वीं से 12वीं तक की पढ़ाई जवाहर नवोदय विद्यालय लवन बलौदाबाजार में हुआ। हायर सेकेंडरी परीक्षा में 95.6त्न प्राप्त किया था। जेईई मेंस में 99.648 परसेंट प्राप्त कर आल इंडिया रैंक 5534 प्राप्त किया। नवोदय विद्यालय, भारत सरकार द्वारा स्थापित आवासीय विद्यालय हैं जो प्रतिभाशाली छात्रों को मुफ्त शिक्षा, भोजन और आवास प्रदान करते हैं। ये विद्यालय सीबीएसई से संबद्ध हैं और कक्षा 6 से 12 तक की शिक्षा प्रदान करते हैं। नवोदय विद्यालयों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है, ताकि वे अपने जीवन में आगे बढ़ सकें। जवाहर नवोदय विद्यालय में अच्छे शैक्षिक गतिविधियों के साथ-साथ खेलकूद, कला, और संगीत का भी समावेश किया जाता है,



जिससे छात्रों का सर्वांगीण विकास हो सके। ऐसे नवोदय विद्यालय के छात्र रहें तेजश साहू के इस सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य, बि गिरिजा और समस्त शिक्षकगण एवं विद्यालय परिवार से जुड़े हुए सभी पालकों नें प्रसन्नता और हार्दिक शुभकामनाएं व्यक्त किया। तेजश साहू नें इस उपलब्धि से जिले के साथ ही विद्यालय, परिवार एवं समाज का नाम रौशन किया है। सम्पूर्ण विद्यालय परिवार, और क्षेत्र वासियों द्वारा तेजश को उनकी उज्जवल भविष्य की कामना के साथ हार्दिक शुभेच्छा दी गई। ज्ञात होगी जवाहर नवोदय विद्यालय लवन से ही पिछले वर्ष 12वीं कक्षा के बाद प्रथम बैच में लवन निवासी देवेंद्र बंजारे का भी इंजीनियरिंग कॉलेज गुरु घसीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर में चयन हुआ है जो की अध्यनरत है।

# पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश ने पुत्र मोह में पूरी कांग्रेस को झोंक दिया: टंकराम वर्मा

- भाजपा कार्यालय में मंत्री टंकराम ने ली पत्रकार वार्ता



**बलौदाबाजार,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल कांग्रेस के किस पद पर है, जिस व्यक्ति का कांग्रेस में कोई पद नहीं उसे व्यक्ति के लिए पूरी कांग्रेस प्रदेश में प्रदर्शन कर रही है। इससे स्पष्ट है कि भूपेश बघेल ने पूरी कांग्रेस को पुत्र मुंह में झोंक दिया है। पूर्व में भी ऐसे उदाहरण देखें हैं। जिसमें लोगों ने पुत्र मोह में खुद को भी बर्बाद किया और भूपेश बघेल इस दिशा में काम करते हुए दिखाई दे रहे हैं। उक्त बातें कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय में एक पत्रकारवार्ता के दौरान कहा।

आगे उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल और कांग्रेस भ्रष्टाचारियों को बचाने पूरे प्रदेश की जनता को परेशान कर रही है और साथ ही उनका आर्थिक रूप से नुकसान भी करने जा रही है जो की प्रदेश की जनता स्वीकार नहीं करेगी। कोल ब्लॉक आवंटन को लेकर कांग्रेस पार्टी और भूपेश बघेल के झूठ का पर्दापाश हो गया है। अपने शासनकाल के पाँच वर्ष में भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को दस जनपथ का चारागाह बना दिया था। शराब घोटाला, कोयला, चावल, गोठान घोटाला से लेकर पीएससी घोटाला कर प्रदेश के संसाधनों को जम कर लूटा था। श्री वर्मा ने आगे कहा कि जब भी विपक्षी दल कोल ब्लॉक आवंटन और पेड़ कटाई आदि पर सवाल उठाते थे, तो दस जनपथ के दबाव में सीधे तौर पर भूपेश बघेल बचाव में आ जाते थे। वहीं भूपेश आज बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने ही कोल ब्लॉक राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को आवंटित किया था। पूर्व में केंद्र की मनमोहन सिंह की सरकार में तमाम नियमों को धत्ता बताते हुए छत्तीसगढ़ के कोल ब्लॉक आवंटन की राह आसान की थी। उन्होंने कहा कि साल 2010 में केन्द्र में काँग्रेस की सरकार थी। तब कोयला मंत्रालय और पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा हसदेव अरण्य को पूरी तरह से नो-गो जोन घोषित किया गया था। उसे कांग्रेस नीत सरकार के पर्यावरण मंत्री जयराम रमेश ने ही सबसे पहले गो एरिया घोषित किया था। 23 जून 2011 को केन्द्र में कांग्रेस की सरकार रहते ही तारा परसा ईस्ट और कांटे बेसन कोल ब्लॉक को खोलने का प्रस्ताव दिया था। जब छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की सरकार थी। उस वक्त अडानी को दो बड़ी खदानों गारे पेलमा सेक्टर 2 और राजस्थान में केते एक्सटेंशन ब्लॉक का ऑपरेटर बनाया गया।

श्री वर्मा ने कहा कि इसी तरह भूपेश के मुख्यमंत्री कार्यकाल में ही 16 अक्टूबर 2019 को राज्य सरकार ने पर्यावरण स्वीकृति के लिए सिफारिश भेजी। उनकी सरकार द्वारा ही वन स्वीकृति स्टेज 1 और 23 जनवरी 2023 को वन स्वीकृति स्टेज 2 के लिए सिफारिश भेजी गई। 25 मार्च 2022 को भूपेश सरकार ने राजस्थान में अशोक गहलोत की सरकार के रहते राजस्थान को कोल माइंस का आबंटन किया था। श्री वर्मा ने कहा कि भाजपा कांग्रेस से सवाल करती है कि क्या वह मनमोहन सिंह सरकार के समय हुए निर्णयों के लिए आज माफी मांगेंगे। क्या कांग्रेस हर अपराधी के पक्ष में ऐसे ही खड़ी होगी। जैसे आज पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे के लिए हुई है। पत्रकारवार्ता के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, नपा उपाध्यक्ष जितेन्द्र माहले, योगेश अग्रवाल, नरेश केसरवानी, दिनेश साहू, कृष्णा अवस्थी, नीलम सोनी, आलोक अग्रवाल, पुरूषोत्तम सोनी, मंडल ग्रामीण अध्यक्ष रवि वर्मा, शशिभूषण शुक्ला, के.के. वर्मा, कन्हैया सेन, राहुल सोनी, मदन वर्मा आदि उपस्थित थे।

# खोमेश साहू को योगोपचार पर पीएचडी की उपाधि

**भरूवाडीह/बलौदाबाजार,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, योग विभाग के रिसर्च स्कॉलर खोमेश साहू को प्रो. भगवन्त सिंह, से.नि. आचार्य एवं विभागाध्यक्ष के शोध निर्देशन में अवसाद रोग का योगोपचार पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। पीएचडी की मौखिकी परीक्षा इलाहाबाद यूनिवर्सिटी, उत्तरप्रदेश के प्रो. गोपाल साहू व प्रो. एल.एस. गजपाल, विभागाध्यक्ष, क्षेत्रीय अध्ययनशाला, रायपुर के पर्यवेक्षण में सम्पन्न हुआ।



मौखिक परीक्षा में खोमेश साहू ने बताया कि अवसाद के उपचार में रोगी को अंतर्मुखी से बहिर्मुखी बनाने हेतु उत्साहवर्धन आसन, सूर्यनमस्कार (क्षमतानुसार) भस्त्रिका, सूर्यभेदी प्राणायाम, महामृत्युंजय मंत्र जाप कराना चाहिए। छत्तीसगढ़ में योग के रहे प्रथम यूजीसी-जेआरएफ खोमेश साहू योग विषय में यूजीसी-जेआरएफनिकालने वाले छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम प्रतिभागी है। जून, 2019 में उन्होंने 72 प्रतिशत के साथ जनरल कोटे से यह कीर्तिमान स्थापित किया था। जो अन्य विद्यार्थियों के लिए सदैव प्रेरणा का विषय बना रहा। 30 वर्ष की उम्र में पीएचडी प्राप्त करने वाले वह योग के पहले उपाधिधारी बन गए है।इस अवसर पर डॉ. हेमन्त शर्मा, प्रो. कप्तान सिंह, डॉ. रंजना मिश्रा, डॉ. वंदना काले, डॉ. प्रियंका शुक्ला, डॉ. योगेश साहू, डॉ. अर्चना शर्मा रूपचंद साहू, कामती साहू, खिलेश्वरी, गुंजन साहू, दिव्यम सहित पूर्वी उपस्थित रहें।

# वामपंथी नेता बी सान्याल का निधन

## आज होगा मेडिकल कालेज को देहदान

**रायपुर,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश के वरिष्ठ वामपंथी व ट्रेड यूनियन नेता कामरेड बी सान्याल का 21 जुलाई को 73 वर्ष की उम्र में रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में इलाज के दौरान निधन हो गया द्य कल 22 जुलाई को आर डी ए कालोनी,टिकरापारा रायपुर स्थित निवास में प्रात: 11 बजे से उनका पार्थिव देह अंतिम दर्शन हेतु रखा जाएगा। यहां शोक सभा पश्चात दोपहर एक बजे उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास से मेडिकल कालेज रायपुर हेतु रवाना होगी द्य उनकी अंतिम इच्छानुसार उनका शरीर मेकाहारा में चिकित्सा छात्रों के शिक्षा एवं शोध कार्य हेतु दान किया जायेगा।



का. बी सान्याल एल आई सी की कर्मचारी यूनियन आल इंडिया इंश्योरेंस एम्पलाइज एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष थे द्य वे मध्य क्षेत्र के बीमा कर्मियों के संगठन सी जेड आई ई ए के संस्थापक महासचिव रहे। संयुक्त मध्यप्रदेश के समय से ही वे मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य समिति सदस्य रहे तथा छत्तीसगढ़ के माकपा के निर्माण और विस्तार के आधार स्तंभ थे। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण कैनवास वे माकपा की छत्तीसगढ़ राज्य समिति के सचिव मंडल सदस्य रहे और स्वास्थगत कारणों से पिछले सम्मेलन में उससे निवृत्त हुए। वे सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस के राज्य अध्यक्ष और महासचिव तथा जनरल कौंसिल के सदस्य भी रहे द्य वे छत्तीसगढ़ के वामपंथी आंदोलन के प्रमुख नेता थे द्य मजदूर वर्ग की विचारधारा के प्रति उनकी अटूट विश्वास था। उन्होंने इस संघर्ष में अनेक बार शारीरिक हमलों तथा प्रबंधकीय दमन तथा प्रशासनिक दमन और जेल यातना भी बहादुरी से सामना किया। बीमा कर्मियों के संघर्ष में उन्हें निलंबन और डाइज नान का भी सामना करना पड़ा। उन्होंने आजीवन मार्क्सवादी सिद्धांतों पर चलते हुए मजदूरों, किसानों व वंचित तबकों के हितों की रक्षा तथा सांप्रदायिक शक्तियों के खिलाफ लगातार संघर्ष किया था द्य छत्तीसगढ़ में ट्रेड यूनियन व वाम आंदोलन को संगठित करने के साथ ही बीमा कर्मचारी यूनियन को देश भर में सशक्त बनाने में उन्होंने विशेष योगदान दिया था द्य वे एक ओजस्वी वक्ता, अच्छे लेखक तथा गंभीर विचारक भी थे द्य सामूहिक नेतृत्व को मजबूत करते हुए व्यापक मेहनतकश आंदोलन को आगे बढ़ाने के उनके कौशल के कारण उन्हें देश भर के मजदूर आंदोलन में विशेष सम्मान की दृष्टि से देखा जाता था द्य सेंट्रल जोन इंश्योरेंस एम्पलाइज यूनियन के मुखपत्र आंदोलन की खबर के वे संपादक भी थे।

विभिन्न संगठनों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए इसे वाम आंदोलन हेतु गहरी क्षति निरूपित किया है द्य भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), रायपुर डिवीजन इंश्योरेंस एम्पलाइज यूनियन, ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच, सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस, सेंट्रल जोन इंश्योरेंस एम्पलाइज एसोसिएशन सहित अनेक संगठनों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# स्वरोजगार देने के नाम पर महिलाओं से 15 लाख की ठगी

**राजिम** 21 जुलाई (देशबन्धु)। महिला समूह बनाने के नाम पर महिलाओं से ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने राजिम क्षेत्र की महिलाओं को समूह बनाकर स्वरोजगार देने का झांसा दिया और उनसे 15 लाख रुपए की ठगी कर ली। महिलाओं की शिकायत के बाद राजिम पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।



- समूह बनाने का झांसा देकर महिलाओं से ऐंठे 20-20 हजार, आरोपी गिरफ्तार

जानकारी के अनुसार राजिम क्षेत्र के ग्राम परसदा जोशी निवासी सतीश साहू की पत्नी ममता ने राजिम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें पीड़िता ने बताया कि वर्ष 2024 में रायपुर निवासी सत्येंद्र सोनकर ने फोन कर बताया कि स्वाभिमान फाउंडेशन की ओर से महिलाओं को स्वरोजगार के लिए घर बैठे अगरबत्ती पैकिंग, पेन पेंसिल पैकिंग और सेनेटरी पैड समेत अन्य काम मिलेगा। जानकारी देने के बाद सत्येंद्र सोनकर ग्राम परसदा जोशी पहुंच गया।

### समूह का खाता खोलने के नाम पर 20 हजार ठगे

यहां सत्येंद्र ने प्रार्थिया को बताया गया कि स्वाभिमान फाउंडेशन योजना के माध्यम से चार-पांच महिलाओं का समूह बनाना है और फाउंडेशन प्रत्येक समूह को घर पर ही स्वरोजगार के लिए अगरबत्ती, पेन पेंसिल और सेनेटरी पैड व अन्य सामान की पैकिंग के लिए मशीन व अन्य कच्चा माल उपलब्ध कराएगा। पैकिंग के बाद उक्त सामान को फाउंडेशन के माध्यम से बाजार में बेचा जाएगा। लेकिन इसके लिए प्रत्येक समूह को खाता खोलने के लिए 20 हजार रुपए देने होंगे।

### पुलिस हिरासत में आरोपी

महिलाएं आरोपी के झांसे में आ गईं और 20 हजार रुपए नकद दे दिए। इसके साथ ही आरोपी ने आसपास के गांव की अन्य महिलाओं से अलग-अलग महिला समूह के नाम पर करीब 15 लाख रुपए की ठगी कर ली। ठगी का एहसास होने पर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी सत्येंद्र सोनकर पिता स्वर्गीय नागेंद्र सोनकर (42 वर्ष) के खिलाफधारा 318 (4) के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया। पुलिस ने आरोपी सत्येंद्र सोनकर की पतासाजी कर उसे रामकुंड रायपुर, थाना आजाद चौक से हिरासत में ले लिया। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# जशपुर से लाई गई बच्चियां बिलासपुर में रोती हुई मिली

## पुलिसकर्मी पर मारपीट और प्रताड़ना का आरोप, जांच जारी

**बिलासपुर,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। जिले के तोरवा थाना क्षेत्र से दो नाबालिग बच्चियों से जुड़ी एक चिंताजनक खबर सामने आई है। ये दोनों बच्चियां जशपुर जिले की निवासी हैं, जिन्हें घरेलू काम करवाने के लिए बिलासपुर लाया गया था। बच्चियों ने आरोप लगाया है कि वे एक पुलिसकर्मी के घर में काम करती थीं, जहां उनके साथ मारपीट और प्रताड़ना की गई।



यह पूरी घटना लालखदान क्षेत्र की है, जहां स्थानीय लोगों ने। तोरवा पुलिस को सूचना दी कि दो बच्चियां एक मोबाइल दुकान के पास रोती हुई मिलीं। मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्चियों से पूछताछ की तो पता चला कि उन्हें काम के लिए जबरन बिलासपुर लाया गया था। बच्चियों ने बताया कि वे पुलिसकर्मी अरुण लकड़ा के घर में काम कर रही थीं, जो फिलहाल पुलिस लाइन में तैनात हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वे वहां रहना और काम करना नहीं चाहती थीं, क्योंकि उनके साथ मारपीट और मानसिक प्रताड़ना की जाती थी। साथ ही, बच्चियों ने बताया कि उनके मुंहबोले रिश्तेदारों ने उन्हें यहां छोड़ दिया है और उनका मेहनताना भी वही लोग लेते हैं। पुलिसकर्मी अरुण लकड़ा ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा है कि बच्चियों को उनके परिजनों की सहमति से पढ़ाई के लिए लाया गया था।

इस मामले में पुलिस ने दोनों बच्चियों को चाइल्ड लाइन के संरक्षण में भेज दिया है और उनके असली परिजनों से संपर्क करने की कोशिश जारी है। साथ ही, पुलिस ने इस घटना की गंभीरता को देखते हुए ह्यूमन ट्रैफिकिंग के एंगल से भी जांच शुरू कर दी है।

# प्रदेश में अब तक 446 मिमी औसत वर्षा

**रायपुर,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 446.1 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक बलरामपुर जिले में सर्वाधिक 739.1 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 240.8 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है।

राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर संभाग में रायपुर जिले में 438.3 मि.मी., बलौदाबाजार में 439.1 मि.मी., गरियाबंद में 373.8 मि.मी., महासमुंद में 394.5 मि.मी. और धमतरी में 372.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।

बिलासपुर संभाग में बिलासपुर जिले में 471.4 मि.मी., मुंगेली में 513.3 मि.मी., रायगढ़ में 570.9 मि.मी., जांजगीर-चांपा में 598.6 मि.मी., कोरबा में 516.9 मि.मी., गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 440.5 मि.मी., सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 437.6 मि.मी., सक्ती में 538.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।

दुर्ग संभाग में दुर्ग जिले में 368.5 मि.मी., कबीरधाम में 333.6 मि.मी., राजनांदगांव में 361.5 मि.मी., बालोद में 438.8 मि.मी., मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 521.8 मि.मी., खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 311.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।

सरगुजा संभाग में सरगुजा जिले में 351.6 मि.मी., सूरजपुर में 569.3 मि.मी., जशपुर में 546.1 मि.मी., कोरिया में 532.2 मि.मी. और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 490.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। बस्तर संभाग में बस्तर जिले में 509.1 मि.मी., कोंडागांव में 314.9 मि.मी., नारायणपुर में 347.2 मि.मी., बीजापुर में 505.1 मि.मी., सुकमा में 303.3 मि.मी., कांकेर में 403.2 मि.मी., दंतेवाड़ा में 425.6 मि.मी. और औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है।

**NECC**

| 22.07.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 480 | 68 | 165 |
| चिल्हर | 6.00 | 90 | 190 |

डिलीवरी 495 सैकड़ा
दर्जन अंडा 78 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

**SHRI SHANKARACHARYA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES**
SERVICE TO HUMANITY
JUNWANI, BHILAI (C.G.)
Recognize by National Medical Council
Under Temporary Affiliation College to Pt. Deendayal Upadhyay Memorial Health Sciences & Ayush University of Chhattisgarh, Raipur

Applications are invited for the following posts

**Professor / Associate Professor**

- **Professor :-** Anatomy - 02, Respiratory Medicine - 01, Biochemistry - 01, Pathology - 01, Community Medicine - 02, General Medicine - 02, Microbiology - 01, Physiology - 02, Dermatology, Venereology & Leprosy - 02, General Surgery - 02, Orthopaedics - 01, Ophthalmology - 02, OBG - 02, Anaesthesiology - 01
- **Associate Professor :-** Anatomy - 02, Physiology - 01, Biochemistry - 03, Pharmacology - 04, Pathology - 02, Microbiology - 02, Forensic Medicine - 01, General Medicine - 05, Paediatrics - 02, Respiratory Medicine - 02, Dermatology, Venereology & Leprosy - 02, General Surgery - 02, Orthopaedics - 01, Ophthalmology - 02, Radiodiagnosis - 02

**Qualifications and Experience :-** As per NMC/MCI Norms.

**Other terms & conditions:-**
1. Teaching Experience & Age Limit, 2. Pay Scale, 3. Reservation : As per NMC/MCI Norm.
**Selection criteria :-** Selection will decide on merit. Merit list will be prepared on the basis of Academic marks, educational Qualification, Interview, Experience and Academic contribution of candidate in various field like-
* Number of paper publications in various national / international journals. * Paper presentation in conferences. * Total No. of conferences attended.
**Last date of receipt of Applications:-** Within 15 days from the date of publication of advertisement.
Contact No. :- 0788 - 4088866, Email Id - hr@ssimsb.ac.in
Dean

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

टीचर- बेटा, बताओ जान कैसे निकलती है?
पप्पू- खिड़की से।
टीचर- क्या मतलब?
पप्पू- दीदी, कल ही एक लड़के से कह रही थी- जान, खिड़की से निकल जाओ।

# पुत्र मोह में भूपेश बघेल ने समूची कांग्रेस को झोंक दिया : किरणदेव



## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने पत्रकार वार्ता में कांग्रेस पर लगाए आरोप

**जगदलपुर,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष व विधायक जगदलपुर ने किरण सिंह देव ने कांग्रेस पर सीधा हमला बोलते हुये कहा कि कांग्रेस बताये कि भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल कांग्रेस के किस पद पर है। जिस व्यक्ति का कांग्रेस में कोई पद नहीं है, उस व्यक्ति के लिए पूरी कांग्रेस पार्टी प्रदेश में प्रदर्शन कर रही है। इसका साफ मतलब है कि भूपेश बघेल ने पूरी कांग्रेस पार्टी को पुत्र मोह में झोंक दिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक जगदलपुर किरण देव ने सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय में पत्र वार्ता को संबोधित करते हुये कहा कि हमने पहले भी बड़े-बड़े ऐसे उदाहरण देखें हैं, जिसमें लोगों ने पुत्र मोह में खुद को भी बर्बाद किया और अपने पूरे साम्राज्य को भी बर्बाद किया है। भूपेश बघेल इस दिशा में ही काम करते हुए दिखाई दे रहे हैं। भूपेश बघेल और कांग्रेस भ्रष्टाचारियों को बचाने पूरे प्रदेश की जनता को परेशान कर रही है और साथ ही उनका आर्थिक रूप से नुकसान भी करने जा रही है, जो कि छत्तीसगढ़ प्रदेश की जनता स्वीकार नहीं करेगी।

श्री देव ने कहा कि कोल ब्लॉक आबंटन को लेकर कांग्रेस पार्टी और भूपेश बघेल के झूठ का पर्दापाश हो गया है। भाजपा ने पत्रकार वार्ता में तथ्यों एवं दस्तावेज के माध्यम से कांग्रेस के झूठ को एक बार फिर बेनकाब किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चोरी और सीनाजोरी का उदाहरण बार-बार प्रस्तुत कर रही है। आप सबको पता होगा कि अपने शासनकाल के पाँच वर्ष में भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को दस जनपथ का चारागाह बना दिया था। शराब घोटाले, कोयला घोटाले, चावल घोटाले, गोठान घोटाले से लेकर पीएससी घोटाले तक में इसने प्रदेश के संसाधनों को जम कर लूटा था, आज इन घोटालों के आरोपी एक एक कर नप रहे हैं। सभी जेल जा रहे हैं। श्री देव ने कहा कि बेवजह जिस तरह अपराधियों के विरुद्ध हो रही कानून सम्मत कार्रवाई को कहीं और मोड़ा जा रहा है, वह दुर्भाग्यजनक और कांग्रेस में हिप्पोक्रेसी का सबसे बड़ा नमूना है। श्री देव ने कहा कि जब भी आप सभी कॉल ब्लॉक आवंटन और पेड़ कटाई आदि पर सवाल उठाते थे, तो दस जनपथ के दबाव में सीधे तौर पर भूपेश बघेल बचाव में आ जाते थे, कहते थे कि कोल ब्लॉक आबंटन का विरोध करने वाले अपने-अपने घरों की बिजली बंद कर दें। सवाल यह है कि अब जब झूठे और बेबुनियाद आरोप लगा कर भूपेश बघेल अपनी कालिख धोने की कोशिश कर रहे हैं, तो क्या वह अपने घर और राजीव भवन की बिजली बंद करेंगे?

किरण सिंह देव ने कहा कि यह तथ्य है कि न केवल भूपेश बघेल ने कोल ब्लॉक अशोक गहलोत को आवंटित किया था, बल्कि उससे पहले भी मनमोहन सिंह की सरकार में तमाम नियमों को धत्ता बताते हुए छत्तीसगढ़ के कोल ब्लॉक आवंटन की राह आसान की थी। उन्होंने कहा कि साल 2010 में केन्द्र में कांग्रेस की सरकार थी, तब कोयला मंत्रालय और पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा हसदेव अरण्य को पूरी तरह से नो-गो जोन घोषित किया गया था। उसे कांग्रेस नीत सरकार के पर्यावरण मंत्री जयराम रमेश ने ही सबसे पहले गो एरिया घोषित किया था। श्री देव ने कहा कि 23 जून 2011 को केन्द्र में कांग्रेस की सरकार रहते ही तारा परसा ईस्ट और कांटे बेसन कोल ब्लॉक को खोलने का प्रस्ताव दिया गया। जब छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की सरकार थी। उस वक्त अडानी को दो बड़ी खदानों गारे पेलमा सेक्टर-2 और राजस्थान में केते एक्सटेंशन ब्लॉक का ऑपरेटर बनाया गया। इसी तरह भूपेश बघेल जी के मुख्यमंत्री कार्यकाल में ही 16 अक्टूबर 2019 को राज्य सरकार ने पर्यावरण स्वीकृति के लिए सिफारिश भेजी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि 31 मार्च 2021 को ओपन कास्ट गारे पेलमा सेक्टर-2, मांड-रायगढ़ कोलफील्ड के लिए हुआ समझौता भी सबके सामने है। इसी क्रम में 19 अप्रैल 2022 को भूपेश बघेल जी के मुख्यमंत्री रहते ही कांग्रेस सरकार द्वारा वन स्वीकृति स्टेज-1 और 23 जनवरी 2023 को वन स्वीकृति स्टेज-2 के लिए सिफारिश भेजी गई। श्री देव ने कहा कि महाजेंको कोल फील्ड की स्वीकृति में तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की संलिप्तता को लेकर तब अनेक अखबारों ने समाचार भी प्रकाशित किए थे। 25 मार्च 2022 को भूपेश सरकार ने राजस्थान में अशोक गहलोत की सरकार के रहते राजस्थान को कोल माइंस का आबंटन किया था। भाजपा ने कांग्रेस से सवाल किया कि - क्या वह मनमोहन सिंह सरकार के समय हुए निर्णयों के लिए आज माफ़ी मांगेंगे ?- क्या भूपेश बघेल यह घोषणा करेंगे कि अब कांग्रेस कभी बिजली का उपयोग नहीं करेगी, क्योंकि स्वयं यह कह चुके हैं कि विरोध करने वाले अपने घर की बिजली बंद कर दें।

क्या कांग्रेस हर अपराधी के पक्ष में ऐसे ही खड़ी होगी, जैसे आज पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे के लिए हुई है? भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि जब छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार रही तब राजस्थान के तत्कालीन मंत्री बी डी कल्ला ने भूपेश बघेल को पत्र लिखा और राजस्थान के तत्कालिक मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक सप्ताह के भीतर कई पत्र लिखे कोल ब्लॉक आंबटन के लिए। जिसे छत्तीसगढ़ और देश की जनता ने देखा है। पत्रकार वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय, बेवरेज कार्पोरेशन अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, पूर्व विधायक डा. सुभाऊ कश्यप, लच्छूराम कश्यप, महापौर संजय पाण्डेय, निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, योगेन्द्र पाण्डेय, रजनीश पाणिग्रही, नरसिंह राव, आलोक अवस्थी, प्रकाश झा, अविनाश श्रीवास्तव, सुरेश गुप्ता, राजेन्द्र बाजपेयी मौजूद रहे।

# नगरनार ब्लॉक कांग्रेस ने बिजली न्याय के तहत बिजली विभाग का किया घेराव, सौंपा ज्ञापन



**जगदलपुर,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगरनार कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा च्बिजली न्यायज्के तहत नगरनार बिजली विभाग का घेराव कर संबंधित अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने इस मौके पर कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में बिजली बिल हाफ और 24 घंटे बिजली लोगों को सस्ती दर में प्राप्त होती थी, लेकिन वर्तमान सरकार में बिजली विभाग में बिजली की बेतहाशा कटौती हो रही है। कम बिजली आपूर्ति के बावजूद ग्रामीण उपभोक्ताओं को मिलने वाला बिजली बिल भारी भरकम होता है। सरकार ने आम जनता की कमर तोड़ने के लिए बिजली की दरों में भी इजाफा कर दिया है। पूर्ववर्ती भूपेश बघेल की सरकार में जनता को राहत देने के लिए घरेलू बिजली बिल हाफ योजना लागू की गई थी और इधर भाजपा सरकार ने बिजली की दर में बढ़ोतरी कर दी है। इससे आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। जब तक यह बढ़ोत्तरी कम नहीं होगी, कांग्रेस का आंदोलन बिजली दरों में कमी होने तक जारी रहेगा। ब्लॉक अध्यक्ष संतोष सेठिया ने बताया कि बिजली दरों में हुई बढ़ोतरी से सभी वर्ग प्रभावित हुए हैं, खासकर किसान। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था की स्थिति गंभीर है। कई क्षेत्रों में एक सप्ताह तक बिजली नहीं रहती। उन्होंने कहा कि हल्की बारिश और आंधी-तूफान में भी बिजली बंद कर दी जाती है। शिकायत करने पर भी विभाग के कर्मचारी समय पर नहीं पहुंचते हैं, जिसको लेकर आज नगरनार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा बिलजी दर कम करने की मांगों को ज्ञापन सौंपा गया है। इस दौरान वीरेंद्र साहनी, लेखन बघेल, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष जीशान कुरेशी, दयाराम सरपंच, डमरू सरपंच, सुकलधर बघेल धरम नाग सरपंच जलंधर नाग, अमित पांडे, संजय नाग हेमंत कश्यप, विजय भारती, लता निषाद, प्रभुदास, बलराम, कोकड, तीताराम, आत्मराम, लक्ष्मण सेठिया, विषम बघेल, श्यामलाल, पदुमराम सेठिया, देवा कश्यप, कैलाश ठाकुर, मकुंद राम, लखेश्वर, धर्मदास नाग, सोनुराम नाग, सुधरू, भालूराम मण्डावी आदि मौजूद रहे।

## आमागुड़ा चौक पर आज कांग्रेस करेगी चक्काजाम

जगदलपुर, 21 जुलाई (देशबन्धु)। केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार द्वारा केंद्रीय एजेंसियां के दुरूपयोग एवं ईडी के द्वेषपूर्ण कार्यवाही कर विपक्ष के नेताओं को टारगेट करने के खिलाफ पूरे छत्तीसगढ़ में आर्थिक नाकेबंदी एवं चक्काजाम कर अपना विरोध प्रदर्शन कर रही है। इसी क्रम में सोमवार को शहर के लालबाग चौक पर 22 जुलाई 2025, मंगलवार की समय 11ः00 बजे कांग्रेस के द्वारा धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# जहां बनाना था पुलिया वहां बना दी सड़क, तय अवधि निकलने के बाद भी नही बना पुल

**सुकमा,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। टेटरई गांव से बोड्डीगुड़ा तक बनने वाली सड़क और पुल निर्माण का कार्य अब तक अधूरा है। 6 दिसंबर 2023 को पीडब्ल्यूडी ने 6.26 करोड़ की लागत से यह काम शुरू कराया था। ठेकेदार को जनवरी 2025 तक कार्य पूरा करना था, लेकिन 20 माह बीत जाने के बाद भी पुलिया का निर्माण नहीं हुआ। जिस स्थान पर पुलिया बननी थी, वहां सिर्फ कच्ची सड़क बना दी गई, जो पहली ही बारिश में बह गई। ग्रामीणों का कहना है कि इस रास्ते से ही गांव का मुख्य सड़क से संपर्क बनता है। बरसात के समय यह रास्ता पूरी तरह कट जाता है, जिससे लोगों को कई किलोमीटर लंबा चक्कर लगाकर आना-जाना पड़ता है। कई बार जान जोखिम में डालकर लोग बहाव पार करते हैं।

टेटरई तक बनी सड़क पहली बारिश में बही आने-जाने वालों को हो रही है परेशानी



## जून माह में पुल निर्माण की आवश्यकता से कलेक्टर को कराया था अवगत : सरपंच

**जहां पुल चाहिए था, वहां सड़क बना दी गई:** टेटरई सरपंच सरिता करतम ने बताया कि हमने ने पुल की ज़रूरत को पहले ही स्पष्ट कर दिया था, लेकिन ठेकेदार ने सलाह नहीं मानी और वहां सड़क बना दी, जो पहली बारिश में बह गई। इसे अलावा 02 जून को कलेक्टर को भी ज्ञापन देकर मामले से अवगत कराया गया था परन्तु अब तक किसी प्रकार का कोई एक्शन नही लिया गया। वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधियों का कहना है कि यह सिर्फ़ निर्माण की देरी नहीं, बल्कि लापरवाही और संवाद की कमी का नतीजा है, जिससे हर साल ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

**विभाग और ठेकेदार पर सवाल:** जनपद सदस्य माड़वी देवा ने विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि निर्धारित समयसीमा >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# दूसरे सावन सोमवार पर भी निकली कांवड़ियों की यात्रा



**जगदलपुर,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। सावन के दूसरे सोमवार को जहां देश प्रदेश में सावन सोमवार की धूम रही वही जगदलपुर में भी प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व हिंदू परिषद द्वारा कावड़ यात्रा निकली गई। सुबह से ही स्थानीय शिवालयों में शिव भक्तों की भीड़ जुटने लगी थी। भक्त अपनी बारी का इंतजार करते हुए देवों के देव महादेव का श्रध्दा भाव से जलाभिषेक करते रहे। मौसम की लुकाछिपी के बीच कावड़ यात्रियों के उत्साह में कोई कमी नहीं थी। सुबह से बारिश की वजह से यात्रा रिमझिम बारिश में निकली गई। आज की कावड़ यात्रा महादेव घाट से जल भरकर दूरस्थ ग्राम रामपाल की ओर था। हजारों की संख्या में छोटे बच्चों के साथ महिलाएं, पुरुष भी बड़ी संख्या में कावड़ के साथ रामपाल की ओर निकल पड़े। भारी बारिश के साथ बूंदा बूंदी भी भक्तों की आस्था को कमजोर नहीं कर सकी ऐसा लगा मानो आस्था के आगे नतमस्तक हुई वर्षा। दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण से एस बी आई चौक से लाल बाग होते हुए महाराणा प्रताप चौक में कावड़ यात्रियों पर पुष्प वर्षा कर सभी का भव्य स्वागत किया गया। सभी नागरिकों ने जगह जगह पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। हर हर महादेव के नारों से गुंजायमान रहा। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा सभी कावड़ यात्रियों का के लिए समुचित व्यवस्था रखी गई स्थानीय नागरिकों द्वारा पेय जल की व्यवस्था जगह जगह रखी गई। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री रवि ब्रह्मचारी, जिला अध्यक्ष शंकर गुप्ता, योगेंद्र कौशिक, विष्णु, मुन्ना कोरी, नगर नार प्रखंड अध्यक्ष व रामपाल शिव मंदिर के पुरोहित कैलाश ठाकुर सन्नी

# कल कौशल तिहार 2025 का आयोजन टाऊन हॉल में

**जगदलपुर,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। जिला कौशल विकास प्राधिकरण कार्याल य द्वारा कौशल तिहार 2025 का आयोजन 23 जुलाई दिन बुधवार को टाऊनहॉल जगदलपुर (जिला पंचायत के सामने) सुबह 10 बजे से किया जाएगा जिसमें रोजगार मेला सह काऊंसिलिंग कैम्प का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले में मीटर इंस्टॉलर, सेल्स एक्सीक्यूटिव, ऑफिस असिस्टेंट, आदि पदों पर भर्ती की जाएगी तथा आगामी कौशल प्रशिक्षण हेतु आवेदन लिए जाएंगे इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक दस्तावेज तथा अनुभव संबंधी प्रमाण पत्र के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर टाऊनहॉल में आकर अवसर का लाभ ले सकते हैं।

# कलेक्टर जनदर्शन में सुनी गई लोगों की समस्याएं



**जगदलपुर,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में प्रत्येक सोमवार को सुबह दस बजे से दोपहर एक बजे तक कलेक्टर जनदर्शन जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में आयोजित की जा रही है। सोमवार को जनदर्शन में अपर कलेक्टर सीपी बघेल, एसडीएम भरत कौशिक एवं डिप्टी कलेक्टर हीरा गवर्ना सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जनदर्शन में आम नागरिकों ने प्रशासन के समक्ष अपनी समस्याएं, माँग के लिए आवेदन प्रस्तुत किए।

# मंत्री केदार ने किया 42 लाख से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन



**जगदलपुर,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार में वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, सहकारिता, कौशल विकास तथा संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप ने सोमवार को बस्तर जिले में नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रतेंगा एवं घोटिया में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया, जिससे क्षेत्र में अधोसंरचना और जनसुविधाओं का विस्तार होगा। इन कार्यों की कुल लागत 42 लाख 40 हजार रुपए है। मंत्री कश्यप ने सालेभाटापारा में लच्छिधर घर के पास 5 लाख रुपए की लागत से बनने वाली 2 मीटर पुलिया के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इसी तरह, रतेंगा में किरमबाई नाला पर ?5 लाख की लागत से 2 मीटर पुलिया का निर्माण कार्य भी शुरू किया गया। ये पुलियाएं स्थानीय निवासियों के लिए आवागमन को सुगम बनाएंगी, खासकर बरसात के मौसम में क्षेत्र के लोगों को बहुत अधिक राहत मिलेगी। इसके अतिरिक्त, क्षेत्र में सार्वजनिक सुविधाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से 12 लाख 40 हजार रुपए की लागत से उचित मूल्य की दुकान भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ। यह नई दुकान स्थानीय लोगों को आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी। व्यवसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए 15 लाख रुपए की लागत से एक व्यावसायिक परिसर का भी भूमिपूजन किया गया, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार का साधन मिलने के साथ ही अर्थव्यवस्था को गति मिलने की उम्मीद है। घोटिया के अटारगुडा पारा में टिबुराम बघेल के घर के पास 5 लाख रुपए की लागत से एक और 2 मीटर पुलिया का निर्माण कार्य शुरू किया गया। यह पुलिया भी स्थानीय कनेक्टिविटी में सुधार लाएगी। इस अवसर पर मंत्री केदार कश्यप ने कहा >> शेष पृष्ठ 9 पर >



**आज से जिला स्तरीय कौशल तिहार:पीएम और सीएम कौशल**

**दंतेवाड़ा**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज दंतेवाड़ा में जिला स्तरीय कौशल तिहार-2025 का आयोजन 22, 23 एवं 25 जुलाई को किया जा रहा है। इसमें मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना एवं प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 में प्रशिक्षण प्राप्त एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रशिक्षणरत युवाओं के मध्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।



# भ्रष्टाचारियों को बचाने जनता को परेशान कर रही कांग्रेस

- विधायक चैतराम अटामी और जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता के आरोप
- दस्तावेजों के जरिये बताया कोल आबंटन और पेड़ कटाई में भूपेश सरकार का हाथ
- पुत्र मोह में पूरी कांग्रेस को झोंक दिया

**दंतेवाड़ा**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि कांग्रेस बताएं कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल कांग्रेस के किस पद पर हैं, जिस व्यक्ति का कांग्रेस में कोई पद नहीं उस व्यक्ति के लिए पूरी कांग्रेस प्रदेश में प्रदर्शन कर रही है। इसका साफ मतलब है भूपेश बघेल ने पूरी कांग्रेस को पुत्र मुंह में झोंक दिया है।

जारी बयान में विधायक श्री अटामी ने कहा कि हमने पहले भी बड़े-बड़े ऐसे उदाहरण देखें हैं जिसमें लोगों ने पुत्र मोह में खुद को भी बर्बाद किया और अपने पूरे साम्राज्य को भी बर्बाद किया। श्री बघेल इस दिशा में काम करते हुए दिखाई दे रहे हैं। श्री बघेल और कांग्रेस भ्रष्टाचारियों को बचाने पूरे प्रदेश की जनता को परेशान कर रही है और साथ ही उनका आर्थिक रूप से नुकसान भी करने जा रही है जो की प्रदेश की जनता स्वीकार नहीं करेगी।





इसी तरह भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने कहा कि कोल ब्लॉक आबंटन को लेकर कांग्रेस और भूपेश बघेल के झूठ का पर्दाफाश हो गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चोरी और सीनाजोरी का उदाहरण बार-बार प्रस्तुत कर रही है। आप सबको पता होगा कि अपने शासनकाल के पाँच वर्ष में भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को दस जनपथ का चारागाह बना दिया था। श्री गुप्ता ने कहा कि शराब घोटाले, कोयला घोटाले, चावल घोटाले, गोठान घोटाले से लेकर पीएससी घोटाले तक में इसने प्रदेश के संसाधनों को जम कर लूटा था, आज इन घोटालों के आरोपी एक एक कर नप रहे हैं। सभी जेल जा रहे हैं। श्री गुप्ता ने कहा कि बेवजह जिस तरह अपराधियों के विरुद्ध हो रही कानून सम्मत कार्रवाई को कहीं और मोड़ा जा रहा है, वह दुर्भाग्यजनक और कांग्रेस में हिप्पोक्रेसी का सबसे बड़ा नमूना है।

श्री गुप्ता ने कहा कि जब भी आप सभी कॉल ब्लॉक आबंटन और पेड़ कटाई आदि पर सवाल उठाते थे, तो दस जनपथ के दबाव में सीधे तौर पर भूपेश बघेल बचाव में आ जाते थे। कहते थे कि कोल ब्लॉक आवंटन का विरोध करने वाले अपने-अपने घरों की बिजली बंद कर दें। सवाल यह है कि अब जब झूठे और बेबुनियाद आरोप लगा कर भूपेश अपनी कालिख धोने की कोशिश कर रहे हैं, तो क्या वह अपने घर और राजीव भवन की बिजली बंद करेंगे ? श्री गुप्ता ने कहा कि यह तथ्य है कि न केवल भूपेश बघेल ने कोल ब्लॉक अशोक गहलोत को आवंटित किया था, बल्कि उससे पहले भी मनमोहन सिंह की सरकार में तमाम नियमों को धत्ता बताते हुए छत्तीसगढ़ के कोल ब्लॉक आवंटन की राह आसान की थी। उन्होंने कहा कि साल 2010 में केन्द्र में कॉंग्रेस की सरकार थी, तब कोयला मंत्रालय और पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा हसदेव अरण्य को पूरी तरह से नो-गो जोन घोषित किया गया था। उसे कांग्रेस नीत सरकार के पर्यावरण मंत्री जयराम रमेश ने ही सबसे पहले गो एरिया घोषित किया था। भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने कहा कि 23 जून 2011 को केन्द्र में कांग्रेस की सरकार रहते ही तारा परसा ईस्ट और कांटे बेसन कोल ब्लॉक को खोलने का प्रस्ताव दिया गया। जब छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की सरकार थी, उस वक्त अडानी को दो बड़ी खदानों गारे पेलमा सेक्टर-2 और राजस्थान में केते एक्सटेंशन ब्लॉक का ऑपरेटर बनाया गया। इसी तरह भूपेश बघेल के मुख्यमंत्री कार्यकाल में ही 16 अक्टूबर 2019 को राज्य सरकार ने पर्यावरण स्वीकृति के लिए सिफारिश भेजी।

भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने कांग्रेस से सवाल किया कि क्या वह मनमोहन सिंह सरकार के समय हुए निर्णयों के लिए आज माफी मांगेंगे, क्या भूपेश बघेल यह घोषणा करेंगे कि अब कांग्रेस कभी बिजली का उपयोग नहीं करेगी ? क्योंकि स्वयं यह कह चुके हैं कि विरोध करने वाले अपने घर की बिजली बंद कर दें। क्या कांग्रेस हर अपराधी के पक्ष में ऐसे ही खड़ी होगी, जैसे आज पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे के लिए खड़ी हुई है ?

# तुड़पारास आरोग्य मंदिर को राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाण पत्र

- केन्द्र के 6 गुणवत्ता मानकों में 85.47 प्रतिशत अंक
- स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट सुविधा और कुशल प्रबंधन बना आधार
- कलेक्टर कुणाल दुदावत ने स्वास्थ्य टीम को दी बधाई



**दंतेवाड़ा**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। जिले के ग्राम पंचायत तुड़पारास के स्वास्थ्य केंद्र आयुष्मान आरोग्य मंदिर को भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। यह प्रमाण पत्र स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट गुणवत्ता, रोगी सुविधा, संक्रमण नियंत्रण और कुशल प्रबंधन जैसे मानकों पर खरा उतरने पर दिया जाता है। इस उपलब्धि के पीछे कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय भुवन कुर्रे और विकासखंड प्रबंधक जीवन नाग की सतत मेहनत और मार्गदर्शन का अहम योगदान रहा। केंद्र में कार्यरत सीएचओ और आरएचओ की समर्पित कार्यशैली और सेवा भावना ने इस केंद्र को राष्ट्रीय मानकों पर खरा साबित किया।प्रमाणन के लिए केंद्र का मूल्यांकन आउटडोर व इनडोर सेवाएं, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, औषधि वितरण, संक्रमण नियंत्रण, और रिकॉर्ड प्रबंधन जैसे कुल छह गुणवत्ता बिंदुओं पर किया गया। इस मूल्यांकन में तुड़पारास आरोग्य मंदिर ने 85.47 प्रतिशत अंक अर्जित कर एनक्यूएएस प्रमाणन प्राप्त किया, जो जिले के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि स्वास्थ्य विभाग की टीम भावना, निरंतर मेहनत और सेवाभाव का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस प्रमाणन से क्षेत्रवासियों को और अधिक भरोसेमंद और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त होंगी। उल्लेखनीय है कि इस कार्य में (डब्ल्यूएचओ) और यूनिसेफ की तकनीकी सहभागिता भी सराहनीय रही। इस सफलता से प्रेरणा लेकर जिले के अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में भी गुणवत्ता सुधार की दिशा में प्रयास जारी हैं, जिससे संपूर्ण जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को एक नई ऊंचाई दी जा सके।

# मुझे फुटु की सब्जी बेहद पंसद- कुणाल दुदावत

- ट्रेनी रेडियो जॉकी के सवाल पर कलेक्टर का जवाब
- नवा दंतेवाड़ा रेडियो जॉकी प्रशिक्षण में युवाओं को दी प्रेरणा
- रेडियो को बताया सामाजिक बदलाव और जागरूकता का माध्यम



**दंतेवाड़ा**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। नवा दंतेवाड़ा रेडियो स्टेशन (90.4 एफएम) द्वारा युवाओं के सशक्तिकरण और स्थानीय प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से आयोजित रेडियो जॉकी प्रशिक्षण कार्यक्रम में आज कलेक्टर कुणाल दुदावत ने विशेष रूप से शिरकत की। यह 20 दिवसीय प्रशिक्षण जिला कार्यालय परिसर स्थित नवा दंतेवाड़ा रेडियो केंद्र में आयोजित किया जा रहा है।

यहां पहुँचकर कलेक्टर श्री दुदावत ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रतिभागियों से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों के अनुभवों को गंभीरता से सुना, उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया और रेडियो की दुनिया से जुड़ी कई महत्त्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। उन्होंने बताया कि रेडियो केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि यह समाज को जोड़ने, जनजागरूकता फैलाने और सकारात्मक बदलाव लाने का एक सशक्त उपकरण है। उन्होंने कहा कि रेडियो जॉकी का कार्य केवल प्रस्तुतिकरण नहीं, बल्कि समाज की नब्ज को समझकर संवाद स्थापित करना भी है।

कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षणार्थियों ने कलेक्टर से अनेक दिलचस्प सवाल पूछे, जिनमें एक सवाल था। आपकी पसंदीदा खाने की चीज क्या है ? इस पर मुस्कुराते हुए श्री दुदावत ने जवाब दिया कि उन्हें 'फूटू' (एक लोकप्रिय स्थानीय सब्जी) बेहद पसंद है। इस सरल उत्तर से उपस्थित युवाओं के चेहरे पर मुस्कान खिल उठी और कार्यक्रम का वातावरण आत्मीयता से भर गया। इस दौरान कलेक्टर ने युवाओं से आग्रह किया कि वे इस प्रशिक्षण को केवल एक तकनीकी ज्ञान के रूप में न लें, बल्कि इसे एक जिम्मेदारी समझें। उन्होंने कहा कि रेडियो एक ऐसा मंच है, जहाँ से शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण और सामाजिक बदलाव जैसे विषयों पर प्रभावी संवाद स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने बच्चों और युवाओं को मेहनत, अनुशासन और लगन के साथ अपने जीवन के लक्ष्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट लाइवलीहुड कॉलेज सोसायटी, दंतेवाड़ा के सौजन्य से विकास अनुसंधान संस्थान, दंतेवाड़ा द्वारा आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान रेडियो जॉकी के तकनीकी पहलुओं, प्रस्तुति कला, साक्षात्कार कौशल, वॉयस मॉड्यूलेशन और प्रोडक्शन तकनीकों पर विशेषज्ञों द्वारा गहन जानकारी दी जा रही है।

-------------

# संग्राहकों को चरण पादुका, मोदी की एक और गारंटी पूरी

- सात समितियों में बटेगी 19 हजार 479 जोड़ी चरण पादुका
- महिला तेंदूपत्ता संग्राहकों के चेहरे पर मुस्कान
- पीएम मोदी और सीएम विष्णु को दिया धन्यवाद



**दंतेवाड़ा**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश सरकार द्वारा तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों की महिलाओं को विशेष सुविधा देने के उद्देश्य से प्रदेश में पुनः चरण पादुका वितरण योजना प्रारंभ की गई है। इसके तहत दंतेवाड़ा जिले की सात समितियों के माध्यम से कुल 19 हजार 479 जोड़ी महिला चरण पादुका वितरण किया जाना है। इनमें से 9 हजार 120 जोड़ी चरण पादुका का वितरण जिले के विभिन्न तेंदूपत्ता संग्रहण फड़ में किया जा चुका है। चरण पादुका का वितरण स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पंच, सरपंच, वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, प्रबंधक एवं फड़ मुंशी की उपस्थिति में किया जा रहा है। प्रदेश में लगभग 5 वर्षों से बंद जनता से जुड़ी महत्वपूर्ण चरण पादुका वितरण योजना मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप और वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में पुनः संचालित की जा रही है। राज्य सरकार द्वारा चरण पादुका योजना की पहल तेंदूपत्ता संग्राहक महिलाओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए की जा रही है। पूर्ववर्ती सरकार में यह योजना बंद कर दी गई थी, जिसे तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों के हित में पुनः प्रारंभ किया गया है। जिससे उन्हें जंगलों में कार्य करते समय उनके पैरों को सुरक्षा मिल सके। राज्य सरकार की यह योजना ग्रामीण और वनों में कार्यरत महिला श्रमिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। चरण पादुका योजना का बस्तर की ग्रामीण जनता के लिए अलग ही महत्व है। हम कह सकते है कि इस योजना के सफल क्रियान्वयन के कारण ही यहां के लोग चरण पादुका पहनना सीखे। प्रायः कुछ वर्षों पूर्व देखा जाता था कि बस्तर के अधिकतर ग्रामीण अपने पैरो में चरण पादुका नहीं पहनते थे. जिनके कारण उनके पैरों में अक्सर चोट, जहरीले जीव जंतुओं के काटने संबंधी अनेक घटनाएं होती रहती थी, किन्तु भाजपा सरकार द्वारा पूर्व में चरण पादुका वितरण योजना शुरू होने से धीरे-धीरे यहां के ग्रामीणों ने चरण पादुका पहनना भी सीख लिया।

## श्रीराम लिंगेश्वर महादेव मंदिर में विशेष पूजा

**सावन सोमवार पर जुटे श्रद्धालु**

**दंतेवाड़ा**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। सावन सोमवार पर आज दंतेवाड़ा स्थित सुरभि कालोनी के श्रीराम लिंगेश्वर महादेव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना हुई। इसके साथ ही शाम को भजन संध्या का आयोजन भी किया गया। सावन के दूसरे सोमवार पर बड़ी संख्या में भक्तों ने शिव आराधना की। इसी तरह शहर के अन्य सभी मंदिरों में भी दिन भर पूजा-अर्चना होती रही। शहर के दंतेश्वर महादेव मंदिर, पुलिस लाईन कारली, चितालंका जंगलपारा, जिला अस्पताल परिसर, सीएसईबी कालोनी, टेकनार, मनोकामनेश्वर मंदिर, के साथ ही समलूर, गुमरगुंडा और बारसूर के बत्तीसा मंदिर में भी भक्तों ने भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद पाया।



# मंडल संयोजक पर रिश्तेदार को भर्ती करने का आरोप

- पूर्व दैनिक वेतन भोगी कर्मी ने कलेक्टर से की शिकायत
- कटेकल्याण प्री मेट्रिक बालक छात्रावास का मामला

**दंतेवाड़ा**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। जिले के कटेकल्याण मंडल संयोजक के खिलाफ पूर्व दैनिक वेतन भोगी कर्मी ने कार्य से हटाने का आरोप लगाया है। इस आशय का शिकायती पत्र कलेक्टर कुणाल दुदावत को सौंप कर न्याय की मांग की गई है।

आदिम जाति कल्याण विभाग के प्री मेट्रिक बालक छात्रावास कटेकल्याण में प्रद्युम नाग दैनिक वेतनभोगी के रूप में कार्यरत थे। शिकायती पत्र में उन्होंने बताया कि मंडल संयोजक धीरज नाग ने अपने रिश्तेदारों अरूण और अजय को वहां दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी के रूप में नियुक्त करने के लिए उनको (प्रद्युम नाग को) बालक आश्रम चिकपाल भेज दिया। बालक आश्रम चिकपाल में 4 महीने काम करने के बाद पुनः मंडल संयोजक द्वारा उसे बालक आश्रम चिकपाल से हटा दिया गया। यहां पर उसकी जगह किशोर और कोसा राम से लेन-देन कर भर्ती कर दी गई।

इस संबंध में प्रद्युम ने जब मंडल संयोजक से बात की तो उसने कहा कि वह उसे नहीं रख सकता। शिकायती पत्र में मंडल संयोजक पर आरोप लगाया गया है कि अपने रिश्तेदारों को आश्रम-छात्रावासों में भर्ती कर रहे हैं। इसके लिए पूर्व में कार्यरत पुराने लोगों को हटाया जा रहा है। प्रद्युम ने मंडल संयोजक पर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही प्री मेट्रिक बालक छात्रावास कटेकल्याण में पुनः नियुक्त करने का अनुरोध किया है।

# अतिथि शिक्षक की मेहनत, दो बेटियां पीएटी में चयनित

- दोनों को कॉलेज भी आबंटित, गीदम विद्यालय में हुआ सम्मान
- शिक्षकों ने दी प्रेरणा, कृषि में कैरियर की बेहतर संभावनाएं



**दंतेवाड़ा**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय, गीदम की दो होनहार छात्राओं कु. पूर्णिमा नाग ने 1309 रैंक एवं अंजलि पुजारी ने 594 रैंक के साथ एग्रीकल्चर पीएटी परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम रोशन किया।चयन के पश्चात दोनों का कॉलेज अलॉटमेंट भी हो चुका है। इस उपलब्धि पर आज विद्यालय में उनका स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एग्रीकल्चर विषय के सभी विद्यार्थियों को उनके अनुभव साझा करते हुए मार्गदर्शन प्रदान किया गया। उनकी शिक्षिका माधुरी साहू, जो अतिथि शिक्षक के रूप में विद्यालय में कार्यरत हैं, के विशेष कोचिंग एवं निरंतर मार्गदर्शन से ये बच्चे चयनित हुए। माधुरी ने विद्यार्थियों को निरंतर अभ्यास, पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ कृषि क्षेत्र में करियर की संभावनाओं की विस्तृत जानकारी दी और आगे भी कड़ी मेहनत कर उच्च लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक राकेश कुमार मिश्रा ने भी बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान करते हुए एग्रीकल्चर क्षेत्र में उपलब्ध कैरियर अवसरों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कृषि स्नातक बनने के बाद छात्र कृषि वैज्ञानिक, कृषि अधिकारी, बीज निगम, खाद्य निगम, उद्यानिकी, बीज उत्पादन, कृषि विपणन, बैंकिंग, पशुपालन, मत्स्यपालन, उद्यमिता एवं स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में कार्य कर सकते हैं। साथ ही एमएससी एग्रीकल्चर, आईसीएआर परीक्षा, पीएचडी, व्याख्याता, तथा राज्य एवं संघ लोक सेवा आयोग के विभिन्न पदों हेतु भी बेहतर अवसर प्राप्त कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य कैलाश नीलम, सीता सिंह, मालती नेताम, हरण मनी दुर्गम , रेनू शर्मा, कल्पना अवस्थी, महेन्द्र मंडावी, आरती सिन्हा, स्वेता पटेल, किरण बाजपेई, सुनील कुमार, आदर्श तिर्की, तथा अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। सभी ने छात्राओं के उज्जवल

# स्कूली बच्चों को दी गई विषैले जीवों से बचाव के तरीकों की जानकारी

**फरसगांव/विश्रामपुरी** , 21 जुलाई (देबशन्धु)। बारिश का मौसम शुरू होते ही सर्प दंश और बिच्छू दंश का खतरा बढ़ जाता है। इसी खतरे को देखते हुए, कोंडागांव जिले के बड़े राजपुर विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत हरवेल स्थित माध्यमिक शाला डिहीपारा में बच्चों को इन विषैले जीवों से बचाव के तरीकों की जानकारी दी गई।



च्सुरक्षित शनिवारज् कार्यक्रम के तहत यह पहल बीते शनिवार को की गई। शिक्षक संजय मंडावी ने बच्चों को खास तौर पर सांपों से जुड़ी भ्रांतियों और अंधविश्वासों के बारे में समझाया और उन्हें दूर करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि सांप के काटने पर झाड़-फूंक के बजाय तुरंत प्राथमिक उपचार करना और नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से मदद लेना क्यों ज़रूरी है। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि बारिश के मौसम में सांप और अन्य विषैले जीव-जंतु अक्सर सूखे और सुरक्षित ठिकानों की तलाश में घरों के आस-पास आ जाते हैं। ऐसे में बच्चों को अपने आसपास साफ-सफाई रखने और सतर्क रहने की सलाह दी गई ताकि किसी भी अनहोनी से बचा जा सके। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में शाला के प्रधानाध्यापक अर्जुन सिंह नाग, शिक्षक झगेश्वार गौर, राम प्रसाद नेताम, सुरेश मरकाम और सियाराम नेताम सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे। इस पहल से बच्चों में सर्प दंश और बिच्छू दंश के प्रति सही जागरूकता पैदा करने में मदद मिलेगी।

## निधन

### श्रीमती अमरजीत कौर

**रायपुर**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गेंदु की माता श्रीमती अमरजीत कौर जी उम्र 76 पति स्व महेंद्र सिंह गेदूजी का आज इलाज के दौरान हैदराबाद के हॉस्पिटल में निधन हो गया। वो 8-10 दिनों से हैदराबाद में भर्ती थी।आप मंजीत सिंह गेदू मलकीत सिंह गेदू हरदीप सिंह गेदू की माता थी ।उनकी अंतिम यात्रा कल 22 जुलाई मंगलवार को उनके निजनिवास शांतिनगर से मुक्तिधाम के लिए शाम 4बजे निकलेगी।



देशबन्धु

एजेंसी देना है

छत्तीसगढ़ प्रदेश की सर्वाधिक प्रसारित लोकप्रिय व विश्वसनीय अखबार दैनिक देशबन्धु को कांकेर, केशकाल में एजेंसी देना है। विज्ञापन, प्रसार व समाचार प्रेषण में रुचि रखने वाले व्यक्ति तत्काल संपर्क करें।

प्रबंधक

मो. 7000480650

## प्रादेशिकी का शेष...

### जहां बनाना था पुलिया...

पूरी होने को है, लेकिन अब तक ना निर्माण पूरा हुआ है, ना ही प्रगति की कोई समीक्षा की गई है। ग्रामीणों की लंबे समय से मांग रही इस सड़क और पुलिया के अधूरे निर्माण ने विकास योजनाओं की जमीनी हकीकत पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### मंत्री केदार ने किया 42...

कि ये विकास कार्य क्षेत्र के लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने और उन्हें मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर जिला पंचायत बस्तर अध्यक्ष वेदवती कश्यप ,उपाध्यक्ष बलदेव मण्डावी, जिला पंचायत सदस्य निर्देश दिवान, जनपद पंचायत बस्तर अध्यक्ष संतोष कुमार बघेल, उपाध्यक्ष जयबती कश्यप, जनपद पंचायत सदस्य ललिता बघेल, ग्राम पंचायत नारायणपाल की सरपंच जानकी बघेल पूर्व सांसद दिनेश कश्यप सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण एवं क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित थे।

# समर्पित संस्था के द्वारा ग्रामीणों को दी जा रही वित्तीय साक्षरता की जानकारी

**चारामा** , 21 जुलाई (देबशन्धु)। कांकेर जिले के विभिन्न ब्लॉकों में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम चलाया जा रहा है । समर्पित संस्था के परामर्शदाताओं द्वारा यह कार्यक्रम खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में किया जा रहा है, ताकि ग्रामीणों को वित्तीय मामलों की सही जानकारी मिल सके। इस कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों को बचत, बजट बनाना, फर्जीवाड़े (फ्रॉड) से बचाव और बैंकों से जुड़ने के फायदे जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां दी जा रही हैं। ग्रामीणों को समझाया जा रहा है कि वे कैसे छोटी-छोटी बचत से भविष्य के लिए धन इकट्ठा कर सकते हैं, जरूरत के हिसाब से सही बजट बना सकते हैं और किसी भी तरह के ऑनलाइन या ऑफलाइन वित्तीय धोखाधड़ी से कैसे बच सकते हैं। समर्पित संस्था के परामर्शदाता गांव-गांव जाकर लोगों को इन विषयों पर जागरूक कर रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को वित्तीय रूप से मजबूत बनाना है, ताकि वे समझदारी से अपनी आय और खर्च का प्रबंधन कर सकें।



कांकेर जिले के कई ब्लॉकों में यह कार्यक्रम एक साथ चल रहा है। चारामा ब्लॉक में यह कार्य सुस्मिता सिन्हा, कांकेर ब्लॉक में पंकज यदु और कोयलीबेडा ब्लॉक में यशवंती यादव के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। ये परामर्शदाता गांवों में जाकर लोगों को सरल भाषा में वित्तीय नियमों की जानकारी दे रहे हैं। परामर्शदाताओं का कहना है कि ग्रामीणों को बैंकों से जोड़ना इस अभियान का मुख्य लक्ष्य है। जो लोग अभी भी बैंकिंग सेवाओं से दूर हैं, उन्हें खाता खुलवाने, डिजिटल भुगतान की सुविधा और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। गांव के लोग भी इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें पहले बचत और बजट की सही जानकारी नहीं थी, लेकिन अब उन्हें समझ आ रहा है कि सही योजना बनाकर कैसे भविष्य को सुरक्षित किया जा सकता है। समर्पित संस्था का यह प्रयास ग्रामीणों के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रहा है। आने वाले समय में और भी गांवों में इस तरह के वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग जागरूक होकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें।

# महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने आईएफसी क्लस्टर पर कार्यशाला आयोजित

## जिले के 4 हजार 400 परिवारों को जोड़ा जाएगा आजीविका गतिविधियों से



**कोण्डागांव** 21 जुलाई (देबशन्धु)। कोण्डागांव जिला पंचायत कोण्डागांव के सभाकक्ष में 17 जुलाई को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत आईएफसी क्लस्टर कार्यशाला सह समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का आयोजन जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अविनाश भोई के मार्गदर्शन में और श्री विनय सिंह, जिला मिशन प्रबंधक (बिहान) की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस कार्यशाला में जिले के सभी जनपदों के विकास खण्ड परियोजना प्रबंधक एवं नव नियुक्त आईएफसी एंकर उपस्थित रहे। बैठक में आईएफसी क्लस्टर की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए संबंधित ग्राम पंचायतों में चल रही आजीविका गतिविधियों की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि जिले के विभिन्न विकास खण्डों के अंतर्गत कुल 4400 परिवारों को आईएफसी क्लस्टर योजना से जोड़ा जाएगा। इनमें शामिल बड़ेराजपुर विकास खण्ड के 600 परिवार ग्राम पंचायत परोदा, मैनपुर, चिचाड़ी, कोंदकेरा आदि और केशकाल विकास खण्ड के 900 परिवार जिसमें ग्राम पंचायत बहीगांव, अड़ेगा, सिंगारगांव और कोण्डागांव विकास खण्ड के 1000 परिवार जिसमें ग्राम पंचायत उमरगांव, दहिकोंगा, बाखरा और माकड़ी विकास खण्ड के 1000 परिवार जिसमें ग्राम पंचायत बेलोंडी, अनतपुर, शामपुर, वहीं फरसगांव विकास खण्ड अंतर्गत जिसमें ग्राम पंचायत लंजोड़ा, सिरपुर, हाटचपई आदि गांव के 900 परिवारों को शामिल किया जाएगा। इन गांवों में सब्जी उत्पादन, मक्का उत्पादन, पोल्ट्री समेत विभिन्न कृषि आधारित आजीविका गतिविधियाँ संचालित की जाएगी।

### महिला किसानों को मिलेगा विशेष लाभ

*इस पहल का मुख्य उद्देश्य महिला किसानों की आय में वृद्धि करना है। इसके लिए उड़ान महिला कृषक प्रोड्यूसर कम्पनी चिखलपुटी, मांझीगढ़ महिला कृषक प्रोड्यूसर कम्पनी विश्रामपुरी के सहयोग से खाद, बीज और आवश्यक कृषि सामग्री उचित दरों पर उपलब्ध कराई जाएगी। प्रत्येक क्लस्टर में लाईवलीहुड सर्विस सेंटर की स्थापना कर गांव स्तर पर समन्वित रूप से कार्य करने की रणनीति बनाई गई है। इसके माध्यम से महिला समूहों को लखपति दीदी के रूप में उभरने के लिए विशेष मार्गदर्शन व सहयोग प्रदान किया जाएगा। कार्यशाला में अधिकारियों ने अगले तीन वर्षों की कार्ययोजना तैयार कर मिशन के अनुसार कार्य करने पर ज़ोर दिया गया। बैठक के अंत में मिशन प्रबंधक द्वारा सभी प्रबंधकों और एंकरों से अपेक्षा जताई गई कि वे समर्पण भाव से ग्रामीण आजीविका को मजबूत करें।*

# विधायक लता उसेंडी के प्रयास से मिली स्वीकृति .76 लाख की

## राम मंदिर तालाब किनारे क्षतिग्रस्त रा.रा.30 मरम्मत के लिए

**कोण्डागांव** 21 जुलाई (देबशन्धु)। कोण्डागांव विधायक लता उसेंडी के प्रयास से राम मंदिर तालाब के किनारे की क्षतिग्रस्त राष्ट्रीय राज़ मार्ग मरम्मत के लिए 76 लाख रुपए की स्वीकृति मिलने के सम्बन्ध में जानकारी देते बताया गया है कि कोंडागांव जिला मुख्यालय स्थित राम मंदिर तालाब में सुरक्षा के लिए लगाए गए रेलिंग पानी के रिसाव के चलते क्षतिग्रस्त होने के साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे की मिट्टी भी धसकने की स्थिति में आ रही थी। राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे की मिट्टी को धसकने से बचाने के लिए रा.रा.-30 के राम मंदिर तालाब वाले हिस्से को बेरिकेट लगाकर भारी वाहनों के चलने पर रोक लगा देने से कोण्डागांव नगर के मुख्य मार्ग पर यातायात का दबाव अधिक बढ़ गया है और दुर्घटनाएं होने लगी है। नगरवासियों को परेशानी हो रही है। कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने नगरवासियों की परेशानी की ओर शासन का ध्यान आकर्षित करवाया और मरम्मत हेतु राशि स्वीकृत कराने के लिए अथक प्रयास किया। कोण्डागांव विधायक की सक्रियता से राम मंदिर तालाब के समीप रेलिंग व क्षतिग्रस्त राष्ट्रीय राजमार्ग के मरम्मत के लिए 76 लाख रुपये की स्वीकृति मिली है। नगरवासियों की समस्या के समाधान के लिए राशि स्वीकृत करने पर प्रदेश के मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्य मंत्री एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री अरुण साव का सह्रदय धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



## प्रदुषण जांच केन्द्र खोलने हेतु आवेदन आमंत्रित

**कोण्डागांव** 21 जुलाई (देबशन्धु)। जिला परिवहन विभाग कोण्डागांव द्वारा जिले में प्रदुषण जांच केन्द्र खोले जाने हेतु आवेदन आंमत्रित की गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार परिवहन मुख्यालय रायपुर द्वारा जिला कोण्डागांव हेतु कुल 05 प्रदुषण जांच केन्द्र खोलने स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रदुषण जांच केन्द्र खोलने हेतु जिले के पेट्रोल पंप संचालक भी आवेदन कर सकते हैं। प्रदुषण जांच केन्द्र के आवेदन करने हेतु आवेदक को हाई स्कूल या हायर सेकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त प्रदुषण जांच केन्द्र संचालन हेतु आवेदक या उसके कर्मचारी (ऑपरेटर) के पास आई.टी.आई संस्थान से डीजल मैकेनिक या मैकेनिकल विधि में ट्रेड में उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र अनिवार्य है। प्रदुषण जांच केन्द्र हेतु आवेदन शुल्क 300 रुपए जमा कर कार्यालय से आवेदन प्राप्त कर सकते हैं एवं प्रदुषण जांच केन्द्र संचालन के नियम एवं पात्रता के संबंध में अधिक जानकारी हेतु जिला परिवहन कार्यालय कोण्डागांव में कार्यालयीन समय पर संपर्क कर सकते हैं।

## सामान्य सभा की बैठक

**कोण्डागांव** 21 जुलाई (देबशन्धु)। जिला पंचायत कोंडागांव के सामान्य सभा की बैठक 23 जुलाई दिन बुधवार को सुबह 11 बजे से जिला पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित होगी। उक्त बैठक में सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को एजेण्डावार अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित रहने को कहा गया है।

# खल्लारी में शिक्षक की कमी से गुस्साए ग्रामीण, स्कूल में ताला लगाने की चेतावनी

**फरसगांव**, 21 जुलाई (देबशन्धु)। जिले के विकासखंड बड़ेराजपुर के अंतर्गत ग्राम खल्लारी में प्राथमिक शाला में शिक्षकों की कमी को लेकर ग्रामीण, पालक और जनप्रतिनिधि एकजुट हो गए हैं। कई सालों से सिर्फ एक ही शिक्षक के भरोसे चल रहे इस स्कूल की दयनीय स्थिति को देखते हुए ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर से जल्द समाधान करने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि दो दिन के भीतर समस्या का हल नहीं हुआ, तो वे अपने बच्चों का टीसी कटवाकर स्कूल में ताला लगा देंगे।

**एक शिक्षक के भरोसे पूरी शाला**

ग्राम खल्लारी की प्राथमिक शाला में कक्षा पहली से लेकर पाँचवीं तक की पढ़ाई एक ही शिक्षक के जिम्मे है। बताया गया है कि एक सहायक शिक्षक भी पदस्थ हैं, लेकिन वे अक्सर अनुपस्थित रहते हैं और कई बार नशे की हालत में पाए जाने के कारण उन्हें स्कूल से बाहर कर दिया गया है। इस गंभीर समस्या को लेकर पालकों और शाला प्रबंधन समिति ने कई बार शासन और प्रशासन को लिखित आवेदन दिए हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।



**कलेक्टर से बार-बार गुहार, फिर भी सुनवाई नहीं**

अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित ग्रामीण, पालकगण और जनप्रतिनिधि 7 जुलाई 2025 को कोण्डागांव कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनदर्शन शिविर में पहुंचे थे। वहाँ कलेक्टर महोदय ने उन्हें 10 दिन में समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया था, लेकिन 10 दिन बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी वजह से एक बार फिर वे अपनी समस्या लेकर कलेक्टर को आवेदन देने जा रहे हैं।

महत्वपूर्ण बैठक में शामिल हुए ग्रामीण

शिक्षक की कमी को लेकर हुई इस महत्वपूर्ण बैठक में ग्राम पंचायत सरपंच रामूराम मरकाम, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नारायण नेमता, युवा संगठन संयोजक संतोष मरकाम, युवा संगठन अध्यक्ष धनंजय चौहान, और पालकगण संतोष ध्रुव, बैसाखू यादव, हरि नेमता, शिवनाथ यादव, घनश्याम सलाम, नारद नेमता सहित समस्त पालकगण उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में मांग की है कि प्रशासन जल्द से जल्द अतिरिक्त शिक्षकों की नियुक्ति कर बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करे।

**क्या कहते हैं जिम्मेदार अधिकारी**

इस विषय पर जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान से चर्चा करने पर उन्होंने कहा कि कलेक्टर मैडम के संज्ञान में आने के पश्चात सभी शिक्षक समस्या ग्रस्त शालाओं से जानकारी निकल ली गई है। एक दो दिवस के अंदर शिक्षक भेज दिए जाएंगे।

# जिला उपभोक्ता आयोग जगदलपुर में ई हियरिंग की सुविधा आरंभ



**जगदलपुर**। जिला उपभोक्ता आयोग जगदलपुर में दिनांक 21.7.2025 को छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया के वर्चुअल माध्यम से ई हियरिंग का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया ने अपने उद्बोधन में कहा कि ई-हियरिंग के माध्यम से प्रकरणों में शीघ्र सुनवाई हो सकेगी और उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा सकेगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश देश का पहला प्रदेश बनने जा रहा है जिसके समस्त जिला आयोग में ई-हियरिंग के माध्यम से प्रकरणों की सुनवाई की सुविधा आरंभ की गई है। समस्त जिला आयोग में ई-फाइलिंग की सुविधा पूर्व से उपलब्ध थी और अब ई-हियरिंग से जुड़ने के पश्चात बस्तर अंचल के सुदूर स्थित उपभोक्ता भी अपनी समस्याओं का त्वरित निराकरण करवाने में सक्षम हो सकेंगे। कार्यक्रम के आरंभ में जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष सुजाता जसवाल ने की ई-हियरिंग के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में एक प्रकरण में ई हियरिंग के माध्यम से सुनवाई भी की गई। संपन्न कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से छ.ग. राज्य आयोग के सदस्य प्रमोद वर्मा रजिस्ट्रार श्रीनिवास तिवारी ज्वाइंट रजिस्ट्रार मोना चौहान जिला उपभोक्ता आयोग रायपुर के अध्यक्ष डाकेश्वर शर्मा सदस्य निरुपमा प्रधान एवं अनिल अग्निहोत्री तथा स्थानीय स्तर पर जिला उपभोक्ता आयोग के सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अरुण दास सचिव लिखेश्वर जोशी उपाध्यक्ष हेलेना गिरिधरन, खाद्य नियंत्रक घनश्याम सिंह राठौड़, सहायक खाद्य नियंत्रक दिव्या रानी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता गण उपस्थित रहे।

# सेना के जवानों के लिए मेरा रक्षा सूत्र कार्यक्रम आयोजित



चारामा, 21 जुलाई (देबशन्धु)। एकीकृत महिला एवं बाल विकास विभाग चारामा द्वारा सोमवार को मेरा रक्षा सूत्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें परियोजना अधिकारी सुश्री गंगा पोया ने बताया कि नगर व आसपास के क्षेत्रों से महतारी वंदन से लाभवंत्तित महिलाओं द्वारा हमारे देश के वीर जवानों के लिए रक्षा बंधन के अवसर के लिए राखी एकत्र किया गया है। जिसे कांकेर जिले के कलेक्टर के माध्यम से देश के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवा दे रहे वीर जवानों तक पहुंचाया जाएगा। जिसके लिए सोमवार को महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें नगर पंचायत चारामा के नेता प्रतिपक्ष संतोष ओझा, पार्षद अशोक सोनी, चंद्रिका देवांगन, पूर्व पार्षद सुभाष सोनकर, भाजपा युवा मोर्चा के महामंत्री भोज राज सोनी के द्वारा हरि झंडी दिखा कर रवाना किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से निर्मला नेताम पर्यवेक्षक, चितेश्वरी जैन, हर्ष लता जैकब, उषा गावड़े, सुनिता मंडावी, निर्मला उसेंडी, नीतू ध्रुव, रूखमणि लांगे, सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## फरसगांव में सड़क सुरक्षा की अनूठी पहल

# आवारा पशुओं को रेडियम पट्टी व टैग लगाकर दुर्घटनाओं पर लगेगी लगाम

**फरसगांव**, 21 जुलाई (देबशन्धु)। सड़कों पर आवारा पशुओं से होने वाली दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए फरसगांव नगर पंचायत और स्थानीय पशु चिकित्सा विभाग ने एक सराहनीय पहल की है। इस संयुक्त अभियान के तहत, रात के समय सड़कों पर घूम रहे मवेशियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और वाहन चालकों को संभावित हादसों से बचाने के लिए उन पर रेडियम पट्टी और रेडियम टैग लगाए जा रहे हैं।



यह कदम विशेष रूप से रात के अंधेरे में होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से उठाया गया है। अक्सर, अंधेरे में पशु सड़क के बीचों-बीच बैठे रहते हैं और दूर से दिखाई न देने के कारण तेज रफ्तार वाहनों से उनकी टक्कर हो जाती है, जिससे न केवल गंभीर हादसे होते हैं बल्कि पशुओं की जान भी चली जाती है। रेडियम की चमक से ये पशु दूर से ही नजर आ जाएंगे, जिससे चालक समय रहते अपने वाहन की गति नियंत्रित कर सकेंगे।

इस अभियान के पहले चरण में, कुल 16 मवेशियों को रेडियम पट्टी और 61 मवेशियों को रेडियम टैग लगाए जा चुके हैं। इस मुहिम का नेतृत्व कर रहे मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) श्री मयंक कुमार बसन्तवानी ने इस बारे में बात करते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य सड़क यात्रियों और पशुओं दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

सीएमओ बसन्तवानी ने स्थानीय पशु पालकों से अपील की है कि वे अपने पशुओं को घर में बांध कर रखें और उन्हें सड़कों पर खुला न छोड़ें। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ प्रशासन की नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि हम सब मिलकर इन दुर्घटनाओं को रोकें। इस तरह के जन जागरूकता और सहभागिता भरे प्रयासों से ही हम एक सुरक्षित और दुर्घटना-मुक्त समाज का निर्माण कर सकते हैं। यह अभियान अन्य क्षेत्रों के लिए भी एक मिसाल पेश कर सकता है, जो सड़क सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

# माकड़ी पुलिस ने लुभा स्कूल में लगाया चलित थाना, नए कानूनों और साइबर अपराध पर दी जानकारी

**फरसगांव**, 21 जुलाई (देबशन्धु) ।पुलिस अधीक्षक वाय0 अक्षय कुमार के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन में माकड़ी पुलिस द्वारा क्षेत्र में जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में, 21 जुलाई सोमवार को हायर सेकेण्डरी स्कूल लुभा में एक च्चलित थानाज का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को महत्वपूर्ण कानूनी और सामाजिक विषयों पर जागरूक करना था।




थाना प्रभारी माकड़ी, निरीक्षक विकास बघेल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने स्कूल में उपस्थित सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को भारत सरकार द्वारा लागू किए गए तीन नए आपराधिक कानूनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही, वर्तमान समय की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक, साइबर अपराधों और उनसे खुद को बचाने के तरीकों पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं और बच्चों से संबंधित अपराधों के प्रति भी जागरूकता बढ़ाई। उन्होंने यातायात के नियमों का पालन करने के महत्व पर जोर दिया और नशामुक्ति के तहत नशीली दवाओं के खतरों के बारे में भी सचेत किया। इस च्चलित थानाज के माध्यम से माकड़ी पुलिस का प्रयास है कि युवा पीढ़ी को कानून और समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनाया जा सके और उन्हें अपराधों से दूर रहने के लिए शिक्षित किया जा सके। यह अभियान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री रूपेश कुमार के मार्गदर्शन में लगातार जारी रहा।

# हल्बी भाषा के सुदीर्घ लेखन, संरक्षण, उन्नयन में योगदान के लिए शकुंतला तरार सम्मानित

**रायपुर**, 21 जुलाई 2025/ कुलपति शहीद महेन्द्रकर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव ने ने कहा कि बस्तर संभाग की हल्बी भाषा की साहित्यकार श्रीमती शकुंतला तरार को उनके हल्बी भाषा में सुदीर्घ लेखन, संरक्षण, उन्नयन में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि शकुंतला तरार की हलबी गीत संग्रह शकुंतला चो लेजा गीत बस्तर को जानने समझने के लिए महत्वपूर्ण संग्रह है। इससे हलबी की समृद्धि बढ़ रही है। ज्ञातव्य है कि श्रीमती शकुंतला की अब तक पाँच पुस्तकें हल्बी भाषा में प्रकाशित हो चुकी है, जिसमें एक परंपरागत गीति कथा का प्रकाशन साहित्य अकादमी दिल्ली ने किया है । शहीद महेन्द्रकर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर एवं शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जगदलपुर जिला-बस्तर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित एक दिवसीय कार्यक्रम जगदलपुर के शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ।



कुलपति शहीद महेन्द्रकर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर प्रो. श्रीवास्तव ने छत्तीसगढ़ के राज्यपाल श्री रमन डेका का सन्देश सुनाते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ में जितनी भी भाषा और बोलियाँ हैं, उन सबका संरक्षण किया जाना चाहिए। श्रीमती शकुंतला तरार की पुस्तक हलबी गीत संग्रह शकुंतला चो लेजा गीत के संबंध में कहा कि हलबी बस्तर की संपर्क भाषा है। हलबी में लिखे गीत बस्तर की संस्कृति की विशेषता बताती हैं। हलबी का लोक साहित्य अत्यंत समृद्ध है। लेजा गीत बस्तर में अत्यधिक प्रचलित है। इसमें युवक युवतियों के आपसी संवाद होते हैं। सौ गीतों में इस संग्रह में सांस्कृतिक रूप प्रकट होकर आए हैं। प्राचार्य, शास. काकतीय स्नातकोत्तर महा. जगदलपुर ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम में नारायणपुर के पद्मश्री बैद्यराज हेमचंद मांझी, कांकेर से पद्मश्री अजय मंडावी को भी सम्मानित किया गया। रायपुर से साहित्यकार श्रीमती शकुंतला तरार को उनकी हल्बी की प्रकाशित पुस्तक शकुंतला चो लेजा गीद जिसमें 101 हल्बी लेजा गीत और उसका 101 हिंदी अनुवाद है, के लिए सम्मानित किया गया। शकुंतला ने हिमाचल प्रदेश के शिमला में आज़ादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत होने वाले अंतर्राष्ट्रीय साहित्य महोत्सव में हल्बी और छत्तीसगढ़ी में रचना पाठ किया। साहित्य अकादमी दिल्ली के द्वारा आयोजित 157 भाषाओं के साथ वर्ल्ड रिकार्ड बनाने में हल्बी लेजा गीत का गायन कर बस्तर की इस भाषा को विश्व के समक्ष रख इतिहास बनाया।

# जिला कांग्रेस महामंत्री रितेश पटेल के खिलाफ किये गए टिप्पणी पर कार्रवाई करने की मांग

**कोण्डागांव** 21 जुलाई (देबशन्धु)। जिला कांग्रेस महामंत्री रितेश पटेल के खिलाफ किये गए टिप्पणी के संबंध में विषय मामले में जल्द से जल्द कार्यवाही की मांग को लेकर कमेंट्स का स्क्रीन शॉट एवं शिकायत आवेदन की छायाप्रति को संलग्न करके अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी कोंडागांव बुधराम नेताम के लेटर हेड में एक ज्ञापन पुलिस अधीक्षक जिला कोंडागांव को सौंपा गया है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि रितेश पटेल हमारे कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी संगठन के प्रभारी महामंत्री हैं, जिनके खिलाफ दीपक वैष्णव नामक व्यक्ति ने व्हाट्स एप्प ग्रुप में अनर्गल टिप्पणी की है। जिसके संबंध में रितेश पटेल ने सोशल मीडिया में वायरल हो रहे दीपक वैष्णव द्वारा किये गए कमेंट्स की स्क्रीनशॉट संलग्न करके 19 जुलाई को लिखित शिकायत थाना कोतवाली कोंडागांव में दिया है। चुंकि रितेश पटेल हमारे संगठन के प्रमुख पदाधिकारी हैं, उनके खिलाफ की गयी टिप्पणी से उनकी व्यक्तिगत छवि के साथ साथ पार्टी की बदनामी भी हो रही है, दीपक वैष्णव के द्वारा किये गए कमेंट्स में 700 पेज का प्रमाण पुलिस के पास होना बताया गया है, ऐसे कौन से मामले हैं, जिसमें रितेश पटेल के खिलाफ 700 पेज के प्रमाण हैं, उनको जिला कांग्रेस कमेटी यह जानना चाहती है। साथ ही कमेंट्स में कलेक्टर को भी संज्ञान में लेने की बात लिखी गयी है एवं यह भी लिखा गया है कि च्अब देखने वाली बात होगी कोंडागांव के पुलिस अधीक्षक कहे जाने वाले वाय अक्षय कुमार मसले में क्या बोलते हैज्ज हमें तो यह पता है कि आप ही जिले के पुलिस कप्तान हैं और इस तरह की टिप्पणी हमें अशोभनीय लगी है, कहीं न कहीं उक्त व्यक्ति के द्वारा पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्नचिन्ह लगाया गया है। दीपक वैष्णव द्वारा किए गए कमेंट्स से कांग्रेस पार्टी से जुड़े कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों में काफ़ी रोष है। हम उक्त व्यक्ति के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की मांग करते हैं, ताकि कांग्रेस पार्टी द्वारा इस मामले को लेकर कोई प्रदर्शन करने की जरूरत आन न पड़े। कोंडागांव जिला शांत क्षेत्र है, दीपक वैष्णव जैसे व्यक्ति द्वारा ऐसी टिप्पणी कर शांत क्षेत्र को अशांत करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। जोकि क्षेत्र के लिए एक गंभीर विषय है। उक्त व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही में विलम्ब होने कि स्थिति में पार्टी आंदोलन का रुख अपनाएगी जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी कोंडागांव बुधराम नेताम के साथ पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम, शहर अध्यक्ष तरुण गोलछा, प्रदेश सचिव सकुर खान, कार्यकारी शहर अध्यक्ष नरेन्द्र देवांगन, भारत देवांगन, मंडल अध्यक्ष नंदू दीवान मौजूद रहे।



उल्टा पुल्टा

एक भिखारी रोज-रोज मांग कर खाते-खाते तंग आ गया था। एक दिन उसने भगवान से प्रार्थना की - भगवान, मुझे खाने को ऐसा कुछ दे जो खाने पर भी खत्म न हो !

भगवान बोले- ये ले बेटा च्यूइंग गम !

संपादकीय

## दबावों में न झुकें महिलाएं

*बिलासपुर की कुछ छात्राओं ने जिस तरह के साहस का परिचय दिया है, वह न केवल प्रशंसनीय है वरन अनुकरणीय भी है। इन छात्राओं ने यह बतलाया है कि कैसे दबाव में आये बिना अश्लील व अनैतिक प्रस्तावों को ठुकराया जा सकता है। यहां के सरकंडा क्षेत्र में रहने वाले एक मोटिवेशनल स्पीकर द्वारा अच्छे लाभ का लालच दिखाकर कुछ छात्राओं से राशि का निवेश कराया। जब पैसे वापस देने का वक्त आया तो साहिल गांधी नामक उक्त व्यक्ति ने छात्राओं से शारीरिक सम्बन्ध बनाने का दबाव डाला। एक फाइनेंशियल कम्पनी में कार्य करने वाले साहिल ने 16 जनवरी को यहां के शासकीय कृषि महाविद्यालय में सेमिनार आयोजित किया था। उसने छात्राओं से उनके सम्पर्क नंबर लिये तथा बाद में एक ग्रुप बनाकर सभी से संवाद करने लगा। फिर उसने छात्राओं को अच्छे मुनाफे के नाम पर निवेश कराया। अलग-अलग छात्राओं ने विभिन्न राशियां निवेश भी कीं। 18 हजार रुपये का निवेश करने वाली एक छात्रा ने जब अपने पैसे मांगे तो उसने शारीरिक सम्बन्ध बनाने का दबाव डाला। परेशान छात्रा ने अपनी एक सहपाठी से इसका ज़िक्र किया तो उसने खुद के साथ भी यही व्यवहार होना बतलाया। इसके बाद दोनों ने पुलिस में शिकायत की। मामला दर्ज कर लिया गया है और उम्मीद है कि जल्दी ही उचित कार्रवाई की जायेगी।*

*छात्राओं और महिलाओं को अक्सर इस तरह की परेशानियों से गुजरना पड़ता है। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में विचरण कर रहे, प्रभावशाली पदों पर बैठे या ऐसे लोग जो ज़रूरतमंद महिलाओं का कोई काम करा सकते हैं, उनमें से कई इस तरह के अश्लील प्रस्ताव सामने रखते हैं। कभी नौकरी या प्रमोशन पाने के लिये तो कभी परीक्षाओं में अच्छे अंक प्राप्त करने हेतु या ऐसे ही सैकड़ों कारण होते हैं जिनके लिये छात्राओं या महिलाओं को दबाव के आगे झुकना पड़ता है। जो इन प्रस्तावों को मानने से इंकार करता है उन्हें उसका खामियाजा कभी नौकरी खोकर अथवा अन्य तरह से नुकसान उठाकर झेलना पड़ता है। अपनी मजबूरियों के चलते ये पुरुषों के हाथों शारीरिक शोषण को सहन करती रहती हैं। यह भी देखा गया है कि वे पुलिस के पास लोक-लाज के कारण नहीं जातीं। कई बार तो परिजनों द्वारा भी उन्हें चुप रहने की हिदायत दी जाती है। कई यह भी सुझाव देने से गुरेज़ नहीं करते कि लाभ के लिये कुछ तो त्याग करना ही पड़ता है।*

*भारतीय समाज पुरुषवादी मानसिकता का है जहां सभी महत्वपूर्ण व निर्णायक पदों पर पुरुषों का वर्चस्व है। उन्हीं के पास ऐसे मामलों की शिकायतें जाती हैं और वे ही फैसले भी करते हैं। फिर, अक्सर ऐसे मामले संस्थाओं द्वारा भुला दिये जाने की सलाह तक दी जाती है या उनके पक्ष में निर्णय नहीं होते। इससे भी अन्याय के खिलाफ लड़ने वाली निरुत्साहित होती हैं।*

# कांग्रेस आज करेगी आर्थिक नाकेबंदी

## चेम्बर सहित ट्रांसपोर्ट कारोबारियों ने किया विरोध

**रायपुर**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की गिरफतारी के विरोध में मंगल वार को रायपुर में भी आर्थिक नाकेबंदी की जाएगी। राजधानी में चक्का जाम को सफल बनाने पार्टी ने पूरी ताकत झोक दी है। जिला प्रभारी शिव डहरिया ने प्रदेश कार्य कांग्रेस के पदाधिकारियों युवा कांग्रेस, एनएसयूआई महिला व जिला इकई के नेताओ से चर्चा कर रणनीति के अंतिम रुप दिया दिया है। राजधानी में केवल दो जगहो पर प्रदर्शन व राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम किया जाएगा। इसके लिए वी आई पी चौक, मैग्नेटो माल के पास व धरसीवां के समीप आर्थिक नाकेबंदी को अंजाम देंगे।



दोपहर 12 से 2 बजे तक होने कले इस कार्यक्रम में विधायक, पूर्व विधायक, प्रदेश कांग्रेस ,जिला कांग्रेस सहित सभी मोर्चा प्रकोष्ठ को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने कहा गया है। इन दोनों जगहों पर पार्टी के वरिष्ठ नेता चक्का जाम की अगुवाई करेगे। दुकाने व बजार को बंद नहीं किया जाएगा। इस दौरान दौरान स्कूली बसों व एम्बुलेस को नहीं रोका जाएगा। वहीं दूसरी ओर व्यापारिक संगठनों, ट्रांसपोर्ट कारोबारियों ने इसका विरोध किया है। इन दोनो स्थानो पर चक्काजाम से राष्ट्रीय राजमार्ग पूरी तरह से बाधित होगा ।मार्ग के दोनो और वाहनों की लंबी लंबी कतारें लग जाएगी। इससे रायपुर ,कलरता, व मुंबई मार्ग प्रभावित होगा।

**कई ट्रांसपोर्ट संगठनों ने आर्थिक नाकेबंदी का किया पुरजोर विरोध**

कांग्रेस पार्टी द्वारा 22 जुलाई को छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आर्थिक नाकेबंदी का छत्तीसगढ़ के कई ट्रांसपोर्ट संगठनों ने पुरजोर विरोध किया है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस पार्टी का यह आह्वान राज्य की आर्थिक प्रगति में बाधक और आम लोगों के लिए कष्ट दायक है। इससे न सिर्फ व्यापार, व्यवसाय को नुकसान होता है, बल्कि इससे आम लोगों और श्रमिकों की दिनचर्या प्रभावित होती है। भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन, छत्तीसगढ़ सीमेंट ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन, छत्तीसगढ़ बुल्कर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन और सरगुजा संभागीय मालिक संघ तथा कन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स ने इसका पुरजोर विरोध किया है और कहा है कि इस तरह का कृत्य राज्य और राज्य के लोगों के हितों के विरूद्ध है।

ट्रांसपोर्ट संगठनों का कहना है कि तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्था में ऐसी जबरन बंद की प्रवृत्ति न केवल औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियों को बाधित करती है, बल्कि निवेश के माहौल को भी प्रभावित करती है। इससे उत्पादन, वितरण और सेवाओं की पूरी श्रृंखला पर विपरीत असर पड़ता है। ट्रांसपोर्ट सेक्टर विशेष रूप से ऐसे बंद से बुरी तरह से प्रभावित होता है। वाहनों की आवाजाही रुकने से ड्राइवर, क्लीनर, हेल्पर और ऑफिस स्टाफ जैसे दिहाड़ी श्रमिकों की आजीविका संकट में पड़ जाती है। ये वो मेहनतकश वर्ग है, जो रोज कमाता है और उसी पर उसके परिवार की आजीविका टिकी होती है।

भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन का स्पष्ट मत है कि विरोध या असहमति लोकतांत्रिक व्यवस्था का हिस्सा है, लेकिन उसकी अभिव्यक्ति शांतिपूर्ण एवं रचनात्मक तरीकों से होनी चाहिए। बंद या जबरन व्यवधान से जनजीवन प्रभावित होता है और संवैधानिक मर्यादाएँ भी बाधित होती हैं। छत्तीसगढ़ ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन, सरगुजा संभागीय ट्रक मालिक संघ और कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने इसका विरोध किया है और आर्थिक नाकेबंदी को समर्थन नहीं दिया है। सभी संगठन अपने-अपने स्तर पर इसे अस्वीकार कर चुके हैं। व्यापार और परिवहन आम नागरिकों की आवश्यकताओं से सीधे जुड़े हैं, जिनको बाधित करना समाज और अर्थव्यवस्था दोनों के हित में नहीं है। इन संगठनों के पदाधिकारियों ने सभी व्यापारियों, व्यवसायियों, ट्रांसपोर्टर और सेवा प्रदाताओं से अपने व्यवसाय को सुचारु रूप से संचालित रखने की अपील की है। भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने कहा है कि हम किसी भी ऐसे कदम का विरोध करते हैं जिससे प्रदेश की आर्थिक गति, परिवहन तंत्र और आम लोगों की आजीविका प्रभावित होती हो। छत्तीसगढ़ की प्रगति में हमारा संपूर्ण सहयोग सदैव रहेगा।

## चेम्बर पदाधिकारी नाकेबंदी के मुद्दे पर आपस में भिड़े

कांग्रेस ने मंगलवार को प्रदेश व्यापी आर्थिक नाकेबंदी की घोषणा की है। इस मुद्दे को लेकर चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी आपस में भिड़ गए है। बाकायदा व्हाटसप पर एक दूसरे को चुनौती दे रहे हैं। 22 जुलाई को दोपहर 12 से 2 बजे तक पूरे प्रदेश की प्रमुख सडको पर चक्का जाम किया जाएगा। इससे व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित होगी। लिहाजा मेम्बर के निर्वाचित महामंत्री अजय भसीन ने विडियो जारी किया है। जिसमें उन्होंने कहा है हम चैम्बर आफ कामर्स किसी भी आर्थिक नाकेबंदी का समर्थन नहीं करता। नाकेबंदी का विपरित प्रभाव पड़ता है। सारा कार्य-व्यापार ठप हो जाता है। सबसे अधिक मार रोज कमने खाने वाले श्रमिक वर्ग पर पड़ता है। इसलिए चेम्बर ऐसे किसी भी बंद का समर्थन नहीं करेगा।

महामंत्री के इस विडियो को चेम्बर के एक मनोनित पदाधिकारी के कारोबारियों व पदाधिकारियों से जुड़े ग्रुप में वायरल कर दिया। इसी के बाद विवाद शुरु हो गया। मनोनित कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी वासु जोतवानी ने इसका विरोध किया। इनका कहना है कि चेम्बर में इस तरह के मुद्दे पर कार्यकारिणी की बैठक आहूत की जाती है। जिसमें सामूहिक रूप से फैसला लिया जाता है। कोई एक पदाधिकारी अकेला निर्णय नहीं ले सकता है। जिस तरह से स्टेटमेन आया है इससे यही अंदाजा लगाया जाएगा कि उनके बीच चर्चा हो चुकी है। और यह निर्णय ले चुके है। चैंबर के माध्यम से निर्णय होना चाहिए। कल के दिन कौन जवाब देगा यह स्थिति भी नहीं आनी चाहिए।

**गुटीय विवाद का हिस्सा..**

कांग्रेस ने इस मुद्दे पर चेम्बर से समर्थन नहीं मांगा है। उसके बाद भी महामंत्री द्वारा विडियो जारी करना और मनोनित पदाधिकारियो द्वारा इसका विरोध क्यों किया जा रहा है। क्या यह चेम्वर में चले चल रहे गुरीय विवाद का हिस्सा है। इन दिनों मनोनीत बाखकरी वहीं दूसरी ओर अध्यक्ष सहित सारे निर्वाचित पदाधिकारी इस मुद्दे पर मौन है।

# सेंध-झांझ जलाशय में अनियमितता पर प्राधिकरण सख्त

**रायपुर**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। नया रायपुर के दो बड़े जलाशय सेंध और झांझ में नियमों की अनदेखी कर किए गए करोड़ों रुपये के विकास कार्यों को लेकर अब मामला गंभीर हो गया है। छत्तीसगढ़ राज्य वेटलैंड अथॉरिटी ने रायपुर कलेक्टर को आदेश दिए हैं कि वे पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986 की धारा 19 के तहत सक्षम न्यायालय में शिकायत दर्ज करें।



वेटलैंड प्राधिकरण ने डॉ. राकेश गुप्ता के पत्र का हवाला देते हुए कहा, इन जलाशयों में वेटलैंड नियमों की अनदेखी करते हुए पाथवे, चौपाटी और अन्य निर्माण कार्य कराए गए हैं, जो पूरी तरह से प्रतिबंधित है। वेटलैंड रूल्स के अनुसार, ऐसे कार्य जलाशयों के प्राकृतिक स्वरूप को नुकसान पहुंचाते हैं और यह दंडनीय अपराध की श्रेणी में आते हैं। पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम के प्रावधानों के तहत 5 वर्ष की सजा या एक लाख का फाइन या दोनों का प्रावधान है।

**झांझ जलाशय में क्या पाया गया ?**

जुलाई 2023 में जांच के दौरान सामने आया कि यहां 13.69 करोड़ रुपये की लागत से पाथवे, रिटेनिंग वॉल, वृक्षारोपण और जल निकासी के लिए पुलिया जैसे निर्माण कार्य कराए जा रहे थे। जांच दल ने सभी कार्य रुकवाए। रिपोर्ट में बताया गया कि इस तरह के निर्माण से जलाशय की जल धारण क्षमता और जल क्षेत्रफल में कमी आएगी, जिससे जीव-जंतुओं और आसपास के पर्यावरण पर असर पड़ेगा।

**सेंध जलाशय की स्थिति**

इसी तरह सेंध जलाशय में 41.79 करोड़ के निर्माण कार्य ङ्क पाथवे, शॉप, पार्किंग शेड आदि कराए जा रहे थे। जांच में पता चला कि इन कार्यों से जलाशय का वेटलैंड क्षेत्र प्रभावित हो रहा है और यह गैर-वेटलैंड क्षेत्र में बदल रहा है। इतना ही नहीं, एक नजदीकी अस्पताल के सामने जल आवक और निकासी का रास्ता भी बाधित हो रहा है, जिससे भविष्य में बाढ़ जैसी स्थिति बन सकती है।

**एनआरडीए ने जांच के बाद भी जारी रखा काम**

डॉ. राकेश गुप्ता ने चर्चा में बताया कि जांच दल ने जुलाई 2023 में सभी कार्यों को रुकवा दिया था। इसके बावजूद मार्च 2024 में नया रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण ने 15.34 करोड़ के नए कार्यों का आदेश जारी कर दिया। डॉ. राकेश गुप्ता का आरोप है कि जांच दल ने जुलाई 2023 में जांच रिपोर्ट कलेक्टर को दे दी थी, जिसे दबा कर रखा गया और मई 2025 में वेटलैंड प्राधिकरण को सौंपा गया। कलेक्टर ने दोषियों को बचाने के लिए जांच रिपोर्ट दबाकर रखी थी।

**रायपुर के अन्य तालाबों की रिपोर्ट पर सवाल**

डॉ. गुप्ता ने यह भी बताया कि मई 2023 में वेटलैंड प्राधिकरण ने रायपुर के सभी प्रमुख तालाबों की जांच का आदेश दिया था, लेकिन सिर्फ करबला तालाब की जांच हुई। जांच रिपोर्ट भी अभी तक वेटलैंड प्राधिकरण को नहीं दी गई है। बूढा तालाब, महाराजबंद, तेलीबांधा तालाब और अन्य तालाबों की जांच कलेक्टर द्वारा जान बूझ कर दोषियों को बचाने के लिए नहीं की जा रही है। अगर ईमानदारी से जांच की जाए तो कई निगम आयुक्त और जोन कमिश्नर मुसीबत में आ जाएंगे और कोर्ट कचहरी के चक्कर लगाएंगे।

**सुप्रीम कोर्ट भी रख रहा नजर**

वेटलैंड प्राधिकरण ने चेतावनी दी है कि वेटलैंड नियमों के उल्लंघन पर सुप्रीम कोर्ट खुद नजर बनाए हुए है। ऐसे में राज्य सरकार को सतर्कता से कदम उठाने होंगे ।डॉ. गुप्ता ने बताया कि उन्होंने राजनीति से हटकर सामाजिक जिम्मेदारी के तहत वेटलैंड संरक्षण के लिए काम किया है। जून 2025 में रायपुर में राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया और वेटलैंड मित्र बनने का आह्वान किया। उनका कहना है कि सभी जलाशयों को उनकी प्राकृतिक अवस्था में वापस लाया जाना चाहिए।

## मंत्रालय में प्रवेश के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों का बनेगा आईडी कार्ड

**रायपुर**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। मंत्रालय में प्रवेश के लिए अब अधिकारियों, कर्मचारियों का क्यू आर और होलोग्राम युक्त परिचय पत्र, सह प्रवेश पत्र बनाया जाएगा. मंत्रालय में प्रवेश करते समय एवं कार्यालयीन समय में परिचय-पत्र पहनना अनिवार्य होगा। इसका आदेश सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया




पे-मेट्रिक्स लेवल के आधार पर परिचय पत्र के फीते का रंग तय किया जाएगा। मंत्रालय में पदस्थ शासकीय सेवकों के कार्ड का फीता पीले रंग का होगा। मंत्रालय से अन्यत्र पदस्थ शासकीय सेवकों के कार्ड का फीता नीला कलर का होगा। गैर शासकीय सेवकों के कार्ड के फीते का रंग सफेद होगा। परिचय पत्र को लेकर शासन के सभी विभाग, अध्यक्ष राजस्व मंडल बिलासपुर, सभी विभागाध्यक्ष, संभागीय आयुक्त, सभी कलेक्टरों को आदेश जारी किया गया है।

## रेलवे स्टेशन-बस स्टैंड में 1985 किलो पनीर और एनालॉग चीज जब्त



**रायपुर**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में आज खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। राज्य शासन के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की दो अलग-अलग टीमों ने रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड परिसर में छापेमारी कर कुल 1985 किलोग्राम पनीर एवं एनालॉग चीज जब्त किया। बरामद माल की कुल कीमत लगभग 4.33 लाख रुपये आंकी गई है।

**रेलवे स्टेशन पर 1535 किलोग्राम पनीर जब्त**-खाद्य सुरक्षा अधिकारी सिद्धार्थ पांडे, एहसान तिग्गा और सतीश राज की संयुक्त टीम ने रायपुर रेलवे स्टेशन पर कार्रवाई करते हुए लगभग 1535 किलोग्राम पनीर का स्टॉक बरामद किया। पूछताछ के बाद श्री डेयरी एंड स्वीट्स, बोरिया खुर्द, रायपुर के प्रोपराइटर सौरभ शर्मा उपस्थित हुए। इनके माध्यम से एहसान तिग्गा द्वारा लूज़ पनीर, सिद्धार्थ पांडे द्वारा पैक्ड फ्रेश मिल्क मैजिक मलाई पनीर एवं सतीश राज द्वारा पैक्ड सुधा अमृत पनीर का विधिक नमूना संग्रहित किया गया। उपरोक्त 1535 किलोग्राम पनीर, जिसका बाजार मूल्य लगभग 3,34,552 है, उसे प्रोपराइटर सौरभ शर्मा की अभिरक्षा में श्री डेयरी एंड स्वीट्स के परिसर में रखकर नियमानुसार सील (सीज) किया गया।

**बस स्टैंड पर 450 किलोग्राम एनालॉग चीज़ जब्त**-वहीं दूसरी टीम ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी साधना चंद्राकर, रोशनी राजपूत और संतोष कुमार ध्रुव के नेतृत्व में रायपुर बस स्टैंड पर छापेमारी कर लगभग 450 किलोग्राम खाद्य पदार्थ जब्त किया। इस कार्रवाई में पूछताछ के दौरान गोपी डेयरी एंड स्वीट्स, बोरिया खुर्द रायपुर के प्रोप्राइटर गोपी चंद चावला उपस्थित हुए। इनके माध्यम से साधना चंद्राकर द्वारा एनालॉग चीज़, श्री बालाजी इंटरप्राइजेज (मालिक आशीष जायसवाल) से रोशनी राजपूत द्वारा एनालॉग चीज़ एवं मदन डेयरी (प्रोप्राइटर मदन कुमार अग्रवाल) से संतोष कुमार ध्रुव द्वारा एनालॉग चीज़ का विधिक नमूना संग्रहित किया गया। उपरोक्त 450 किलोग्राम एनालॉग चीज़, जिसका बाजार मूल्य लगभग 99 हजार रुपये है, उसे प्रोप्राइटर्स की अभिरक्षा में क्रमशः गोपी डेयरी एंड स्वीट्स, श्री बालाजी इंटरप्राइजेज एवं मदन डेयरी के परिसरों में रखकर नियमानुसार सील किया गया।

## विस की प्राक्कलन समिति ने स्मार्ट सिटी तक्षशिला लाईब्रेरी का किया निरीक्षण

**रायपुर**, 21 जुलाई (देशबन्धु) ।छत्तीसगढ़ विधान सभा की प्राक्कलन समिति की बैठक आज सभापति अजय चन्द्राकर के सभापतित्व में हुई ।बैठक में भईया लाल राजवाड़े, राजेश मूणत, श्रीमती रायमुनी भगत, भोलाराम साहू, विधान सभा के सचिव दिनेश शर्मा, सचिव नगरीय प्रशासन बसवराजू ,आयुक्त नगर निगम, रायपुर, श्री विश्वदीप एवं शासन के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे ।बैठक में रायपुर स्मार्ट सिटी का स्थल निरीक्षण करने का निर्णय लिया गया।



# कलयुग के परम भक्त नरसी को भगवान कृष्ण ने दिए कई बार दर्शनः शंभू शरण





**रायपुर,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। समता कॉलोनी स्थित मैक कॉलेज के ऑडिटोरियम में में दो दिवसीय कथा नानी बाई का मायरा की शुरुआत हुई। अंतर्राष्ट्रीय संत शंभू शरण लाटा जी के द्वारा नानी बाई का मायरा की कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हुए थे। इस अवसर पर कथा व्यास की गद्दी से संत श्री शंभू शरण लाटा जी ने कहा कि नानी बाई का मायरा भगवान और भक्त के बीच अटूट श्रद्धा पर आधारित कलयुग की ही प्रेरणादायी कथा है। जहां कथा के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण ने अपने परम भक्त नरसी को कई बार दर्शन दिए। नानी बाई के मायरा में भक्त के भक्ति का गुणगान किया जाता है। भगवान को यदि सच्चे मन से याद किया जाए तो वे अपने भक्तों की रक्षा करने स्वयं आते हैं। संत श्री लाटा ने कथा का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि नानी बाई का मायरा की शुरूआत नरसी भगत के जीवन से हुई। नरसी भगत जन्म से गूंगे और बहरे भी थे वो अपनी दादी के पास रहते थे। उनका एक भाई-भाभी भी थे। भाभी का स्वभाव कड़क था। एक संत की कृपा से नरसी की आवाज आ गई तथा उनका बहरापन भी ठीक हो गया। नरसी के माता-पिता गांव की एक महामारी का शिकार हो गए। नरसी का विवाह हुआ लेकिन कम उम्र में ही उनकी पत्नी भगवान को प्यारी हो गई। नरसी जी का दूसरा विवाह कराया गया। समय बीतने पर नरसी की लड़की नानीबाई का विवाह हुआ। इधर नरसी की भाभी ने उन्हें घर से निकाल दिया। नरसी श्रीकृष्ण के अटूट भक्त थे। वे भगवान श्री कृष्ण की भक्ति में लग गए। उधर नानीबाई ने पुत्री को जन्म दिया और पुत्री विवाह लायक हो गई ,किंतु नरसी को कोई खबर नहीं थी। लड़की के विवाह पर ननिहाल की तरफ से भात भरने की रस्म के चलते नरसी को सूचित किया गया। नरसी के पास देने को कुछ नहीं था। उसने भाई-बंधु से मदद की गुहार लगाई किंतु मदद तो दूर कोई भी चलने तक को तैयार नहीं हुआ। अंत में टूटी-फूटी गाड़ी लेकर नरसी खुद ही लड़की के ससुराल के लिए निकल पड़े। नरसी भगवान को याद करके रोते थे भगवान को अपने मन से कहते थे कि मैंने हर समय तुम्हें याद किया लेकिन मेरे संकट के समय कोई नहीं आ रहे हैं, भक्त की पुकार सुनकर और नानी बाई को बहन मानकर भगवान कृष्ण नानी बाई के घर पहुंच कर उनका भाई बनकर उनके यहा मायरा भरने का काम किया । इससे साफ है कि भगवान को भक्तों की कितनी चिंता रहती है ।जिन भक्तो के मन में कपट नहीं छल नहीं ऐसे भक्तों के लिए भगवान भी दौड़े चले आते हैं यह कोई सतयुग और त्रेता युग की कहानी नहीं थी इसी कलयुग की सच्ची कहानी है। श्री राम कथा प्रचार समिति के कर्तव्य अग्रवाल ने बताया कि महाराज श्री ने नानी बाई का मायरा यह कहानी कलयुग की ही है, और इस कहानी से हमें सीख मिलती है कि सच्चे भक्तों पर भगवान की असीम कृपा कैसे होती है। वही इस कहानी से हमें यह भी सीख मिली कि मनुष्य जीवन अनमोल है हमे इस जीवन के सदुपयोग करने की बात कही एवं भगवान का भजन करने से जीवन का कल्याण होने की बात बताई। नानी बाई का मायरा के प्रसंग में प्रमुख रूप से सौरभ घनश्याम अग्रवाल, अरुण अग्रवाल महेश अग्रवाल (चांपा) अजय अग्रवाल (रतनगढ़) अशोक अग्रवाल (प्राइम) समर्थ बाबूलाल अग्रवाल के साथ भारी संख्या में भक्तों की मौजूदगी रही।

# वैक्सीन प्रिवेंशन डिजीज के लिए कार्य शाला आयोजित



रायपुर, 21 जुलाई (देशबन्धु)। सीएमएचओ सभाकक्ष में आज कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के निर्देशानुसार सर्विलेंस मेडिकल ऑफिसर , डब्लू.एच.ओ रायपुर डॉ. नितीन पाटिल के द्वारा एक दिवसीय VPD सर्विलेंस कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में खंड/शहरी चिकित्सा अधिकारी, शहरी/विकासखंड नोडल अधिकारी, बीपीएम, सी पी एम, बीईटीओ, सुपर वाइजर एवं जिला कार्यालय से जिला सांख्यिकी अधिकारी श्री दिलीप बंजारे जी उपस्थित रहें। वैक्सीन प्रिवेंशन डिजीज अंतर्गत स्स्ल्ह के द्वारा, मिजिल्स रुबेला सर्विलेंस,स्नक्क गलघोंटू कुकुर खांसी, काली खासी, नवजात टेटनस, धनुषटंकार इत्यादि बीमारियों पर विस्तार से चर्चा की गई एवं सर्विलेंस के महत्व को समझाया गया। साथ ही टीकाकरण के बाद होने वाली प्रतिकूल प्रभाव के बारे में जानकारी देते हुए एनाफिलेक्सिस और इसके किट के बारे में समझाया गया। वर्क शाप में प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने प्री एवं पोस्ट पेपर को हल किया। इस प्रशिक्षण को प्राप्त करने के उपरांत उपरोक्त सभी डिजीज के लिए सर्विलेंस में तेजी आएगी। टीकाकरण कार्यकम की विगत 3 माह की उपलब्धि की समीक्षा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथलेश चौधरी द्वारा की गई गया। सभी विकासखंड के बीएमओ को आनुपातिक लक्ष्य के अनुरूप आगामी महीनों में शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने हेतु सीएमएचओ डॉ चौधरी जी द्वारा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ श्वेता सोनवानी सहित संबंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हल्बी भाषा के सुदीर्घ लेखन, संरक्षण, उन्नयन में योगदान के लिए शकुंतला तरार सम्मानित



**रायपुर,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। कुलपति शहीद महेन्द्रकर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव ने ने कहा कि बस्तर संभाग की हल्बी भाषा की साहित्यकार श्रीमती शकुंतला तरार को उनके हल्बी भाषा में सुदीर्घ लेखन, संरक्षण, उन्नयन में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि शकुंतला तरार की हलबी गीत संग्रह शकुंतला चो लेजा गीत बस्तर को जानने समझने के लिए महत्वपूर्ण संग्रह है। इससे हलबी की समृद्धि बढ़ रही है। ज्ञातव्य है कि श्रीमती शकुंतला की अब तक पाँच पुस्तकें हल्बी भाषा में प्रकाशित हो चुकी है, जिसमें एक परंपरागत गीति कथा का प्रकाशन साहित्य अकादमी दिल्ली ने किया है ।शहीद महेन्द्रकर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर एवं शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जगदलपुर जिला-बस्तर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित एक दिवसीय कार्यक्रम जगदलपुर के शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ।

कुलपति शहीद महेन्द्रकर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर प्रो. श्रीवास्तव ने छत्तीसगढ़ के राज्यपाल श्री रमन डेका का सन्देश सुनाते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ में जितनी भी भाषा और बोलियाँ हैं, उन सबका संरक्षण किया जाना चाहिए। श्रीमती शकुंतला तरार की पुस्तक हलबी गीत संग्रह शकुंतला चो लेजा गीत के संबंध में कहा कि हलबी बस्तर की संपर्क भाषा है। हलबी में लिखे गीत बस्तर की संस्कृति की विशेषता बताती हैं। हलबी का लोक साहित्य अत्यंत समृद्ध है। लेजा गीत बस्तर में अत्यधिक प्रचलित है। इसमें युवक युवतियों के आपसी संवाद होते हैं। सौ गीतों में इस संग्रह में सांस्कृतिक रूप प्रकट होकर आए हैं। प्राचार्य, शास. काकतीय स्नातकोत्तर महा. जगदलपुर ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम में नारायणपुर के पद्मश्री बैद्यराज हेमचंद मांझी, कांकेर से पद्मश्री अजय मंडावी को भी सम्मानित किया गया। रायपुर से साहित्यकार श्रीमती शकुंतला तरार को उनकी हल्बी की प्रकाशित पुस्तक शकुंतला चो लेजा गीद जिसमें 101 हल्बी लेजा गीत और उसका 101 हिंदी अनुवाद है, के लिए सम्मानित किया गया। शकुंतला ने हिमाचल प्रदेश के शिमला में आज़ादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत होने वाले अंतर्राष्ट्रीय साहित्य महोत्सव में हल्बी और छत्तीसगढ़ी में रचना पाठ किया। साहित्य अकादमी दिल्ली के द्वारा आयोजित 157 भाषाओं के साथ वर्ल्ड रिकार्ड बनाने में हल्बी लेजा गीत का गायन कर बस्तर की इस भाषा को विश्व के समक्ष रख इतिहास बनाया।

# सड़कों पर पंडाल और स्वागत द्वार पर हाईकोर्ट में सुनवाई

**◆ कोर्ट ने कहा- अनुमति लेने की गाइडलाइंस लागू रहेगी**



**रायपुर,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में सड़कों पर त्योहारी सीजन में बिना अनुमति के पंडाल और स्वागत द्वार लगाकर सड़क जाम करने की याचिका पर सोमवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। शासन की तरफ से कोर्ट से अतिरिक्त समय मांगा गया है।शासन की ओर से कहा गया कि नई गाइडलाइंस कई विभागों के सहयोग से बनाई जा रही है, जिसमें कुछ समय लगेगा।

कोर्ट ने आदेशित किया कि जब तक नई गाइडलाइंस नहीं आ जाती तब तक वर्तमान में अनुमति लेने की गाइडलाइन्स लागू रहेगी। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति बिभु दत्ता गुरु की बेंच में यह सुनवाई हुई है।

छत्तीसगढ़ शासन गृह विभाग द्वारा 22 अप्रैल 2022 को जारी किए गए आदेश के मुताबिक विभिन्न संस्थाओं संगठनों के लिए यह अनिवार्य किया गया है कि आयोजन के पूर्व जिला प्रशासन की पूर्व अनुमति अनिवार्य रूप से प्राप्त करें। जिससे आम नागरिकों के आवागमन, बाजार व्यवस्था एवं सुरक्षा के उपाय करने तथा सुचारू रूप से प्रशासनिक व्यवस्था बनाई जा सके । आदेश में निजी, सार्वजनिक, धार्मिक, राजनीतिक अन्य संगठन अथवा संस्थाओं के द्वारा विभिन्न आयोजन, यथा धरना, जुलूस, रैली, प्रदर्शन, भूख हड़ताल, सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक आदि आयोजन जिसमें भीड़ आती हो उसके लिए कलेक्टर की अनुमति अनिवार्य है। जिसके तहत निर्धारित प्रारूप में आवेदन कर घोषणा पत्र देना होगा।

याचिकाकर्ता रायपुर निवासी नितिन सिंघवी ने चर्चा में बताया की रायपुर शहर में वर्ष 2022, 2023, 2024 में गणेश और दुर्गा त्यौहार में लगे पंडालों के लिए ना तो कलेक्टर कार्यालय से अनुमति ली गई ना ही नगर पालिक निगम से। दोनों ही कार्यालयों ने उन्हें लिखित में बताया है कि इन तीनों वर्षों में गणेश पंडाल और दुर्गा पंडाल के लिए उनके द्वारा कोई भी अनुमति नहीं दी गई। त्योहारी सीजन के दौरान पूरे शहर में अव्यवस्था फैली रहती है। रायपुर की सकरी सडकों में, जहां पार्किंग की भी जगह नहीं मिलती, सड़क जाम कर, बिना अनुमति के विभिन्न आयोजन करे जाते हैं, जिससे आम नागरिकों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। इसको लेकर उन्होंने माननीय न्यायालय के समक्ष याचिका दायर की है।

# प्राथमिक उपचार की दी गई तकनीकी जानकारी




**रायपुर,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। रायपुर जिला प्रशासन द्वारा जीवन रक्षक उपायों के प्रति जागरूकता और तत्परता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रोजेक्ट सुरक्षा के अंतर्गत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में में आज 'प्रोजेक्ट सुरक्षा' के अंतर्गत राजस्व विभाग सहित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्राथमिक उपचार और ष्ट्क्क्रका जीवनरक्षक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रट परिसर स्थित मल्टीलेवल पार्किंग के बीपीओ कॉल सेंटर परिसर में किया गया। प्रशिक्षण का संचालन रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा रायपुर के मास्टर ट्रेनर श्री बालमुकुंद दुबे ने किया। प्रशिक्षण के दौरान राजस्व विभाग के आर.आई, सहित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आपातकालीन स्थिति में जीवन रक्षण हेतु सीपीआर तकनीक की जानकारी दी गई। श्री दुबे ने बताया कि हृदय गति रुकने की स्थिति में कैसे समय रहते सीपीआर देकर किसी की जान बचाई जा सकती है। प्रशिक्षुओं ने तकनीक को न केवल ध्यानपूर्वक सीखा बल्कि उसका प्रायोगिक अभ्यास भी किया। प्रशिक्षण के पश्चात सभी प्रतिभागियों को प्रोजेक्ट सुरक्षा फर्स्ट एड किटज् प्रदान की गई तथा उपयोग की जानकारी दी गई। जिसमें पैरासिटामोल, गैस की गोली, नॉरफ्लॉक्स-र्ज़्ं, कॉटन, बैंडेज, एडेसिव, बेटाडीन मलहम, सीपीआर जैसे आवश्यक औषधीय सामग्री शामिल है।

# शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारियों को दिया जा रहा डिजिटल प्रशिक्षण

**रायपुर,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। प्रोजेक्ट दक्ष- हम होंगे स्मार्ट अब एक नई दिशा और पहचान बना रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशा अनुरूप और कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में इस परियोजना के माध्यम से जिले के शासकीय अधिकारी और कर्मचारी डिजिटल सशक्तिकरण की ओर कदम बढ़ा रहे हैं।



इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाकर प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, गति और प्रभावशीलता लाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कर्मचारियों को कंप्यूटर और मोबाइल के मूल उपयोग, साइबर सुरक्षा, डेटा गोपनीयता, डिजिटल डॉक्यूमेंट मैनेजमेंट, ईमेल और एमएस ऑफिस जैसे उपयोगी टूल्स की व्यावहारिक जानकारी दी जा रही है। मास्टर ट्रेनर्स की मदद से यह प्रशिक्षण चरणबद्ध तरीके से कलेक्टोरेट स्थित बीपीओ सेंटर मल्टीलेवल पार्किंग में संचालित किया जा रहा है। प्रतिदिन दो पाली में 25-25 बैच में प्रशिक्षण दिया रहा है। जिसमें ऑन-हैंड प्रैक्टिकल सेशन शामिल हैं। प्रशिक्षण के अंत में प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया जाएगा और सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया जाएगा।

# जीवन में उच्च आकांक्षा होनी चाहिए महत्वाकांक्षा नहीं : मनीष सागर



**रायपुर,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में चातुर्मासिक प्रवचनमाला में सोमवार को परम पूज्य उपाध्याय प्रवर युवा मनीषी सागरजी महाराज ने कहा कि उच्च आकांक्षा होनी चाहिए, लेकिन महत्वाकांक्षा नहीं होनी चाहिए। मैं ऊपर उठू, मेरा जीवन ऊपर उठे, मैं गुणों से ऊपर उठ जाऊं, मैं अपनी पवित्रता एवं सद्गुणों में ऊपर उठ जाऊं, यह भावना तो सभी की होनी चाहिए। मैं महत्वपूर्ण बन जाऊं, मुझे महत्व मिले, मेरा नाम हो, मेरी प्रसिद्धि हो, मेरी पहचान हो ऐसी महत्वाकांक्षा नहीं होनी चाहिए। अपने भीतर क्या है, यह अपने को टटोलना है। कहीं उच्च आकांक्षा की आड़ में महत्वाकांक्षा तो नहीं है, क्योंकि महत्वाकांक्षा बहुत खतरनाक चीज है। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि आत्मा ही हमेशा आनंद में रहती है। हमें मूल स्वरूप को पहचानना है। यह परमात्मा का ही स्वरुप है और यही हमारा ही स्वरूप है।आप आसक्ति और व्यसनों की दुनिया में भटकाव में रहते हो। अर्थ और भोग में फंसे हो। यह जिन शासन नायाब हीरा आपको मिला है। जिन शासन को पाने के बाद आपको अनंतकाल में अपने अस्तित्व की पहचान करने वाला नहीं मिलेगा। इस सच्चे यथार्थ अस्तित्व की पहचान आपको होनी चाहिए। आत्मा की अनंत शक्ति को पहचानना चाहिए। यह अजर, अमर, अविनाशी है। यह ज्ञान, दर्शन, चारित्र्य का अनंत गुना का पिंड है। यह आत्मा भले हमारी बीज रूप है लेकिन यही आगे विशाल वृक्ष बनने की संभावना रखती है।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि जो नश्वर है उसे अपना मानोगे तो मुंह की खाओगे। आत्मा में जो लेवल बढ़ा वह आपका लेवल है। पूरा शरीर जीव नहीं है, केवल आत्मा ही मुख्य है। सभी वैसे हैं जैसे परमात्मा हैं लेकिन सब भ्रम में है। केवल कर्मों की कालिख के कारण ही संसार में हो। आपके कर्मों के कारण ही ना जाने कितने शरीर मिले हैं। हमें हमारे अंदर के जीव को ढूंढना है। ऊपर जो भी है वह जड़ है और भीतर जो आत्मा बस वही वह चेतन है।

# टीम प्रहरी ने 20 अवैध ठेलों को हटाया



**रायपुर,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री विश्वदीप, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर लाल उम्मेद सिंह के निर्देशानुसार चलाये जा रहे टीम प्रहरी अभियान के अंतर्गत आज रायपुर नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 3 क्षेत्र के अंतर्गत नगर निगम मुख्यालय की नगर निवेश उड़न दस्ता की टीम द्वारा जोन 3 नगर निवेश विभाग की टीम के साथ मौलीमाता बाजार तेलीबांधा के मार्ग में अभियान चलाकर सडक पर व्यवसाय कर रहे एवं यातायात बाधित कर रहे अवैध ठेलो पर कार्यवाही की गई है।

जोन 3 कमिश्नर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता सुशील मोडेस्टस, सहायक अभियंता नरेश साहू, उपअभियता अक्षय भारद्वाज की उपस्थिति में जोन 3 नगर निवेश की टीम ने निगम मुख्यालय उडनदस्ता सहित मौली माता बाजार तेलीबांधा गेट के पास मुख्य मार्ग के कब्जाधारी लगभग 20 ठेलो को सडक से हटाकर खदेडने की कार्यवाही की एवं लगभग 10 अवैध ठेलो को व्यवस्था सुधार हेतु कडाई करते हुए सडक से जप्त कर लिया गया। इससे यातायात बाधा दूर हुई एवं नागरिको को सुगम आवागमन सुव्यवस्थित तरीके से मुख्य बाजार सडक मार्ग पर तेलीबाधा में उपलब्ध हुआ। नगर निगम जोन 3 द्वारा मुख्य बाजार मार्ग मौली माता बाजार तेलीबांधा में सड़क पर बैठकर व्यवसाय कर रहे सब्जी व्यवसायियों को पानी टकी के पास के बाजार में निर्मित चबूतरे में व्यवस्थापित करने की शीघ्र कार्यवाही करने की तैयारी की जा रही है। 10 से अधिक सब्जी व्यवसायियों को सडक से बाजार में व्यवस्थित रूप से चबूतरे पर व्यवस्थापित करने की शीघ्र तैयारी है। जिससे सडक यातायात बाधा दूर होगी एवं व्यवसायियों को बाजार में व्यवस्थित स्थान स्वास्थ्यवर्धक वातावरण में मिलेगा एवं नागरिको को भी बाजार में व्यवस्थित रूप से सब्जी खरीदने का लाभ प्राप्त हो सकेगा। टीम प्रहरी अभियान आगे भी जनहित में जनसुविधा हेतु मुख्य मार्गों एवं बाजार क्षेत्रों को राजधानी शहर रायपुर में सुगम और सुव्यवस्थित बनाने जारी रहेगा।

# तंबाकू उत्पाद नियम कोटपा का उल्लंघन करने वालों पर हुई कार्रवाई



**बिलाईगढ़,** 21 जुलाई(देशबंधु)। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर महोदय डॉ संजय कनोंजे के निर्देश और सीएमएचओ डॉ एफ आर निराला के मार्गदर्शन में कोटपा अधिनियम 2003 के तहत कार्यवाही किया गया। इस कार्य में पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के सहयोग से पुलिस बल का सहयोग किया गया। प्रवर्तन दल के द्वारा सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में संचालितपान ठेलो और शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में छापा मारकर चालानी कार्यवाही किया गया। कोटपा अधिनियम 2003 के नियमों के उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों पर भी जुर्माना किया गया गया। तंबाकू उत्पाद से संबंधित विज्ञापनों को ग्रामों व शहरों से हटवाया गया। 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों के द्वारा क्रय-विक्रय सहित उपभोग करने पर सख्ती से कार्यवाही किया गया। इसी प्रकार थोक विक्रेताओं को नियम अनुसार विक्रय करने और किसी व्यक्ति या संस्था द्वारा कोटपा अधिनियम का उल्लंघन कर रहे उन पर भी कार्यवाही करने के निर्देश दिया जा रहा है। प्रवर्तन दल के द्वारा सारंगढ़ ब्लॉक में धारा 4, धारा 6 ए और 6 बी के तहत कुल 28 चालान, चालान राशि रुपए 6100 ब्लॉक बरमकेला में कुल 9 चालान चालान राशि रुपए 1800 का चालान जमा करवाया गया।

## निधन

### श्रीमती अमरजीत कौर



**रायपुर,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गेंदु की माता श्रीमती अमरजीत कौर जी उम्र 76 पति स्व महेंद्र सिंह गेदूजी का आज इलाज के दोरान हैदराबाद के हॉस्पिटल में निधन हो गया। वो 8-10 दिनों से हैदराबाद में भर्ती थी ।आप मंजीत सिंह गेदू मलकीत सिंह गेदू हरदीप सिंह गेदू की माता थी ।उनकी अंतिम यात्रा कल 22 जुलाई मंगलवार को उनके निजनिवास शांतिनगर से मुक्तिधाम के लिए शाम 4बजे निकलेगी।

# स्वच्छता अभियान औपचारिकता ना बनें : महापौर



**पहली दूसरी रैंकिंग हेतु अतिरिक्त प्रयास किया जाना था, किंतु वह हो नहीं पाया, इसके लिए समीक्षा की जायेगी**

**रायपुर,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। आज नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने निगम मुख्यालय के महापौर कार्यालयीन कक्ष में नगर निगम स्वास्थ्य विभाग के कामकाज की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने मिलियन प्लस सिटीज की श्रेणी में 11996 अंको सहित रायपुर शहर को देश में चौथी रैंकिंग स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में मिलने एवं रायपुर शहर के छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम 7 स्टार शहर बनने पर अधिकारियों को निर्देशित किया कि रायपुर शहर को देश में प्रथम द्वितीय रैंकिंग दिलवाने लगातार प्रयास करना है। स्वच्छता अभियान कुछ दिन की औपचारिकता कदापि नहीं बननी चाहिए। वर्ष भर स्वच्छता के कार्य एवं गतिविधियां शहर में आमजनो के मध्य संचालित होनी चाहिए। यह सुनिश्चित कर लिया जाये। सफाई को रायपुर में श्रेष्ठ बनाने के कार्य में कोई समझौता नहीं किया जायेगा। सफाई के कार्य में कोई बहानेबाजी नहीं चलेगी।

महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने कहा कि रायपुर शहर को राष्ट्रीय स्वच्छ रैंकिंग में पहला, दूसरा स्थान अर्जित करने अतिरिक्त प्रयास निरंतर करना था, किंतु ऐसा नहीं हो पाया। इसकी समीक्षा की जायेगी एवं राष्ट्रीय स्वच्छ सर्वेक्षण में रायपुर के लिए पहले दूसरे स्थान की रैंकिंग दिलवाने लक्ष्य बनाकर कार्य शहर में किया जायेगा।

महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने ने रायपुर शहर को राष्ट्रीय स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में देश में चौथी रैंकिंग मिलने का पहला श्रेय रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में कार्यरत स्वच्छता दीदीयों और सफाई मित्रों को दिया एवं फील्ड में उनके द्वारा लगातार की गयी मेहनत और प्रयासों को सराहा। महापौर मीनल चौबे ने कहा कि इस हेतु रायपुर नगर निगम स्वच्छता दीदियों और सफाई मित्रों का शीघ्र सम्मान करेगा। महापौर ने कहा कि इस वर्ष 2024-25 में रायपुर को मिली स्वच्छ रैंकिंग की समीक्षा कर रायपुर शहर के लिए आगे और अधिक बेहतर और श्रेष्ठ परिणाम लाने हर संभव आवश्यक उपाय प्राथमिकता से किये जायेंगे।

महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे मुख्यालय से सभी जोनो में जाकर प्रत्येक 15 दिनो में स्वच्छता संबंधी कार्यो की आवश्यक समीक्षा कर कार्य करवाये। निगम मुख्यालय और जोन स्तर के अधिकारी व कर्मचारीगण शहर में वर्ष भर स्वच्छता की गतिविधियां एवं कार्य नागरिको के मध्य करें इस हेतु उन्हें निर्देश दिये जा रहे है। ताकि स्वच्छता की गतिविधियां कुछ दिनो की सीमित अवधि का अभियान और गतिविधि ना रह जाये। बल्कि स्वच्छता के कार्य करके गतिविधियां वर्ष भर चलाने की नागरिको के मध्य आवश्यकता है ताकि सभी स्वच्छता के प्रति जागरूक हो और रायपुर शहर को राष्ट्रीय स्वच्छ सर्वेक्षण में श्रेष्ठ रैंकिंग प्राप्त हो सके। वे सफाई व्यवस्था सुधारकर लगातार उसे बेहतर बनाने के कार्य में कोई बहानेबाजी सहन नहीं करेंगी। स्वच्छता को बेहतर बनाने मुख्यालय एवं जोन के अधिकारीगण हर संभव आवश्यक उपाय करें।

# शराब घोटाला मामले में 3 आरोपियों को ईओडब्ल्यू ने किया गिरफ्तार




**कोर्ट में किया गया पेश**

**रायपुर,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में EOW ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। तीनों आरोपियों से EOW दफ्तर में पूछताछ की गई है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। EOW दोनो आरोपियों की रिमांड का मांग कर सकती है। ED और EOW की FIR में तीनों आरोपियों का नाम शामिल है।

EOW ने सोमवार सुबह मेसर्स नेक्सजेन पॉवर इंजीटेक प्राईवेट लिमीटेड के मनीष मिश्रा और सी.ए. मेसर्स नेक्सजेन पॉवर इंजीटेक प्राईवेट लिमीटेड के संजय कुमार मिश्रा और कारोबारी अरविंद सिंह के भतीजे अभिषेक सिंह को गिरफ्तार किया है। संजय और मनीष मिश्रा आपस में सगे भाई हैं। दोनो ने नेक्सजेन पॉवर इंजीटेक कंपनी बनाकर FLv0- A लेकर विदेशी शराब की सप्लाई करते थे। ED के आरोप पत्र के मुताबिक मेसर्स नेक्सजेन पॉवर इंजीटैक प्राइवेट लिमिटेड को 46 करोड़ 22 लाख 30 हजार 501 रुपए का लाभ प्राप्त हुआ है।

विदेशी शराब निर्माताओं से रिश्वत वसूलने के लिए FLv0-ए लाइसेंस लागू किया गया, जो अनवर ढेबर के पक्षधर तीन फर्मों को दिया गया था। इनमें एफएल 10ए लाइसेंस मेसर्स नेक्सजेन पावर इंजिटेक प्राइवेट लिमिटेड के संजय मिश्रा और मनीष मिश्रा समेत अन्य लोगों को दिया गया था। इन लाइसेंस धारकों को षड्यंत्र के तहत विदेशी शराब की आपूर्ति का टेंडर दिया गया। तीनों लाइसेंस धारक कंपनियों ने विदेशी शराब निर्माता कंपनियों से शराब खरीदकर राज्य सरकार को उपलब्ध कराई, जिससे उन्हें 10त्न का लाभ हुआ. इस लाभ में से 60% हिस्सा औद्योगिक इकाई को दिया गया और शेष 40% हिस्सा लाइसेंस धारकों को मिल।

# सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा में छत्तीसगढ़ से जुड़े वन एवं पर्यावरण के ज्वलंत मुद्दों को उठाया

**रायपुर,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। लोकसभा के मानसून सत्र के पहले दिन रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्री बृजमोहन अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ राज्य में वन एवं पर्यावरण से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों को आतरांकित प्रश्न के माध्यम से लोकसभा में जोरदार ढंग से उठाया।

श्री अग्रवाल ने सरकार से जानना चाहा कि, क्या छत्तीसगढ़ में विगत एक दशक में 18 करोड़ पौधे लगाने का दावा किया गया है, और यदि हां, तो उनमें से कितने पौधे जीवित बचे हैं? क्या बस्तर, कोरबा और दंतेवाड़ा जैसे क्षेत्रों में खनन परियोजनाओं के चलते वनाच्छादित क्षेत्र में कमी आई है, और क्या संबंधित ग्राम सभाओं की सहमति इन परियोजनाओं हेतु ली गई थी? क्या राज्य में कई विकास परियोजनाएं पर्यावरणीय मंजूरी के अभाव में वर्षों से लंबित हैं? क्या अप्रयुक्त भूमि पर वृक्षारोपण हेतु कोई ठोस कार्य योजना तैयार की गई है? और क्या इन योजनाओं की निगरानी उपग्रह मानचित्रण, जियो टैगिंग एवं सामाजिक लेखा परीक्षा के माध्यम से की जा रही है?



सांसद बृजमोहन अग्रवाल के सवालों का जवाब देते हुए पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री श्री कीर्तिवर्धन सिंह ने स्पष्ट किया कि वर्ष 2010-11 से 2019-20 के बीच छत्तीसगढ़ में लगभग 18 करोड़ पौधे लगाए गए हैं, जिनमें से अधिकांश स्थानों पर पौधों की उत्तर जीविता दर संतोषजनक (लगभग 90 प्रतिशत) रही है।

भारतीय वन सर्वेक्षण की रिपोर्ट के अनुसार 2013 से 2023 के बीच छत्तीसगढ़ में वन क्षेत्र में कोई उल्लेखनीय कमी नहीं आई है, बल्कि अति सघन वन क्षेत्र में वृद्धि दर्ज की गई है। खनन परियोजनाओं के लिए सभी अनुमति प्रक्रियाएं वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 एवं वन अधिकार अधिनियम, 2006 के तहत की जाती हैं, और ग्राम सभाओं से विधिवत सहमति प्राप्त की जाती है। राज्य में कोई भी विकास परियोजना 105 दिनों की निर्धारित सीमा से अधिक पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए लंबित नहीं है। वृक्षारोपण कार्य स्वीकृत योजनाओं और राजस्व विभाग द्वारा प्रदत्त भूमि पर किए जाते हैं। ई-ग्रीन वॉच पोर्टल एवं जीआईएस आधारित निगरानी, जियो-टैगिंग, और तृतीय पक्ष सत्यापन जैसे आधुनिक उपायों से इन कार्यों की निगरानी की जा रही है।

बृजमोहन अग्रवाल ने सरकार द्वारा दिए गए उत्तर पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि, छत्तीसगढ़ में पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखना आज की प्राथमिक आवश्यकता है। वृक्षारोपण केवल आंकड़ों का खेल नहीं होना चाहिए, बल्कि उसका जमीनी सत्यापन भी जरूरी है। खनन गतिविधियों के चलते जनजातीय क्षेत्रों के वन और जनजीवन प्रभावित न हों, यह सुनिश्चित करना हम सबकी जिम्मेदारी है।

# आरक्षक ने शादी के 15 दिन बाद पत्नी को घर से निकाला

**महिला आयोग ने हर माह 15 हजार भरण-पोषण देने का सुनाया फैसला**

**रायपुर,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। राज्य महिला आयोग में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की गई। एक प्रकरण में आवेदिका ने बताया कि विवाह के केवल 15 दिन के बाद ही पति ने उसे घर से निकाल दिया था। पति वर्तमान में तेलीबांधा थाना में कार्यरत है और 40 हजार महीना कमाता है, लेकिन अब तक आवेदिका को कोई भरण-पोषण नहीं दे रहा है। आयोग ने आरक्षक पति को विवाह का सामान वापस देने एवं प्रति माह 15 हजार रुपए भरण-पोषण आवेदिका को देने का फैसला सुनाया। प्रकरण की निगरानी आयोग द्वारा की जाएगी।

एक प्रकरण में आवेदिका ने बताया कि पिछली सुनवाई में अनावेदक (पति) को आदेशित किया गया था कि वह आवेदिका को नियमित भरण-पोषण देगा। अनावेदक ने आयोग के आदेश का पालन नहीं किया है। अनावेदक रेलवे में नौकरी करता है। उसकी पहली पत्नी से तलाक हो गया है। आवेदिका उसकी दूसरी पत्नी है, अनावेदक ने अब तक आवेदिका और उसकी पुत्री का नाम अपनी सर्विस बुक में दर्ज नहीं कराया है। आयोग ने अनावेदक को समझाइश दी की यदि वह आवेदिका व उसकी पुत्री को भरण पोषण नहीं देगा तो आयोग की ओर से डीआरएम को पत्र प्रेषित कर नौकरी से निलंबन की अनुशंसा की जाएगी।

सुनवाई के दौरान एक प्रकरण में आवेदिका ने बताया कि अनावेदकों ने आवेदिका का विवाह झूठ बोलकर कराया। आवेदिका के पति की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी फिर भी जानबूझकर विवाह कराया गया। विगत 7 वर्षों से आवेदिका के पिता द्वारा दामाद का पालन-पोषण किया गया और ईलाज भी कराया गया। अनावेदकों ने अब तक अपने पुत्र के ईलाज व पालन-पोषण के लिए खर्च नहीं किया है। दोनों पक्षों को सुनने पर यह ज्ञात हुआ कि आवेदिका के पति को मानसिक इलाज की जरूरत है। इसके लिए आयोग ने आवेदिका के पति के इलाज के लिए मानसिक रोग चिकित्सालय ग्राम सेंद्री जिला बिलासपुर को पत्र लिखकर अनुशंसा की, ताकि वह स्वस्थ्य हो सके। आवेदिका के पति के ईलाज के दौरान अनावेदक महिला को 6 माह के भरण-पोषण के लिए 12 हजार रुपए देंगे। इस मामले में 6 माह के बाद रिपोर्ट के आधार पर निर्णय किया जाएगा।

सुनवाई के दौरान एक प्रकरण में आवेदिका ने बताया कि आवेदिका की दो बेटियां होने के बाद से ही अनावेदक का आवेदिका के प्रति व्यवहार पूरी तरह से बदल गया है। पति की दूसरी शादी करने के लिए आवेदिका की सास ने आवेदिका को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया और आवेदिका के खिलाफ अनावेदक ने षड्यंत्र कर जबरदस्ती आवेदिका को मानसिक रोग की दवा खाने को मजबूर किया। आवेदिका के इंकार करने पर आवेदिका को घर से निकाल दिया और दोनों बेटियों को उससे छीन लिया। इस मामले में आयोग ने आवेदिका को निर्देशित किया कि वह थाना में अनावेदकों के खिलाफ क्रूरता एवं प्रताड़ना का अपराध दर्ज करा सकती है व एफआईआर दर्ज करवा सकती है। इस

# राजपूत एकता मंच महिला विंग ने मनाया सावन महोत्सव



**रायपुर,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। सावन का महीना आते ही शहर में हरियाली और उमंग का माहौल देखने को मिल रहा है. रविवार को राजपूत एकता मंच के महामंत्री श्रीमति शालिनी विक्रम सिंहदेव के घर में राजपूत एकता मंच महिला विंग के विरांगना द्वारा सावन महोत्सव का भव्य सावन मिलन समारोह का आयोजन किया था। जिसमें महिलाओं ने सावन के पारम्परिंक वेशभूषा हरी साड़ियों, चूड़ियों, मेहंदी और फूलों की खुशबू से खुद को सजाया और सावन की मस्ती में झूम उठीं। और सावन के महिनों में आने वालो त्यौहारों जैसे हरियाली, तीज, नागपंचमी, रक्षाबंधन, सावन झूला पर चर्चा किया गया।

श्रीमति शालिनी विक्रम सिंहदेव ने बताया कि इस तरह के आयोजन महिलाओं को सकारात्मक ऊर्जा से भरते हैं और उन्हें आत्मविश्वास के साथ समाज में सक्रिय भागीदारी का अवसर भी मिलता है. कार्यक्रम में महिलाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुति, हैजी गेम, स्टेज शो, समूह नृत्य और सावन गीतों की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच संचालन के दौरान महिलाओं ने अपने-अपने हुनर का प्रदर्शन करते हुए गायन, नृत्य और कला का अद्भुत प्रदर्शन किया. सभी महिलाओं ने एक-दूसरे को सावन की शुभकामनाएं दीं और हरियाली के पावन माह को मिलन और उल्लास का प्रतीक बताया। सावन की हरियाली के बीच इस मिलन समारोह ने समरसता, उत्सव और संस्कृति का एक सुंदर संगम प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतियोगी सहित उपस्थित सभी महिलाओं को श्रीमति शालिनी विक्रम सिंह ने एक पेड मॉं के नाम एक पौधा सभी वितरण किया गया।सावन मिलन समारोह में राजपूत एकता मंच महिला विंग के विरांगना मुख्य रूप से उपस्थित रही -श्रीमती सरोज ठाकुर श्रीमती शशि ठाकुर, अनिता ठाकुर, शुभदा ठाकुर, रेखा ठाकुर, मंजू क्षत्रिय, शालिनी देव, सीमा सिंहदेव, सपना सिंह, रचना सिंह, मेधा सिंह चंदेल, प्रतिष्ठा हरितवाल, आयुषी ठाकुर, रुचि ठाकुर, संयुक्ता ठाकुर, निकिता ठाकुर, कीर्ति ठाकुर, प्रियांशु सिंह देव, सुभाषिनी ठाकुर, डॉ. अनुपमा ठाकुर, निकिता सिंह एवं गरिमा सिंह ।

# अब प्रदेश में जमीन की रजिस्ट्री होगी पेपरलेस

**रायपुर,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में 10 जुलाई से सभी रजिस्ट्री कार्यालयों में 'माय डीड' ऑनलाइन सिस्टम लागू हो गया है. इसका उद्देश्य रजिस्ट्री प्रक्रिया को डिजिटल और पारदर्शी बनाना है. आपको बता दें यह सिस्टम राजस्व विभाग से जुड़ा होने के कारण जमीन के रिकॉर्ड ऑनलाइन उपलब्ध होंगे, जिससे फर्जीवाड़े की आशंका खत्म हो जाएगी.

**इन जिलों के रजिस्ट्री कार्यालयों में हुआ लागू:** रायपुर पंजीयन कार्यालय के पंजीयक विनोज कोचे ने जानकारी दी कि मुख्यालय से 10 जुलाई को आदेश जारी होने के बाद यह सिस्टम बालोद, बलौदाबाजार, बिलासपुर, दुर्ग, रायपुर, सहित कई अन्य जिलों के रजिस्ट्री कार्यालयों में लागू हो चुका है.

**अब घर बैठे की जा सकेगी जमीन की रजिस्ट्री:** इस नए सिस्टम के तहत अब बटांकन और नामांतरण की प्रक्रिया भी रजिस्ट्री कार्यालयों से ही ऑनलाइन हो सकेगी, जिससे लोगों को तहसील कार्यालयों के झंझट से मुक्ति मिलेगी. यह सिस्टम रजिस्ट्री प्रक्रिया को तेज, पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है. इसके जरिए दस्तावेजों की जांच, स्वीकृति और रजिस्ट्री घर बैठे की जा सकेगी. साथ ही, यह सिस्टम राजस्व विभाग से जुड़ा होने के कारण जमीन के रिकॉर्ड ऑनलाइन उपलब्ध होंगे, जिससे फर्जीवाड़े की आशंका खत्म हो जाएगी.

## नवा रायपुर में सड़क हादसा, युवक की मौके पर मौत

**रायपुर,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। आज सुबह, नवा रायपुर स्थित रावतपुरा यूनिवर्सिटी के पास, दर्दनाक सड़क हादसे में एक स्कूटी सवार युवक की मौके पर मौत हो गई ।

तेज रफ्तार पिकअप ने स्कूटी सवार युवक को टक्कर मार दी । सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

# सर्व ब्राह्मण समाज के कांवर यात्रा में शिव पार्वती झांकी सफेद घोड़े व 11 पंडितों का शंखनाद विशेष आकर्षण रहे



**रायपुर,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। चल कांवरिया बोल बम के नारे के जयकारे के साथ सर्व ब्राह्मण समाज का बोल बम कांवर यात्रा बुढेश्वर महादेव से जल लेकर महादेव घाट हटकेश्वर महादेव में जलाभिषेक के साथ संपन्न हुआ। कांवरियों का पंडित महेश पांडे ने तिलक लगाकर स्वागत किया ।लोक कल्याण के उद्देश्य को लेकर सुबह 11-00 बजे कांवरियों का जत्था कॉवर व लोटा में जल लेकर भगवा या पीले पोशाक में बुढेश्वर महादेव से 11 पंडितों के शंख ध्वनि के साथ समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने धर्म ध्वज लहराकर यात्रा का शुभारंभ किया व यात्रा में अंत तक शामिल हुए। बेटी बचाओ मंच तथा जय मां रणचंडी महिला समिति के पदाधिकारी काफी संख्या में यात्रा में शामिल थे। कांवरियों का पथ संचालन जिला अध्यक्ष मुन्ना मिश्रा, यातायात व्यवस्था जय मां रणचंडी महिला समिति के ऋषि कुमार, गिरीश दुबे तथा नीरज शर्मा संभाले हुए थे। कांवरियों के साथ आकर्षक वेशभूषा में नित्य करते चल रहे शिव और पार्वती तथा दो सफेद घोड़े श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रहे थे। पुरोहित मंच के पंडितों का दल शंख ध्वनि कर रहे थे। लाखे नगर से पार्षद ममता तिवारी ने काफी संख्या में अपने कार्यकर्ताओं के साथ जत्था का का स्वागत किया व यात्रा में शामिल हुए। डीजे में शिव जी के संगीतमय धुन में झूमते हुए कांवरियों को रास्ते में शिव शक्ति समिति सहित अनेको सभा समिति व समाज के द्वारा स्वागत किया गया। महादेव घाट स्थित हटकेश्वर महादेव में जलाभिषेक तथा मुस्कान तिवारी के द्वारा सामूहिक शिव आरती व भोजन प्रसादी के साथ कांवड़ यात्रा समाप्त हुई।

यात्रा में मुख्य रूप से मुन्ना मिश्रा, सोनू तिवारी, गिरीश दुबे, रत्ना शर्मा, ऋषि कुमार, रमा मिश्रा, चंदन पांडे, आशीष पाठक, पूर्णिमा शर्मा, प्रियंका पांडे, बरखा बाजपेई, धनंजय शर्मा, मनीष मिश्रा, सुधा शर्मा, शारदा मिश्रा, संजना तिवारी, अमृता पुष्पराज, कृष्णा वर्मा, पुष्पा तिवारी, आशा शर्मा, नीतीश शुक्ला, अजयकांत शर्मा, स्वरा मिश्रा, दीपक मिश्रा, वीरेंद्र तिवारी, टिकेश्वरी वर्मा, लता छुरा, पूनम कुमार, गीता विश्वकर्मा, संतोषी जैतवार प्रगति रहंगडाले, नीतू विश्वकर्मा, बजरंग ठाकुर, यतीश सोनी, अंजली यदु, सुप्रिया धुआरे, किरण कर्स, लता चंद्राकर, पूजा सोनी, गंगा यादव, अजय बाजपेई, सुमन ठाकुर, संजय चंद्राकर, दीपक कर्स, अंजलि ध्रुव, किरण मोदी, शशि कला यादव, भूपेंद्र जलछतरी सहित श्रद्धालु जन शामिल हुए।

# सुरजन की स्मृति संजोने स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल हो बाल पत्रकार प्रशिक्षण कार्यक्रम



**स्वर्गीय ललित सुरजन की 79वीं जन्म जयंती पर विशेष**

देशबंधु पत्र समूह के माध्यम से छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश सहित देश में हिंदी पत्रकारिता की अलख जगाने वाले ललित सुरजन जी की आज 79 वीं जन्म जयंती है। ललित भैया ने अपनी लेखनी के माध्यम से हिंदी पत्रकारिता में जो अवदान दिया उसे भुला पाना नामुमकिन है। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ सहित देश के जिन राज्यों में भी जहां देशबंधु पढ़ा जाता है वे देशबंधु की नीति से परिचित है। कहने में संकोच नहीं कि देश की हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में देशबंधु पत्र समूह के संस्थापक एवं संपादक बाबूजी मायाराम सुरजन ने ने जो प्रतिमान स्थापित किए उन प्रतिमानों को बनाए रखने बाबू जी मायाराम सुरजन जी के निधन के बाद ललित भैया ने देशबंधु पत्र समूह के प्रधान संपादक के तौर पर अथक योगदान दिया ?। जैसा कि देशबंधु की विचारधारा रही उनकी लेखनी निम्न मध्यमवर्ग की आवाज बन कर आजीवन चलती रही। ललित भैया भ्रमणशील होने के साथ अध्ययनशील पत्रकार थे। वे अध्ययन के लिए लंबी यात्राएं करते , सेमीनार में जाते व्याख्यान देते , समय-समय पर मायाराम सुरजन फाउंडेशन के माध्यम से सेमिनार करते विद्वान जनों को बुलाते उन्हें सुनते तथा भ्रमण के दौरान जन सामान्य से प्राप्त अनुभव और विचारों को अपनी लेखनी में स्थान देते थे। भ्रमणशील पत्रकार होने के कारण ललित भैया से मुलाकातें कम ही होती थी परंतु फोन पर उनसे बाद निरंतर होती थी। ललित भैया से मेरी आखिरी मुलाकात तब हुई थी जब वह अमरकंटक स्थित इंदिरा गांधी जनजाति विश्वविद्यालय में एक व्याख्यान देने आए थे। वह मुलाकात मेरी आखिरी मुलाकात थी।

देशबंधु पत्र समूह के प्रधान संपादक के तौर पर उन्होंने पूरे देश में पत्रकारों का एक ऐसी समूह तैयार किया जो जन पक्षधर रहते हुए समाज के अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी प्रभावी भूमिका में रहकर सामाजिक परिवर्तन में योगदान दे रहे हैं। मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ सहित देश के अनेक मीडिया संस्थानों विश्वविद्यालयों सरकारी एवं गैर सरकारी क्षेत्रों में ऐसे लोगों की बड़ी संख्या है जो देशबंधु की विचारधारा से जुड़े रहे हैं।

ललित भैया की 78वीं जन्म जयंती पर मैं एक खास विषय पर ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं जो ललित भैया के देश की पत्रकारिता तथा सामाजिक चेतना एवं परिवर्तन के लिए किए गए प्रयासों में से एक प्रमुख योगदान है। देशबंधु पत्र समूह के प्रधान संपादक के रूप में ललित सुरजन जी ने वर्ष 2007-08 में छत्तीसगढ़ में बाल पत्रकार प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन किया। मायाराम सुरजन फाउंडेशन एवं यूनिसेफ छत्तीसगढ़ तथा देशबंधु के सहयोग से चलाए गए इस बाल पत्रकार प्रशिक्षण कार्यक्रम लगभग 2012 तक चला जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ में 12 से 16 वर्ष की आयु समूह के 6000 से ज्यादा बच्चे शामिल हुए एवं संयुक्त राष्ट्र संघ के बाल अधिकार घोषणा पत्र के अनुसार बच्चों को दिए गए अधिकारों के बारे में जाना तथा बाल पत्रकारिता का प्रशिक्षण लिया। बाल पत्रकारों का यह विशाल समूह बच्चों की समस्याओं पर आधारित समाचार लिखता था जिसे यूनिसेफ की बाल स्वराज पत्रिका प्रकाशित करती थी। यह बाल पत्रकार परियोजना छत्तीसगढ़ के लगभग 100 विकास खंडों में संचालित की गई थी तथा एक विकासखंड में 12 से 14 बच्चों को प्रशिक्षित किया गया था। इनमें से ज्यादातर बच्चे लड़कियां थी जो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति थी। बाल पत्रकार प्रशिक्षण कार्यक्रम एक बच्चे के लिए एक वर्ष का होता था जिसमें सप्ताह में एक या दो क्लास लगती थी। बाल पत्रकारिता के लिए चयनित बच्चों को उनके प्रशिक्षक स्थानीय भ्रमण कराते। उनके भ्रमण का क्षेत्र स्कूल, आंगनबाड़ी ,केंद्र अस्पताल, बस स्टैंड एवं अन्य सार्वजनिक स्थल होते थे जहां वे यह देख सकते थे कि यहां बच्चों के क्या अधिकार हैं तथा कहीं इन बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन तो नहीं हो रहा है। बाल पत्रकारों को समाज में भी दृष्टि डालने को कहा गया था ताकि वह देख सके कि आसपास के परिवेश में कहीं बाल सुरक्षा एवं बाल अधिकारों का उल्लंघन तो नहीं हो रहा है ? अगर कहीं ऐसा हो रहा है तो उस पर बच्चे अपनी समझ के अनुसार समाचार बनाते और वह समाचार यूनिसेफ द्वारा प्रकाशित बाल स्वराज पत्रिका में प्रकाशित होती थी। बाल पत्रकारों द्वारा प्रकाशित इस बाल स्वराज पत्रिका को छत्तीसगढ़ के स्कूलों में भेजने की व्यवस्था की गई थी। इसके लिए छत्तीसगढ़ शासन का स्कूल शिक्षा विभाग एवं आदिवासी विकास विभाग सहयोगी बना था तथा इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव एवं आदिवासी विभाग के आयुक्त द्वारा सभी जिले के कलेक्टरों को परिपत्र जारी करके बाल स्वराज पत्रिका के वितरण में सहयोग देने का निर्देश दिया गया था ।सौभाग्य से मुझे भी इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में शामिल होने का अवसर ललित भैया ने प्रदान किया था। मैं पेंड्रा विकासखंड में बाल पत्रकार प्रशिक्षण कार्यक्रम का समन्वयक रहते हुए जो काम किया था जिसे स्वयं ललित भैया ने भी सराहा था। वह मुझे राज्य स्तर के प्रशिक्षण कार्यक्रम में आने के लिए कई बार स्वयं भी फोन करते थे। बाल पत्रकार के राज्य स्तर के प्रशिक्षण कार्यक्रम मे लगातार जुड़े रहने के दौरान मुझे ललित भैया को सुनने समझने का और ज्यादा अवसर मिला था तथा मुझे उनकी निकटता प्राप्त हुई। ललित भैया बाल पत्रकार प्रशिक्षण कार्यक्रम मैं मेरे कार्य से कारण भी अधिक प्रसन्न थे प्रसन्न रहते थे क्योंकि मैं अपने पेंड्रा विकासखंड स्तर के बाल पत्रकार प्रशिक्षण कार्यक्रम में बच्चों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अनेक न्यायाधीशों को अपने कार्यक्रम में आमंत्रित करता जिनमें से प्रमुख नाम तत्कालीन अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश पेंड्रारोड माननीय अनिल गायकवाड, माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट आलोक सिंह( अब स्वर्गीय ), माननीय मोहिनी कंवर जी, माननीय प्रबोध टोप्पो जी के नाम उल्लेखनीय है जिन्होंने बाल पत्रकार प्रशिक्षण कार्यक्रम में आकर बच्चों को विधिक जानकारी प्रदान की थी। इन कार्यक्रमों की फोटो मैं मायाराम सुरजन फाउंडेशन भेजता था ।इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश में बाल अधिकारों के प्रति संवेदनशील वातावरण तो तैयार हुआ ही था वही किशोरावस्था उम्र में बाल अधिकारों के प्रति सचेत वह बाल पत्रकार निश्चित रूप से अब युवावस्था में कदम रख चुके है ऐसे में अतिशयोक्ति नहीं है कि ललित सुरजन जी ने बाल पत्रकार प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से छत्तीसगढ़ में पहले ही पत्रकारों की एक ऐसी नई पीढ़ी तैयार कर चुके हैं जो आने वाले समय में जिन क्षेत्रों में भी कार्यरत होंगे। वहां रहते हुए वे समाज को मजबूती प्रदान करेंगे। ललित भैया के इस योगदान को उनके 79वें जन्म दिवस पर याद करते हुए मेरी मांग है कि छत्तीसगढ़ के मिडिल एवं हाई स्कूलों में बाल पत्रकार प्रशिक्षण कार्यक्रम का पाठ्यक्रम अनिवार्य रूप से शामिल कर दिया जाए। बाल पत्रकार प्रशिक्षण कार्यक्रम बाल सुरक्षा एवं बाल संरक्षण की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

**अक्षय नामदेव पेंड्रा छत्तीसगढ़**
**( पूर्व प्रशिक्षक बाल पत्रकार प्रशिक्षण कार्यक्रम )**
**व्याख्याता शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला सकोला पेंड्रा छत्तीसगढ़**

# खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने किया आकस्मिक निरीक्षण

## 20 से अधिक संस्थानों से लिये नमूने





**दुर्ग,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। राज्य शासन के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की औषधि शाखा द्वारा 21 जुलाई को जिले में संचालित अम्बे मेडिकल रिसाली भिलाई से प्रसाधन सामग्री के ,2 नमूने, मेसर्स गुरुकृपा कास्मेटिक्स सुपेला भिलाई से 1 नमूना, मेसर्स जलाराम ब्यूटी वर्ल्ड मोतीपारा दुर्ग से 1 नमूना, मेसर्स सिल्की फैशन जोन, मरोदा रिसाली से 1 नमूना। ऐसे कुल प्रसाधन सामग्री के 5 नमूने जांच हेतु लिए गए।

उक्त 4 फर्मों के अलावा मेसर्स गुलाब श्रृंगार सदन उतई, मेसर्स मनोज श्रृंगार सदन उतई, मेसर्स नूतन श्रृंगार सदन, दुर्ग, मेसर्स वर्ल्ड ऑफब्यूटी, स्टेशन रोड, दुर्ग, मेसर्स श्रृंगारिका गिफ्ट एण्ड टॉयज, सेक्टर.06ए, .मार्केट भिलाई, मेसर्स दुल्हन श्रृंगार सदन सेक्टर.06ए.मार्केट, भिलाईए ऐसे कुल 10 फर्मों का निरीक्षण किया गया। सहायक औषधि नियंत्रक संजय सिंह झड़ेकर के अनुसार जिले में स्थित मेडिकल डिवाईस एवं औषधि के निर्माता फर्म मेसर्स ग्लोबल बायोसाईस, बोरसी, दुर्ग एवं औषधि एवं प्रसाधन सामग्री के निर्माता फर्म स्वर्णा होमकेयर प्रोडक्ट्स, इंडस्ट्रीयल एरिया भिलाई का निरीक्षण किया गया, लिए गए नमूनों की जांच उपरांत नियमानुसार आगामी कार्यवाही की जाएगी।

इसी प्रकार खाद्य शाखा द्वारा जिले में संचालित मेसर्स आदिनाथ एजेंसी दुर्ग से कृष्णा बर्फी, मां दुर्गा डेयरी, पावर हाउस से पनीर, मेसर्स जलाराम स्वीट्स रिसाली से मथूरा पेड़ा, मेसर्स शुभम डेयरी एण्ड स्वीट्स रिसाली से पनीर, मेसर्स न्यू कलकत्ता स्वीट्स बोरसी से कुंदा, मेसर्स बिकानेर स्वीट्स सुपेला से नमकीन का नमूना जांच हेतु लेते हुए निरीक्षण कार्य किया गया एवं त्यौहारी सीजन को देखते हुए उचित साफसफाई हेतु निर्देशित किया गया। नमूनों की जांच उपरांत नियमानुसार आगामी कार्यवाही की जाएगी।

# पुत्र मोह में भूपेश बघेल ने झोंक दी पूरी कांग्रेस : संजय श्रीवास्तव

## कांग्रेस भ्रष्टाचारियों को बचाने पर रही आम जनता को परेशान

**दुर्ग**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश भाजपा महामंत्री एवं छत्तीसगढ़ नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव एवं विधायक दुर्ग शहर गजेन्द्र यादव ने आज संयुक्त पत्रकार वार्ता लेकर आरोप लगाया है कि कांग्रेसी भ्रष्टाचार के आरोपियों को बचाने के लिये आम जनता को धरना प्रदर्शन इत्यादि के माध्यम से जनता को परेशान कर रही है।

उल्लेखनीय है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सुपुत्र चैतन्य बघेल की कथित भ्रष्टाचार के मामलों में गिरफ्तारी के बाद से कांग्रेस काफी आक्रामक हो गई है। इसे लेकर ही आज भाजपा के दो वरिष्ठ नेताओं ने पत्रकार वार्ता ली जिसमें विधायक गजेन्द्र यादव ने सवाल उठाया कि भूपेश बघेल के पुत्र आखिर किस पद पर है जिसके लिये कांग्रेस इतना प्रदर्शन कर रही है। आज पत्रकार वार्ता में भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने पूर्व मुख्यमंत्री पर अनेकक गंभीर आरोप लगाते हुए कोयला खदान ने आबंटन एवं वृक्षों की कटाई से जुड़े अनेक दस्तावेजों का भी हवाला दिया। पत्रवार्ता में जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर एवं महापौर अलका बाघमार उपस्थित थे।




### पत्रवार्ता

पत्रवार्ता में विधायक गजेन्द्र यादव के साथ ही नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने बार बार यह प्रश्न उठाया कि आखिर चैतन्य बघेल किस पद पर है, जिस व्यक्ति का कांग्रेस में कोई पद नहीं उस व्यक्ति के लिये पूरी कांग्रेस प्रदेशभर में प्रदर्शन कर रही है। श्रीवास्तव ने आरोप लगाते हुए कहा कि भूपेश बघेल ने पूरी कांग्रेस को पुत्र मोह में झोंक दिया है।

उन्होंने कांग्रेस शासन काल के पांच वर्षों में छत्तीसगढ़ को दस जनपथ का चारागाह बना देने का आरोप लगाते हुए शराब, कोयला, चांवल, गौठान घोटाले से लेकर पीएमसी घोटाले तक का सविस्तार वर्णन करते हुए कहा कि आज एक एक कर इन सभी घोटालों के आरोपी जेल जा रहे है।

# ईडी के विरोध में कांग्रेस का आज मिनी माता चौक में प्रदर्शन

**दुर्ग**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। प्रवर्तन निदेशालय ईडी जैसी केन्द्रीय एजेंसियों पर सरकार के इशारों पर दुरूपयोग करने का आरोप लगाते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कल 22 जुलाई को मिनीमाता चौक पुलगांव में जर्बदस्त धरना प्रदर्शन कर चक्का जाम करने का निर्णय लिया है। इसी सिलसिले में आज शहर जिला कांग्रेस ने एक बैठक ली जिसमें कल के आंदोलन की रणनीति तय की गई है। उल्लेखनीय है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सुपुत्र चैतन्य बघेल पर कथित तौर पर भ्रष्टाचार के मामले में की गई गिरफ्तारी के बाद कांग्रेसजनों ने आंदोलनों का सिलसिला शुरू कर दिया है। इसी सिलसिले में कल मिनी माता चौक में धरना प्रदर्शन और चक्का जाम की घोषणा की गई है।

# दुर्ग में जल्द मूर्तरूप लेगा आईटी पार्क

## विधायक और कलेक्टर ने स्थल का किया मौका मुआयना



**दुर्ग**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय दुर्ग में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशा के अनुरूप आईटी पार्क की स्थापना जल्द मूर्तरूप लेगा। दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव, कलेक्टर अभिजीत सिंह और निगम महापौर अल्का बाघमार ने आज अधिकारियों के साथ आईटी पार्क हेतु केनाल रोड स्थित नवनिर्मित काम.काजी महिला छात्रावास का अवलोकन किया। विधायक श्री यादव को खाली पड़े नवनिर्मित भवन की साफसफाई, रंग.रोगन कराने अधिकारियों को निर्देशित किया।

कलेक्टर श्री सिंह ने आईटी कंपनियों हेतु सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने प्रस्ताव तैयार करने आईआईटी भिलाई के अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर आईआईटी भिलाई के संचालक राजीव प्रकाश, दुर्ग निगम कमिश्नर सुमीत अग्रवाल के अलावा निगम एमआईसी सदस्य, पार्षद एवं दुर्ग निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# प्रोफेसर रेशमा लाकेश राष्ट्रीय कबीर कोहिनूर सम्मान से सम्मानित

**दुर्ग,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग की प्रोफेसर रेशमा लाकेश को अखिल भारतीय कबीर मठ द्वारा कबीर कोहिनूर सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान अखिल भारतीय कबीर मठ की ओर से विगत दिनों नागौर जिले के बड़ी खाटू में आयोजित कबीर कीर्ति स्तम्भ शिलान्यास व कबीर कोहिनूर सम्मान समारोह में दिया गया।



अखिल भारतीय कबीर मठ, सतगुरू कबीर आश्रम सेवा संस्था के संस्थापक अध्यक्ष पीठाधीष्वर भारत भूषण महंत डॉ. नानक दास महाराज के सानिध्य में 628वें सतगुरू कबीर प्राकट्य महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया जिसमें देशभर के चुनिंदा पत्रकार, साहित्यकार, चिकित्सक, शिक्षक व समाजसेविकाओं को कबीर कोहिनूर सम्मान प्रदान किया गया।

प्रोफेसर रेशमा की 12 पुस्तकें, 10 पेटेन्ट एवं 175 से अधिक शोध आलेख, पुस्तक अध्याय राष्ट्रीय-अन्तर्राष्ट्रीय पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाषित हो चुके हैं। उन्हें अनेक अन्तर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हो चुके है, वर्तमान में वे अंतर्राष्ट्रीय जर्नल में समीक्षक एवं राष्ट्रीय स्तर के ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# इंदिरा मार्केट के व्यापारियों को दो दिनों के भीतर महिला समृद्धि बाजार में शिफ्ट करने के निर्देश

**दुर्ग,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। नगर निगम द्वारा इंदिरा मार्केट के अतिक्रमण हटाकर जिन व्यवसाइयों को बेदखल किया गया था। अब उन सभी को महिला समृद्धि बाजार के पास पौनी पसारी बाजार में स्थान दिया गया है। इन व्यवसाइयों को दो दिनों के भीतर नये स्थान पर अपनी दूकानें शिफ्ट कर लेने की मोहलत दी गई है। यदि व्यापारी अपने नये स्थान पर नहीं जाते तो नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जायेगी।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा दो माह पूर्व मेहता भवन से लेकर मध्यानी की पुरानी दूकान तक के कपड़ा व्यापारियों को हटाया गया था। ये व्यापारी अपने लिये नई जगह व्यापार के लिये मांग रहे थे और वे वैकल्पिक व्यवस्था तक पुराने स्थान पर ही अस्थाई दूकान लगाकर बैठे है। अब नगर निगम द्वारा इन्हें महिला समृद्धि बाजार से लगे पौनी पसारी बाजार में स्थान चिन्हित कर व्यवस्थापन किया जा रहा है।

महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल ने इन सभी व्यवसाइयों को नये स्थान पर दो दिनों के भीतर व्यवसाय शिफ्ट कर लेने को कहा है। इस बीच जो व्यवसाई वहां नहीं जायेगें उन्हें अतिक्रमण हटाओं कार्रवाई के तहत हटाया जायेगा।

# आत्मानंद स्कूल के शिक्षकों-कर्मचारियों ने दो सूत्रीय मांगों को लेकर किया धरना प्रदर्शन



**दुर्ग,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में कार्यरत संविदा शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने अपनी 2 सूत्रीय मांगों को लेकर आज जबर्दस्त धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ये दो सूत्रीय पूरी न होने पर स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ ने 1 अगस्त को रायपुर में प्रदेशस्तरीय अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की घोषणा की है। आज के धरना प्रदर्शन का नेतृत्व संघ के प्रदेश अध्यक्ष दुर्योधन यादव संभागीय अध्यक्ष नवी मोजेश राजेन्द्र नाग एवं जिला अध्यक्ष पंकज साहू ने किया।

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम शिक्षक एवं कर्मचारी संघ की दो सूत्रीय मांगों में पहली मांग नियमित वेतन वृद्धि एवं वेतनमान निर्धारण की है। दूसरी मांग संविदा शिक्षकों एवं कर्मचारियों का शिक्षा विभाग में संविलयन कर नियमितीकरण की है।

# सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध के बाद बाजार में हुए बायोडिगबल बैग लांच

**दुर्ग**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। दुर्ग नगर में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध के बाद अब बाजारों में बायोडिग्रेबल प्लास्टिक व बायो प्लास्टिक डिस्पोजल उपलब्ध होने लगे है। ये आयटम सस्ते भी है। अतः महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल ने व्यापारियों के साथ ही आम नागरिकों से अपील की है कि वे पारम्परिक प्लास्टिक की बजाय बायोप्लास्टिक बैग का उपयोग करें। इस संबंध में महापौर श्रीमती बाघमार एवं निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने बताया कि




बायोप्लास्टिक बैग मक्का स्टार्च व अन्य पौधों से बनाये गये है। ये पर्यावरण के लिये सुरक्षित तथा हानिकारिक रसायनों से मुक्त है। इन बैगों में खाद्य पदार्थो को भी भंडारण कर सुरक्षित रखा जा सकता है।

# भारतमाला प्रोजेक्ट के अंतर्गत ब्रिज निर्माण से आसपास के गांव में बाढ़ का खतरा

## किसानों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**दुर्ग,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। भारत माला परियोजना के तहत हनोदा कोड़िया से लेकर ग्राम थनौद व आगे के गांवों से होकर किये जा रहे मार्ग निर्माण में सुधार करते हुए इन ग्रामों के निवासियों के हितों को ध्यान में रखकर निर्माण कार्य की मांग को लेकर आज फिर थनौद व अन्य ग्रामों के निवासियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन की प्रतियां भारतमाला परियोजना के निदेशक राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एवं परियोजना निदेशक को भी सौंपी गई है।

इस संबंध में वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष मोहनलाल हरमुख ने बताया कि जिस तरह से उक्त ब्रिज की डिजाइन तैयार की गई। वह ग्राम थनौद, बिरेझर, चंगोरी व अन्य गांव के किसानों के लिये नुकसानदायक है। इससे यहां पर हमेशा की बाढ़ की स्थिति बनी रहेगी। पुल के स्ट्रक्चर से हटकर बाकी जगहों पर मिट्टी की सड़क बनाये जाने से किसानों के फसल की भारी क्षति होगी। बाढ़ का पानी की सहजता से निकासी न होने से हमेशा थनौद बिरेझर एवं चंगोरी में बाढ़ की स्थिति बनी रहने से 25 सौ हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि डुबान में आने से फसलों को भारी नुकसान होगा।

थनौद व अन्य ग्रामवासियों ने मांग की है कि नाले में 5 सौ मीटर से पहले से लेकर पूरी शिवनाथ नदी तक कालम पद्धति से ब्रिज द्वारा रोड का निर्माण किया जाये। इसी तरह ब्रिज की ऊंचाई को 6 मीटर किया जाये। इसमें अंजोरा चंगोरी पहुंच मार्ग से अंजोरा चंगोरी पहुंच मार्ग से अन्य ग्रामों बालोद धमतरी तक आवागमन की सुविधा मिलेगी। वर्तमान में ब्रिज की जो ऊंचाई निर्धारित है वह अपर्याप्त है। सिर्फ 4 मीटर की ऊंचाई होने से ट्रांसपोर्ट की समस्या बनी रहती है लोगों का आवागमन दूभर हो जाता है कृषि यंत्रों को भी गांव तक भारी वाहन से नहीं लाया जा सकता। ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤



# गौठान की देख-रेख हेतु अधिकारियों को दिए दायित्व



**भिलाईनगर,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने नेहरू नगर स्थित कोसा नगर गौठान में प्रति दिवस देख रेख हेतु अधिकारियों की ड्यूटी आदेश जारी किये है। जोन आयुक्त जोन क्रमांक-1 अजय सिंह राजपूत सोमवार, कार्यपालन अभियंता अखिल चंद्राकर मंगलवार, कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह बुधवार, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली गुरूवार, उपअभियंता बसंत साहू शुक्रवार, पुरूषोत्तम सिन्हा शनिवार, सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला रविवार की ड्यूटी लगायी गयी है। सभी अधिकारीगण निर्धारित दिवस में कोसा नगर गौठान का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार कराते हुए संधारित रजिस्टर में टीप करेंगे। जोन क्रमांक -4 आयुक्त अमरनाथ दुबे गौठान निरीक्षण हेतु रिर्जव एवं आकास्मिक निरीक्षण कर सकेगें। संबंधित अधिकारी निर्धारित दिवस का गौ सेवा स्थल पर व्यवस्था की जानकारी एवं निरीक्षण का जियो टैग लोकेशन व्हाट्सअप निगम ग्रुप में शेयर करेंगे। आदेशानुसार संबंधित अधिकारी सौंपे गए दायित्व का निर्वहन करना प्रारंभ कर दिए हैं। नगर पालिक निगम भिलाई महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने शहर के सभी समाज सेवी संस्थाओंए समिति या शहर वासियों से अपील किए हैं कि गौठान के पशुओं के खाने के लिये हरा चारा या दाना का दान इच्छानुसार कर सकते है। जिससे बेजुबान पशुओं की देख-रेख के साथ गौ सेवा में अपनी भागीदारी हो सके।

# सेल ने जोजिला सुरंग परियोजना में दिया 31 हजार टन स्टील

## आपूर्ति करके, राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को और मजबूत किया



**भिलाईनगर,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी इस्पात उत्पादक महारत्न कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) जोजिला सुरंग परियोजना के लिए सबसे ज़्यादा स्टील आपूर्ति करने वाली कंपनी बनकर उभरी है। यह महत्वाकांक्षी परियोजना जो अभी निर्माणाधीन है, भारत की सबसे लंबी सड़क सुरंग और एशिया की सबसे लंबी दो-तरफा सुरंग बनने के लिए तैयार है। सेल, जोजिला सुरंग परियोजना में एक बेहद जरूरी पार्टनर है। सेल ने इस परियोजना में 31,000 टन से ज़्यादा स्टील दिया है। जिसमें टीएमटी री.बार, स्ट्रक्चरल स्टील और प्लेट्स शामिल हैं। यह प्रोजेक्ट के 2027 तक पूरा होने की उम्मीद है और सेल लगातार स्टील सप्लाई कर रहा है, जो कंपनी की अटूट प्रतिबद्धता को दिखाता है। जोजिला सुरंग जैसी बड़ी परियोजनाओं में सेल का योगदान देश के निर्माण में उसकी भूमिका को और मजबूत करता है। जोजिला सुरंग जैसी मेगा परियोजनाएं सेल स्टील की गुणवत्ता और मजबूती पर हमेशा से भरोसा करती आई हैं, जो कंपनी की गुणवत्ता के प्रति समर्पण और भारत के भविष्य को आकार देने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका का प्रमाण है। जोजिला सुरंग 11,578 फीट की ऊँचाई पर, हिमालय के मुश्किल पहाड़ों में बनाई जा रही है। यह 30 किलोमीटर से भी अधिक लंबी सुरंग है। यह द्रास और कारगिल होते हुए, श्रीनगर और लेह के बीच,ए पूरे साल आवाजाही को आसान बनाएगी। यह सुरंग भारत के राष्ट्रीय अवसंरचना विकास, विशेष रूप से श्रीनगर कारगिल लेह राष्ट्रीय राजमार्ग, का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जिससे इस इलाके में आम लोगों और सेना दोनों के लिए आना-जाना बहुत आसान हो जाएगा। यह परियोजना केवल एक रणनीतिक ढांचागत सुविधा ही नहीं है, बल्कि इस क्षेत्र के लिए एक बड़ा आर्थिक अवसर भी है। सेल की जोजिला सुरंग के लिए स्टील की आपूर्ति, भारत की कई और प्रतिष्ठित ढांचागत परियोजनाओं, जैसे चिनाब रेलवे पुल, अटल सुरंग, बांद्रा वर्ली सी लिंक, ढोला सादिया और बोगीबील पुलों को बनाने में योगदान देने की कंपनी की लंबी विरासत को और मजबूत करता है।

# देवांगन समाज ने मनाया सावन हरेली उत्सव



**भिलाईनगर**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। देवांगन जन कल्याण समिति के तत्वावधान में परमेश्वरी भवन प्रगति नगर रिसाली में सावन हरेली महोत्सव का आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाज की महिलाओं एवं पुरुषों के लिए गेंड़ी दौड़, भौंरा चालन, पिट्ठुल, रस्सा कसी, कुर्सी दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन की अगुवाई में सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने छत्तीसगढ़ के पारंपरिक कृषि यंत्रों एवं सामग्रियों जैसे हल, गैती, फावड़ा, हंसिया, गाड़ा चक्का, पर्रा, टुकना, धान, गेहूं आदि का विधिवत पूजन कर अच्छी फसल के उत्पादन की कामना की। महिलाओं ने छत्तीसगढ़ी पारंपरिक वेशभूषा आभूषण धारण किया। कार्यक्रमों के संयोजन में सुमन देवांगन, कल्पना भानु देवांगन, प्रभा देवांगन, जयश्री देवांगन, शकुंतला बांकुरे, महेश्वरी देवांगन, लक्ष्मी देवांगन, कामना देवांगन, चंद्रप्रभा देवांगन, गायत्री देवांगन, मधुबाला देवांगन का विशेष योगदान रहा। महिलाओं ने इस अवसर पर लगाए गए सावन झूला का जमकर आनंद लिया। इस अवसर पर घनश्याम कुमार देवांगन, विनोद देवांगन, गजेंद्र देवांगन, डॉ सूर्य मंगल देवांगन, त्रिलोक देवांगन, टेसूराम देवांगन, दिनेश देवांगन, रेशमलाल देवांगन, कल्पना भानु देवांगन, दयाराम देवांगन, सहसचिव जीतेन्द्र बांकुरे, होमलाल देवांगन, गोवर्धन देवांगन, हेम कैलाश देवांगन, सत्यपाल देवांगन, राजू देवांगन, जुगल किशोर देवांगन, हरिश देवांगन, श्रवण देवांगनए शंकर देवांगन उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन विनोद देवांगन ने किया।

# धर्मांतरण को लेकर जमकर बवाल

**भिलाईनगर।** जामुल थाना क्षेत्र के कैलाश नगर कुरूद घासीदास नगर के समीप धर्मांतरण को लेकर बवाल हो गया। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर जमकर हंगामा किया। धर्मांतरण कराए जाने का आरोप लगाया। हंगामे के बीच जामुल पुलिस मौके पर पहुंची। चर्च में मौजूद लोगों को पुलिस बल जिस बस में पहुंचा था उसी में बैठाकर थाने ले जाया गयाए जहां पूछताछ की जा रही है। वहीं संगठन के कार्यकर्ताओं ने चर्च के सामने बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ किया। बजरंग दल के जिला सह संयोजक रामलोचन, राकेश तिवारी ने बताया कि हमें सूचना मिली कि जामुल के कैलाशनगर के एक घर में 200 से 250 की संख्या में लोग इकट्ठा हुए हैं। जिसमें बहुत संख्या में महिलाएं एवं छोटे.छोटे बच्चे भी हैं। जानकारी मिली कि वहां धर्मांतरण कराया जा रहा है।

# राह चलते राहगीर के हाथों से मोबाईल लेकर भागे अपराध दर्ज

**भिलाईनगर,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। सड़क के आसपास मोबाइल से बात रहे लोगों के मोबाइल छीन भाग निकलने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। दुर्ग जिले के लगभग सभी थानों में इस तरह की घटनाओं की अनेक शिकायतें दर्ज होने के बावजूद लगातार घटनाएं कारित कर रहे लोग पुलिस पकड़ से बाहर हैं। सायबर थाना भी ऐसी घटनाओं के आरोपी ट्रेस कर पाने में विफल रहा है। आपको बता दें कि एक सप्ताह के भीतर दुर्ग जिले में सातवां मामला सामने आया है जिसमें स्टेशन मास्टर के हाथ से मोबाइल छीन बाईक सवार भाग निकले हैं। जामुल पुलिस ने बताया कि घटना 19 जुलाई की सुबह घटी जब भिलाई-3 चरोदा में स्टेशन मास्टर दिनेश गोंड 27 वर्ष निवासी शारदा पारा केम्प 2 से पैदल टहलते हुए गौरव पेट्रोल पम्प तक गए। वापस अपने घर आने के दौरान सुबह करीबन 6.30 बजे आम्रपाली कालोनी गेट के सामने रोड पर पीछे से एक मोटर सायकल पर सवार 3 अज्ञात लड़के अचानक आए और मोबाईल में बात करते समय स्टेशन मास्टर के हाथ से मोबाईल झपटमारी कर भाग गए। स्टेशन मास्टर ने बताया कि पीछे बैठा लड़का काला सफेद चेकदार शर्ट पहने हुए था। मोटर सायकल पीछे से काले रंग की दिख रही थी। जामुल पुलिस ने बीएनएस की धारा 304(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है। पुसिल द्वारा ऐसे घटनाओं को लेकर लगातार आरोपियों को पकड़ाने का कार्य भी किया जा रहा है। लेकिन घटना में कोई कमी नही आ पा रही है। इस घटना में पुलिस जांच कर रही है।

# सांसद बघेल को मिलेगा चिन्हारी सम्मान




***भिलाईनगर,*** *21 जुलाई (देशबन्ध)। साहित्य, कला, संस्कृति की बहुआयामी संस्था चिन्हारी के रजत जयंती वर्ष पर समारोह माता कौशल्या की जन्मभूमि कोसला के महत्व पर केंद्रित रहा। बिलासपुर जिले में मल्हार के पास स्थित कोसला से भिलाई पहुंचे 200 से ज्यादा निवासियों और अंचल के बुद्धिजीवी वर्ग के बीच मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने घोषणा की कि माता कौशल्या की जन्मभूमि के रूप मे कोसला गांव को महत्व दिलाने हर संभव प्रयास करेंगे। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर इस समूचे कोसला गांव क्षेत्र का विकास केंद्र सरकार की प्रसादम योजना के अंतर्गत करवाने निवेदन करेंगे। कार्यक्रम शुरू होने से पहले रामचरितमानस की चौपाइयां प्रस्तुत की गई। चिन्हारी के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद पारकर ने राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों में एमए छत्तीसगढ़ी पाठ्यक्रम शुरू करवाए जाने के प्रयासों का विशेष रूप से उल्लेख किया। उन्होंने मात कौशल्या की जन्मभूमि का उल्लेख करते हुए कहा कि यह हम सब का गौरव है। उन्होंने कहा कि आज इस तथ्य को देश और दुनिया के सामने लाने की जरूरत है। आयोजन में हाल ही में ब्राजील में संपन्न ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करने पर दुर्ग सांसद विजय बघेल को चिन्हारी सम्मान 2025 से विभूषित किया गया और कार्यक्रम के संयोजक चिन्हारी साहित्य समिति के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद पारकर के संपादन में प्रकाशित पुस्तक माता कौसल्या जन्मभूमि कोसला का विमोचन समस्त अतिथियों ने किया। सांसद विजय बघेल ने कहा कि माता कौसल्या का अटूट संबंध दक्षिण कोसल एवं उत्तर कोसल दोनों से रहा है। उन्होंने कहा कि जिस मां ने भगवान राम को जन्म दिया उनके जन्म स्थान का महत्व भी दुनिया को पता चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह छत्तीसगढ़ के समस्त सांसदों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे और उन्हें तमाम तथ्यों से अवगत कराएंगे। उन्होंने कहा कि तीर्थ स्थलों के विकास और पहचान के लिए केंद्र सरकार की प्रसादम योजना में कोसला गांव का विकास कराने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अनुरोध करेंगे। विशिष्ट अतिथि दुर्ग महापौर अल्का बाघमार ने कहा कि माता कौशल्या का भव्य मंदिर उनकी जन्मभूमि कोसला गांव में जरूर बनना चाहिए। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय बिलासपुर हिन्दी विभाग डॉ. राजकुमार सचदेव और विभागाध्यक्ष राजनीति शास्त्र प्रो. ब्रजकिशोर त्रिपाठी ने भी अपनी बात रखी। इनमें डॉ. राजेश श्रीवास का वक्तव्य लोक जीवन में कौशल्या विषय पर, भारती विश्वविद्यालय दुर्ग की छत्तीसगढ़ी हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. विद्यावती चन्द्राकर का वक्तव्य ष्माता कौशल्या की जन्मभूमि कोसला की पौराणिक मान्यताएं विषय पर और शिवरीनारायण के इतिहासकार डॉ. शांति कुमार कैवर्त का वक्तव्य ष्कोसला का ऐतिहासिक सत्यान्वेषण विषय पर हुआ। आयोजन में अनुरोध पत्र का वचन मेनका वर्मा ने किया। वहीं चिन्हारी सम्मान से विभूषित सांसद विजय बघेल के सम्मान पत्र का वचन डॉक्टर सोनाली चक्रवर्ती ने किया और जीवन परिचय का वचन कालेश्वर प्रसाद निषाद ने किया। अतिथियों का स्वागत डुमन लाल ध्रुव, मनीष यादव, कुलेश्वर प्रसाद निषाद, शैलेंद्र शिंदे, केतन पारकर, ध्रुपद निषाद, रिखी क्षत्रिय, पवन निषाद, गमलियाल ग्राहम, भारत राणा, महेंद्र भक्ता, हर्ष देवांगन, बद्री कैवर्तए डीपी देशमुखए मुकुंद पारकरए शैलेंद्र पारकर, पारस कैवर्त्त सहित अन्य लोगों ने किया। मंच संचालन डॉक्टर गणेश कौशिक ने किया और आभार प्रदर्शन डुमनलाल ध्रुव धमतरी में व्यक्त किया।*

# आईटीआई के छात्रों ने बनाई कबाड़ से गिटार



**भिलाईनगर,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। भिलाई के सरकारी आईटीआई के बच्चों ने सालों से पड़े हुए कबाड़ को कलाकृति में तब्दील कर दिया है। प्रिंसिपल तुसारकांत सतपुते के निर्देशन में रेल्वे के कलाकार अशोक देवांगन के मार्गदर्शन में 15 फीट ऊंची गिटार का निर्माण किया गया। वेल्डिंग में आईटीआई कर रहे छात्रों के 2 अलग अलग बैच ने 2 अलग अलग गिटार का निर्माण किया। इससे पहले अशोक देवांगन ने रेल्वे के अप्रेटिस कर रहे हजारों छात्रों को प्रशिक्षण दे चुके हैं। उनकी बनाई हुई कलाकृति देश भर के विभिन्न रेल्वे कारखानों में सुसज्जित हैं। उनकी बनाई हुई कलाकृतियों को लिम्का बुक ऑफ रिकार्ड व गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज किया गया है। आईटीआई छात्रों को यहां वे निशुल्क प्रशिक्षण दे रहे हैं। गिटार निर्माण में प्रशिक्षण अधिकारी पंकज बेलचंदन व अन्य प्रशिक्षण अधिकारीयों का भी महत्वपूर्ण योगदान मिल रहा है। गिटार को रंग रोगन कर इसे भिलाई शहर के किसी अच्छे स्थल पर लगाया जाएगा। प्रिंसिपल सतपुते के अनुसार कलाकृति निर्माण का मुख्य उद्देश्य छात्रों को नया स्किल सिखाना है जिसमें और भी कलाकृति निर्माण व अन्य स्किल सिखाये जाएंगे।

# भिलाई-चरोदा में केनाल रोड का होगा निर्माण-कोर्सेवाड़ा

**भिलाईनगर,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा के प्रयास अहिवारा विधानसभा की सड़कों का डामरीकरण व नई सड़कों की सौगाम सहित भिलाई-चरोदा में केनाल रोड का निर्माण कार्य किया जायेगा। इस संबंध में स्थानीय विधायक डोमन लाल कोर्सोवाड़ा ने देशबन्धु को बताया कि भिलाई-चरोदा के केनाल रोड के लिये लगभग पौने 30 करोड रुपये सिरसाकला से शिवनाथ नदी पहुंच मार्ग के लिये 3 करोड रुपये साकरा की तीन प्रमुख सड़कों के लिये 17 करोड़ रुपये तथा सिरसा चौक को सौन्दरीकरण के लिये लगभग 4 करोड़ रुपये की स्वीकृति हो चुकी है। इन विकास कार्य के हो जाने से न सिर्फ लोगों को राहत मिलेगी अपितु यातायात के सुगम साधन उपलब्ध हो सकेगे। विधायाक श्री कोर्सेवाड़ा ने बताया कि भिलाइ-चरोदा नगर निगम क्षेत्र में केनाल रोड की सौगात मिल ही गई। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने इसके पहले चरण के काम के लिए 29 करोड़ 71 लाख 53 हजार राशि की स्वीकृति प्रदान कर दी है। केनाल रोड का निर्माण तांदुला शाखा नहर पर डबरा पारा से चरोदा के इंदिरा नगर तक 5 किमी लंबाई में होगा। उन्होनें बताया कि इस कार्य के लिये टेंडर प्रक्रिया शुरु की जावेगी। विधायक श्री कोर्सेवाड़ा ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के प्रयासों से इस कार्य को स्वीकृति मिल सकी है। डबरा पारा से उरला दुग्ध डेयरी तक कुल 9 किमी लंबी तांदुला नहर पर सड़क बनाने का प्रस्ताव है। जिसका कार्य दो चरणों में किया जायेगा। इसके पहले चरण के लिये शासन से राज्य बजट में 29 करोड़ 71 लाख 53 हजार रुपए का बजट प्रावधानित किया था। क्षेत्रीय विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने कहा कि इस कार्य को शीघ्र शुरु करने व समय सीमा पर पूरी गुणवत्ता के साथ शीघ्रता से पूर्ण कराएं जायेगा। केनाल रोड के प्रस्ताव पर राज्य सरकार के वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में 29 करोड़ 71 लाख 53 हजार रुपए की राशि प्रावधानित किया गया है। अब स्वीकृति के बाद इसी राशि से पहले चरण में डबरा पारा भिलाई-3 की ओर सिरसा चौक होकर इंदिरा नगर तक पांच किमी लंबी केनाल रोड का निर्माण किया जाएगा। इसके बाद अगले चरण में सिरसा चौक से चरोदा होते हुए उरला दुग्ध डेयरी वाली सड़क से केनाल रोड को जोड़े जाने का प्रस्ताव है। इस रोड के बनने से भिलाई.3 से चरोदा के बीच फोरलेन सड़क पर यातायात का दबाव काफी हद तक कम हो जाएगा। भिलाई 3, राम मंदिर के पीछे नहर फोरलेन सड़क पर भिलाई.3 के सिरसा चौक का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इसके लिए बजट में रखे गए प्रावधान के अनुरूप नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने 3 करोड़ 98 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान कर दी है। विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने बताया कि सिरसा चौक के विकास और सौंदर्यीकरण के लिए निगम को राशि प्राप्त हो चुकी थी। लेकिन सरकार बदलते ही कार्यादेश जारी नहीं किए जाने के कारण शासन ने राशि वापस ले लिया था। अब पुन: राशि मिलने से शीघ्र ही सिरसा चौक सौंदर्यीकरण कार्य शुरू होने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। उन्होनें बताया कि इसी कार्य के लिये शासन से पौने तीन करोड़ रुपये स्वीकृत किये गये है। जिससे सिरसा चौका का विस्तारीकरण व सौन्दरीयकरण किया जायेगा। विधायक श्री कोर्सेवाड़ा ने बताया कि अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के साकरा से चन्द्रिका साकरा से तबकरा व साकरा से बाईपास रोड़ से सड़क निर्माण कार्य के लिये 17 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत हुई है। इस सड़क का निर्माण की मांग लम्बे समय से स्थानीय लोगों द्वारा कि जा रही थी। इस मार्ग के बान जाने से यातायात काफी सुगम हो जायेगा। उन्होनें बताया कि जेवरासिरसा से शिवनाथ नदी पहुंच मार्ग निर्माण कार्य के लिये पौने तीन करोड़ रुपये स्वीकृत हुए है। उन्होनें बताया कि आने वाले समय में बाकि क्षेत्र की सड़कों का भी निर्माण कार्य उनके लक्ष्य में है। भाजपा नेता एवं विधायक प्रतिनिधि दिलीप पटेल, निगम में नेता प्रतिपक्ष राम खिलावन वर्मा, वरिष्ठ पार्षद फिरोज फारुकी मुकेश अग्रवाल , सुषमा जेठानी ने अन्य भाजपा नेताओँ ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव व स्थानीय विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केनाल रोड बनने से भिलाई-चरोदा के लोगों को आवाजाही के लिए सड़क का अतिरिक्त विकल्प मिलने से फोरलेन में ट्रेफिक के दबाव से राहत मिलेगी। भाजपा नेताओं ने विधायक श्री कोर्सेवाड़ा के द्वारा किया गया पहल सराहनीय की है।



# शिक्षण सामग्री पाकर खिल उठे बच्चों के चेहरे



**भिलाईनगर,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। समावेशी शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण पहल करते हुए सामाजिक संगठन गोल्डन एम्पथी (जीई) फाउंडेशन ने विशेष आवश्यकता वर्ग वाले बच्चों को नि: शुल्क स्कूल बैग, नोटबुक और पेन का वितरण किया। शिक्षण सामग्री मिलने पर विशेष बच्चों के चेहरे खिल उठे और सभी ने अपनी पढ़ाई पूरी करने का वादा किया। विवेकानंद सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में बौद्धिक दिव्यांग, श्रवण बाधित, अस्थिबाधित, अल्प दृष्टि बाधित, मस्तिष्क पक्षाघात और सीखने की क्षमता में कमी से प्रभावित बच्चे लाभान्वित हुए। फाउंडेशन के संयोजक प्रदीप पिल्लई ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य इन विशेष बच्चों को शिक्षा में समान अवसर देना और उनके आत्मविश्वास को सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा कार्यों के माध्यम से शिक्षा और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता निभाता रहेगा। जीई फाउंडेशन की इस पहल की सराहना करते हुए समग्र शिक्षा से जिला परियोजना समन्वयक सुरेंद्र पांडेय ने कहा कि समावेशी शिक्षा को मजबूती देने की दिशा में यह एक सराहनीय प्रयास है, जिससे विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को मुख्यधारा की शिक्षा प्रणाली से जोड़ने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि आज इन बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और आत्मविश्वास की झलक इस बात का प्रमाण है कि यदि सही सहयोग और संसाधन मिलें, तो हर बच्चा अपनी क्षमताओं को पूरी तरह विकसित कर सकता है। कार्यक्रम में सहायक समन्वयक आई.के रामटेके, यूआरसी श्रीमती किरण चंदवानी, बीआरसी श्रवण कुमार सिन्हा, चन्द्र किरण दुबे, पुष्पा भट्टाचार्य, खुमति उईके, इतिदास गुप्ता, माया डोमरे, दुर्गा साहू और उत्तम चंद्रवंशी तथा जीई फाउंडेशन से सुरुचि टावरी, अनुपमा मेश्राम, मोनिका सिंह, विशाखा मनगुड़े, प्रकाश देशमुख व अजीत सिंह सहित शिक्षकों, अभिभावकों और सामाजिक संगठनों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। सभी ने जीई फाउंडेशन की इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे प्रयासों को सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# गो धन को दुर्घटना से बचाने रिसाली ने चलाया अभियान

**भिलाईनगर,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। बारिश में सड़क पर बैठी मवेशियों से होने वाली दुर्घटना से बचने नगर पालिक निगम ने विशेष अभियान चलाया। नगर पालिक निगम रिसाली आयुक्त मोनिका वर्मा के निर्देश पर दर्जन भर मवेशियों को पकड़ा। इस कार्य में 8 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। बारिश के समय गो धन अक्सर सड़क के बीच में बैठ जाती है। गई बार बारिश की वजह से स्ट्रीट लाइट बंद भी रहती है। सड़क पर मवेशी होने से दुर्घटनाएं भी लगातार हो रही है। यही वजह है कि नगर पालिक निगम रिसाली आयुक्त के निर्देश पर निगम कर्मचारियों ने मुख्य मार्गो से गाय, बैल व बछड़े को पकड़ कर अवरुद्ध मार्ग को ठीक किया। इसके अलावा दर्जन भर मवेशियों को सड़क से खदेड़ा। आयुक्त मोनिका वर्मा के निर्देश पर निगम कर्मचारी दशहरा मैदान में एकत्र हुए। इसके बाद बीएसपी मार्केट रिसाली और टाउनशिप के सड़कों पर बैठी मवेशियों को हटाया। बाद में कृष्णा टॉकीज रोड से धनोरा रेलवे फाटक पर बैठी मवेशी को कर्मचारियों ने पकड़ा। वही यातायात पुलिस द्वारा मवेशियों सिंग में रेडियम लगाया जा रहा है।



# जून माह के रिटायर कर्मियों को दी विदाई



**भिलाईनगर,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। इस्पात कर्मचारी को.ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर.6 में एक आयोजन में सोसाइटी के माह जून या उसके पूर्व सेवानिवृत्त हुए बीएसपी के सदस्य कर्मियों को विदाई दी गई। सोसाइटी के अध्यक्ष बृजबिहारी मिश्र व अन्य पदाधिकारियों ने इन सदस्य कर्मियों को शॉल, श्रीफल और उनकी जमा पूंजी का चेक देकर सम्मानित किया। अध्यक्ष बृजबिहारी मिश्र ने कहा कि सोसाइटी की साख हमारे वरिष्ठ कर्मियों की मेहनत का नतीजा है। इसे बरकरार रखना हम सबका दायित्व है। इस दौरान रिटायर हुए कर्मियों में ओमप्रकाश शर्मा, डीपी वर्मा सहित कई अन्य ने अपने विचार रखे। इन रिटायर होने वाले कर्मियों में फायर ब्रिगेड से कृष्ण कुमार, अजीत कुमार, दीनदयाल वर्मा, सिम्हाचलम, रामचंद्र साहू, सुरजीत सिंह, मंगल सिंह वर्मा, पोखन ठाकुर, दामोदरन, पीके राव, प्यारेलाल, सीएच पूर्णचंद्रा राव, टुमन कुमार चतुर्वेदी, उत्तम कुमार, ओमप्रकाश, सूर्य प्रसाद मंडावी, उत्तम कुमार नायक, डीपी वर्मा, संतन पटेल, मदनलाल, मोहम्मद सलीम, महेश कुमार, युगल किशोर, मोहनलाल, वेदराम नील कमल, के पोट्टैया, पवन कुमार सोनी, देवलाल असिम कुमार, सुभाष चंद्र वर्मा, पोखनलाल, तिलकपुरी गोस्वामी, हरिओम प्रकाश, सुभाषभाई पटेल, सकतराम, रामकिशन साहू, पुनीराम साहू राजेंद्र कुमार, केदार सिंह जयप्रकाश पांडेय शामिल हैं। इस अवसर पर संचालक मंडल की उपाध्यक्ष श्रीमती इंदरजीत कौर व अमिताभ वर्मा सहित सदस्य हरिराम यादव, जे के गहिने, विनोद कुमार वासनिक, कुलेश्वर चंद्राकर, श्रीमती नीरजा शर्मा और पवन कुमार साहू सहित कई अन्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक एम मुरलीधर और आभार संचालक मंडल के सदस्य विनोद कुमार वासनिक ने व्यक्त किया।

**थान खमरिया,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। राधा कृष्ण जमात मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान एक सप्ताह कथा वाचिका सुश्री विद्या दुबे का स्वागत करते हुए।



# शिवानी भंसाली उपमुख्यमंत्री के सामने उठाया पत्थर चट्टान पर बसे परिवारों का मुद्दा

◆ **उप मुख्यमंत्री शर्मा तत्काल अधिकारी से कहा केबिनेट सहमति के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजे**



**दल्लीराजहरा,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। नगर पंचायत डौण्डी लोहारा वार्ड 11 की पार्षद शिवानी रजत भंसाली ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के बालोद जिला प्रवास पर मुलाकात कर नगर पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 व 10 एव12 के लंबित वार्डवासियों की पुरानी पट्टा व आवास निर्माण के विषय पर चर्चा कर निराकरण करने की मांग की शिवानी भंसाली ने मंत्री विजय शर्मा को मामले की जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड में नगरवासियों 40 वर्षो से मकान बनाकर निवासरत है। वही उक्त भूमि शासकीय रिकार्ड में पत्थर चट्टान के नाम से दर्ज है। जिस कारण इन प्रभावित परिवारों को वर्षों बीत जाने के बाद के भी भूमि स्वामी का अधिकार ( पट्टा) नही मिल पा रहा है। वही भूमि अधिकार पत्र नही होने से इन गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ भी नही मिल पा रहा है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पार्षद शिवानी भंसाली की बातों पर गौर किया व मामले की पूरी जानकारी लेते ही मौके पर प्रदेश के उच्चाधिकारियों से बात की व कहा कि यह विषय कैसे हल किया जा सकता है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को बताया गया कि पत्थर चट्टान जमीन को आबादी भूमि में बदलने के लिए केबिनेट की सहमति जरूरी है। तो उन्होंने बालोद एसडीएम व तहसीलदार को जल्द से जल्द प्रस्ताव बनाकर भेजने की बात कही जिससे अब प्रभावित परिवारों को भरोसा है। कि शिवानी रजत भन्साली के प्रयास से भारतीय जनता पार्टी की सरकार में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के हाथों से ही यह समस्या का हल हो जाएगा।प्रभावीत परिवार के रोहित कतलम,रेखा सोनकर राखी,संगीता व अन्य लोगो ने बताया कि उक्त भूमि पर नल,जल,बिजली की सुविधा नगर पंचायत से मिला है। व बकायदा हम समय पर टैक्स भी जमा करते आ रहे है। लेकिन उक्त भूमि का रिकार्ड में पत्थर चट्टान दर्ज होने के कारण आवास योजना के लाभ से वंचित हो रहे है। जबकि वर्षो पूर्व बने मकान काफी जर्जर हो चुके है।वर्षों से नगर के वार्ड 10,11,12 में पत्थर चट्टान भूमि में निवासरत प्रभावित परिवार कल उपमुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद प्रसन्न दिखाई दिए। क्योंकि इस मामले को लेकर वे जिला कलेक्टर,एसडीएम कार्यालय व नगर पंचायत में लगातार इस मामले को लेकर चर्चा करते रहे लेकिन मामला केबिनेट का होने के कारण इस समस्या का हल नही निकल पाया है। अब जबकि वार्ड पार्षद शिवानी भंसाली की पहल व उपमुख्यमंत्री के निर्देश के बाद एक आशा की किरण जगा है। वार्ड 11 के आंगनबाड़ी की समस्या से पार्षद शिवानी रजत भंसाली ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को अवगत कराया तो आंगनबाड़ी की स्वीकृति प्रदान करने की बात कही जिससे आने वाले कुछ समय बाद जल्द से जल्द वार्ड 11 में आंगनबाड़ी भवन का निर्माण होगा उप मुख्य मंत्री मुलाकात में जिला भाजपा के अध्यक्ष चेमन देशमुख,वरिष्ठ भाजपा नेता यशवंत जैन,देवलाल ठाकुर,राकेश यादव,यज्ञदत्त शर्मा,प्रीतम साहू,वीरेंद्र साहू,केसी पवार,दिलीप शर्मा,राकेश छोटू यादव,जयेश शर्मा,नरेश यदु, प्रतिभा चौधरी,हरीश कटझरे,पोषण बनपेला सहित अन्य भाजपा के नेतागण उपस्थित रहे।

# कोरियर कंपनियों द्वारा अवैध रूप से औषधियों की आपूर्ति पर प्रतिबंध हेतु आवश्यक कार्रवाई के संबंध मे गृह मंत्री को ज्ञापन




**बेमेतरा** ,21 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन , के महासचिव अविनाश अग्रवाल ने उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा को प्रदेश के सभी दवा विक्रेताओं की ओर एक अहम मुद्दे पर ज्ञापन सौंपा जिसमें बताया गया है कि वर्तमान में कुछ ई-कॉमर्स और कोरियर कंपनियों द्वारा प्रदेश में गैरकानूनी रूप से औषधियों की आपूर्ति की जा रही है। यह न केवल ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 का उल्लंघन है, बल्कि इससे समाज में नशे और दवा दुरुपयोग की प्रवृत्ति को भी बढ़ावा मिल रहा है। ऑनलाइन दवा बिक्री के संबंध में केंद्र सरकार की स्पष्ट गाइडलाइंस न होने के बावजूद, कुछ कंपनियां बिना वैध पर्चे, बिना फार्मासिस्ट निगरानी के औषधियां भेज रही हैं, जो स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत चिंताजनक एवं गंभीर मामला है। इसी के चलते हाल ही में रायपुर में एक व्यक्ति द्वारा स्न्रद्यद्बश्चद्मड्डह्म्ह्ल से ऑनलाइन मंगवाए गए चाकू से की गई हत्या ने इस विषय की गंभीरता को और उजागर कर दिया है। पुलिस द्वारा ई-कॉमर्स कंपनी व कोरियर सेवा के 6 कर्मचारियों को गिरफ्तार भी किया गया है — यह छत्तीसगढ़ में अपनी तरह की पहली कार्रवाई है। यह दर्शाता है कि जब तक इन प्लेटफार्म्स की सख्त निगरानी और जवाबदेही तय नहीं होगी, तब तक ये माध्यम अवैध और घातक गतिविधियों का जरिया बने रहेंगे। इसी के चलते मंत्री महोदय से निवेदन किया गया है कि . कोरियर कंपनियों और ऑनलाइन विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश जारी किए जाएं कि वे किसी भी प्रकार की औषधि की डिलीवरी सीधे उपभोक्ताओं को न करें।.ड्रग कंट्रोल और पुलिस विभाग को संयुक्त रूप से आदेशित किया जाए कि ऐसी किसी भी डिलीवरी पर सतर्क निगरानी रखी जाए और संदिग्ध आपूर्ति की जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाए। .यदि कोई औषधि कोरियर के माध्यम से भेजी जाती है, तो उसका पूरा विवरण, प्रिस्क्रिप्शन व स्रोत की जानकारी, स्थानीय पुलिस और ड्रग निरीक्षक कार्यालयों में प्रस्तुत करना अनिवार्य किया जाए।आपके नेतृत्व में प्रदेश में चल रहा नशे के विरुद्ध अभियान अत्यंत सराहनीय है। हमें पूर्ण विश्वास है कि यदि उपरोक्त अवैध आपूर्ति चैनलों को बंद किया जाए, तो इस अभियान को पूर्ण सफलता मिलेगी और प्रदेश की जनता को मादक औषधियों और अवैध दवा उपयोग से सुरक्षा मिलेगी। उक्त जानकारी बेमेतरा जिला दवा विक्रेता संघ के अध्यक्ष दिनेश दुबे द्वारा दी गई ।

# कलेक्टर व भाजपा नेताओं ने एक पेड़ मां के नाम तहत किया वृक्षारोपण

◆ **पर्यावरण बचाने के लिए वृक्षारोपण प्राण वायु :कलेक्टर मिश्रा**

◆ **पर्यावरण समस्याएं मनुष्य कोअपनी जीवन शैली में पुनर्विचार करने कर रहा प्रेरित : स्वाधीन जैन**



**दल्लीराजहरा,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वन पर च्व्एक पेड़ माँ के नामज्ज के तहत आज पूरे बालोद जिला में जिला कलेक्टर दिव्या मिश्रा के तत्वाधान में वृक्षारोपण किया गया है। यह एक प्रयास है जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। इस अभियान का उद्देश्य माँ के नाम पर एक पेड़ लगाना और एक स्थायी स्मृति बनाना है, जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि एक स्वच्छ वातावरण और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा। 20 जुलाई को बालोद जिला कलेक्टर ऑफिस,उप पंजीयक कार्यालय, राजहरा व्यापारी संघ कार्यालय में जिला कलेक्टर दिव्या मिश्रा,छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स मंत्री स्वाधीन जैन,भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष जयदीप गुप्ता, भाजपा कुसुमकसा मंडल अध्यक्ष योगेन्द्र सिन्हा, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश सह-सोशल मीडिया प्रभारी हितेश कुमार डोंगरे,अंकित टाटिया ,हितेश बाघमार ने उपस्थित हो कर वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने कहा की मनुष्य और पर्यावरण एक दूसरे पर निर्भर होते हैं। पर्यावरण बचाने के लिए वृक्षारोपण हम सब के लिए प्राणवायु है।आज हमे सबसे ज्यादा जरूरत है, पर्यावरण संकट में आम जनता को जागरूक करना है। तभी हम स्वच्छ वातावरण में रह सकेंगे व आने वाली पीढ़ी को भी स्वच्छ वातावरण दे सकेंगे इस अवसर पर स्वाधीन जैन ने कहा की पर्यावरण समस्याएं मनुष्य को अपनी जीवन शैली के बारे में पुनवर्विचार के लिए प्रेरित कर रहा है,पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।भाजपा नेता जैन ने कहा की आज हमे मिलकर संकल्प करना है की की पर्यावरण व प्रकृति के खिलाफ कोई भी कार्य नहीं करेंगे बल्कि अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर लोगों में जागरूकता फैलाकर पर्यावरण को बचाएंगे।

न्युज 1 का फोटो मेल

# समग्र ब्राह्मण मातृशक्ति परिषद छुईखदान ने सावन उत्सव व सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन



**खैरागढ़-छुईखदान-गंडई,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। ब्राह्मण सामाजिक संगठन समग्र ब्राह्मण मातृशक्ति परिषद् की जिला कार्यकारिणी की सहयोगी बहनों द्वारा हरित माह सावन के उपलक्ष्य में रविवार को दक्षिणमुखी श्री हनुमान मंदिर प्रांगण में रामचरितमानस के सुंदरकांड पाठ सहित सावन उत्सव का आयोजन किया. परिषद् की जिलाध्यक्ष श्रीमती डॉली तिवारी एवं जिला सचिव श्रीमती स्वाति शर्मा ने आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुये बताया कि कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी सुहागन बहनों को श्रृंगार प्रसाधन सामग्री भेंट स्वरूप प्रदान कर सम्मानित किया गया, इसके बाद सामूहिक सुंदरकांड के पाठ से पूरा वातावरण श्रद्धा एवं भक्तिमय हो गया था. इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष श्रीमती रूपा उपाध्याय, जिला संगठन विस्तार प्रमुख श्रीमती शैल शर्मा सहित श्यामा तिवारी, मीना तिवारी, अंजू तिवारी, श्रद्धा तिवारी, विमला शर्मा, सरिता शर्मा, रेणु त्रिपाठी, रेणु चौबे, कविता चौबे, श्रद्धा दुबे, रोहिणी शर्मा, अर्चना दुबे, कविता सिंह, खुशबू सिंह आदि बहनों का विशेष योगदान रहा. कार्यक्रम में गायत्री मंदिर के पुजारी और वहाँ की कार्यकर्ता बहनों का भी महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ. इस आयोजन में क्षेत्र की बड़ी संख्या में स्वजातीय एवं सनातनी बहनों ने श्रद्धा के साथ सहभागिता निभाई.

# फूलबंगला की अनुपम झॉकी के साथ आज होगा झूला उत्सव का विश्राम



**थान खमरिया,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। फूलबंगला की अनुपम झॉकी के दिव्य दर्शन के बाद 14 जुलाई से श्रीरामहर्षण कुंज साजा में चल रहे सावन झूला उत्सव का 22 जुलाई को विराम होगा। आज सुबह 10 बजे से इस अनुपम झॉकी का दर्शन होगा जिसमें ठाकुर जी का, झूले का, उनके वस्त्रों का, आभूषणों का विभिन्न प्रकार के फूलों से श्रृॅगार किया जायेगा। मंदिर का पूरा वातावरण फूलों से आच्छादित होगा। झूला झूलन बिहारी सरकार झूला झूलते हुये भक्तों को दर्शन देंगे। इस दौरान अयोध्या से पधारे नरेन्द्र दास जी एवं उनके परिकरों द्वारा झूला उत्सव के मधुर पदों का गायन किया जायेगा। ठाकुर जी को कलेवा कराया जायेगा। मीठी - मीठी गालियों, मसखरियों से सखियॉ उनको कलेवा करायेंगी। उनको छप्पन भोग लगाया जायेगा। दोपहर में भण्डारा प्रसादी होगी। श्री रामहर्षण कुंज में सावन महिने में प्रतिवर्ष झूला उत्सव का आयोजन किया जाता है जिसमें अयोध्या तथा अन्य स्थानों से संत, महंत तथा बड़ी संख्या में क्षेत्र के श्रद्धालु भाग लेते हैं। इस अवसर पर महंत श्रीवैष्णवदास जी ने कहा कि जिस जीव में रस नहीं है उसका जीवन ही नीरस है। ऐसे उदासीन का जीवन व्यर्थ है। जीव को तो सच्चे सुख की अनुभूति होती है रसमय रस स्वरूप सीताराम जी के आश्रय में।

# मानस संघ ने विधायक ईश्वर साहू का किया सम्मान



**साजा,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। सोमवार को मानस संघ ब्लॉक साजा के समस्त मानस मण्डलीयो के सदस्य एवं मानस संघ के पदाधिकारियो ने श्री ईश्वर साहू विद्यायक साजा के निवास मे जाकर श्री राम गौ ध्वज यात्रा मे शामिल होने पर श्री भरत साहू (ब्लॉक अध्यक्ष मानस संघ साजा ) ने श्री राम गमछा, श्रीफल एवं प्रतिक चिन्ह सें सम्मानित किया, इस अवसर पर विधायक जी ने अपने उद्बोधन मे कहा की ऐसे ही धार्मिक आयोजन समय -समय पर होते रहना चाहिए जिससे सब मे एकता की भावना का प्रसार होता है। श्री भरत साहू ने प्रतिवर्ष शासन द्वारा मिलने वाले स्वेच्छा अनुदान राशि पर श्री विधायक जी सें चर्चा किया जिसमे 100 मंडली का आवेदन विधायक श्री ईश्वर साहू जी ज्ञापन दिया गया इस अवसर पर मानस संघ ब्लॉक अध्यक्ष श्री भरत साहू, द्वारा संगठन विस्तार पर चर्चा किया गया जिसमे कुछ शक्ति केंद्र मे अध्यक्ष का पद रिक्त है उसमे नये अध्यक्ष मनोनीत किया जिसमे श्री सुरेश साहू को उपाध्यक्ष, शक्ति केंद्र 02 के अध्यक्ष श्री विनोद साहू को बनाया गया, शक्ति के. 03 के अध्यक्ष श्री जानूराम यादव को बनाया गया,श्री राजेंद्र निर्मलकर को शक्ति के. 08 के उपाध्यक्ष बनाया गया। इस कार्यक्रम में होरीलाल पाल सचिव रामजी साहू कोषाध्यक्ष श्रवण साहू संरक्षक रामसिंह साहू सलाहकार खिलावन साहू सुरेश वर्मा तोरन सिंह पटेल लीलाधर चंद्राकर संतोष साहू धनेश्वर साहू राजेंद्र पटेल विष्णु साहू युवराज साहू मनोज सिन्हा आत्माराम साहू योगिता राजपूत कुसुम साहू एवं मानस मंडली के सदस्य शामिल हुए।

# धर्मान्तरण एवं अन्तर्जातीय विवाह पर लगाना होगा रोक - मदन सोनबरसा



**बालोद,**21 जुलाई (देशबन्धु)। समाज में सामाजिक नियमावली की परिपालन हो इसकी हम सबकी जिम्मेदारी है। आज समाज में धर्मान्तरण एवं अंर्तजातीय विवाह किए जाने की लगातार शिकायतें मिलने लगी है। जंहा समाज के गरीब परिवारों के लोगों को आर्थिक प्रलोभन देने का लालच देकर धर्मान्तरण कराया जा रहा है। जो बहुत ही चिंतनीय है। जिस पर लगाम लगाने की जवाबदारी हम सभी सामाजिकजनों की है। उक्त बातें स्थानीय मरारपारा स्थित साहू सदन में तहसील स्तरीय सामाजिक बैठक के दौरान बालोद तहसील साहू संघ अध्यक्ष मदन सोनबरसा ने कहा। इसी प्रकार बैठक के दौरान बालोद तहसील साहू संघ कोषाध्यक्ष तुकेश हिरवानी ने विगत छ: माह के दौरान आय एवं व्यय राशि की जानकारी प्रस्तुत किया। बैठक में सभी सामाजिकजनों ने 20 जुलाई को अपने अपने ग्रामों में वृहद रूप से वृक्षारोपण करने की जानकारी प्रदान किए। तहसील स्तरीय बैठक में मुख्य रूप से बालोद तहसील साहू संघ अध्यक्ष मदन सोनबरसा, न्याय प्रकोष्ठ के हेमंत साहू, कोषाध्यक्ष तुकेश हिरवानी, सचिव वीनिता साहू, सहसचिव राधेलाल गुरूपंच, अकेंक्ष्क त्रिलोचन साहू, महिला प्रकोष्ठ के जागेश्वरी साहू, वीणा साहू, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष गंगा प्रसाद साहू, छगन साहू, ध्रुव कुमार साहू, मदन साहू, हिमांचल साहू, डोमन साहू, कुंजलाल साहू, नरेन्द्र साहू, गंगाधर साहू, मीडिया प्रभारी किशोर साहू सहित सैंकडों सामाजिक महिला पुरूष उपस्थित रहे। बैठक का संचालन सचिव वीनिता साहू, सहसचिव राधेलाल गुरूपंच ने किया एवं आभार प्रदर्शन अकेंक्षक त्रिलोचन साहू ने किया।

# महापौर एवं आयुक्त ने डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर स्वच्छता सर्वेक्षण में राजनांदगांव का भारत में टॉप 20 में आने पर दी बधाई

◆ **शहर विकास के लिए 63 करोड की राशि स्वीकृति दिलाने पर महापौर मधुसूदन यादव ने**

◆ **डॉ. रमन सिंह का जताया आभार**

◆ **डॉ. रमन सिंह ने टॉप 10 में स्थान पाने और ज्यादा मेहनत करने कहा**



**राजनांदगांव** ,21 जुलाई (देशबन्धु)। विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. रमन सिंह जी के आज राजनांदगांव प्रवास के दौरान महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में संस्कारधानी राजनांदगांव पूरे देश में टॉप 20 में आने तथा प्रदेश में 6वें स्थान प्राप्त करने पर उनसे सौजन्य मुलाकात कर बधाई एंव शुभकामनाए दिए। महापौर श्री यादव ने कहा कि गत स्वच्छता सर्वेक्षण में राजनांदगांव शहर भारत में 79वे स्थान पर था, परन्तु इस वर्ष 2024-25 के स्वच्छता सर्वेक्षण में 65 छलांग लगाकर 14वॉ स्थान प्राप्त किया। उक्त स्थान आपके सहयोग एवं मार्गदर्शन से प्राप्त हुआ है। उन्होंने शहर विकास के लिए 63 करोड की राशि राज्य बजट में स्वीकृत कराने पर भी डॉ. रमन सिंह जी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आपके मार्गदर्शन में भविष्य में शहर की तस्वीर बदलकर एक अलग छवि दिखेगी। विधायक डॉ. रमन सिंह जी ने बधाई देते हुए कहा कि नगर निगम की टीम की मेहनत रंग लाई और भारत में टॉप 20 में स्थान मिला। उन्होंने कहा कि आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में टॉप 10 मे स्थान बनाकर प्रथम स्थान प्राप्त करे। इसके लिए और मेहनत करे, नागरिको को भी स्वच्छता से जोडे। उन्होंने कहा कि शहर विकास एवं स्वच्छ वातावरण देने में नगर निगम की महती भूमिका होती है, इसे ध्यान में रखकर महापौर मधुसूदन यादव के नेतृत्व में टीम वर्क के साथ कार्य करे। इस अवसर पर कृषि उपज मण्डी के पूर्व उपाध्यक्ष श्री कोमल सिंह राजपूत सहित स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य श्री शैकी बग्गा, प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा, स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव, स्वच्छ भारत मिशन के जिला समनवयक श्री देवेश साहू उपस्थित थे।

# दीनदयाल फाउंडेशन आश्रम की संदिग्ध गतिविधियों पर आपत्ति दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग



**बालोद,**21 जुलाई (देशबन्धु)। नगर के वार्ड क्रमांक 20 में स्थित दीनदयाल फाउंडेशन आश्रम की संदिग्ध गतिविधियों पर आपत्ति दर्ज कराते हुए वार्ड वासियों ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक को लिखित हस्ताक्षरयुक्त शिकायत पत्र सौंपते हुए कार्यवाही की मांग की। जिस पर पुलिस अधीक्षक ने कार्यवाही का आश्वासन दिया है। उक्ताशय के शिकायत पत्र में बताया गया कि उक्त दीनदयाल फाउंडेशन आश्रम में दूसरे राज्य के लोगों का आना जाना रहता है। 50 डिसमिल से अधिक जमीन पर शासकीय जमीन में कब्जा किया गया है। उक्त आश्रम के संचालक व वहां निवासरत एक व्यक्ति का वीडियो सोशल मीडिया पर गत दो दिनों से वायरल हो रहा है जिसमें किसी 12 साल की नाबालिक बच्ची के साथ अश्लील हरकत किए जाने पर आश्रम के संचालक उन्हें डांट रहे हैं और एक आडियो भी वायरल हो रहा है जिसमें आश्रम के संचालक पीड़ित बच्ची से बात कर रहे हैं। उक्त विडियो व आडियो के वायरल होने से वार्डवासियों में उक्त आश्रम के खिलाफ आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बताया जाता है कि उक्त आश्रम में तंत्र मंत्र व झाड़फूक्क जैसे कार्य भी किए जाते हैं जहां अन्य राज्य के लोगों का आना जाना रहता है। वार्ड नं 20 पाररास शांतिप्रिय क्षेत्र है जंहा अधिकांश मजदूर तबके के लोगों का निवास है। जंहा इस प्रकार की असामाजिक व अवैध कार्यों के होने से क्षेत्र में अशांति का माहौल निर्मित हो सकता है। शिकायत पत्र सौंपने टिकेश कुमार, लोकनाथ साहू, पार्षद कसीमुद्दीन खान, चन्द्रशेखर, रामसिंग, जयवर्धन, नरेश कुमार गिरवर साहू व अन्य उपस्थित थे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### प्रोफेसर रेशमा लाकेश ...

जर्नल में सम्पादक मण्डल की सदस्य है साथ ही उनके निर्देशन में अनेक सम-सामयिक विषयों पर शोध कार्य सम्पन्न हो रहे है। उनकी इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अमिता सहगल तथा समस्त महाविद्यालय परिवार ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### भारतमाला प्रोजेक्ट के अंतर्गत ...

ब्रिज की ऊंचाई छोटी होने से अनाज इत्यादि की भी ट्रांसपोर्टिंग संभव नहीं होगी अत: इसकी ऊंचाई 6 मीटर की जाये। इसके साथ ही ग्रामीणों ने जलभराव की स्थिति में किसानों को होने वाले नुकसान के एवज में मुआवजा देने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व जनपद अध्यक्ष मोहन हरमुख, सरपंच अंजोरा ख संतोष सारथी, सरपंच थनौद मेनका देशमुख, तथा ग्राम पंचायत बिरेझर, चंगोरी के अलावा धनराज देवांगन, भोजराम सिन्हा, सहित अनेक ग्रामवासी शामिल थे।

# राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ ने किया केंद्रीय युवा मंडल का गठन

**बेमेतरा,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। रविवार को राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़, रहटादह पंजीयन क्रमांक 1282 द्वारा केंद्रीय कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए उपसमिति रायपुर उत्तर में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय युवा मंडल का गठन किया गया।जिसमे उपसमिति साजा के परपोड़ा निवासी जनपद सदस्य नीरज सिंह राजपूत को केंद्रीय युवा कोषाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया नीरज राजपूत सामाजिक व राजनीतिक गतिविधि में लगातार सक्रिय रहते है जहाँ इन्होंने बजरंग सिंह बैस के पिछले कार्यकाल में बेमेतरा जोन में मीडिया सहप्रभारी के रूप में सामाजिक की गतिविधि को आगे बढ़ाया साजा उपसमिति में मनोनीत सदस्य रहे फिर से नई जिम्मेदारी जहां युवा टीम में उन्हें रखा गया है समाज के युवाओं को सामाजिक के साथ अन्य गतिविधि में जोड़कर समाज को आगे दिशा की ओर ले जाने की जिम्मेदारी दी गई जिसमें नवनियुक्त पदाधिकारियों में महेश सिंह को केंद्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रांशु क्षत्रिय और पीयूष ठाकुर को उपाध्यक्ष, अमन सिंह ठाकुर उपसचिव, मंगल सिंह संगठन सचिव, समित सिंह राजपूत को सह सचिव तथा सत्यम सिंह को प्रचार सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई।

# वार्ड नं. 38 में 15 लाख रूपये की लागत से नाली व रोड बनाने महापौर ने किया भूमिपूजन



**राजनांदगांव,**21 जुलाई (देशबन्धु)। वार्डो में कराये जा रहे विकास कार्य की कडी में महापौर मधुसूदन यादव ने दिग्विजय वार्ड नं. 38 में रोड व नाली निर्माण के लिए छ.ग. पर्यटन मण्डल के अध्यक्ष नीलू शर्मा की उपस्थिति में भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अधोसंरचना मद अंतर्गत शासन स्वीकृति के तारतम्य में दिग्विजय वार्ड के लिए स्वीकृत राशि 15 लाख रूपये से ठेठवार पारा गली में नाली निर्माण तथा किलापारा रोड में सीमेंटीकरण के लिए भूमिपूजन किया जा रहा है, नाली बन जाने से पानी निकासी की समस्या दूर होगी। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप हमारे विधायक डॉ. रमन सिंह तथा सांसद संतोष पाण्डे की अनुशंसा पर सभी वार्डो में पार्षद की मांग अनुसार प्राथमिकता तय कर विकास कार्य कराये जा रहे है।

ठेठवार पारा में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में महापौर यादव एवं पर्यटन मण्डल के अध्यक्ष शर्मा सहित महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य राजा माखीजा व डीलेश्वर प्रसाद साहू, वार्ड की पार्षद सुमणीमास्कर गुप्ता, पार्षद जैनम बैद, रवि सिन्हा, अरूण साहू, पूर्व पार्षद विजय राय के अलावा मनीष गोलछा ने शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर विधिवत गैती चलाकर भूमिपूजन किया।

पर्यटन मण्डल के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने कहा कि हमारे यशस्वी विधायक डॉ. रमन सिंह जी ने अपने विधायक रहते पूर्व में अनेको विकास कार्य के लिए स्वीकृति देकर शहर को एक पहचान दिलाए है, इसी तारतम्य में वर्तमान में उन्होंने शहर विकास के लिए 63 करोड की स्वीकृति दिलाए। उन्होंनें कहा कि विकास की कडी को आगे बढाते हुए महापौर मधुसूदन यादव भी शासन से प्राप्त राशि से वार्डो में समान रूप से विकास कार्य करा रहे है। वार्ड पार्षद सुमणिभाष्कर गुप्ता ने भी भूमिपूजन के लिए आभार व्यक्त करते हुए इसी प्रकार वार्ड विकास में सहयोग की अपेक्षा की। भूमिपूजन के पूर्व वार्ड के द्विवांका भाष्कर गुप्ता, शैल्जा भास्कर गुप्ता, पंकज सोनी, दशरथ सोनी, विपुल सोनी, अभिषेक झा, बंशी साहू,मंगल यादव, हुकूम पंसारी, मुझीमन अली, दीपक यादव, बिट्टू यादव, तरूण गुप्ता, मुकेश कसार, रीतेश कसार, सुरेश यादव, राजेश श्रीवास, करूणा शर्मा, नीतू यादव, संगीता यादव, ममता याादव, रूपाबाई साहू, रूखमणी श्रीवास, हेमलता श्रीवास, शोभा शर्मा, ज्योति सुराना,संतोष सुराना,राकेश चौबे, विक्रांत श्रीवास्तव, मुमताज बानो ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। इस अवसर पर उप अभियंता सुआयुषी सिंह सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

## निधन

### श्रीमती अमरजीत कौर



**रायपुर,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गेंदु की माता श्रीमती अमरजीत कौर जी उम्र 76 पति स्व महेंद्र सिंह गेदूजी का आज इलाज के दोरान हैदराबाद के हॉस्पिटल में निधन हो गया। वो 8-10 दिनों से हैदराबाद में भर्ती थी।आप मंजीत सिंह गेदू मलकीत सिंह गेदू हरदीप सिंह गेदू की माता थी ।उनकी अंतिम यात्रा कल 22 जुलाई मंगलवार को उनके निजनिवास शांतिनगर से मुक्तिधाम के लिए शाम 4बजे निकलेगी।

# प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन का शिक्षक प्रशिक्षण एवं प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम आयोजित

- जिले के 400 शिक्षकों का प्रशिक्षण और 150 विद्यार्थियों का हुआ सम्मान
- क्लासरूम में विद्यार्थियों को पढ़ने के लिए न कहकर, पहचान कर सीखने के लिए प्रेरित करे : डॉ अशोक ठाकुर




**बेमेतरा,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन एवं समाधान कॉलेज, बेमेतरा के संयुक्त तत्वाधान में उत्कृष्ट विद्यार्थियों का प्रतिभा सम्मान समारोह एवं एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला समर्थ गुरु सशक्त शिक्षकों का निर्माण विषय पर आयोजित हुआ। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के संरक्षक श्री दीपक अरोरा, समाधान महाविद्यालय के डायरेक्टर श्री अविनाश तिवारी व प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ अवधेश पटेल, समिति की अध्यक्ष डॉ अलका तिवारी एवं प्राइवेट एसोसिएशन की टीम ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि व मुख्य वक्ताओं का स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ प्रांत के पूर्व प्रांत संघ चालक श्री बिसराराम यादव ने आशीर्वचन व बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की ज्ञानेंद्रियों व कर्मेंद्रियों को सही दिशा देकर शिक्षण प्रदान करें, जिससे वह अपनी प्रतिभा को पहचान कर आगे बढ़े। अगले मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के रिटायर्ड आईएएस एवं प्रमुख सचिव श्री गणेश शंकर मिश्रा ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि शिक्षा का उद्देश्य अज्ञानता को स्वीकार कर परिमार्जन व परिशोधन से श्रेष्ठता की ओर अग्रसर करना है। व्यक्ति के जीवन में तीन बोध ज्ञान बोध, इतिहास बोध व कर्म बोध की महिमा का विशेष महत्व है। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री अरविंद मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग से रहें। उन्होंने कहा कि प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान होना अनिवार्य है क्योंकि इससे लोगों को प्रेरणा मिलती है। अगले विशिष्ट अतिथि श्री कमल कपूर बंजारे, जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा से रहें। उन्होंने सम्मान समारोह पर बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत व लगन से सफलता हासिल की है। इस सफलता में शिक्षक व पालकों का भी योगदान हैं। अगले विशिष्ट अतिथि श्री राजीव गुप्ता, अध्यक्ष प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन रायपुर से रहें। उनका शिक्षकों से आग्रह किया कि वे विद्यार्थियों में पढ़ाई के साथ साथ दया व करुणा का भी विकास करें। मुख्य प्रशिक्षक के रूप में मुनि इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक एवं अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शिक्षाविद् डॉ अशोक ठाकुर रहें। उन्होंने शिक्षकों के कार्यभार को 10 गुना कैसे कम करें? और छात्रों के अधिगम परिणाम को 20 गुना कैसे बढ़ाएं? विषय पर अपने विचारों को साझा करते हुए कहा कि विद्यालयों में स्कूलिंग हो रहा है लेकिन शिक्षा का कार्य नहीं हो रहा है। विद्यार्थियों को क्लास रूम में पढ़ने के लिए न कहे बल्कि चीजों को मूर्त व अमूर्त रूप में पहचानने? तथा पीयर टीचिंग, ग्रुप डिस्कशन व क्लासरूम डिस्कशन का वातावरण तैयार करें ताकि विश्व स्वयं से पढ़ने को तैयार हो जाए। इससे उनके स्व-प्रेरणा से सीखने की क्षमता बढ़ जाएगी। हमारा लक्ष्य आज के आधुनिक डिजिटल युग में छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार भी देना है ताकि वे अच्छे इंसान बनकर वैश्विक रूप से जिम्मेदार नागरिक बने। मुनि इंटरनेशनल स्कूल इसी बुनियाद पर कार्य कर रहा है। हम छात्रों के पर्सपेक्शन पर नैतिकता से उनके बिलीफ सिस्टम को मजबूत करते हैं जिसके लिए हम उनमें छह आदतों-मैं ही जिम्मेदार हूं, इस दुनिया में कोई नकारात्मकता नहीं है बल्कि सकारात्मक है, इस दुनिया में चुनौतियां व समस्या हमें स्टार बनाने के लिए है तत्पश्चात कृतज्ञता, संयम व संकल्प को दिनचर्या में लागू करते हैं। क्लासरूम में डिस्कशन, करेक्शन, अंडरस्टैंड व सेलिब्रेशन का वातावरण देकर आनंदशाला बनाते हैं। इसके पश्चात अगले वक्ता वीर छत्रपति शिवाजी इंग्लिश मीडियम स्कूल रायपुर निदेशक एवं शिक्षाविद् श्री मुकेश शाह रहें। उन्होंने शिक्षक के आभूषण व शिक्षकों और छात्रों का जुड़ाव विषय पर अपनी बात रखते हुए कहा कि बच्चों के मनोविज्ञान का अध्ययन कर उनसे जुड़ जाइए, तभी आप उनको सही ज्ञान प्रदान कर पाएंगे। अगले वक्ता एम्पावर एडुप्रेनर रायपुर के डायरेक्टर व शिक्षाविद् श्री गोविंद मुदलियार रहें। उन्होंने बदलते शिक्षा के मद्देनजर कक्षा में शिक्षक और अधिगम प्रक्रिया की चुनौतियों का समाधान विषय पर बताया कि एनईपी 2020 शिक्षा में क्यों लागू किया गया है? जिसका प्रैक्टिकल अभ्यास कराकर समझाने का प्रयास किया। समाधान महाविद्यालय एवं ज्ञानभारती पब्लिक स्कूल के निदेशक एवं माइंड व मेमोरी ट्रेनर डॉ. अवधेश पटेल रहें। उन्होंने क्लास रूम में माइंड और मेमोरी पावर से छात्रों की एकाग्रता और रुचि कैसे बढ़ाएं? विषय पर अपनी बातों को साझा करते हुए कहा कि अच्छा शिक्षक वह है, जो विद्यार्थियों को पढ़ने के लिए तैयार करें। एलंस पब्लिक स्कूल और सैनिक स्कूल की प्राचार्या श्रीमती नीतू सिंह ने प्रेरणा से सशक्तिकरण-सार्थक शिक्षक की एक यात्रा पर अपनी बातों को साझा करते हुए बताया कि शिक्षक को विद्यार्थियों में छिपी हुई प्रतिभा को पहचान कर वास्तविक दुनिया के लिए तैयार करना चाहिए। अतिथियों को प्रतीक चिन्ह, शाल व श्रीफल से सम्मानित किया गया।

बेमेतरा जिले के शासकीय एवं निजी विद्यालय के कक्षा -10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में जिला स्तर पर टॉप-10 एवं 90त्न से अधिक अंक प्राप्त प्राइवेट स्कूल के विद्यार्थियों, कक्षा-8वीं में 85त्न से अधिक प्राइवेट स्कूल के छात्र तथा समाधान महाविद्यालय के बीएड, बी.कॉम, बीसीए, बीएससी (सीएस), पीजी डिप्लोमा इन योग साइंस, आईटीआई कोपा, स्टेनो व इलेक्ट्रीशियन की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक, मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही 46 प्राइवेट स्कूल के शिक्षकों को बेस्ट टीचर के प्रमाण-पत्र एवं मोमेंटो से सम्मानित किया गया। मंच का संचालन महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक हरीश कुमार पटेल, एलंस पब्लिक स्कूल के व्याख्याता भीष्मदेव आर्य एवं मंजु छत्रि द्वारा किया गया। अंत में, डॉक्टर अलका तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

इस कार्यक्रम में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के संरक्षक दीपक अरोरा, उपाध्यक्ष जितेंद्र राजपूत, सचिव रामकुमार भारती, कोषाध्यक्ष वसीम खान, कार्यकारिणी सदस्य वीरेंद्र जायसवाल, समिति सलाहकार मृदु महाजन, जितेंद्र मिश्रा, गजपाल खुराना, रेवाराम पाल, कृष्णकुमार सोनी, समाधान महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक, एलंस पब्लिक स्कूल के समस्त शिक्षक एवं 60 स्कूलों के संचालक व प्राचार्य एवं जिले के विभिन्न विद्यालयों से 350 से अधिक शिक्षक तथा सम्मानित होने वाले छात्र-छात्राएं व पालकगण उपस्थित थे।

# योगेश तिवारी ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को कवर्धा निवास पर दी जन्मदिवस की शुभकामनाएं



बेमेतरा, 21 जुलाई (देशबन्धु)। सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं किसान नेता योगेश तिवारी ने छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री माननीय विजय शर्मा से उनके कवर्धा स्थित निवास पर मुलाकात कर जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

योगेश तिवारी का यह शिष्टाचार भेंट केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक विचारधारा की प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि विजय शर्मा का जीवन, हिन्दू संस्कृति, राष्ट्रधर्म और छत्तीसगढ़ी अस्मिता के लिए समर्पित है और ऐसे जननेताओं से भेंट करना स्वयं में सौभाग्य की बात है। उन्होंने विजय शर्मा को सनातन संस्कृति के प्रखर प्रतिनिधि बताते हुए कहा, च्योगेश तिवारी ने बताया माँ विजय शर्मा जी छत्तीसगढ़ हिन्दुत्व के फ़ायर ब्रांड नेता है । और आपका नेतृत्व प्रदेश के युवाओं को अपनी संस्कृति से जुड़ने, राष्ट्रहित में सोचने और सेवा के पथ पर चलने की प्रेरणा देता है। आपके कार्य और विचार छत्तीसगढ़ में हिंदुत्व की नई चेतना का संचार कर रहा है।

योगेश तिवारी ने इस अवसर पर विजय शर्मा को दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं यशस्वी जीवन की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि आने वाले समय में संगठन और सरकार मिलकर छत्तीसगढ़ को वैभवशाली सांस्कृतिक और आध्यात्मिक राज्य बनाने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे।

ईस अवसर पर लाश मे पीयुष शर्मा ।प्रियांशु सिंह माशुम पांनडे मनोज बंजारे सहित प्रमुख सांथी उपस्थित थे।

# पुत्र मोह में भूपेश ने पूरी कांग्रेस को झोंका: देवलाल ठाकुर

**बालोद,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी ने जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के माध्यम से कांग्रेस और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर गंभीर आरोप लगाते हुए कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे झूठ को उजागर किया। प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कांग्रेस से सीधे सवाल किया कि भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल कांग्रेस के किस पद पर हैं फिर किस अधिकार से कांग्रेस उनके समर्थन में प्रदर्शन कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भूपेश बघेल पुत्र मोह में पूरी कांग्रेस को झोंक चुके हैं और इस प्रकार की राजनीति छत्तीसगढ़ की जनता के साथ धोखा है। पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव ने कहा कि भ्रष्टाचारियों को बचाने प्रदेश की जनता को परेशानी में डाला जा रहा है। इसे ही कहते हैं चोरी ऊपर से सीना जोरी। उन्होंने शराब, कोयला, चावल, गोठान और पीएससी घोटालों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन सभी में प्रदेश की जनता का पैसा लूटा गया और अब जब जांच में आरोपी सामने आ रहे हैं तो कांग्रेस उन्हें बचाने मैदान में उतर आई है।



जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने प्रेस वार्ता में कोयला आवंटन और पर्यावरण स्वीकृति से जुड़े भूपेश बघेल सरकार के आधिकारिक आदेश के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल ने अशोक गहलोत को कोल ब्लॉक आवंटित किया और अडानी को खदानों का ऑपरेटर बनाया। भाजपा नेताओं ने तथ्यों सहित कहा कि 16 अक्टूबर 2019 को पर्यावरण स्वीकृति की सिफारिश की गई। 31 मार्च 2021 को ओपन कास्ट गारे पेलमा सेक्टर.2 के लिए एमओयू हुआ। 19 अप्रैल 2022 को स्टेज.1 और 23 जनवरी 2023 को स्टेज.2 वन स्वीकृति की सिफारिश भेजी गई। उन्होंने बताया कि राजस्थान सरकार के तत्कालीन मंत्री बीण्डीण् कल्ला और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने स्वयं कोल ब्लॉक आवंटन के लिए पत्राचार किया था जिसे जनता ने देखा और समझा है। भाजपा ने कांग्रेस से सीधे सवाल किया कि क्या कांग्रेस मनमोहन सिंह सरकार के फैसलों पर अब माफी मांगेगी क्या भूपेश बघेल अपने कथन अनुसार अब अपने घर व राजीव भवन की बिजली बंद करेंगे क्या कांग्रेस हर आरोपी के समर्थन में खड़ी होगी जैसे भूपेश बघेल के पुत्र के लिए खड़ी है। राकेश यादव ने तंज कसते हुए कहा कि जब सवाल पूछे जाते थे तो भूपेश बघेल कहते थे कि विरोध करने वाले अपने घर की बिजली बंद कर दें। अब जब उनके झूठ उजागर हो गए हैं तो क्या वह स्वयं अपनी बिजली बंद करेंगे। प्रेस वार्ता में जिला मंत्री राजेश दसोडे, हरिश कटझरे, कमल पनपालिया, बलराम गुप्ता, वीरेन्द्र साहू, शेखर वर्मा, नरेंद्र सोनवानी, बिल्ला मनहर सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पारद शिवलिंग की पूजा से तीनों लोकों में स्थित शिवलिंगों के पूजन का फल प्राप्त होता: संत रामबालकदास

**थानखम्हरिया,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। करोड़ों शिवलिंगों के पूजन से जो फल प्राप्त होता है उससे भी करोड़ गुना फल पारद शिवलिंग की पूजा और दर्शन से प्राप्त होता है। पारद शिवलिंग के स्पर्श मात्र से मुक्ति प्राप्त होती है।



पाटेश्वरधाम के ऑनलाईन सतसंग में पुरूषोत्तम अग्रवाल की जिज्ञासा पर बोलते हुये संत श्री रामबालकदास जी ने बताया पारद शंभू बीज है। शुद्ध पारद का संस्कार द्वारा बंधन करके जिस देवी - देवता की प्रतिमा बनायी जाती है वह स्वयंसिद्ध होती है। पारद शिवलिंग की पूजा से तीनों लोकों में स्थित शिवलिंगों के पूजन का फल मिलता है। इसका दर्शन महापुण्य दाता है। इसके दर्शन से सैकड़ों अश्वमेध यज्ञों, करोड़ों गोदान करने, हजारों स्वर्ण मुद्राओं के दान का फल मिलता है। जिस घर में इसकी पूजा होती है वहॉ भगवान शंकर, सुख, समृद्धि का वास होता है वास्तुदोष का भी निवारण हो जाता है। बाबाजी ने कहा अलग - अलग प्रकार के धातु से बने शिवलिंग के पूजन का अलग - अलग महत्व है। विधिपूर्वक बनाये पारद शिवलिंग के पूजन से साधक की सारी मनोकामनायें पूर्ण होती हैं तथा चतुर्दिक लाभ मिलता है। पारद शिवलिंग को भगवान शंकर का साक्षात रूप माना जाता है। एकमुखी रूद्राक्ष युक्त पारद शिवलिंग के पूजन से धातु संबंधी गुण प्राप्त होते हैं तथा लौह तत्व, ताम्र तत्व, स्वर्ण तत्व प्राप्त होते हैं। पारद शिवलिंग सेवा से प्राणवायु भी मिलती है इसको स्पर्श करना जल चढ़ाना प्राणवायु देता है इसलिये इसे प्राणलिंग भी कहते हैं। पारद शिवलिंग पर तीर्थ जल द्वारा नमक - चमक रूद्राभिषेक की बड़ी महिमा बतायी गयी है। इस विधि में स्वर्ण या रजत धातु पारद शिवलिंग पर चढ़ाया जाता है जो जलकर भस्म हो जाता है इसमें नमक जल मिलाकर लकवा के रोगी को स्नान कराने पर रोग दूर होता है। ब्लड कैंसर के रोगी को पारद शिवलिंग के अभिषेक का जल पिलाने से रोग दूर होता है। क्षय रोग का भी निदान होता है। रसेन्द्र चूड़ामणि में पारद शिवलिंग की महिमा बताते हुये कहा गया है रस रस कहकर इसकी पूजा करने से शिव की समस्त शक्तियॉ रत्न समुच्चय के साथ साधक में समाहित हो जाती हैं। बाबाजी ने बताया पूरे ब्रह्माण्ड में पारद शिवलिंग के दो पुजारी हुये पहला रावण तथा दूसरे हनुमान जी। देवताओं ने हनुमान जी को पारदेश्वर शिवलिंग प्रदान किया माता अंजनि ने भी इसकी पूजा की।















# 'भूपेश के बेटे कांग्रेस के कौन से पद पर है जो कांग्रेस प्रदर्शन कर रही है'




**कवर्धा,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जिला भाजपा कार्यालय में आहूत संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस बताएं कि भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल कांग्रेस के किस पद पर है। जिस व्यक्ति का कांग्रेस में कोई पद नहीं उस व्यक्ति के लिए पूरी कांग्रेस प्रदेश में प्रदर्शन कर रही है, इसका साफ मतलब है भूपेश बघेल ने पूरी कांग्रेस को पुत्र मोह में झोंक दिया है।

श्री शर्मा ने कहा हमने पहले भी बड़े-बड़े ऐसे उदाहरण देखें हैं जिसमें लोगों ने पुत्र मोह में खुद को भी बर्बाद किया और अपने पूरे साम्राज्य को भी बर्बाद किया, भूपेश बघेल इस दिशा में काम करते हुए दिखाई दे रहे हैं। भूपेश बघेल और कांग्रेस भ्रष्टाचारियों को बचाने पूरे प्रदेश की जनता को परेशान कर रही है और साथ ही उनका आर्थिक रूप से नुकसान भी करने जा रही है जो की प्रदेश की जनता स्वीकार नहीं करेगी।

कोल ब्लॉक आवंटन को लेकर कांग्रेस पार्टी और भूपेश बघेल के झूठ का पर्दापाश हो गया है। भाजपा ने पत्रकार वार्ता में तथ्यों एवं दस्तावेज प्रेजेंटेशन के माध्यम से कांग्रेस के झूठ को एक बार फिर बेनकाब किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चोरी और सीनाजोरी का उदाहरण बार-बार प्रस्तुत कर रही है। आप सबको पता होगा कि अपने शासनकाल के पाँच वर्ष में भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को दस जनपथ का चारागाह बना दिया था।

श्री शर्मा ने कहा कि शराब घोटाले, कोयला घोटाले, चावल घोटाले, गोठान घोटाले से लेकर पीएससी घोटाले तक में इसने प्रदेश के संसाधनों को जम कर लूटा था, आज इन घोटालों के आरोपी एक एक कर नप रहे हैं। सभी जेल जा रहे हैं। श्री शर्मा ने कहा कि बेवजह जिस तरह अपराधियों के विरुद्ध हो रही कानून सम्मत कार्रवाई को कहीं और मोड़ा जा रहा है, वह दुर्भाग्यजनक और कांग्रेस में हिप्पोक्रेसी का सबसे बड़ा नमूना है।

श्री शर्मा ने कहा कि 23 जून 2011 को केन्द्र में कांग्रेस की सरकार रहते ही तारा परसा ईस्ट और कांटे बेसन कोल ब्लॉक को खोलने का प्रस्ताव दिया गया। जब छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की सरकार थी, उस वक्त अडानी को दो बड़ी खदानों गारे पेलमा सेक्टर-2 और राजस्थान में केते एक्सटेंशन ब्लॉक का ऑपरेटर बनाया गया। इसी तरह भूपेश बघेलजी के मुख्यमंत्री कार्यकाल में ही 16 अक्टूबर 2019 को राज्य सरकार ने पर्यावरण स्वीकृति के लिए सिफारिश भेजी।

श्री शर्मा ने कहा कि 31 मार्च 2021 को ओपन कास्ट गारे पेलमा सेक्टर-2, मांड-रायगढ़ कोलफील्ड के लिए हुआ समझौता भी सबके सामने है। इसी क्रम में 19 अप्रैल 2022 को भूपेश बघेल जी के मुख्यमंत्री रहते ही कांग्रेस सरकार द्वारा वन स्वीकृति स्टेज-1 और 23 जनवरी 2023 को वन स्वीकृति स्टेज-2 के लिए सिफारिश भेजी गई। श्री शर्मा ने कहा कि महाजेंको कोल फील्ड की स्वीकृति में तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की संलिप्तता को लेकर तब अनेक अखबारों ने समाचार भी प्रकाशित किए थे। 25 मार्च 2022 को भूपेश सरकार ने राजस्थान में अशोक गहलोत की सरकार के रहते राजस्थान को कोल माइंस का आबंटन किया था।

# अतिक्रमण से प्रभावित छोटे व्यवसायियों संग कांग्रेस नेताओं ने हाथ में उठाया कटोरा किया विरोध प्रदर्शन



**राजनांदगांव,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। अन्याय के खिलाफ कांग्रेस पार्टी के स्थानीय नेताओं और व्यापारी संगठनों ने मिलकर अनोखे अंदाज़ में विरोध प्रदर्शन किया सभी प्रदर्शनकारियों ने हाथ में कटोरा लेकर सड़कों पर भीख मांगी और भाजपा सरकार की नीतियों का विरोध किया निखिल द्विवेदी ने कहा की - ओवरब्रिज के नीचे वर्षों से दुकान चला रहे सैकड़ों छोटे और मध्यम व्यापारियों को प्रशासन द्वारा जबरन हटा दिया गया बिना किसी पूर्व सूचना, वैकल्पिक व्यवस्था और मुआवज़े के यह कार्रवाई पूरी तरह अमानवीय और जनविरोधी है च्राजनांदगांव की भाजपा सरकार गरीब दुकानदारों को उजाड़कर किस विकास की बात कर रही है? ये वही लोग हैं जो वर्षों से अपना पेट पाल रहे थे, और अब उन्हें सड़कों पर लाकर छोड़ दिया गया है। सरकार को कम से कम कोई वैकल्पिक व्यवस्था देनी चाहिए थी यह कार्रवाई तानाशाही की मिसाल है प्रदर्शन के दौरान व्यापारियों ने मांग रखी सभी हटाए गए दुकानदारों को तत्काल वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराया जाए मुआवज़ा व पुनर्वास नीति की घोषणा हो,और प्रशासनिक कार्रवाई से पहले व्यापारियों को पर्याप्त समय और अवसर दिया जाए हमने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि व्यापारियों को जल्द राहत नहीं दी गई तो यह आंदोलन और तेज़ होगा और बड़े स्तर पर संघर्ष किया जाएगा।

पूर्व निगम अध्यक्ष और पार्षद हाफिज़ खान ने कहा की यह सिर्फ अतिक्रमण नहीं, बल्कि गरीबों की रोटी पर सीधा हमला है भाजपा शासन में गरीबों के लिए कोई जगह नहीं है जब तक सभी प्रभावित व्यापारियों को न्याय नहीं मिलेगा, कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी हम हर मंच पर इन आवाज़ों को उठाते रहेंगे इस विरोध को देखकर आम जनता में भी नाराज़गी देखने को मिली, क्योंकि जिन लोगों ने अपने पसीने से छोटी-छोटी दुकानें खड़ी की थीं, आज उन्हें एक झटके में उजाड़ दिया गया है।उक्त प्रदर्शन के दौरान मुख्यरूप से निखिल द्विवेदी ,हाफिज खान , पूर्व पार्षद विनय झा , पार्षद राजा तिवारी , पूर्व पार्षद प्रजापति पूर्व पार्षद शरद पटेल पूर्व पार्षद, समद खान , पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित थे।

# डॉ. रमन सिंह ने लालबाग में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत किया पौधरोपण



**राजनांदगांव,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज राजनांदगांव प्रवास के दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत लालबाग स्थित रोड किनारे गार्डन में बेल का पौधा लगाया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि सभी नागरिक यह सम्मिलित प्रयास करें कि अगले वर्ष स्वच्छता में राजनांदगांव शहर देश में अव्वल स्थान पर रहे। इस अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सचिन बघेल, कोमल सिंह राजपूत, संतोष अग्रवाल, पार्षद राजा माखीजा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम श्री खेमलाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, नगरवासी उपस्थित थे।

# 24 घंटे बाद मिला श्रीजन पाठक का शव

**कवर्धा,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। कबीरधाम जिले के चर्चित पर्यटन स्थल रानी दहरा जलप्रपात में हुए दिल दहला देने वाले हादसे में अब तक दो युवकों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। बीते दो दिनों से लगातार चल रहे सर्च ऑपरेशन के बाद आखिरकार लापता युवक श्रीजन पाठक का शव हादसे के करीब 24 घंटे बाद झरने से लगभग 9 किलोमीटर दूर बरामद कर लिया गया। श्रीजन पाठक, जो कि मुंगेली जिले का निवासी था, अपने मित्र उमेश साहू के साथ रविवार को रानी दहरा जलप्रपात घूमने आया था। दोनों झरने के ऊपरी हिस्से में घूम रहे थे कि अचानक बारिश के चलते जलस्तर तेज़ी से बढ़ा और श्रीजन तेज बहाव में बह गया। घटना के प्रत्यक्षदर्शी उमेश साहू ने बताया कि दोनों नाले के किनारे बैठकर झरने का दृश्य देख रहे थे, तभी अचानक पानी की धार तेज़ हो गई और श्रीजन उसमें बह गया। वह देखते ही देखते आंखों से ओझल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन ने नगर सेना की 17 सदस्यीय टीम और एसडीआरएफ के विशेष दल को सर्च ऑपरेशन में लगाया। श्रीजन की तलाश में दो दिनों तक लगातार सर्च अभियान चलाया गया। सोमवार को उसकी लाश करीब 9 किलोमीटर दूर पानी के तेज बहाव वाले हिस्से से बरामद की गई। इससे पहले रविवार को ही नरेंद्र पाल (उम्र 45 वर्ष), निवासी मुंगेली, का शव झरने से तीन किलोमीटर दूर बरामद किया गया था। वह भी अपने साथियों के साथ घूमने आया था और तेज बहाव में बह गया था। एक युवक की जान ग्रामीणों ने बचाई घटना में एक तीसरे युवक की जान आसपास मौजूद ग्रामीणों की सतर्कता से बचाई जा सकी। वह युवक बेमेतरा जिले का निवासी था, जिसे सुरक्षित बाहर निकालकर बोड़ला अस्पताल पहुंचाया गया था। प्रशासन सतर्क, कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश लगातार हो रही घटनाओं के बाद कलेक्टर और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और पर्यटकों की सुरक्षा के लिए कड़े निर्देश जारी किए गए। अब रानी दहरा जलप्रपात में बिना अनुमति प्रवेश पूर्णत: प्रतिबंधित कर दिया गया है। साथ ही गहरे पानी में नहाना, खतरनाक स्थानों पर सेल्फी लेना, मदिरा सेवन और प्लास्टिक उपयोग पर भी सख्त रोक लगाई गई है। माता-पिता की आंखें बेटे की तलाश में थकीं श्रीजन के पिता सुनील पाठक और परिजन बीते दो दिनों से घटनास्थल पर डटे रहे। वे बेटे की सलामती की दुआ कर रहे थे, लेकिन बेटे का शव मिलने की खबर ने पूरे परिवार को तोड़कर रख दिया। स्थानीय ग्रामीण और पर्यटक भी इस घटना से बेहद दुखी हैं। स्थानीयों की मांग ङ्क स्थायी सुरक्षा प्रबंध हों ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि रानी दहरा जलप्रपात जैसे संवेदनशील पर्यटन स्थल पर स्थायी सुरक्षा व्यवस्था, चेतावनी बोर्ड, गार्ड की तैनाती और फेंसिंग अनिवार्य की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। यह हादसा पर्यटन स्थलों की लापरवाहियों और सुरक्षा के प्रति लचर रवैये की एक बार फिर से बड़ी बानगी बन गया है।



# शंकरपुर मे साई मूर्ति स्थापना, सुनील बंसोड़ के भजनों से झूम उठे श्रद्धालु




**राजनांदगांव,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। शंकरपुर वार्ड में सावन के पवित्र माह मे श्री साईं बाबा की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गईं इस अवसर पर सुप्रसिद्ध ख्याति प्राप्त भजन गायक सुनील बंसोड़ ने साईं भजनो की बेजोड़ प्रस्तुति दी जिसमे साईं बाबा के महिमा का बखान किया गया. जिसमे मेरा प्यारा प्यारा साईं शिर्डी वाला, ऐसा. भला खुला कहा दरबार मिलेगा, ताली बजाके बोलो जै साईंनाथ, साईंनाथ तेरे हजारों हाथ, भजन शामिल हैं इसके आलावा सुनील बंसोड़ ने गणेश जी एवं माता रानी का स्मरण कर उक्त कार्यक्रम मे भोलेनाथ जी पर जप हर हर भोला, श्री राम जी पर राम नाम के जोत ला जला, हनुमान जी पर बजरंग बली छाये गली भक्त हैं महान भजनो की शानदार प्रस्तुति दी अन्य कलाकार आरगन मे पुखराज सिन्हा, तबला भूपेंद्र सेन, ढोलक दिनेश साहू,पैड मे हरीश यादव, ने संगत दी कोरस मे चुन्नीलाल साहू, रोशन शेंडे, राजेंद्र रामटेके शामिल थे।

इस पुरे कार्यक्रम मे उपस्थित जनमानस ने भजनो का भरपूर आनंद उठाया , डॉ पन्नालाल सिन्हा, त्रिलोकी साहू, एवं अन्यजनो का विशेष सहयोग रहा।

# बीईओ ऑफिस में फांसी के फंदे पर लटका मिला कर्मचारी का शव

**गुरुर,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। बालोद जिले में संचालित एक सरकारी ऑफिस में 28 वर्षीय कर्मचारी का शव मिला है, मृतक उस कार्यालय में चपरासी का काम कर रहा था, पूरा मामला ब्लॉक मुख्यालय गुरूर में संचालित विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय की है। सोमवार को दोपहर में गुरुर स्थित मरच्युरी में पीएम के बाद शव को परिजनों के हवाले किया गया, जानकारी के मुताबिक ग्राम कोलिहामार निवासी 28 वर्षीय सतीश कुमार यादव ने इस तरह घटना को अंजाम दिया है, मृतक सतीश कुमार यादव अपनी मां की जगह उक्त कार्यालय में साफ सफाई का काम करता था। 4,5, माह पहले ही उसकी शादी हुई है।

परिजनों के मुताबिक सतीश कुमार यादव रविवार की शाम घर से निकला था, जब देर रात्रि तक घर नहीं लौटा, तो परिजन खोजबीन के लिए निकले थे, जब परिजन उक्त कार्यालय की ओर पहुंचे, तो कार्यालय का मुख्य गेट अंदर से बंद था, ऐसे में परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई।

मामले की जानकारी के बाद जब गुरुर पुलिस घटना स्थल पर पहुंचे,तो यहां सतीश कुमार यादव का शव विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अंदर फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। सतीश कुमार यादव ने दो अलग अलग गमछा को जोड़कर तथा सीलिंग पंखा से बांधकर इस तरह घटना को अंजाम दिया है, मरच्युरी में पीएम के दौरान गुरुर तहसीलदार हनुमंत श्याम एवं गुरुर थाना प्रभारी सुनील तिर्की भी मौके पर पहुंचे थे। पुलिस के मुताबिक घटना का कारण अज्ञात है, सोमवार को दोपहर में पीएम के बाद शव को परिजनों के हवाले कर दिया गया है, मामले में पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

# बिजली बिल के बढ़ते दर को लेकर मनराखन देवांगन का सरकार पर तीखा प्रहार

## कहा जनता को राहत नहीं, बोझ मिला



**खैरागढ़,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। वित्तीय वर्ष 2025-26 में घरेलू बिजली बिल के दरों में वृद्धि को लेकर खैरागढ़ में विरोध बढ़ता जा रहा है। विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने प्रदेश सरकार पर सीधा हमला करते हुए कहा कि महंगाई से जूझ रही जनता को राहत देने की बजाय सरकार ने बिजली की दरें बढ़ाकर उनके कंधों पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया है। देवांगन ने कहा कि बिजली दरों में 10 पैसे से 20 पैसे प्रति यूनिट तक की वृद्धि का सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ेगा। उन्होंने आंकड़े साझा करते हुए बताया पहले 100 यूनिट पर दर 3.90 रुपये थी, जो अब 4.10 रुपये कर दी गई है 200 यूनिट पर 4.10 से बढ़कर 4.20, 400 यूनिट पर 5.50 से बढ़कर 5.60 और 600 यूनिट पर 6.50 की जगह अब 6.60 रुपये प्रति यूनिट लगेंगे। स्थानीय उपभोक्ता दीपक देवांगन ने भी नाराजगी जताते हुए कहा कि समय पर मीटर रीडिंग नहीं होती, बिलों में गड़बड़ी आम बात है और अब दरें भी बढ़ा दी गईं। इससे आम नागरिकों की परेशानी बढ़ गई है। खैरागढ़ में सिर्फ दरें ही नहीं बढ़ीं बल्कि बिजली बंद की समस्या ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। शहर से लेकर गांव तक कहीं सुबह तो कहीं रात भर अंधेरा छाया रहता है। छात्र मोमबत्ती की रोशनी में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। दुकानदार मोबाइल की रोशनी में सामान बेच रहे हैं। बुजुर्ग और बच्चे गर्मी और उमस में बेहाल हैं। सरकारी दफ्तरों और वीआईपी इलाकों में तो बिजली 24 घंटे रहती है लेकिन आम जनता घंटों कटौती झेल रही है। जनता सवाल कर रही है कि क्या यही जनसत्ता का न्याय है। उपभोक्ताओं के अनुसार विभाग से संपर्क करने पर सिर्फ एक रटा-रटाया जवाब मिलता है लाइन में फॉल्ट है सुधार कार्य चल रहा है लेकिन ये फॉल्ट महीनों से सुधर ही नहीं रहा। मनराखन देवांगन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बिजली दरों में की गई बढ़ोतरी वापस नहीं ली गई तो हम सड़क पर उतरकर ज़ोरदार आंदोलन करेंगे।

# सेवादल पैनल की ट्रस्ट में बनेगी सरकार ,दो श्रेणी में 12 में से 10 ट्रस्टी जीतें



**डोंगरगढ़,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश के सबसे बड़े धार्मिक मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति में एक बार फिर मां बम्लेश्वरी सेवादल पैनल की सरकार बनेगी। सेवादल पैनल ने संरक्षक व आजीवन श्रेणी के 12 पदों में से 10 पर बड़ी जीत दर्ज की है। सेवादल पैनल ने इस बार संरक्षक श्रेणी में ऐतिहासिक जीत हासिल की है। इनके पांच उम्मीदवार ट्रस्टी बनें। जबकि विपक्षी भैयाजी पैनल के केवल दो ट्रस्टी ही जीत सकें है। हालांकि देर रात तक साधारण श्रेणी के बबलू शांडिल्य संजीव गोमास्ता गौतम चोपड़ा मतदान गिनती में आगे चल रहे थे । आजीवन श्रेणी में सभी पांच पदों पर सेवादल पैनल के ही उम्मीदवार जीतें है, वहीं भैयाजी पैनल इस श्रेणी से खाता भी नहीं खोल पाई है। संरक्षक श्रेणी से पांच ट्रस्टी के जीतनें के बाद सेवादल पैनल के समर्थकों ने जश्न मनाया । लम्बे समय से मंदिर की राजनीति करते आ रहे कई दिग्गज ट्रस्टी बुरी तरह से चुनाव हार गए। वहीं संरक्षक श्रेणी से अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने सबसे बड़ी जीत दर्ज किया। उन्होंनें सबसे अधिक 317 वोट प्राप्त किया। वहीं भैयाजी पैनल के गोविंद चोपड़ा 226 वोट, सुभाष अग्रवाल 221, नवनीत तिवारी 218, विनोद तिवारी 210 व संजय अग्रवाल 202 वोट लेकर चुनाव हार गए। जबकि सेवादल पैनल के केवल दो उम्मीदवार अशोक कुमार चावड़ा 210 वोट व शिवकुमार शर्मा को 209 वोट लेकर भी हार का सामना करना पड़ा। सुबह 7 बजें सबसे पहलें संरक्षक श्रेणी की काउंटिंग शुरु हुई। जिसमें सेवादल पैनल के उम्मीदवारों ने बढ़त बनाएं रखा। इनमें मनोज अग्रवाल सबसे अधिक 317 वोट लेकर टॉप पर रहे। इसके बाद नितिन हरिप्रसाद अग्रवाल 300 वोट, अनिल गट्टानी 285, योगेश अग्रवाल 261, महेंद्र भाई पटेल ने 254 वोट प्राप्त किया। वहीं भैयाजी पैनल से हरीश भंडारी 243 वोट तथा नारायण अग्रवाल ने 229 वोट लेकर जीत दर्ज की। आजीवन श्रेणी में भी सेवादल पैनल के सभी पांच उम्मीदवारों ने भैयाजी पैनल के उम्मीदवारों को एकतरफा पटखनी दी। इनमें सबसे अधिक 542 वोट सेवादल पैनल के संजय श्रीवास्तव ने हासिल किया। इसके बाद पीतांबर स्वामी ने 521 वोट, प्रकाश बिंदल 494, चंद्रप्रकाश मिश्रा 482 तथा महेंद्र परिहार ने 444 वोट हासिल कर जीत दर्ज किया। वहीं भैयाजी पैनल के प्रत्याशी रघुवर अग्रवाल 361 वोट, संजय यादव 296, क्रांति टम्मी नामदेव 226, देवेंद्र मिश्रा 176, सोनकुमार सिन्हा 161 वोट लेकर चुनाव हार गए। वहीं निर्दलीय उम्मीदवार महेंद्र अग्रवाल 124 वोट लेकर सबसे आखिरी में रहे।

# 300 से अधिक कांवड़ यात्री भावना बोहरा के साथ अमरकंटक से भोरमदेव मंदिर तक 151 किलोमीटर पदयात्रा के लिए रवाना

**■ कांवड़ यात्रा केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि आस्था, अनुशासन, पर्यावरण प्रेम और हमारी संस्कृति से जुड़ी एक महत्वपूर्ण रीति भी है : भावना बोहरा**

**कवर्धा,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। विधायक भावना बोहरा ने सावन माह के द्वितीय सोमवार को माँ नर्मदा मंदिर, अमरकंटक में माँ नर्मदा और नर्मदेश्वर महादेव जी की पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि की कामना की और अमरकंटक से भोरमदेव मंदिर तक कांवड़ यात्रा के लिए प्रस्थान किया। इसके पूर्व रविवार को भावना बोहरा ने मेला मैदान, नया नगर पालिक परिसर, अमरकंटक में कांवड़ यात्रियों से मुलकात की और उन्हें भोजन परोसकर उनकी सेवा की और भजन संध्या में शामिल हुईं। इस दौरान लगभग 3000 से अधिक संख्या में कबीरधाम जिला से पधारे कांवड़ यात्रियों और पंडरिया विधानसभा एवं जिला पदाधिकारी, कार्यकता एवं भक्तजनों ने उत्साह के साथ भजन संध्या में शामिल हुए और हर हर महादेव के नाम से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा।

21 जुलाई सोमवार को भावना बोहरा के साथ लगभग 1000 से अधिक कबीरधाम जिला से पधारे कांवड़ यात्रियों, पंडरिया विधानसभा से आए भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं श्रद्धालुओं ने नर्मदा मंदिर में पूजा-अर्चना की और उनकी यात्रा के लिए शुभकामनाएं प्रेषित किया। इस दौरान 300 से अधिक कांवड़ यात्री भावना बोहरा के साथ उनकी इस यात्रा में सहभागी बनें हैं। सभी ने बड़े ही उत्साह और उर्जा के साथ बोल बम और हर हर महादेव के नारे के साथ यात्रा की शुरुआत करते हुए जंगलों के रास्ते छत्तीसगढ़ वासियों एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली के संकल्प के साथ यात्रा के लिए प्रस्थान किया। यात्रा के प्रथम नर्मदा मंदिर, अमरकंटक से लम्हनी तक यात्रा तय की जाएगी और मंगलवार को पुनः यात्रा आगे बढ़ेगी। 21 जुलाई से प्रारंभ यह यात्रा 27 जुलाई को भोरमदेव मंदिर पहुंचेगी और भावना बोहरा एवं उनके साथ इस यात्रा से जुड़े सभी कांवड़ यात्री एवं भक्तजन डोंगरिया महादेव और भोरमदेव मंदिर में महादेव का जलाभिषेक करेंगे।



इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ वासियों और हमारे प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की मेरी इस संकल्प यात्रा में सहभागी बनें सभी कांवड़ यात्रियों, भक्तजनों और कबीरधाम जिला एवं पंडरिया विधानसभा के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का मैं आभार व्यक्त करती हूँ। इस यात्रा में शामिल सभी का उत्साह एवं भगवान भोलेनाथ के प्रति आस्था और विश्वास एक नई उर्जा देने वाला है। कांवड़ यात्रा केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि आस्था, अनुशासन, पर्यावरण प्रेम और हमारी संस्कृति से जुड़ी एक महत्वपूर्ण रीति भी है। हमने जो संकल्प किया है उसकी पूर्ति हेतु भगवान भोलेनाथ एवं माँ नर्मदा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए हमारी यह यात्रा आज प्रारंभ हुई है और आज यात्रा के प्रथम दिन नर्मदा मंदिर, अमरकंटक से लम्हनी तक यात्रा की जाएगी और मंगलवार को यात्रा के दूसरे दिन हम सभी पुनः उसी उत्साह और उरज के साथ भोरमदेव मंदिर की ओर आगे बढ़ेंगे।

भावना बोहरा ने आगे कहा कि सबके जीवन में सुख-समृद्धि का वास हो,हमारा छत्तीसगढ़ निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर हो इसी कामना के साथ और हमारी आने वाली पीढ़ियों को सनातन संस्कृति, हमारी धार्मिक आस्था,परंपरा एवं रीती-रिवाजों से अवगत कराना हमारा उद्देश्य है।यह यात्रा मेरे लिए माँ नर्मदा और भोलेनाथ बाबा के प्रति कृतज्ञता का एक विनम्र प्रयास है और आज उनकी ही कृपा से हमारी यह पुण्य यात्रा शुरू हुई है। इस पदयात्रा के माध्यम से मैं पंडरिया विधानसभा और पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश की सुख-शांति और समृद्धि की प्रार्थना करती हूँ। मुझे विश्वास है कि आपके साथ और भोलेनाथ के आशीर्वाद से यह यात्रा निश्चित ही सफल होगी। विगत वर्षों में आप सभी ने मुझ पर जो विश्वास जताया व अपना आशीर्वाद प्रदान किया है वह मेरा सौ भाग्य है एक जनप्रतिनिधि के रूप में क्षेत्र का विकास और जनता की सेवा मेरा परम कर्तव्य है। अपने इसी कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए मैंने जो संकल्प किये हैं उन्हें पूरा करने हेतु मैं निरंतर प्रयासरत हूँ और आगे भी पूरी निष्ठा से प्रयास करती रहूंगी।

# राज्य सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप में कोरबा के प्रभमन सिंग एवं रायपुर की तनिषा ड्रोलिया बनी विजेता




**दुर्ग,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। आल इंडिया चेस फेडरेशन के निर्देशन में छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ द्वारा खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन तथा अग्रसेन जन कल्याण समिति एवं अग्रसेन महिला समिति भिलाई के सहयोग से जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा 17 से 20 जुलाई तक सेक्टर 6 भिलाई स्थित अग्रसेन भवन में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य सब जूनियर अंडर 15 बालक एवं बालिका वर्गध् फिड़े रेटेड शतरंज चैंपियनशिप के बालक वर्ग में कोरबा के प्रभमन सिंग ने 9 में से 8 अंक प्राप्त कर तथा बालिका वर्ग में रायपुर की तनिषा ड्रोलिया ने 6.5 अंक प्राप्त कर राज्य चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी के मार्गदर्शन एवं देखरेख में संपूर्ण प्रतियोगिता सफ्लतापूर्वक संपन्न हुई।

पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह अग्रसेन जन कल्याण समिति भिलाई के अध्यक्ष बंशी अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष समाजसेवी कैलाश जैन बरमेचा थे। विशेष अतिथि के रूप में अंतराष्ट्रीय महिला खिलाड़ी विक्रम अवॉर्डी किरण अग्रवाल, समाजसेवीका निर्मला राठी, इंटरनेशनल आर्बिटर अलंकार भिवगडे एवं जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत मंचासिन थे।

जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत सचिव तुलसी सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ के कुल 213 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। जिसमें बालक वर्ग में 159 एवं बालिका वर्ग में 53 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता में कुल 50 रेटेड खिलाड़ी शामिल थे।

मुख्य अतिथि बंशी अग्रवाल ने भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए विजय एवं चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी तथा कहा कि खेल में हार जीत तो होते रहती है और खिलाड़ियों को हार से निराश न होकर आगे अपने खेल में सुधार लाना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाजसेवी कैलाश जैन बरमेचा राज्य भर से आए खिलाड़ियों को एवं आयोजन समिति के सदस्यों को सफ्ल आयोजन के लिए बधाई देते हुए सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। निर्मला राठी एवं किरण अग्रवाल ने भी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि कड़ी मेहनत व लगन के चलते किसी भी मुकाम व ऊंचाई को हासिल किया जा सकता हैं।

अंडर 15 के बालक वर्ग में प्रथम स्थान प्रभमन सिंग कोरबा को विजेता ट्रॉफी एवं 6 हजार रुपए नगद, द्वितीय आलोक कनौजे रायपुर 5 हजार रुपए नगद एवं ट्रॉफी, तृतीय ईशान सैनी दुर्ग 4 हजार रुपए नगद एवं ट्रॉफी, चतुर्थ स्थान भव्यम झावर रायपुर् 3 हजार रुपए नगद एवं ट्रॉफी बालिका वर्ग में प्रथम स्थान तनिषा ड्रोलिया रायपुर 6 हजार रुपए नगद एवं विजेता ट्रॉफी, द्वितीय परिधि लिलहरे दुर्ग 5 हजार रुपए नगद एवं ट्रॉफी, तृतीय अंशिका मिंज रायपुर 4 हजार रुपए नगद एवं ट्रॉफी, चतुर्थ स्थान प्रतिष्ठा अहिरवार रायपुर 3 हजार रुपए नगद एवं ट्रॉफी प्रदान किया गया। ये सभी चयनित खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय स्पर्धा में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे।

बालक वर्ग में पांचवें स्थान पर अद्वैत पांडे रायपुर 2 हजार रुपए नगद एवं मोमेंटो, छठवां विवान रॉय रायपुर 1 हजार रुपए नगद एवं मोमेंटो, बालिका वर्ग में पांचवां स्थान इशिका मड़के दुर्ग 2 हजार रुपए नगद एवं मोमेंटो, छठवां स्थान अद्विका पांडे रायपुर 1 हजार रुपए नगद एवं मोमेंटो प्रदान किया गया।

केटेगरी पुरस्कार में अंडर 7 बालक वर्ग में प्रथम पारस यादव द्वितीय रिसान वर्मा बालिका वर्ग में सांभवी सिंह, आमंदी साईं अंडर 9 बालक वर्ग में आकांक्षित साहू, तारिणी मोक्ष, बालिका वर्ग में स्वरा बोखारडे, अनीका रेड्डी अंडर 11 बालक वर्ग में वी विराट अय्यर, अक्ष मिंज, बालिका वर्ग में सावी गौरी, रिदिमा त्रिपाठी अंडर 13 बालक वर्ग में सजल चंद्राकर, देवांश जैन, बालिका वर्ग में सुकृति शर्मा, अदिति आदित्य एवं बेस्ट अनरेटेड प्लेयर अमृतेश उपाध्याय बेस्ट बस्तर प्लेयर मयंक श्रीवास्तव तथा बेस्ट सरगुजा खिलाड़ी अमन सिंह को मोमेंटो तथा भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा मेडल प्रदान किया गया।

स्पर्धा के मुख्य निर्णायक इंटरनेशनल आर्बिटर अलंकार भिवगड़े एवं सहायक निर्णायक फिड़े आर्बिटर रॉकी देवांगन एवं सुभाष बसोंने, हर्ष शर्मा थे। इसके अलावा सीनियर नेशनल आर्बिटर विकास शर्मा, अनिल शर्मा, मुदिता पांडे, तरुण सारथी, विक्रम सिंह, हर्ष मानकर, सद्दाम हुसैन निर्णायक थे। आयोजन में विकास शर्मा, चित्रांश अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, इम्तियाज मेमन, दिनेश जैन, ललित वर्मा, गुलाब चौहान का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला शतरंज संघ दुर्ग के सचिव तुलसी सोनी एवं आभार प्रदर्शन संघ के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत ने किया।

# जब शरीर ही नश्वर है तो उससे जुड़े सुख कैसे शाश्वत होगें : साध्वी लब्धियशा



**दुर्ग,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा में चातुर्मास रविवारीय विशेष प्रवचन श्रृंखला अंतर्गत पूज्य साध्वी श्री लब्धियशा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति चाहता है कि उनको मिली हुई सत्ताए सम्पत्ति और शक्ति शाश्वत बन जायें लेकिन यह संभव नहीं है, समय के पाश से सभी बंधे हुए हैं। शरीर है ए इसलिए प्रत्येक वस्तु की मर्यादा है। शरीर की मर्यादा है। प्रत्येक व्यक्ति को कभी ना कभी शरीर को त्यागकर, आयुष की मर्यादा का वरण करना होगा। कालचक्र में सबकी मर्यादा सन्निहित है। जब शरीर ही नश्वर है तब शरीर से जुड़े सुख की परिकल्पना का आधार सत्ता, सम्पत्ति और शक्ति कैसे शाश्वत होगा। विडम्बना है कि व्यक्ति मृत्यु से डरता है लेकिन पाप से मुक्त होने का प्रयत्न नहीं करता।



जो सत्य को समझता है वह मृत्यु को भी महोत्सव के रूप में स्वीकार करता है। समय रहते जो नहीं जागता उसके पास रोने के सिवाय कुछ नहीं बचता, इसलिए महापुरुष समय के महत्व को बतलाते हुए जीवन के प्रत्येक क्षण का आत्म अवलोकन कर आत्मशुद्धि की दिशा में पुरुषार्थ करने के लिए प्रेरित करते हैं। महापुरूषों के गुणमय जीवन का परिचय हमें गुणवान बनने में सहायक होती है। बच्चों को बचपन में दी गई हितशिक्षा उनके जीवन में सदैव उपयोगी बनता है। बालमन में अंकित संस्कार जीवनपर्यन्त टिक सकता है। संस्कार अच्छा होगा तो दृष्टि भी सही होगी। विदेशी पर्यटक भारत भ्रमण के दौरान अनेकों मंदिरों को देखने जाते हैं, उनकी दृष्टि भगवान की मूर्ति पर कम रहती है वे मंदिर में उत्कीर्ण शिल्प कला को देखकर खुश होते हैं वहीं भारतीय व्यक्ति मंदिर कितना भी सुंदर हो, कलात्मक हो सबसे पहले परमात्मा के दर्शन करता है, स्थान एक ही है, दर्शन की प्रक्रिया एक है लेकिन परिणाम अलग.अलग होता है एक के लिए परमात्मा को देखने में आनंद तो दूसरा कलाकृति को देखकर खुश।

# आर्म्स एक्ट एवं प्रतिबंधित धाराओं के तहत पुलिस ने किया 20 आरोपियों को गिरफ्तार



**दुर्ग,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। दुर्ग अनुविभागीय की पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज 20 आरोपियों को विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। आज गिरफ्तार किये गये आरोपियों में 5 आरोपी आर्म्स एक्ट एवं 15 आरोपियों को प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों के विरूद्ध चलाया जा रहा यह अभियान आगे भी जारी रखा जायेगा।

जिन 5 आरोपियों के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तारी की गई है उनमें रमेश सोनी, मनीष निषाद, अनिल कुंजाम, प्रशांत बारले, यमन गौड़ है। इनके अलावा जिन 15 लोगों को प्रतिबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है वे कृष साहू, अजय विश्वकर्मा, सनी भगत, उमेश मरकाम, विक्की यादव, दिनेश यादव, ओमकार निषाद, धनेश्वर दास मानिकपुरी, नारायण गायकवाड़, संतोष ढीमर, गोपी खुटेल, महेश कोसरे, अरविंद परिहार, दीपक साहू, एवं गब्बर उर्फ फिरोज है। इन सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय में पेश किया गया है।

# जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता का कलेक्टर ने किया शुभारंभ



तकनीकी ज्ञान और कौशल का यहां होगा मूल्यांकन

**दुर्ग**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढञ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण अंतर्गत युवाओं में कौशल विकास के संबंध में जागरूकता एवं मुख्यमंत्री कौशल योजना एवं प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत कौशल विकास प्रशिक्षित तथा प्रशिक्षणरत् युवाओं को अपने तकनीकी कौशल का मूल्यांकन एवं प्रदर्शन का अवसर प्रदान करने जिले में अलग.अलग स्थानों पर जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता 21 से 23 जुलाई तक आयोजित है। कौशल तिहार 2025 के अंतर्गत आयोजित इस प्रतियोगिता का आज एम.एस.एम.ई. प्रौद्योगिकी केन्द्र रसमड़ा दुर्ग में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया।

इस अवसर पर प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि तकनीकी ज्ञान और कौशल का उपयोग सृजनात्मक कार्यों में हो। उन्होंने कहा कि कौशल एक ऐसी ज्ञान है, जो व्यक्ति को एक अलग पहचान दिलाती है। दुनिया में टेक्नोलॉजी का निरंतर विस्तार हुआ है। जिसकी वजह से आवागमन, संचार और उर्जा के क्षेत्र में अविष्कार हुए हैं। आज सरकार सोलर टेक्नोलॉजी, सोलर उर्जा को बढ़ावा दे रही है। इसे और विकसित करने प्रतियोगी प्रतिभागियों का भी योगदान होना चाहिए।

कलेक्टर ने कहा कि इस प्रतियोगिता के प्रतिभागी अपने कौशल तकनीक से इस केन्द्र का रोल मॉडल बन कर आने वाले अन्य प्रशिक्षणार्थियों को प्रेरित कर सकते हैं। एम.एस.एम.ई. प्रौद्योगिकी केन्द्र के प्रभारी प्रबंधक अभिनव दास ने कौशल विकास प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिता के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इससे पूर्व कलेक्टर अभिजीत सिंह ने प्रौद्योगिकी केन्द्र अंतर्गत विभिन्न टेक्निकल कांफ्रेंस सेक्टर का अवलोकन कर सी.एन.सी. ऑपरेटर ट्रेनिंग, सोलर पी.बी.इस्ट्रालर की जानकारी ली। उन्होंने औद्योगिक केन्द्र परिसर में वृक्षारोपण भी किया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव, प्रौद्योगिकी केन्द्र के प्रशिक्षक, उद्योग, रोजगार, क्रेडा, विभाग के अधिकारी एवं प्रशिक्षित प्रतिभागी उपस्थित थे।

# दुर्घटना में मृत रेल कर्मचारियों के परिवार को मिली एक करोड़ की सहायता




**डोंगरगढ़**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे डोंगरगढ़ में ट्रैकमैन के पद पर नियुक्त रेल कर्मचारी रविशंकर की कार्य के दौरान मृत्यु पश्चात उनके रेलवे सैलरी पैकेज में होने के फलस्वरुप उनके परिवार को भारतीय स्टेट बैंक की शाखा डोंगरगढ़ की ओर से एक करोड रुपए का चेक प्रदान किया गया। इस कार्य में स्टेट बैंक के रीजनल मैनेजर रूपक कुमार मंडल, शाखा प्रबंधक अभिषेक सिंह, सहायक शाखा प्रबंधक मनीषिका मिश्रा, अजय डोंगरे, अमन डोंगरे, रेलवे से मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ रवि तेजा व वरिष्ठ सहायक मंडल अभियंता ऋषभ यादव सहित सभी विभागों के प्रमुख तथा रेल कर्मचारी उपस्थित थे। रेल कर्मचारियों की रेल दुर्घटना के पश्चात मंडल रेल प्रबंधक दीपक गुप्ता तथा मंडल कार्मिक अधिकारी उदय कुमार भारती के विशेष प्रयासों से यह कार्य संपन्न हुआ। बैंक अधिकारियों ने बैंक की अन्य योजनाओं की भी जानकारी दी तथा सभी रेल कर्मचारियों को आरएसपी योजना में खाता खोलने की सलाह दी। ऋषभ यादव सहायक मंडल अभियंता व देवेंद्र कुमार साखरे मुख्य कल्याण निरीक्षक ने इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया तथा उन्होंने बताया कि शीघ्र ही रेल कर्मचारियों के लिए इस संबंध में सेमिनार का आयोजन भी किया जाएगा। डोंगरगढ़ में कार्यरत लगभग 1600 कर्मचारी में यह प्रथम अवसर था कि दुर्घटना में मृत कर्मचारियों के परिवार को इतनी बड़ी राशि प्राप्त हुई। कार्यक्रम का संचालन मुख्य कल्याण निरीक्षक देवेंद्र साखरे ने किया बड़ी संख्या में रेलवे के सभी विभागों के प्रमुख उपस्थित थे।

# बालोद जिले वासियों ने 1 लाख 74 हजार पौधरोपण कर रचा नया इतिहास

**बालोद,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के विशेष पहल पर बालोद जिला प्रशासन एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वृहद वृक्षारोपण अभियान सह वनमहोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर बालोद जिले वासियों ने आज 01 लाख 74 हजार पौधरोपण कर कीर्तिमान स्थापित करते हुए नया इतिहास रचा। इस तरह से जिले में लगातार घट रहे भूजल स्तर एवं पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के पुनीत कार्य में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा आयोजित वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में सभी वर्गों के लोगों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इस वृहद वृक्षारोपण अभियान सह वनमहोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर जिले के सभी जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, अधिकारी.कर्मचारियों, छात्र.छात्राओं एवं आम नागरिकों ने पौधरोपण के इस महत्वपूर्ण कार्य में बढ़.चढ़कर हिस्सा लेते हुए हरित बालोद के परिकल्पना को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उल्लेखनीय है कि आज वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत जिला मुख्यालय बालोद सहित जिले के सभी नगरीय निकायों सहित विभिन्न स्थानों मं कार्यक्रम आयोजित कर पौधरोपण किया गया। उल्लेखनीय है कि आयोजित वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के अवसर पर संयुक्त जिला कार्यालय परिसर सहित जिले के सभी नगरीय निकायों एवं विकासखण्ड मुख्यलयों में आयोजित समारोह को वेबएक्स के माध्यम से वर्चुअल संपर्क स्थापित किया गया। आज आयोजित समारोह में नगरीय निकायों में नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदों के अलावा अधिकारी.कर्मचारी एवं आम नागरिकों के द्वारा पौधरोपण किया गया। इसी तरह जनपद पंचायतों एंव ग्राम पंचायतों में आयोजित समारोह में जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच, वार्ड पंच सहित अधिकारी.कर्मचारियों, गणमान्य जनों एवं ग्रामीणां द्वारा पौधरोपण कर आज के इस अभियान को सफ्ल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की गई।

# एकदिवसीय आध्यात्मिक योग भठ्ठी शिविर में सिखाई गई मेडिटेशन राजयोग की विधि



**बालोद**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रहमाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद के तत्वाधान में चुरगियां मांगलिक भवन में नियमित रूप से ज्ञान सुनने वाले भाई बहनों के लिए 21 जुलाई को एकदिवसीय श्आध्यात्मिक योग भट्टीश् का आयोजन किया गया जिसमें माऊण्ट आबू राजस्थान से आए डॉण् बीण् के शक्तिराज भाई के द्वारा बहुत ही क्रिएटिव मेडिटेशन राजयोग की विधि सिखाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत परमपिता परमात्मा की शांतिपूर्ण याद एवं ब्रहमाकुमारीज बालोद की मुख्य संचालिका बीण्केण् विजयलक्ष्मी दीदी के स्वागत भाषण के साथ हुई। तत्पश्चात् नगर पालिका उपाध्यक्ष कमलेश सोनी के द्वारा नगर की ओर भ्राता डॉ बीण्केण् शक्तिराज भाई का स्वागत किया गया।

योग भट्टी को पावरफुल बनाने के लिए डॉण्बीण्के शक्तिराज भाई ने नए.नए क्रिएटिव विडियो के द्वारा विजुलाईजेशन करने की विधि एवं राजयोग के विभिन्न अभ्यासों से स्वयं में परमात्मा की एन ?र्जी भरने की विधि तथा विभिन्न प्रकार के रोगों में राजयोग का प्रयोग करने की अनेक विधियों के साथ योगाभ्यास को रोचक तरीको से प्रेक्टिकल अभ्यास कराया गया। बीण् केण् भाई बहनों ने अनुभवों में सुनाया कि इस प्रकार का राजयोग अभ्यास पहली बार किया जो बहुत ही पावरफुल था एवं मन को एकाग्रचित्त करने वाला था। अनुभव सुनाने वाले भाई बहनों में चिमन भाईए सुधाकर जीए दीपा बहनए प्रीति बहन एचंद्रिका बहन आदि शामिल थे।

# अभिषेक बने वन कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष, योगेश सचिव



**खैरागढ़**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। छ.ग वन कर्मचारी संघ जिला- खैरागढ-छुईखदान-गंडई का चुनाव शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ चुनाव मे अभिषेक देवांगन को सर्व सम्मति से निर्विरोध वन कर्मचारी संघ का जिला अध्यक्ष चुना गया। चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी रही जिसमे निर्वाचन अधिकारी कमल यादव (जिला अध्यक्ष-महासमुंद) एवं मनमोहन बारले (जिला सचिव- रायपुर) व अन्य प्रांतीय सदस्यो की देखरेख मे खैरागढ-छुईखदान-गंडई वन कर्मचारी संघ के सदस्यो द्वारा विधिवत शांतिपूर्वक चुनाव प्रकिया संपन्न कराई गई। नव निर्वाचित अध्यक्ष अभिषेक देवांगन ने अपनी जीत को सभी कर्मचारियों के अटूट समर्थन और विश्वास का परिणाम बताया। उन्होने वन विभाग के वन कर्मचारियो के हितो की रक्षा, कार्य स्थल पर बेहतर सुविधाएं और कर्मचारियो के अधिकार के प्रति अपनी प्रतिबध्दता जाहिर की। देवांगन वन संरक्षण और पर्यावरण संतुलन के लिए निरंतर प्रयास करने संकल्प व्यक्त किया। इसके साथ जिला शाखा के अन्य पदाधिकारियो का गठन किया गया। नव निर्वाचित पदाधिकारी में लाल हर्ष बहादुर सिंह को संरक्षक, आनंद यादव-उपाध्यक्ष, अमित चावले-उपाध्यक्ष, डेमन सिंह पद्माकर महामंत्री, शेख सफी महामंत्री, रूपेन्द्र साहू जिला प्रवक्ता, योगेश कोर्राम-जिला सचिव, चंदन मिरचे संगठन सचिव, गीताराम चंद्रवंशी कोषाध्यक्ष, योगेन्द्र जंघेल महासचिव, भारती भूआर्य-सह सचिव, लोकेश खरे सह सचिव, शुभम शुक्ला मीडिया प्रभारी एवं कार्यकारणी सदस्य में शिव कंवर, शैलेन्द्र साहू, ज्योति रामटेके, देवेन्द्र राजपूत, देव सिन्हा को शामिल किया गया।

# कांग्रेस ने किया भिभौरी में विद्युत कार्यालय का घेराव



**बेमेतरा**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। नगर पंचायत भिभौरी में कांग्रेस कमेटी के द्वारा छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल कार्यालय का घेराव किया गया एवं रैली निकालकर प्रदर्शन किया गया जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छावड़ा ने भी शिरकत की इस दौरान आम जनता तथा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा कि भाजपा की सरकार को छत्तीसगढ़ में सत्ता संभाले हुए 2 वर्ष भी नहीं हुए हैं और इन दो वर्षों में भाजपा ने राज्य की जनता को चार बार विद्युत टैरिफ बढ़ाने की सौगात दी है और तो और नगर पंचायत भिभौरी बेरला तथा ग्रामीण अंचलों में चार-चार ,छह छह घंटे की विद्युत कटौती की जा रही है तथा घर के विद्युत बिलों में अनाप-शनाप बिलिंग की शिकायतें क्षेत्र से लगातार प्राप्त हो रही है राज्य की भाजपा सरकार किसानों को ना तो खाद दे पा रही है और ना ही बिजली भाजपा का काम केवल लूटने का है और पूरी बीजेपी पार्टी उसे काम में एक जुटता के साथ लगी हुई है यही कारण है कि आज बेमेतरा के भाजपा जनप्रतिनिधियों को बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के न प भिभौरी में हो रही विद्युत कटौती तथा अनाप-शनाप बिजली बिल की शिकायतें नहीं दिख रही हैं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने विद्युत मंडल तथा शासन प्रशासन को आगाह करते हुए कहा कि अगर व्यवस्थाएं नहीं सुधरी तो कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी इससे भी बड़ा प्रदर्शन और कार्यवाही करेगी जिसके लिए विभाग और प्रशासन जिम्मेवार होगा इस दौरान बेरला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामेश्वर देवांगन तथा जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि परगनिया जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री ललित विश्वकर्मा शुभम वर्मा नवाज खान चन्द्र विजय धीवर नेतराम निषाद निहाल परगनिया रवि साहू निलेश वर्मा नरेंद्र धीवर प्रकाश यादव मोहित धीवर बुद्धदेव नेवल वीणा साहू विक्की साहू राजेंद्र वर्मा तुलाराम धीवर मोतीलाल साहू दुर्गेश साहू टीकम वर्मा किशन साहू भूषण साहू रास बिहारी कुर्रे भारत भूषण साहू सुमित राजपूत प्रवीण शर्मा जयंत जांगड़े बबली सोनवानी किशन साहू कृष्णा चतुर्वेदी दिगंबर परगनिया लोकनाथ यादव रमेश पाटिल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं नगर वासी उपस्थित रहे।

# माताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करने रोपित किए गए हजारों पौधे



**गुरूर**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। ब्लॉक मुख्यालय में संचालित समस्त शासकीय एवं अशासकीय कार्यालयो में एक पेड़ माँ के नाम' अभियान का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और माताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करना था। जनपद पंचायत गुरुर में आयोजित इस आयोजन के दौरान जिला पंचायत बालोद सदस्य तेजराम साहू, लक्ष्मी अशोक साहू, चंद्रिका गजीर, जनपद पंचायत गुरुर अध्यक्ष सुनीता संजय साहू सहित समस्त जनपद सदस्य, एसडीम आर सोनकर, तहसीलदार हनुमंत श्याम, एवं जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में भी यह आयोजन किया गया, जहां सभी जनप्रतिनिधियों के अलावा अधिकारी कर्मचारियों ने भी एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधों का रोपण किया।

**शासकीय एवं गैर शासकीय संस्थाओं पर किया गया पौध रोपण**- इसके अलावा गुरुर नगर सहित विकासखंड के समस्त ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित आंगनबाड़ी, शासकीय प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला, हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी विद्यालयो में भी इस कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने मिलकर विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। इस दौरान छात्रों ने अपनी-अपनी माताओं के नाम पर पौधे लगाकर उन्हें समर्पित किया। जनपद पंचायत गुरुर के सीईओ उमेश रात्रे ने कहा कि च्एक पेड़ माँ के नाम' अभियान पर्यावरण संरक्षण और मातृत्व के महत्व को दर्शाता है, हम सभी को पेड़ लगाने और पर्यावरण की रक्षा करने का संकल्प लेना चाहिए।

उल्टा पुल्टा

टीचर- बेटा, बताओ जान कैसे निकलती है?
पप्पू- खिड़की से।
टीचर- क्या मतलब?
पप्पू- दीदी, कल ही एक लड़के से कह रही थी- जान, खिड़की से निकल जाओ।

# राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा सपत्नीक पहुंचे राजिम, किया भगवान राजीवलोचन एवं कुलेश्वर महादेव का दर्शन

## विधायक रोहित साहू के साथ त्रिदिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक कायक्रम में हुए सहभागी

**राजिम,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा सपत्नी पवित्र नगरी राजिम पहुँचे। उन्होंने त्रिवेणी संगम स्थल पर स्थित भगवान राजीवलोचन एवं कुलेश्वर नाथ महादेव के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की। इस दौरान राजिम विधायक रोहित साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय भी उनके साथ उपस्थित रहे।

कुलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में दर्शन के समय एक विशेष दृश्य देखने को मिला, जब मंत्री टंकराम वर्मा ने स्वयं भक्ति भाव से भजन गाया। उनके स्वर में शिवभक्ति सुन श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और मंदिर परिसर में एक अत्यंत दिव्य वातावरण उत्पन्न हो गया। दर्शन उपरांत त्रिदिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और भगवान शिव का अभिषेक कर



प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की।

**कुलेश्वर महादेव दर्शन के दौरान मंत्री जी ने गाया भजन, श्रद्धालु हुए भावविभोर**

कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शिवलिंग निर्माण, रुद्राभिषेक, भजन संध्या और सामूहिक आरती का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में सहभागिता से राजिम नगरी पूरी तरह शिवमय हो उठी।

मंत्री श्रीवर्मा ने कहा कि च्चराजिम जैसे तीर्थ में इस तरह का आयोजन छत्तीसगढ़ की धार्मिक परंपराओं को जीवित रखने का कार्य करता है।

विधायक रोहित साहू ने कहा कि च्च्यह आयोजन श्रद्धा और संस्कृति का प्रतीक है, जो समाज को आध्यात्मिक शक्ति से जोड़ता है।

कार्यक्रम का उद्देश्य केवल पूजन नहीं, बल्कि सनातन परंपराओं को जन-जन तक पहुँचाना और नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से जोड़ना भी रहा।इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, सभापति आकाश राजपूत, कुलेश्वर साहू, संजीव साहू, अमर ठाकुर, रेणुका साहू, जितेंद्र पेंदरिया, युवराज साहू, सुरेश पटेल, अजय पटेल सहित भाजपा कार्यकर्ता श्रद्धालु गण उपस्थित थे।

# आने वाली पीढ़ी के सुरक्षित भविष्य के लिए वृक्षारोपण बहुत जरूरी : मंत्री टंकराम



**बलौदाबाजार,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश भर में एक पेड़ मां के नाम अभियान 2.0 के तहत व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में वन विभाग द्वारा हायर सेकेण्डरी स्कूल चांपा में वन महोत्सव एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा शामिल हुए। उन्होंने अपने स्कूल परिसर में आम का पौधा लगाया।

**केबिनेट मंत्री ने लगाया आम का पौधा**

श्री वर्मा ने विद्यालयीन छात्र-छात्राओं और ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ी के बेहतर भविष्य के लिए वृक्षारोपण बहुत जरूरी है। कार्यक्रम में वन मंडलाधिकारी गणवीर धम्मशील ने बताया कि अभियान के तहत जिले भर में लगभग 6 लाख पौधे लगाए जाएंगे। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार अशोक जैन, के.के. वर्मा, पुष्पराज वर्मा, हरिशचंद वर्मा, शशि शुक्ला, कृष्णा सेन, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल, ग्रामवासी एवं स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# निजी उर्वरक एवं कीटनाशक विक्रेता केन्द्रों का निरीक्षण, अनियमितता पर एक को नोटिस

**महासमुंद,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। जिला स्तरीय निरीक्षण दल द्वारा 19 जुलाई को विकासखण्ड महासमुंद अंतर्गत ग्राम खट्टी के दो निजी कृषि विक्रय केन्द्रों सिन्हा कृषि केन्द्र एवं लक्ष्मी कृषि सेवा केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सिन्हा कृषि केन्द्र में उर्वरक का पॉस स्टॉक मिलान किया गया जिसमें निर्धारित मात्रा में उर्वरकों का भंडारण पाया गया। साथ ही केंद्र में उपलब्ध बिल बुक रजिस्टरए स्टॉक रजिस्टर तथा कृषकों को प्रदाय बिलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेजों को समय पर एवं सही



स्थिति में पाया गया। वहीं लक्ष्मी कृषि सेवा केन्द्र के निरीक्षण में 6 बोरी डीएपी उर्वरक नमी युक्त पाई गई, जिसे तत्काल निरुद्ध कर दिया गया। डीएपी का सेम्पल लेकर प्रयोगशाला रायपुर भेजने की कार्रवाई की गई है। इसके अतिरिक्त विक्रय केन्द्र द्वारा बोर्ड पर स्टॉक प्रदर्शन नहीं करने, स्टॉक रजिस्टर संधारित नहीं करने तथा ग्राहकों को बिल प्रदाय नहीं करने जैसी अनियमितताएं पाई गईं। इस संबंध में संबंधित विक्रेता को कारण बताओ नोटिस जारी कर 3 दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। निरीक्षण के दौरान >> शेष पृष्ठ 9 पर>

# रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन में शामिल हुए विधायक

**महासमुंद,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। विशाल मेगा मार्ट परिसर में चल रहे एक माह के रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन में श्रावण के द्वितीय सोमवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा शामिल हुए। पूजा अर्चना कर उन्होंने महादेव से क्षेत्रवासियों की सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। वहीं श्रावण सोमवार पर रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन के साथ रुद्राक्ष वितरण भी हुआ। वहीं महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के अलग.अलग ग्राम पंचायतों के सरपंच भी पूजन में शामिल हुए। बता दें कि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा लगातार 10वें वर्ष में श्रावण मास में महारूद्राभिषेक का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार से श्रावण मास के प्रथम दिन से एक माह का महारूद्राभिषेक एवं हवन.पूजन कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी विशाल मेगा मार्ट परिसर के पास विधायक जनदर्शन



कार्यालय के पीछे करवाया जा रहा है। श्रावण के द्वितीय सोमवार की सुबह 8 बजे से वेदी पूजा की गई। मंत्रोच्चार के साथ पुरोहितों ने पूजन विधि संपन्न करवाई। इसके पश्चात पार्थिव शिवलिंग का रुद्राभिषेक हुआ। शाम में हवन पूजन संपन्न हुआ। श्रावण के द्वितीय सोमवार के शुभ अवसर पर महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के अलग.अलग ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं ग्रामीणजन भी शामिल हुए। सभी ने मिलकर भगवान शिव कि आराधना की। इस अवसर पर विधायक श्री सिन्हा ने कहा कि श्रावण का पवित्र मास चल रहा है। महादेव की सच्चे मन से पूजा अर्चना करने पर मनोकामना पूर्ण होती है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन में शामिल होने की अपील की है।

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महारूद्राभिषेक एवं हवन.पूजन के दौरान रुद्राक्ष का वितरण किया जाएगा। श्रावण मास के द्वितीय सोमवार को पूजा स्थल में रुद्राक्ष वितरण किया गया। इसके बाद 28 जुलाई और 4 अगस्त को सोमवार के दिन रुद्राक्ष वितरण किया जाएगा। श्रद्धालुगण श्रावण के पवित्र मास में आयोजित महारूद्राभिषेक एवं हवन.पूजन में शामिल होकर पुण्यलाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# युवक का आत्मदाह प्रयास नाकाम, सतर्क सुरक्षाकर्मियों ने रोकी बड़ी घटना

**धमतरी,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्ट्रेट परिसर में आज एक युवक द्वारा आत्मदाह का प्रयास किया गया, जिसे सुरक्षाकर्मियों की तत्परता से तत्काल रोका गया। युवक की पहचान ग्राम पंचायत डोमा, विकासखंड धमतरी निवासी करण सोनवानी के रूप में हुई है, जो प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास न मिलने से असंतुष्ट बताया गया।

**युवक पीएम आवास योजना में पहले से सर्वेक्षित**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने बताया कि, करण सोनवानी का नाम प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के आवास प्लस सर्वे 2.0 में सम्मिलित किया जा चुका है। इनका आईडी-93358481 में नाम दर्ज है। चेकर सॉफ्टवेयर रेमडली चेक करता है जिसके कारण उन्हें भ्रम की स्थिति हुई, जबकि इनका नाम सर्वे सूची में है। वर्तमान में जिले में कुल 84,439 हितग्राहियों का सर्वेक्षण किया गया है, जिसमें से 26,923 हितग्राहियों का सत्यापन कार्य प्रगति पर है। यह सत्यापन कार्य शासन द्वारा निर्धारित समय-सीमा, 31 जुलाई 2025 तक पूर्ण किया जाएगा।

तपश्चात् आवास प्लस 2.0 में पात्र परिवारों का आवास प्रदाय करने की प्रक्रिया कार्याधीन है, तत्समय में स्वीकृति की प्रक्रिया पूर्ण होने पर अनुमोदन उपरांत आवास लक्ष्य के अनुसार प्राथमिकता क्रमानुसार आवास स्वीकृति किया जावेगा।



जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सत्यापन उपरांत पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ शीघ्र ही प्रदान किया जाएगा। प्रशासन सभी पात्र लोगों को योजना से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है और पारदर्शी प्रक्रिया के तहत कार्य किया जा रहा है।

कलेक्टर अभिनाश मिश्रा ने नागरिकों से संयम बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को प्राथमिकता से मिलेगा। हम हर शिकायत, समस्या पर संवेदनशीलता से करते हैं। जनहित और पारदर्शिता के उद्देश्य से जनदर्शन डेस्क भी प्रारंभ की गई है, जहाँ नागरिक अपनी समस्याओं को सोमवार से शुक्रवार कार्य दिवस में आवेदन सीधे अधिकारियों के समक्ष रख सकते हैं। जिला प्रशासन ने पुन: आश्वस्त किया है कि सभी योग्य आवेदकों को नियमानुसार समय पर योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराया जाता है।

# आदर्श पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में लहराया परचम

**बलौदाबाजार,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। भाटापार में आयोजित जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता में आदर्श पब्लिक हायर सेकेंडरी इंग्लिश मीडियम स्कूल बलौदाबाजार के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अनेक पदक अपने नाम किए और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। चयनित प्रतिभागियों को स्कूल प्रबंधन के अलावा नगरवासियों ने बधाई दी है।



प्रतियोगिता में विजयी और चयनित छात्र-छात्राओं में राशिका साहू अंडर 14 आर्टिस्टिक योगा (स्वर्ण पदक), धारना वर्मा आर्टिस्टिक योगा पेयर (स्वर्ण पदक) ट्रेडिशनल योगा अंडर 17 (रजत पदक), हीना वर्मा-आर्टिस्टिक योगा पेयर अंडर 17 (स्वर्ण पदक), अलका सेन-ट्रेडिशनल योगा अंडर 17 (स्वर्ण पदक), म्रदुल गौतम आर्टिस्टिक योगा अंडर 14 (स्वर्ण पदक), मानश वर्मा आर्टिस्टिक योगा पेयर व ट्रेडिशनल योगा अंडर 14 (दो स्वर्ण पदक), दीपांशु टंडन सिंगल आर्टिस्टिक योगा अंडर 14 (स्वर्ण पदक), साक्षी गावस्कर ट्रेडिशनल योगा अंडर 14 (रजत पदक) शामिल हुए। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती सुनीता बहादुर और निर्देशक आकाश अग्रवाल ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। योग >> शेष पृष्ठ 9 पर>

# योग ऋषि-मुनियों की देन, मोदी सरकार आगे बढ़ा रही : रामू रोहरा



**अस्मिता खेलो इंडिया वूमेंस योगासन स्पोर्टस लीग कार्यक्रम का आयोजन**

**धमतरी,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। अस्मिता खेलो इंडिया वूमेंस योगासन स्पोर्टस सिटी लीग कार्यक्रम का आयोजन 20 जुलाई को मूकबधिर विद्यालय धमतरी में किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के 80 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपने उन्नत योग कौशल का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगर निगम धमतरी के महापौर रामू रोहरा ने कहा कि खेल एवं योग का संगम बेहतर समाज की नींव रखता है।

श्री रोहरा ने कहा कि योग ऋषि मुनियों की देन है, जिसे आगे बढ़ाने का बीड़ा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उठाया है। इनके प्रयास से ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग को पहचान मिली है। योग जैसे प्राचीन भारतीय विधा को खेल इंडिया के माध्यम से आगे बढ़ा रहे है। 2014 से पहले लोग खेल को देखना छोड़ दिए थे। मोदी के आने के बाद खेल का स्तर बढ़ा है। केंद्र सरकार द्वारा लगातार विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से खेल को आगे लाने का काम किया जा रहा है। आज पदक की गिनती होने लगी है। वर्तमान समय में किस खिलाड़ी ने खेल में मुकाम हासिल किया इसकी चर्चा होती है। योग दिवस एक दिन न करें, 365 दिन योग करें। असाध्य बीमारियों से मुक्ति मिल जाएगी। डाक्टरों के पास जाना नहीं पड़ेगा। योग से नई ऊर्जा का संचार होता है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय खेल को बढ़ावा दे रहे है। पहले केवल क्रिकेट का चलन था। आज परिस्थितियां बदल रही है। कुश्ती, कराते, लान टेनिस, किक बाक्सिंग, योग जैसे खेल को बढ़ावा दिया जा रहा है। रुचि साहू ने अद्भुत योग का प्रदर्शन किया। पूर्व में भी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सामने रुचि ने अपने योग का प्रदर्शन >> शेष पृष्ठ 9 पर>



## ईडी की कार्रवाई के विरोध में आज कांग्रेस द्वारा आर्थिक नाकेबंदी

**बलौदाबाजार**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं उनके परिवार के खिलाफईडी की कार्यवाही के विरोध में 22 जुलाई को आर्थिक नाकेबंदी कर स्थानीय सकरी बाईपास में चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन का कार्यक्रम जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा किया जाएगा। चक्का जाम कार्यक्रम के लिए जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा रूपरेखा तैयार की गई।



# राजिम में कुलेश्वर मेडिकल स्टोर पर औषधि विभाग की छापेमारी

◆ झोलाछाप डॉक्टरों पर लगेगा लगाम, नशीली दवाओं का मिला जखीरा

◆ राजिम सहित आसपास के अंचलों में मेडिकल स्टोरों में खलबली



**राजिम 21,** जुलाई देशबंधु। राजिम में स्थित कुलेश्वर मेडिकल स्टोर पर आज राज्य शासन एवं नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला गरियाबंद के निर्देशन पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने बड़े पैमाने पर छापेमारी की। जिसमें तीन औषधि निरीक्षकों - धर्म वीर सिंह ध्रुव, सुनील खराँसु, और सतीश सोनी-की विशेष टीम ने स्टोर का औचक निरीक्षण किया। औषधि निरीक्षकों ने बताया कि कुलेश्वर मेडिकल स्टोर के खिलाफ लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं कि यह स्टोर राजिम और आसपास के इलाकों में झोला छाप डॉक्टरों को नियम-विरुद्ध तरीके से दवाओं की सप्लाई कर रहा है। इन शिकायतों के आधार पर विभाग ने कार्रवाई की योजना बनाई।

निरीक्षकों ने स्टोर में रखी दवाओं, उनके रिकॉर्ड, और बिक्री के दस्तावेजों की गहन जांच की। इस दौरान पाया गया कि स्टोर में कई ऐसी दवाएं मौजूद थीं, जिनकी मियाद (एक्सपायरी डेट) खत्म हो चुकी थी या जल्द खत्म होने वाली थी। इसके अलावा, नशीली दवाओं का भंडार भी बरामद हुआ, जिनके लिए आवश्यक दस्तावेज और लाइसेंस स्टोर संचालक उपलब्ध नहीं करा सका।

जांच में यह भी सामने आया कि कुलेश्वर मेडिकल स्टोर में दवा बिक्री के लिए निर्धारित नियमों और कायदों का पालन नहीं किया जा रहा था। निरीक्षकों ने पाया कि स्टोर में बिक्री का लेखा-जोखा ठीक तरह से मेंटेन नहीं था। लाखों रुपये की दवाओं की बिक्री बिना बिल काटे की गई, जो कि औषधि नियंत्रण नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। नशीली दवाओं के लिए अनिवार्य दस्तावेज, जैसे कि बिक्री रजिस्टर और संबंधित परमिट, भी स्टोर में नहीं मिले।

निरीक्षकों ने इन सभी अनियमितताओं का पंचनामा तैयार किया और स्टोर के लेखा-जोखा को जब्त किया। टीम ने कुलेश्वर मेडिकल स्टोर के संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है, जिसमें सभी अनियमितताओं का उल्लेख किया गया है। संचालक को जवाब प्रस्तुत करने के लिए, समय दिया गया है, जिसके बाद उच्च अधिकारियों के निर्देश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षकों ने बताया कि यदि जवाब संतोषजनक नहीं हुआ, तो स्टोर का लाइसेंस रद्द करने से लेकर कानूनी कार्रवाई तक के कदम उठाए जा सकते हैं।

## सावन के दूसरे सोमवार भूतेश्वरनाथ में उमड़ा आस्था का सैलाब



**गरियाबंद,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। सावन के दूसरे सोमवार को भूतेश्वरनाथ महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह पांच बजे से देर रात तक जलाभिषेक का सिलसिला चलता रहा। करीब दो हजार कावड़ियों और चार हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। मंदिर परिसर में हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष गूंजते रहे। भगवा वस्त्रधारी कावड़िए नाचते-गाते, बोल बम के नारे लगाते मंदिर पहुंचे। श्रद्धालुओं ने दूध, दही, बेलपत्र, धतूरा, सफेद फूल, चावल और तिल अर्पित कर शिवलिंग की अर्ध परिक्रमा की। सभी ने विधिवत पूजा कर मनोकामना पूर्ति की कामना की। मंदिर परिसर में दिनभर शिवभक्ति का माहौल बना रहा। श्रद्धालु नम आंखों से शिवलिंग को निहारते रहे। कावड़ यात्रा में भी भारी उत्साह दिखा। त्रिवेणी संगम राजिम और सिहावा पहाड़ी के पैरी नदी उद्गम स्थल से जल लेकर कावड़िए पहुंचे। कई कावड़िए भक्ति गीतों और बाजे-गाजे के साथ पहुंचे। नगर और ग्रामीण अंचलों में लोगों ने उनका स्वागत किया। सूर्यास्त के साथ जलाभिषेक शुरू हुआ। दिनभर में करीब पांच से सात हजार श्रद्धालुओं और कावड़ियों ने भगवान शिव का दर्शन किया। शिव चालीसा का पाठ किया। भूतेश्वरनाथ समिति ने कावड़ियों के ठहरने और भोजन की व्यवस्था की। सुरक्षा और शांति व्यवस्था के लिए पुलिस तैनात रही। कावड़िए विशेष वेशभूषा में पहुंचे। मंदिर परिसर में आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

# साध्वी राधिका किशोरी के गुरु पर्व महोत्सव में श्रद्धा और भक्ति का रहा अभूतपूर्व संगम

◆ गुरु पर्व पर साध्वी का हुआ आत्मीय स्वागत



**पिथौरा**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। गुरु जब अपने शिष्य पर कृपा करते हैं तो उसे आध्यात्मिक और व्यावहारिक ऊर्जा से सराबोर करते हैं। गुरु अगर व्यवहारिक तौर पर जीवन जीने का मंत्र देते हैं तो जीवन को आध्यात्मिक उत्कर्ष तक पहुंचाने के लिए मंत्र के साथ साथ ग्रंथ भी देते हैं। कृष्ण बन्दे जगतगुरूम अर्थात जब भगवान कृष्ण ने अर्जुन पर कृपा की तो युद्ध के मैदान में भक्ति और मुक्ति का मंत्र दिया साथ ही गीता जैसे ग्रंथ दिया। इसी तरह नारद जी ने वेदव्यास जी को अध्यात्म का मंत्र दिया तो महाभारत जैसी ग्रंथ भी दिया।

उपरोक्त उद्गार अयोध्या धाम से पधारी सुप्रसिद्ध कथा वाचिका राधिका किशोरी ने पिथौरा में आयोजित गुरुपर्व महोत्सव में हजारों की संख्या उपस्थित अपने अनुयायियों को प्राचीन भारतीय गुरु शिष्य परंपरा का महत्व प्रतिपादित करते हुए व्यक्त किए। साध्वी श्री राधिका किशोरी ने कहा कि ग्गुरुर ब्रह्मा गुरुर विष्णु गुरुर देवो महेश्वरा च यह श्लोक गुरु का महिमामंडन करते हुए आदिकाल से प्रचलित है इसके गूढ़ रहस्य को समझना जरूरी है गुरु के रूप में ब्रम्हा अपने चारों मुख से भगवान विष्णु अपने चारों हाथों से और भगवान शंकर अपने पांच मुख से कृपा करते हैं। गुरु के रूप में ब्रम्हा जी अपने चार मुख से क्रमशः मंत्र ग्रंथ धाम और भाव प्रदान करते हैं भगवान विष्णु अपने चारों हाथ से क्रमशः आशीर्वाद, शब्द, स्पर्श और प्रसाद प्रदान करते हैं। इसी तरह भगवान शंकर अपने पांचो मुख से क्रमशः पांच विकारों का मर्दन करते हैं। दूषित विचारों का, दूषित आहार का, व्यवहार के प्रपंचों का तथा आकार परिवर्तन से मुक्त करते हैं। भारतीय संस्कृति में गुरु शिष्य परंपरा काफी समृद्ध रही है। बदलते परिवेश में इसके महत्व को कमतर करके आंका जा रहा है किंतु विश्व गुरु बनने के लिए इस परंपरा का उत्थान अपरिहार्य है।

# ईडी के विरोध में कांग्रेस का चक्काजाम टेमरी चौक में आज

◆ आर्थिक नाकेबंदी को लेकर बागबाहरा स्थित विधायक कार्यालय में हुई बैठक



**बागबाहरा,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आह्वान पर तथा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सुपुत्र चैतन्य बघेल की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा की गई कथित अनुचित गिरफ्तारी के विरोध में प्रदेशभर में कांग्रेस पार्टी द्वारा आर्थिक नाकेबंदी की घोषणा की गई है। इसी क्रम में आज 22 जुलाई मंगलवार को दोपहर 12 से 2 बजे तक बागबाहरा के ओड़िशा सीमा में स्थित ग्राम पंचायत टेमरी चौक में एक शांतिपूर्ण चक्का जाम आंदोलन आयोजित किया जाएगा। जिसके लिए, बागबाहरा नगर स्थित छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव के कार्यालय में बैठक हुई। इस आंदोलन का नेतृत्व छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के द्वारा किया जाएगा। यह कार्यक्रम पूर्णतः शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक और अनुशासित तरीके से संपन्न होगा। कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट किया है कि यह विरोध जनता के अधिकारों और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए है, न कि किसी प्रकार की अव्यवस्था फैलाने के लिए।

**नाकेबंदी को लेकर प्रशासन को दी गई सूचना**

इस संबंध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर, ग्रामीण अध्यक्ष रवि निषाद, पिथौरा अध्यक्ष करण दीवान, एवं कोमाखान अध्यक्ष संतोष पटेल द्वारा प्रशासन और पुलिस विभाग को पूर्व सूचना देकर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था और मार्गदर्शन की मांग की गई है। कांग्रेसजनों का कहना है कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करना हर नागरिक का अधिकार है, और वे उसी मर्यादा का पालन करेंगे।

**कांग्रेस का आरोप /भाजपा कर रही ईडी का दुरुपयोग**

प्रदेश कांग्रेस का आरोप है कि केंद्र सरकार द्वारा प्रवर्तन निदेशालय जैसी संवैधानिक संस्थाओं का राजनीतिक प्रतिशोध के लिए दुरुपयोग किया जा रहा है। चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी को च्छ्जनादेश का अपमानच्ज बताते हुए, कांग्रेस नेताओं ने इसे युवाओं और किसान हितैषी नेताओं को डराने की साजिश करार दिया है।

**गिरफ्तारी को लेकर क्षेत्र में बढ़ी राजनीतिक सरगर्मी**

इस चक्का जाम के ऐलान के बाद से ही बागबाहरा और आसपास के क्षेत्रों में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है, वहीं प्रशासन की भी नजर इस कार्यक्रम पर बनी हुई है। कांग्रेस ने आमजन से अपील की है कि वे इस लोकतांत्रिक आंदोलन में सम्मिलित होकर अपनी आवाज बुलंद करें और

# तंबाकू उत्पाद नियम कोटपा का उल्लंघन करने वालों पर हुई कार्रवाई



**बिलाईगढ़,** 21 जुलाई(देशबंधु)। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर महोदय डॉ संजय कन्नौजे के निर्देश और सीएमएचओ डॉ एफ आर निराला के मार्गदर्शन में कोटपा अधिनियम 2003 के तहत कार्यवाही किया गया। इस कार्य में पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के सहयोग से पुलिस बल का सहयोग किया गया। प्रवर्तन दल के द्वारा सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में संचालितपान ठेलो और शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में छापा मारकर चालानी कार्यवाही किया गया। कोटपा अधिनियम 2003 के नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों पर भी जुर्माना किया गया गया। तंबाकू उत्पाद से संबंधित विज्ञापनों को ग्रामों व शहरों से हटवाया गया। 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों के द्वारा क्रय-विक्रय सहित उपभोग करने पर सख्ती से कार्यवाही किया गया। इसी प्रकार थोक विक्रेताओं को नियम अनुसार विक्रय करने और किसी व्यक्ति या संस्था द्वारा कोटपा अधिनियम का उल्लंघन कर रहे उन पर भी कार्यवाही करने के निर्देश दिया जा रहा है। प्रवर्तन दल के द्वारा सारंगढ़ ब्लॉक में धारा 4, धारा 6 ए और 6 बी के तहत कुल 28 चालान, चालान राशि रुपए 6100 ब्लॉक बरमकेला में कुल 9 चालान चालान राशि रुपए 1800 का चालान जमा करवाया गया। प्रवर्तन दल में डॉ. इन्दु सोनवानी जिला नोडल अधिकारी राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम, डॉ कीर्ति भगत, डॉ हितेश पैंकरा, सुरेश कुमार यादव, आरक्षक शकुंतला जायसवाल, दिनेश कुमार मिनकेतन पटेल उपस्थित थे।

## एबीवीपी वटगन इकाई की कार्यकारणी घोषणा धनेश्वरी बने नगर अध्यक्ष, मंत्री सतीश



***पलारी**, 21 जुलाई (देशबन्धु)। युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद जी एवं ज्ञान की देवी मां सरस्वती जी की पूजा अर्चना कर, विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई वटगन का नवीन कार्यकारिणी घोषणा प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त वर्मा के निर्देशानुसार एवं जिला संयोजिका फाल्गुनी सोनी के नेतृत्व में एबीवीपी पूर्व नगर अध्यक्ष पलारी रवि श्रीवास्तव ने वटगन ईकाई के घोषणा किया जिसमें नगर अध्यक्ष धनेश्वरी तेरहवंस, नगर मंत्री सतीश घृतलहरें, नगर सहमंत्री द्रुरुय पुष्पा रात्रे, भूमिका, महाविद्यालय अध्यक्ष गुलशन साहू, कला एवं सांस्कृतिक प्रमुख आंचल वर्मा, क्रीड़ा एवं खेल प्रमुख कमलेश प्रजापति, व्यवस्था प्रमुख सुखसागर साहू, मीडिया प्रभारी रविंद्र पटेल को बनाया गया जिसमें प्रमुख रूप से उपस्थित एबीवीपी पूर्व कार्यकर्ता एवं जनभागीदारी समिति अध्यक्ष वटगन उमेश यदु जी, एबीवीपी पूर्व नगर अध्यक्ष वटगन कुणाल सेन, एबीवीपी पूर्व महाविद्यालय अध्यक्ष रोहित साहू, याचना पटेल नीरज पटेल, खुशबू, शिवा कन्नौजे, पूजा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।*

# कुरूद में निकली कांवर यात्रा, बोलबम के नारों से शिवमय हुआ नगर



**कुरूद,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। चंद्राकर भवन शिक्षक कालोनी स्थित रामेश्वर महादेव मंदिर परिवार के तत्वाधान में रविवार को शिवभक्तों की कांवर यात्रा ग्राम मेघा महानदी से पावन जल लेकर कुरूद में मंदिर तक निकाली गई। इस दौरान डीजे की मधुर ध्वनि से सजी इस यात्रा में शिवभक्त बोल बम के नारे के साथ आस्था में डूबे नज़र आए इसमें मातृशक्तियों, बेटियों बहनों सहित स्थानीय आमजन भी शामिल हुए। सभी ने भोले बाबा, हर हर महादेव के जयघोष के साथ इस यात्रा को शिवमय बना दिया।विगत वर्ष की भांति इस यात्रा में बड़ी संख्या में भक्त गण शामिल हुए।

इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर, रामेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी के पी तिवारी, नेहा चंद्राकर, नमिता चंद्राकर, ममता चंद्राकर, भारती पूजा, सीता, संतोषी, अनीता चंद्राकर, संगीता श्रीवास्तव, रंजन नायडू, दीप्ति साहू, अनीता महावर, अनसूया साहू, लता साहू, श्वेता, लाली चंद्राकर, ममता ध्रुव, डाली साहू, चंचल अग्रवाल, रमाकांत चंद्राकर, टिकेश्वर चंद्राकर, अभिषेक तिवारी, श्रीवास्तव सर, शत्रुहन साहू, विक्रम ध्रुव सहित बड़ी संख्या में शिव भक्त शामिल हुए।

# विधायक खुशवंत साहेब के अथक प्रयासों से आरंग को मिली एक और बड़ी सौगात

◆ गुखेरा मार्ग के चौड़ीकरण व मजबूतीकरण के लिए 11 करोड़ 48 लाख 69 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी



**आरंग,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री व लोक निर्माण मंत्री अरुण साव एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी के नेतृत्व में राज्य में विकास की बयार तेजी से बह रही है। इसी क्रम में आरंग विधानसभा क्षेत्र को एक और बड़ी सौगात प्राप्त हुई है।

लोक निर्माण विभाग, मंत्रालय (नवा रायपुर) द्वारा जारी आदेशानुसार, फरफौद - गुखेरा मार्ग के सड़क चौड़ीकरण, मजबूतीकरण एवं पुल-पुलिया निर्माण कार्य हेतु ?11 करोड़ 48 लाख 69 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। यह स्वीकृति वर्ष 2024-25 के बजट में शामिल कार्यों के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग, रायपुर संभाग द्वारा प्राप्त हुई है। इस मार्ग की लंबाई 5.50 किलोमीटर होगी। इस स्वीकृति को लेकर गुरु साहेब ने कहां कि हर गांव को मजबूत सड़कों से जोड़ना भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी का सपना था, जिसे भाजपा सरकार मूर्त रूप दे रही है। यह स्वीकृति न केवल मेरी जनता की जीत है, बल्कि हमारी सरकार की दूरदर्शिता और विकास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मैं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव तथा वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रति हृदय से आभार प्रकट करता हूं।

गुरु साहेब जी ने आगे कहा कि ड्डन ग्रामीण मार्गों के सुधारीकरण से कृषि, परिवहन, रोजगार और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत ज़रूरतों में व्यापक सुधार होगा। आवागमन आसान होगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सीधा लाभ मिलेगा। जानकारी देते हुए गुरु खुशवंत साहेब (अजा प्राधिकरण) के क्रूसबेरा शर्मा ने बताया कि ड्ड इन कार्यों की निविदा प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाएगी और समयबद्ध निर्माण कार्य सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि जनता को जल्द से जल्द इसका प्रत्यक्ष लाभ मिल सके।

# पार्षद जानकी पटेल के नेतृत्व में मोतियाबिंद से पीड़ित लोगों का कराया गया निशुल्क ऑपरेशन



**राजिम,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। नगर पंचायत राजिम के वार्ड 03 पटेल पारा मे पार्षद श्रीमती जानकी पटेल के नेतृत्व में वार्ड में निशुल्क नेत्र परीक्षण लगभग 100 लोगों का कराया गया। जिसमें लगभग 50 लोगों को निशुल्क चश्मा वितरण किया गया।साथ ही 20 लोगों की आँखो मे मोतियाबिंद के संकेत मिले थे??। जिसमें से 10 लोगों को एमजीएम हॉस्पिटल भेज कर मोतियाबिंद का निशुल्क ऑपरेशन कराया गया। उक्त अवसर पर भाजपा नेता अधिकता आशीष शिंदे, पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल, किसान सेवा समिति के अध्यक्ष भागवत साहू आदि मौका पर उपस्थित होकर मरीजो को सकुशल घर तक पहुंचया गया। ?निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर मे वरिष्ठ भाजपा नेता अधिकता आशीष शिंदे ने कहा कि जन सेवा ही प्रभु सेवा है, जो, लोगों की सच्ची सेवा करता है वह भगवान की सेवा के रूप उनका फल मिलता है, आज पार्षद श्रीमती जानकी पटेल के नेतृत्व में शानदार निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया जो बहुत ही सराहनीय पहल है, लोग जानकारी के अभाव आँखो का सही समय पर इलाज नहीं करा पाते इस पुण्य व नेक कार्य के लिए पूरे वार्ड वासियों की ओर से पार्षद श्रीमती जानकी पटेल को धन्यवाद ज्ञापित किया है धन्यवाद ज्ञापित करने वालों में महेश पटेल, रवीना सेन, देवराज पटेल, जितेंद्र सेन, भरत सेन, दानू सेन, अशोक पटेल, मेहतर पटेल, राधा पटेल, शांति पटेल, मोगरा पटेल, सहित वार्ड वासियो ने किया।

## प्रादेशिकी का शेष...

**निजी उर्वरक एवं कीटनाशक...**

सहायक संचालक कृषि डॉ परमजीत सिंह कंवर, अनुविभागीय कृषि अधिकारी बीआर घोड़ेसवार, उर्वरक निरीक्षक मनोज पटेल एवं उमेश चन्द्राकर उपस्थित थे। कलेक्टर के निर्देश पर निरीक्षण नियमित रूप से जारी रखते हुए विक्रेताओं को निर्धारित मानकों का पालन करने हेतु सतर्क किया जा रहा है।

**आदर्श पब्लिक स्कूल के...**

प्रशिक्षक टुकेश राजा यादव के मार्गदर्शन में यह शानदार सफलता संभव हुई। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए राज्य स्तर पर उनके और भी बेहतर प्रदर्शन की आशा जताई है।

**योग ऋषि-मुनियों की देन...**

किया था। जिसे देखकर उन्हें मुख्यमंत्री ने शाबाशी देते हुए योग को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया था। योग प्रशिक्षकों का काम भी प्रेरणादायक है। दिव्यांगों को मोदी ने देवता के समान माना है। खिलाड़ियों को शत प्रतिशत हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

बालिकाओं के उन्नत योग प्रदर्शन को देखकर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि मैने अपने जीवन में पहली बार ऐसा योग प्रदर्शन देखा। बालिकाओं का उत्साहवर्धन करते हुए नगद पुरस्कार भी दिया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता गीतेश प्रजापति शासकीय अधिवक्ता एवं जिला अध्यक्ष योगासन स्पोर्टस एसोसिएशन ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में समाज कल्याण विभाग की उप संचालक उमा देवांगन, पत्रकार राममिलन साहू, योगासन स्पोर्टस एसोसिएशन के जिला सचिव भोजेंद्र साहू, योग प्रशिक्षक उमराव साहू, दिव्यांग स्कूल की शिक्षिका दुर्गा साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे। शहर के विद्याकुंज स्कूल लोहरसी की छात्रा रुचि साहू एवं सेजस स्कूल हटकेशर की छात्रा थामेश्वरी, दर्रा स्कूल की छात्रा दीपमाला एवं टीमेश्वरी ने रिथमिक पेयर योग खेल में शानदार प्रदर्शन कर सबको आश्चर्यचकित कर दिया। वहीं मूकबधिर स्कूल की ज्योति, लक्ष्मी, गरिमा, हीरामणि, मानसी, अंजली, नेहा एवं गामिनी ने नृत्य के माध्यम योग का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम का संचालन दर्रा स्कूल के योग शिक्षक राजकुमार साहू ने किया।

**योग को एक साधन के रूप में बनाना है - पीयूष तिवारी**

खेलो इंडिया द्वारा आयोजित योगासन स्पोर्टस सिटी लीग कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम एवं जिला खेल अधिकारी पीयूष तिवारी शामिल हुए। इन्होंने कहा कि योग केवल आसन नहीं है। लेकिन पतंजलि के अष्टांग योग पढ़ेंगे तो योग में बहुत सारी चीजें है जैसे यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि ये पूरे आठ चरण है। हमारी जिंदगी को समग्रता की ओर ले जाता है। आसन तक ही सीमित नहीं रहना है। अपने विचार और मन को स्वस्थ बनाने एवं जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए योग को एक साधन के रूप में बनाना है। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का निवास होता है। अपने आसपास के लोगों को योग के लिए प्रेरित करें। योग से हमारे पढ़ने की क्षमता भी बढ़ेगी। भविष्य में योग ओलंपिक में शामिल होता है, तो इसके माध्यम से गोल्ड मेडल भी प्राप्त कर सकते है। धमतरी के बच्चे ओलंपिक में भाग ले और पदक जीते मेरी शुभकामना है। इससे धमतरी जिले और छत्तीसगढ़ का नाम होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता गायत्री आरोग्य क्लिनिक धमतरी के आयुर्वेद चिकित्सक डा दिनेश नाग ने की। इन्होंने कहा कि उन्नत योग में धमतरी जिले की बालिकाएं आगे बढ़ रही है। इन्हें बेहतर मंच देने का काम खेलो इंडिया ने किया है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन

# फिंगेश्वर विकासखंड में यादवी शंखनाद विराट पारिवारिक सम्मेलन




**फिंगेश्वर,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। नगर पंचायत के कृषि उपज मंडी फिंगेश्वर में जय यादव माधव के गगनचुंबिया नारों के साथ यादव समाज का विशाल विराट पारिवारिक सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ इस अवसर पर समाज के प्रमुख हो अपने भाषणों में ज्यादा समाज की हर क्षेत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने और एकजुट होने के लिए अहवन किया कार्यक्रम का शुभारंभ मंच पर उपस्थित समाज प्रमुखों द्वारा भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा और गौ माता की पूजा अर्चना के साथ हुआ परमानंद स्वागत उद्बोध मे कहा हम भगवान श्री कृष्ण जी के वंशज हैं हम भगवान श्री कृष्ण की यदुवंशी होने की उपजाति है उन्होंने भगवान कृष्ण द्वारा भागवत कथा और गीता में दिए गए संदेश पालन करने की बात कही परमानंद यादव ने दोहराया कि अलग-अलग जाति के यादव होने से हम असंगठित हैं इसलिए यादवी शंखनाद कार्यक्रम संगठित होने के लिए के लिए फिंगेश्वर विकासखंड यादवी शंखनाद पारिवारिक सम्मलेन आयोजन रखा गया है जिसमें आज कार्यक्रम में हजारों की संख्या में उपस्थित हुए हमारे स्वाजाति बंधु के द्वारा एकता का परिचय दिए एवं संकल्प लिए की हम आज से संगठित होकर यादव समाज मे पुरे प्रदेश मे अलग छाप दिखाएंगे, यादव समाज के चुने गए जन प्रतिनिधि एवं समाज के प्रमुख गुण इस कार्यक्रम के अतिथि रहे, इस कार्यक्रम के अतिथि *नगर पंचयात राजिम अध्यक्ष श्री महेश यादव जी ने अपने उद्बोधन मे कहा यादव समाज अलग-अलग वर्गों बाटे हुए थे आज हम सब संगठित हो गए है ये तो अभी शुरूवात फिंगेश्वर विकासखंड से हुआ है निश्चित रूप से पूरे प्रदेश में यादवी शंखनाद पुरे प्रदेश मे गूंज उठेगा, *जनपद उपाध्यक्ष फिंगेश्वर सतीश यादव ने कहा सामाजिक एकता कैसे बनाए रखें एवं संगठित कैसे रहे इसके बारे में समाज को अपने उद्बोधन के माध्यम से बताया गया, *गरियाबंद नगर पालिका अध्यक्ष श्री रिखी राम यादव ने कहा सामाजिक एकता बनाये रखाने एवं समाज अलग अलग वर्गों में बाटे हुए थे आज हम संगठित हो गए है निश्चित रूप से हम सभी इस मंच के माध्यम से इस यादवी शंखनाद के माध्यम से हम संगठित हो गए अभी तो बस फिंगेश्वर विकासखंड में यह कार्यक्रम हुआ है इसके प्रसाद पूरे जिले एवं प्रदेश में यादवी शंखनाद गूंजेगा*, इसके आलावा सभा को खेमलाल यादव कृपाराम यादव भुवन यादव रामानंद यादव पूरन यादव पीलू राम यादव पारस यादव ठाकुर राम यादव गोवर्धन यादव जयमल यादव इस कार्यक्रम के फिंगेश्वर, राजिम, गरियाबंद, छुरा, के सभी वर्ग के यादव झेरिया, कोसरिया, यादव बड़े कोसरिया यादव, ठेठवार यादव, भोरथिया यादव, मगध, ग्वाला यादव, यादव समाज के सभी अध्यक्ष एवं गरियाबंद जिले कार्यक्रम का संचालन कमल यादव एवं भुनेश्वर यादव ने किया कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन संयुक्त रूप से तेजेश यादव एवं उग्रसेन यादव जी ने किया इस कार्यक्रम का आयोजन में विशेष रूप से सहयोग रहा पूनम यादव जगदीश यादव, श्री कमल यदु जी, श्री परमानंद यादव जी, तेजेश यादव जी, उग्रसेन यादव जी, विकास यदु जी, संभु यादव जी, भुनेश्वर यादव जी, ठाकुर राम यादव जी, पीलू राम यादव जी, घनश्याम यादव जी, सतीश यादव जी, संतोष यादव जी, बब्बू यदु, शम्भू यादव, फिंगेश्वर राज अध्यक्ष घनश्याम यादव, सचिव भुनेश्वर यादव जीवन यादव, परस यादव झेरिया समाज के जिला अध्यक्ष भुवन यादव दयाराम यादव गैंद यादव गोवर्धन यादव पुनाराम यादव प्रेम नारायण यादव मानसिंह यादव, कोरिया यादव समाज परीक्षित अध्यक्ष मनीराम यादव गुलाब यादव शोभित यादव राजेश यादव चुन्नू लाल यादव राजिम परिक्षेत्र अध्यक्ष पूरन यादव मोहन यादव अखिलेश यादव सुखसागर यादव ठेठवार यादव समाज ज़िला अध्यक्ष पुरुषोत्तम यादव, उपध्यक्ष जीवन यादव, दशरथ यादव जितेंद्र यादव यशवंत यादव कोसरिया यादव समाज जिला अध्यक्ष रामानंद यादव, सचिव शोभित यादव, पदमा यादव चंचल यादव पूनम यादव एवं सभी वर्ग के यादव समाज के राज पार परिक्षेत्र जिला के पदाधिकारी एवं सदस्य गण उपस्थित रहे।

## निधन

**श्रीमती अमरजीत कौर**

**रायपुर,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गेंदु की माता श्रीमती अमरजीत कौर जी उम्र 76 पति



स्व महेंद्र सिंह गेदूजी का आज इलाज के दोरान हैदराबाद के हॉस्पिटल में निधन हो गया। वो 8-10 दिनों से हैदराबाद में भर्ती थी।आप मंजीत सिंह गेदू मलकीत सिंह गेदू हरदीप सिंह गेदू की माता थी ।उनकी अंतिम यात्रा कल 22 जुलाई मंगलवार को उनके निजनिवास शांतिनगर से मुक्तिधाम के लिए शाम 4बजे निकलेगी।

# भाजपा ने पत्रकार वार्ता में किया कांग्रेस के झूठ को पर्दाफाश

## जारी किए, कोयला आबंटन और पेड़ों की कटाई के भूपेश बघेल सरकार के कई दस्तावेज



भूपेश के बेटे कांग्रेस के कौन से पद पर है जो कांग्रेस प्रदर्शन कर रही है लगता है भूपेश? पुत्र मोह में पूरी कांग्रेस को झोंक रहे हैं बर्बादी की ओर : विधायक रोहित साहू

**राजिम,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू और भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने सोमवार को राजिम विश्राम गृह में संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने कांग्रेस से सवाल पूछा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल कांग्रेस के किस पद पर है ? जिस व्यक्ति का कांग्रेस में कोई पद नहीं उस व्यक्ति के लिए पूरी कांग्रेस प्रदेश में प्रदर्शन कर रही है। इसका मतलब साफ है भूपेश बघेल ने पूरी कांग्रेस को पुत्र मोह में झोंक दिया है।

विधायक एवं जिला अध्यक्ष ने आगे संयुक्त रूप से कहा कि हमने पहले भी बड़े-बड़े ऐसे उदाहरण देखें हैं जिसमें लोगों ने पुत्र मोह में खुद को भी बर्बाद किया साथ ही अपने पूरे साम्राज्य को भी बर्बाद किया। आज भूपेश बघेल भी इस दिशा में काम करते हुए दिखाई दे रहे हैं। भूपेश बघेल और कांग्रेस भ्रष्टाचारियों को बचाने पूरे प्रदेश की जनता को परेशान कर रही है और साथ ही उनका आर्थिक रूप से नुकसान भी करने जा रही है जो की प्रदेश की जनता स्वीकार नहीं करेगी।

द्वय नेताओं ने आरोप लगाया कि कोल ब्लॉक आवंटन को लेकर कांग्रेस पार्टी और भूपेश बघेल के झूठ का पर्दाफाश हो गया है। भाजपा ने पत्रकार वार्ता में तथ्यों एवं दस्तावेज प्रेजेंटेशन के माध्यम से कांग्रेस के झूठ को एक बार फिर बेनकाब किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चोरी और सीनाजोरी का उदाहरण बार-बार प्रस्तुत कर रही है। आप सबको पता होगा कि अपने शासनकाल के पाँच वर्ष में भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को दस जनपथ का चारागाह बना दिया था। शराब घोटाले, कोयला घोटाले, चावल घोटाले, गोठान घोटाले से लेकर पीएससी घोटाले तक इन्होंने प्रदेश के संसाधनों को जम कर लूटा था, आज इन घोटालों के आरोपी एक एक कर नप रहे हैं। सभी जेल जा रहे हैं, कांग्रेस में खलबली मची है।

जब भी आप सभी कोल ब्लॉक आवंटन और पेड़ कटाई आदि पर सवाल उठाते थे, तो दस जनपथ के दबाव में सीधे तौर पर भूपेश बघेल जी बचाव में आ जाते थे। कहते थे कि कोल ब्लॉक आवंटन का विरोध करने वाले अपने-अपने घरों की बिजली बंद कर दें। सवाल यह है कि अब जब झूठे और बेबुनियाद आरोप लगा कर भूपेश जी अपनी कालिख धोने की कोशिश कर रहे हैं, तो क्या वह अपने घर और राजीव भवन की बिजली बंद करेंगे ? श्री साहू ने कहा कि न केवल भूपेश बघेल ने कोल ब्लॉक अशोक गहलोत को आवंटित किया था, बल्कि उससे पहले भी मनमोहन सिंह जी की सरकार में तमाम नियमों को धत्ता बताते हुए छत्तीसगढ़ के कोल ब्लॉक आवंटन की राह आसान की थी। उन्होंने कहा कि साल 2010 में केन्द्र में काँग्रेस की सरकार थी, तब कोयला मंत्रालय और पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा हसदेव अरण्य को पूरी तरह से नो-गो जोन घोषित किया गया था। उसे कांग्रेस नीत सरकार के पर्यावरण मंत्री जयराम रमेश ने ही सबसे पहले गो एरिया घोषित किया था।

23 जून 2011 को केन्द्र में कांग्रेस की सरकार रहते ही तारा परसा ईस्ट और कांटे बेसन कोल ब्लॉक को खोलने का प्रस्ताव दिया गया। जब छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की सरकार थी, उस वक्त अडानी को दो बड़ी खदानों गारे पेलमा सेक्टर-2 और राजस्थान में केते एक्सटेंशन ब्लॉक का ऑपरेटर बनाया गया। इसी तरह भूपेश बघेलजी के मुख्यमंत्री कार्यकाल में ही 16 अक्टूबर 2019 को राज्य सरकार ने पर्यावरण स्वीकृति के लिए सिफारिश भेजी।

विधायक ने कहा कि 31 मार्च 2021 को ओपन कास्ट गारे पेलमा सेक्टर-2, मांड-रायगढ़ कोलफील्ड के लिए हुआ समझौता भी सबके सामने है। इसी क्रम में 19 अप्रैल 2022 को भूपेश बघेल जी के मुख्यमंत्री रहते ही कांग्रेस सरकार द्वारा वन स्वीकृति स्टेज-1 और 23 जनवरी 2023 को वन स्वीकृति स्टेज-2 के लिए सिफारिश भेजी गई। महाजेंको कोल फील्ड की स्वीकृति में तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की संलिप्तता को लेकर तब अनेक अखबारों ने समाचार भी प्रकाशित किए थे। 25 मार्च 2022 को भूपेश सरकार ने राजस्थान में अशोक गहलोत की सरकार के रहते राजस्थान को कोल माइंस का आबंटन किया था।

भाजपा ने कांग्रेस से सवाल किया कि क्या वह मनमोहन सिंह सरकार के समय हुए निर्णयों के लिए आज माफ़ी मांगेंगे ? क्या भूपेश बघेल यह घोषणा करेंगे कि अब कांग्रेस कभी बिजली का उपयोग नहीं करेगी, क्योंकि स्वयं यह कह चुके हैं कि विरोध करने वाले अपने घर की बिजली बंद कर दें। क्या कांग्रेस हर अपराधी के पक्ष में ऐसे ही खड़ी होगी, जैसे आज पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे के लिए हुई है ?

श्री साहू ने कहा कि जब छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार रही तब राजस्थान के तत्कालीन मंत्री बी डी कल्ला ने भूपेश बघेल को पत्र लिखा और राजस्थान के तत्कालिक मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक सप्ताह के भीतर कई पत्र लिखे कोल ब्लॉक आंबटन के लिए। जिसे छत्तीसगढ़ और देश की जनता ने देखा है।

# स्वस्थ्य जीवन शैली के लिए योगासन जीवन का सबसे अभिन्न हिस्सा है : अश्विनी शर्मा



चतुर्थ बलौदाबाजार जिला योगासन खेल प्रतियोगिता का हुआ भव्य सफल आयोजन

**भाटापारा,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। बलौदा बाजार जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा मॉर्डन इंग्लिश मीडियम स्कूल भाटापारा बलौदा बाजार में चतुर्थ योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया 7 यह प्रतियोगिता योगासन भारत, दिल्ली से संबद्ध छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र में सर्वप्रथम मां सरस्वती पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया गया7 जिसमे कार्यक्रम मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अश्विनी शर्मा ने योगासन को अपने जीवनशैली मे ढालने कि बात कही ताकि हम स्वस्थ्य जीवन जी सके उक्त आयोजन) विशेष अतिथि के रूप में संकेत अग्रवाल सरपंच गुडेलिया ( अध्यक्ष, ब्लॉक सरपंच संघ भाटापारा) ने कहा कि योगासन को बढावा देने हेतु शासन द्वारा हर साल योग दिवस मनाया जाता है अगर हम अपने जीवन किमती समय मे कुछ मिनट प्रतिदिन योगासन के लिये समय निकाल लेते है हम निरोगी काया जीवन जी सकते है क्योंकि स्वस्थ्य शरीर ही जीवन का सबसे बडा धन होता है जिसमे हम अपने जीवन के विभिन्न लक्ष्यों पाने मे सफल होते है प्रीति तम्हाने ( प्रिंसिपल मॉर्डन इंग्लिश मीडियम स्कूल भाटापारा) अभिषेक मिश्रा ( जनसेवक भाटापारा) अरुण छाबड़ा ( जनसेवक भाटापारा) और नुरेंद्र कुम्हार (उपाध्यक्ष रायपुर जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन) ने कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे एवं अतिथियों को पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। यह प्रतियोगिता छह आयु वर्ग 10+से 14 वर्ष, ओर 14+से 28 वर्ष में बालक एवं बालिकाओं की के लिए अलग अलग आयोजित की गई7 जिनके कुल 10 इवेंट आयोजित किये गए 7 इस प्रतियोगिता में 80 खिलाडी एवं 25टेक्निकल ऑफिशियल सम्मिलित हुए

इस प्रतियोगिता का संचालन रिया मिश्रा( मेंबर बलौदा बाजार जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन) के द्वारा किया गया प्रतियोगिता निर्देशक के रूप में शानदार आयोजन किया शैलेन्द्र नामदेव (पतंजलि योग समिति के जिला महामंत्री (जिला बलौदा बाजार कोषाध्यक्ष योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन*) लोकेश कन्नौज, (जिला अध्यक्ष बलौदा बाजार योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन) जीवन यादव (जिला सचिव बलौदा बाजार योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन) विष्णु देवांगन टेक्निकल ऑफिसियल किशोर माहेश्वरी , जयश्री साहू, गीता यादव, सुषमा साहू ,चंद्र कुमार साहू, शेख वसीम ,रिया मिश्रा, मोनिल साहू, रश्मि वर्मा ,प्रियंका वर्मा राजेंद्र पाल ,पूजा वर्मा आजुराम वर्मा,अखिलेश्वरी शुक्ला हेमलाल वर्मा, पुष्पा वर्मा ,केशव राम वर्मा, सभी स्कूल के कोच* तुकेश राजा वर्मा, अंकित चौधरी, ऋषभ सिंह चौहान, शेवता मिश्रा, शिवमंगल सिंह ठाकुर।

# वनांचल क्षेत्र के लोगों को मिल रही शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ : डिम्पल ध्रुव



**बागबाहरा,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। जनजातीय समुदाय भारत का च्आदि समुदायज्है। जो भारत की परंपरा में रचा-बसा हुआ है। और पुरातन परंपरा को मजबूती प्रदान करता है। भारत सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार अनुसूचित जनजातियों के विकास और कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं चला रही है। इन योजनाओं का उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है।

बागबाहरा शहर मंडल अध्यक्ष सुश्री डिंपल डॉली ध्रुव ने जनजातीय और वनांचल क्षेत्रों में लगातार दौरा कर हालचाल जान रही है। और उन्हें जानकारी मिली है कि राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं का लाभ उठाकर अनुसूचित जनजाति के लोग अपने जीवन में सुधार ला रहे हैं। इन योजनाओं में प्रधानमंत्री जन मन योजना के अंतर्गत पक्का मकान, प्रधानमंत्री आवास के अंतर्गत पक्का मकान, धरती आबा कार्यक्रम के तहत विभिन्न योजनाओं की जानकारी और सीधे लाभ, और मातृ शक्ति को संबल प्रदान करने वाली महतारी वंदन योजना जैसे और अनेक योजनाएं शामिल है। इन योजनाओं के क्रियान्वयन से जनजातीय समुदाय के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है और उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल होने का अवसर मिल रहा है। सरकार की इन योजनाओं से जनजातीय समुदाय के विकास और कल्याण में महत्वपूर्ण योगदान हो रहा है। सुश्री डिंपल ध्रुव ने बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकार के विभिन्न कार्यक्रम और योजनाएं जमीनी स्तर पर सीधा लाभ पहुंचा रही हैं। मंडल अध्यक्ष भी वनांचल क्षेत्र के लोगों को सरकार के योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ उठाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। हालांकि, सुश्री डिंपल ध्रुव ने क्षेत्र के विधायक पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि क्षेत्र के विधायक जनता का सुध नहीं ले रहे है लगता है उनका मन क्षेत्र के विकास कार्य में नहीं है। बल्कि वे अपने कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र के लोगों को बरगलाने में लगे हुए हैं।

# संगठन के कार्यालय होने से कार्यकर्ताओं में कार्य करने का वातावरण निर्मित होता है : शिवरतन शर्मा



**भाटापारा,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। विधानसभा के भाजपा कौशलपुर (कोलिहा) मंडल पार्टी कार्यालय के लिए उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने किया भूमिपूजन. भूमिपूजन कार्यक्रम के अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने कहा कि संगठन और सत्ता में बैठे लोग बदलते रहते हैं, लेकिन योग्य कार्यकर्ता हमेशा उचित स्थान पर रहकर सम्मान प्राप्त करता है। भारतीय जनता पार्टी में मंच और मंच के सामने बैठने वाला कार्यकर्ता समान है।

शिवरतन शर्मा ने कहा कि इस कार्यालय के निर्माण से पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी का सपना साकार होता दिख रहा है। वर्ष 1951 में पंडित दीनदयाल उपाध्याय तथा डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने जनसंघ की स्थापना कर एक विचार का सृजन किया था। उनकी आशा थी कि हमारा विचार दुनिया को समाधान देने के लिये काम आयेगा। आज सम्पूर्ण विश्व भारत की ओर देख रहा है। अनेक देश भारत का सहारा लेने के लिये तैयार खड़े हैं। यह स्थिति हमारे पास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैसे मजबूत कुशल नेतृत्व, दृढ़ संकल्प होने के कारण बना है। आज भाजपा का विचार दुनिया को समाधान देने के लिये उपयोग किया जा रहा है। शर्मा ने कार्यकर्ताओं को नए कार्यालय भवन के भूमिपूजन पर बधाई दी।

शिवरतन शर्मा ने कहा कि संगठन के कार्यालय होने से कार्यकर्ताओं में कार्य करने का वातावरण निर्मित होता है। यह न केवल संगठन की विचार प्रक्रिया को गति देता है, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति सेवाभाव को भी सशक्त करता है।

शर्मा ने आगे कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित दल है। भाजपा के 15-20 कार्यकर्ताओं ने आज एक-एक करोड़ कार्यकर्ता खड़े कर दिये हैं। यह कार्यालय कौशलपुर मंडल कार्यकर्ताओं के कार्यकलाप तथा बूथ सशक्तीकरण जैसी गतिविधियों का केंद्र बनेगा..

मुझे पूर्ण विश्वास है कि भाजपा कौशलपुर (कोलिहा) मंडल कार्यालय संगठनात्मक कार्यों को और अधिक प्रभावी एवं सशक्त बनाएगा।

# हरेली त्यौहार छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान में से एक है : कर्मवीर धुरंधर



**बलौदाबाजार,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान में अनेक पर्व-त्यौहारों का सुंदर समन्वय प्राप्त होता है। इन्हीं में से एक अत्यंत प्रिय व प्राचीन पर्व हरेली है, जिसका अर्थ हरियाली अर्थात धरती मईया का हरा-भरा होकर किए गए सुंदर श्रृंगार से हैं। हरेली सावन माह की अमावस्या को मनाया जाता है जो कि वर्तमान समय में छत्तीसगढ़ के ग्रामीण जीवन में अत्यंत लोकप्रिय होने के साथ ही कृषक समाज में विशेष महत्व रखता है। यह त्यौहार खेती बाड़ी हरियाली और जीवन में शुभ के प्रतीक के रूप में आज भी पूरे उत्साह से मनाया जाता है।

हरेली त्योहार की महत्ता पर विशेष जानकारी देते हुए कर्मवीर धुरंधर असिस्टेंटप्रोफेसर, इतिहास विभाग मोतीलाल नेहरू कॉलेज दिल्ली विश्विद्यालय ने बताया कि हरेली पर्व वर्तमान स्वरूप धारण करने से पूर्व अनेक ऐतिहासिक स्वरूपों से युक्त रहा है। हरेली त्यौहार के आरंभिक साक्ष्य अत्यंत प्राचीनता से युक्त है इसका आरंभ मानव समाज द्वारा कृषि कार्य के आरंभ के साथ ही दृष्टिगोचर होता है। आगे जाकर वैदिक काल में अथर्ववेद के कृषि सूक्त में तथा विष्णु पुराण में वर्षारम्भ अनुष्ठान के रूप में हरेली पर्व का वर्णन प्राप्त होता है। मौर्य काल में कौटिल्य के अर्थशास्त्र में वर्ष के प्रारंभ में कृषि यंत्र, हल औजार आदि के रखरखाव, शुद्धिकरण व पूजन का वर्णन प्राप्त होता है। च्कर्षक कर्मणि उपकरणानां सम्यक् संस्कार: '', कृषक को अपने उपकरणों का विधिपूर्वक संस्कार करना चाहिए, यह उपकरण संस्कार परंपरा आगे चलकर हरेली जैसे स्वरूप में विकसित हुई। गुप्त काल में कृषक महोत्सव, वर्षारंभ अनुष्ठान और हल पूजन का उल्लेख पुराने नाटकों व ग्रंथों में प्राप्त होता है। प्रावृषि कृषका: हलद्वार पूजयन्ति ।ज्(वर्षा ऋतु के आगमन पर कृषक हल द्वार की पूजा करते हैं।) भारत के चक्रवर्ती सम्राट के दरबारी कवि बाणभट्ट की रचनाओं में वर्षा ऋतु के स्वागत और हरियाली की प्रशंसा के प्रसंग है। सर्वं भूमितलं हरितवसनमिव बभौ ।ज् भूमि पर मानो हरियाली का वस्त्र बिछ गया हो। इस काल में ऋतु पर्व बड़े सामुदायिक अनुष्ठान है जो संभवत: हरेली जैसी लोक परंपरा की जड़ है। छत्तीसगढ़ के कलचुरी वंश के विभिन्न ताम्रपत्रों में वर्षारम्भ महोत्सव और कृषक सभा का उल्लेख प्राप्त हुआ है। च्कर्षकै: हल-युगलादीनां स्नाप्य पूजनं कृत्वाज्(कृषकों ने हल और युगल बैलों को स्नान कराकर पूजन किया।

हरेली का छत्तीसगढ़ में वर्तमान स्वरूप व विशिष्टता- श्री धुरंधर ने बताया कि इस दिन किसान कृषि यंत्रों और गाय बैलों की पूजा करते हैं उन्हें लोंदी खिलाया जाता है। यह मान्यता है कि इससे पूरे वर्ष कृषि उपकरण और पशु स्वस्थ व शक्तिशाली बने रहते हैं। नीम को स्वास्थ्य वर्धक अशुभ शक्तियों को दूर करने वाला, कीड़े मकोड़ों व बीमारियों को दूर करने वाला माना जाता है जिसके कारण हरेली के दिन घरों के मुख्य द्वार पर नीम की डालियां सजाई जाती है। साथ ही आज के दिन गांवों में बैगा गांव की सुरक्षा के लिए तंत्र साधना करते है। प्राचीन समय में गलियों में वर्षा ऋतु के कारण होने वाले कीचड़ से बचने के लिए गेड़ी (लकड़ी का विशेष उपकरण) पर चढ़कर चलने की अनूठी परंपरा विकसित हुई जो की वर्तमान में बच्चों, विशेष आकर्षण का केंद्र होती है। गांव में गेड़ी दौड़ प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाती है। हरेली हरियाली के स्वागत का पर्व है। भारतीय संस्कृति में प्राचीन समय से ही कृषि यंत्रों और हरियाली पर्वों का पूजन एक स्थाई परंपरा थी यही परंपराएं हरेली त्यौहार के रूप में विकसित हुई जिसे छत्तीसगढ़ की संस्कृति ने विशिष्ट रूप देकर जीवित रखा तथा एक नई पहचान दी।

# वृक्षारोपण से आने वाले पीढ़ी के लिए बेहतर भविष्य सुनिश्चित होता है : महेश यादव



**राजिम,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। गायत्री शक्ति पीठ राजिम के मार्गदर्शन में जिला गरियाबंद के अंतर्गत प्रत्येक गांव में 20 जुलाई से रक्षाबंधन तक कम से कम 5 पेड़ लगाने का संकल्प लिया गया । इसी कड़ी में 20 जुलाई को शासकीय प्राथमिक शाला देवार पारा राजिम के परिसर में वृक्षारोपण किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि पेड़ लगाना बहुत जरूरी है क्योंकि ये ऑक्सीजन छोड़ते है और वायु की गुणवत्ता में सुधार करते है। वृक्षारोपण प्रदूषण को कम करने में मदद करता है। जिससे आने वाली पीढ़ी के लिए बेहतर भविष्य सुनिश्चित होता है। नगर पंचायत राजिम के उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर ने कहा संसार में गुरु का दर्जा भगवान से भी बढ़कर है और हमारे प्रथम गुरु मां है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाना चाहिए।

गायत्री शक्ति पीठ राजिम के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी एवं अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य गृह भण्डार निगम चंदूलाल साहू के भगीरथ प्रयास से पेड़ की व्यवस्था कराया गया है जिसे इकाई के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों में वितरण कर वृक्षारोपण किया गया। जिन गांवो में नहीं किया गया, वहां जाकर वृक्षारोपण किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में भागवत साहू किसान समिति अध्यक्ष, रामनारायण साहू अधिवक्ता, पवन सोनी रामजीवन साहू, संतराम ध्रुव, राजेंद्र पाड़े शिक्षक, श्यामलाल निर्मलकर, प्रेम लाल बघेल अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति ताम्रध्वज कंवर शिक्षक, हिमांशु साहू, संतोष कुमार अडील, प्रहलाद नगरची कोटवार एवं जिनेन्द्र ध्रुव का विशेष योगदान रहा।

# सावन सोमवारी के उपलक्ष्य में भगवान शंकर व माता पार्वती की झांकी प्रस्तुत

**कटगी/बलौदाबाजार,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। बिलासपुर से आये जय श्री श्याम बाबा समिति झांकी द्वारा सावन सोमवारी के उपलक्ष्य में पूरे गांव की गलियों में भगवान शंकर और माता पार्वती की भव्य झांकी प्रस्तुत की गई। इस दौरान बोल बम के जयकारे के साथ झांकी समिति ने पूरे गांव की गलियों में भ्रमण किया।



झांकी में भगवान शंकर और माता पार्वती की भेस भूसा में सजी झांकी ने सभी का मन मोह लिया। भगवान शंकर के माथे पर त्रिपुंड चंदन का टीका और माता पार्वती के सुंदर श्रृंगार ने सभी को आकर्षित किया। झांकी के साथ चल रहे भक्तजनों ने बोल बम के जयकारे लगाए और भगवान शंकर की भक्ति में डूब गए। आये हुए झांकी समितियों और बोल बम के भक्तजनों के लिए प्रसाद का इंतजाम अंजीव जायसवाल द्वारा किया गया था। प्रसाद में खीर और पूड़ी का विशेष इंतजाम किया गया था, जिसे सभी भक्तजनों ने बड़े चाव से ग्रहण किया। झांकी समिति के सदस्यों और भक्तजनों की भावना देखकर सभी का मन प्रफुल्लित हो गया। सभी भक्तजन भगवान शंकर की भक्ति में डूबे हुए थे और बोल बम के जयकारे लगा रहे थे। इस दौरान सभी का उत्साह और भावना देखने लायक थी। सावन सव्वारी का महत्व हिंदू धर्म में बहुत अधिक है। इस दौरान भगवान शंकर की पूजा-अर्चना की जाती है और उनकी भक्ति में डूबकर भक्तजन अपने आप को धन्य मानते हैं। सावन सव्वारी के दौरान झांकी निकालना और बोल बम के जयकारे लगाना एक पारंपरिक परंपरा है, जिसे सभी भक्तजन बड़े उत्साह के साथ मनाते हैं। इस प्रकार, सावन सव्वारी के उपलक्ष्य में निकाली गई झांकी और बोल बम के जयकारे ने सभी का मन मोह लिया। अंजीव जायसवाल द्वारा प्रसाद का इंतजाम करना सभी भक्तजनों के लिए एक बड़ा आशीर्वाद था। इस दौरान सभी भक्तजनों की भावना और उत्साह देखने लायक था।

# प्रज्ञा भारती के सानिध्य में संपन्न हुआ राजिम में त्रिदिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक




विधायक रोहित साहू एवं निगम अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने किया अभिषेक

**राजिम,** 21 जुलाई (देशबन्धु)। सावन मास के अवसर पर नगर की सनातन ध्वज वाहिनी राजिम के नेतृत्व में प्रख्यात आध्यात्मिक साध्वी महंत प्रज्ञा भारती के सानिध्य में त्रिदिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक कार्यक्रम का भव्य आयोजन राजिम में संपन्न हुआ। आयोजन स्थल पर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत वातावरण बना रहा।

प्रज्ञा भारती ने तीनों दिनों तक भक्तों का मार्गदर्शन करते हुए शिव तत्व की व्याख्या की और पार्थिव शिवलिंग निर्माण के गूढ़ आध्यात्मिक महत्व को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने कहा कि मिट्टी से बना शिवलिंग हमें जीवन की नश्वरता, विनम्रता और परमात्मा से एकत्व की सीख देता है। रुद्राभिषेक के माध्यम से हम अपने भीतर की नकारात्मकता को दूर कर सकते हैं।

इस पावन अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू एवं छत्तीसगढ़ भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू भी उपस्थित रहे। दोनों जनप्रतिनिधियों ने रुद्राभिषेक में भाग लेकर क्षेत्रवासियों की खुशहाली के लिए भगवान शिव से आशीर्वाद मांगा।

**तीन दिवसीय शिवलिंग निर्माण ,वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भव्य रुद्राभिषेक संगीतमय शिव भजन, शिव तांडव एवं हुई सामूहिक आरती:** इस कार्यक्रम में क्षेत्र की महिलाओं, युवाओं व बच्चों की भागीदारी रही समापन दिवस पर विशाल भंडारा व प्रसाद वितरण किया गया। विधायक रोहित साहू ने आयोजन समिति को बधाई देते हुए कहा कि ष्ऐसे आयोजन समाज को जोड़ते हैं और नई पीढ़ी को हमारी संस्कृति से जोड़ने का कार्य करते हैं। निगम अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने कहा कि शिवभक्ति का मार्ग ही समाज में शांति और समरसता ला सकता है।

कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं ने सामूहिक आरती में भाग लिया और भंडारे का लाभ लिया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू, जिला पंचायत सभापति द्वय नंदनी कोमल डीडी, नंदनी ओमकार साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, छाया राही, किरण तिवारी, सीमा शर्मा, तनु मिश्र, भावना शर्मा, सविता गोस्वामी, ईश्वरी शर्मा, देवकी साहू, खुशी साहू, सहित नगर वासी उपस्थित थे।